विक्कंतो य कसायाइसत्तुसेन्नपराजयओ ॥ ११३ ॥
ईरेइ विसेसेण व, खिवइकम्माई गमयइ सिवं वा।
गच्छइ अ तेण वीरो, स महं महावीरो ॥ ११४ ॥"

राय० टीका —श्रमणम् श्राम्यति-तपस्यति नानाविधमिति श्रमणः, भगः-समग्रैश्वर्यादिलक्षणः उक्तं च—

"ऐश्वर्यस्य समग्रस्य रूपस्य यशसः श्रियः।
धर्मस्याथ प्रयत्नस्य षण्णां भग इतीङ्गना ॥"

भगोऽस्यास्तीति भगवान् तम् भगवंतम् "शूरवीर विक्रान्तौ" वीरयति—कषायान् प्रति विक्रामति स्मेति वीरः महांश्चासौ वीरश्च महावीरस्तम्।

जो तपस्या में श्रम करता है उसे श्रमण कहते है। 'भज्यत इति भगः'। भग अर्थात् समग्र ऐश्वर्यादि स्वरूप। कहा है—

समग्र ऐश्वर्य, रूप, यश, लक्ष्मी, धर्म और प्रयत्न-इन छह अर्थों मे 'भग' शब्द का व्यवहार होता है। जिनमें ये छह अर्थ विद्यमान है उन्हे भगवान कहते है तथा विशेष रूप से जो मोक्ष प्राप्त करता है और प्राणियों को प्राप्त कराता है अथवा प्राणियों को प्रेरणा करता

है अथवा कर्मों को दूर करता है अथवा रागादि शत्रुओं के प्रति पराक्रम करता है वह वीर है। निरुक्ति से 'वीर' शब्दका यह अर्थ है—"जो कर्मों का विदारण करता है, तप से शोभायमान होता है, तप और वीर्य से युक्त है"—इन कारणों से उसे वीर कहा जाता है। अन्य वीर की अपेक्षा महान् ऐसा जो वीर वह महावीर। भाष्य मे कहा है--

तीन भुवन मे यश प्रसिद्ध होने से महायशवाला, कषायादि शत्रुओ के सैन्य के पराजय से विक्रांत-पराक्रम वाला-महावीर।

विशेषरूप से जो कर्मो का क्षय करता है, शिवपद को प्राप्त करता है - वह वीर है। वीर की अपेक्षा महान् वीर-महावीर।

अतः वर्धमान का नाम "श्रमण भगवान महावीर' भी था।

(ख) वर्धमान

(१) वर्धमानश्रिया वर्धमानकीर्त्या जगत्त्रये।
वर्धमानेन यो वर्धमानं नामाप वासवैः ॥

वर्धमानच० अधि १। श्लो ४

(२) वड्ढइ नामकुलं तिय, तेन जिणो वद्धमाणो त्ति।

-- अभिधा० भाग ६। पृ० ७६८

जिन्होने निरन्तर वर्धमान लक्ष्मी से, तीन जगत मे वर्धमान कीर्ति से और अपने वर्धमान गुणो से वर्धमान' यह सार्थक नाम इन्द्रो से प्राप्त किया।

(ग) वीर

भव-भय-हरणु सिव-सुह-करण जिणु अणंतवीरिउ धुव।
इउ मण मुणवि इंदंगणिवि वीरु णामु धरि संथुउ।

वड्ढच० कड ९। संधि १४। पृ० २१२

भवरूपी भय को हरण करने वाले, शिवसुख दाता ध्रुव अनंत वीर्य वाले जिनेन्द्र है—ऐसा मन मे विचार करके इन्द्रो ने भगवान का नाम 'वीर' रखकर स्तुति की।

(घ) महावीर—

आकम्पिओ यजणं, मेरू अंगुट्ठएण लीलाए।
तेणह महावीरो, नामंसि कयं सुरिन्देहि ॥ २६ ॥

— पउच० अधि २। श्लो २६

मेरुपर्वत को अपने अगूठे से क्रीड़ा मात्र मे उन्होने हिला दिया था इसीलिए सुरेन्द्रों ने उनका नाम महावीर रखा।

इति स्तुत्वा महावीरनाम कृत्वा जगद्गुरोः।
सार्थकं तृतीयं सोऽस्मान्मुहुर्नत्वा दिवं ययौ ॥

—वीरवर्धच० अधि १०। श्लो ३७

विजृंभमाणहर्षाम्भोनिधिः संगमकोऽमरः।
स्तुत्वा भवान् महावीर इति नामचकारसः ॥

—उत्तपु० पर्व ७४। श्लो २९५

कुमार की इस (सर्प) क्रीड़ा से जिस का हर्ष रूपी सागर उमड़ रहा था ऐसे उस सगम देव ने भगवान की स्तुति की और 'महावीर' यह नाम रखा।

"महावीरमित्यभिधानं, तस्यैवं व्युत्पत्ति: 'शूर वीर विक्रान्तौ' कषायादि-शत्रुजयात् महाविक्रान्तो महावीरः, यदि वा 'ईर विदारणे' विदारयति कर्मरिपुसंघात-मिति वीरः, अथवा अनन्यानुभूतमहातपःश्रिया विशेषतो राजते इति वीरः अंतरङ्ग-महामोहबलनिर्दलनाय तपोवीर्यमनन्तं व्यापारयतीति वा वीरः, पृषोदरादित्वा-दिष्टरूपनिष्पत्तिः," उक्तं च—

"विदारयति यत्कर्म्म, तपसा च विराजते।
तपोवीर्येण युक्तश्च, तस्माद् वीर इति स्मृतः" ॥ १ ॥

—आव० नि गा ८१। मलय टीका

महोपसर्गैरप्येष न कंप्य इति वज्रिणा।
महावीर इत्यपरं नाम चक्रे जगत्पतेः ॥

—त्रिशलाका० पर्व० १०। सर्ग २। श्लो १००

महांश्चासौ वीरश्च कर्मविदारणसहिष्णुर्महावीरः। तं० शूरवीर विक्रान्तौ। कषायादिशत्रुजयान्महाविक्रान्तौ महावीर:।

— अभिधा० भाग ६। पृ० २१२

जो क्रोध, मान, माया, लोभ रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है वह वीर है। निरुक्ति से वीर शब्द का यह अर्थ है—जो कर्म रूपी शत्रुओं का विदारण करता है, तप से शोभायमान होता है, तप और वीर्य से युक्त है —वह वीर है। जो अंतरग महामोह का निर्दलन करता है—वह वीर है। इतर वीर की अपेक्षा महान् ऐसा जो वीर है वह महावीर। भाष्य मे कहा है—

"तीन भुवन मे यश प्रसिद्ध होने से महा यशवाला, कषायादि शत्रुओं के सैन्य के पराजय से विक्रांत पराक्रम वाला है वह महावीर। विशेष रूप से जो कर्मों का क्षय करता है, शिवपद को प्राप्त करता है, वह वीर है। वीर की अपेक्षा महान् वीर, वह महावीर।"

एवं तवगुणरओ, अणुपुव्वेणं मुणी विहरमाणो।
घोरं परिसहचमूं अहिआसित्ता महावीरो॥

—आव० नि गा० ५३७

मलय टीका—एवम्-उक्तेन प्रकारेण तपोगुणेषु रतस्तपोगुणरतः आनुपूर्व्येण क्रमेण मुनिर्विहरन् घोरा रौद्रा परीषहचमूं—परिषहसेनामधिसह्य महावीरः।

तप गण से रत, घोर—रौद्र परिषहों को सहन करने से वर्धमान का नाम महावीर पड़ा।

(च) सन्मति—

सम्मइ कोक्किउ संजम-धणेहिं।
विरइय-गुरु-विणय-पयाहिणेहिं॥

—वीरजि० संधि १। कड १०। पृ० २०

संयमधारी मुनियों ने अत्यन्त विनय भाव से उनकी प्रदक्षिणा की और उन्हें सन्मति कहकर पुकारा।

सिव पक्खे ससि व वड्ढइ सुहेण
जिणवरु सहु भव्व मणोरहेण।
अण्णहिं दिणे तहो तिजए सरासु
किउ सम्मइ णामु जिणेसरासु।

—वड्ढच० संधि ६। कड १६। पृ० २११

विजय और संजय नामक चारण मुनियों का उन जिनेश्वर के दर्शन करने मात्र से ही संदेह दूर हो गया अतः उन्होंने अगले दिन ही उन त्रिजगदीश्वर जिनेश्वर का 'सन्मति' यह नामकरण कर दिया।

०२४ दो नाम

(क) महावीर-वर्धमान

इतीष्टप्रार्थनां कृत्वा व्यवहारप्रसिद्धये।
नाकेशाः सार्थकं सारमिदं नामद्वयं व्यधुः॥
अयं स्यान्महतां वीरः कर्मारातिनिकन्दनात्।
श्रीवर्धमान एवासौ वर्धमानगुणाश्रयात्॥

—वीरवर्धच० अधि ९। श्लो ८८, ८९

इष्ट प्रार्थना करके इन्द्रों ने लोक व्यवहार की प्रसिद्धि के लिए सार्थक और सारभूत दो नाम रखे—

१. कर्मरूपी शत्रुओं को नाश करने हेतु महावीर है।

२. और निरंतर बढ़ने वाले गुणों के आश्रय से श्रीवर्धमान है।

(ख) वीर-वर्द्धमान

अलं तदिति तं भक्त्याविभूष्योद्धविभूषणैः ।
वीरः श्रीवर्द्धमानस्तेष्वित्याख्याद्वितयं व्यधात् ।।

—उत्तपु० सर्ग ७४। श्लो २७६ ।

इन्द्र ने उन्हें भक्ति पूर्वक उत्तमोत्तम आभूषणों से विभूषित कर उनके वीर और श्री-वर्धमान—ये दो नाम रखे।

(ग) महती और महावीर

विद्याप्रभावसंभावितोपसर्गैर्भयावहैः ।।
स्वयं स्खलयितुं चेतः समाधेरसमर्थकः ।
स महतिमहावीराख्या कृत्वा विविधाः स्तुतीः ।।

— उत्तपु० पर्व ७४। श्लो ३३५ उत्तरार्धं, ३३६

रुद्र ने अपनी विद्या के प्रभाव से किये हुए अनेक भयकर उपसर्गों से भगवान को समाधि से विचलित करने का प्रयत्न किया परन्तु वह उसमे समर्थ नहीं हो सका। अन्त में उसने भगवान के महति और महावीर—ये दो नाम रखकर अनेक प्रकार की स्तुति की।

जित्वा रुद्रकृतान् घोरानुपसर्गाननेकशः ।
यो महातिमहावीरनामापतत्कृतं परम् ।

-वीरवर्धच० अधि १। श्लो ७

रुद्रकृत अनेक घोर उपसर्गों को जीतकर उसी के द्वारा 'महति महावीर' नाम को प्राप्त किया।

०२·५ तीन नाम

(क) वर्धमान-श्रमण-श्रमण भगवान महावीर

समणे भगवं महावीरे कासवगोत्ते। तस्सणं इमे तिण्णि णामधेज्जा, एवमाहिज्जंति, तंजहा—१—अम्मापिउसंतिए "वद्धमाणे" २—सह-सम्मुइए "समणे ३ —"भीमं भयभेरवं उरालं अचेलयं परिसहं सहइ" त्ति कटटु देवेहि से णामं कयं "समणे भगवं महावीरे"।

—आया० श्रु २। अ १५। सू १६

समणे भगवं महावीरे कासवगोत्ते णं, तस्सणं तओ नामधेज्जा एवमाहिज्जंति, तंजहा—१—अम्मापिउसंतिए वद्धमाणे २—सहसम्मुईयाते समणे ३ अयले भयभेरवाणं परीसहोवसग्गाणं खंतिखमे पडिमाणं पालए धीमं अरतिरति-सहे दविए वीरियसंपन्ने देवेहिं से णामं कयं समणे भगवं महावीरे।

—कप्प० सू १०४। पृ० ३५

श्रमण भगवान महावीर का काश्यप गोत्र था। उनके तीन नाम इस प्रकार थे—

(१) माता-पिता का नियत किया हुआ नाम 'वर्धमान' था।

(२) सहज गुणों के कारण श्रमण कहलाते थे अर्थात् तप आदि साधना का परिश्रम करने के कारण 'श्रमण' कहलाये।

(३) आकस्मिक भय के उत्पन्न होने पर अथवा भयानक क्रूर सिंह आदि जंगली जानवरों के आने पर अचल रहते थे, परीषह-उपसर्गों को शान्तचित से सहन करने मे समर्थ थे, भिक्षुओं की प्रतिमाओं का पालन करने वाले थे, धृतिमान थे तथा शोक-हर्ष के उत्पन्न होने पर इन्हें उन्हें समता भाव से सहन करते थे, वीर्यसम्पन्न थे, अत: देवों ने उनका नाम 'श्रमण भगवान महावीर' रखा।

·०२·६ 'वर्धमान'—तीर्थंकर थे—

(क) चउव्वीसं देवाहिदेवा पन्नत्ता, तंजहा—उसभे अजिते जाव वद्धमाणे।

—सम० सम २४। सू १। पृ० ८६१

(ख) जंबुदीवे णं दीवे भारहे वासे इमीसेओसप्पिणीए चउवीसं तित्थगरा होत्था, तं जहा—उसभे जाव वद्धमाणे य।

—सम० पइ सम। सू २२२। पृ० ९४३

जम्बुद्वीप के भरतक्षेत्र के इस अवसर्पिणी काल के चौबीसवें देवाधिदेव—तीर्थंकर वर्द्धमान थे।

(ग) वृषभोऽजिततीर्थेशः शम्भाख्योऽभिनन्दनः।
सुमतिः पंचमः पद्मप्रभः सुपार्श्वतीर्थकृत्॥
चंद्रप्रभजिनः पुष्पदन्तः शीतलसंज्ञकः।
श्रेयान् श्रीवासुपूज्याख्यो विमलोऽनंतनामकः॥
धर्मः शान्तीश्वरःकुन्थुररो मल्लिजिनाधिपः।
मुनिसुव्रतनाथ श्रीनमिर्नेमिजिनाग्रणीः॥
पार्श्वः श्रीवर्धमानाख्य इमे तीर्थकरा इह।
त्रिजगत्स्वामिभिर्वन्द्याः स्युश्चतुर्विंशति प्रमाः॥

—वीरवर्धच० अधि १८। श्लो १०५ से १०८

चौबीसवें तीर्थंकर का नाम—वर्धमान था। त्रिजगत के स्वामियों द्वारा तीर्थंकर वदनीय होते हैं।

(घ) उसहमजियं च संभवमहिणंदणसुमइणामधेयं च।
पउमप्पहं सुपासं चंदप्पहपुप्फयंतसीयलए।

सेयंसवासुपुज्जे विमलाणंते य धम्मसंती य।
कुंथुअरमल्लिसुव्वयणमिणेमीपासवड्ढमाणा य।
पणमह चउवीसजिणे तित्थयरे तत्थ भरहखेत्तम्मि।
भव्वाणं भवरुक्खं छिंदंते णाणपरसूहिं।

—तिलोप० अधि ४। गा ५१२ से ५१४

इस भरतक्षेत्र में ऋषभादि चौबीस तीर्थंङ्कर हुए थे। अन्तिम तीर्थंङ्कर—वर्धमान थे। वे तीर्थंङ्कर ज्ञानरूपी फरसे से भव्य जीवों के संसार रूपी वृक्ष को छेदते हैं।

०२ ६ गोत्र

(१) गर्भ में प्रथम प्रवेश की अपेक्षा

(क) माहणकुंडग्गामे कोडालसगुत्तमाहणो अत्थि।
तस्स घरे उववन्नो देवाणंदाइ कुच्छिंसि॥

—आव० नि०। गा ४५७

(ख) इतश्च जंबूद्वीपेऽस्मिन् क्षेत्रेऽस्ति भरताभिधे।
ब्राह्मणकुण्डग्रामाख्यसंनिवेशो द्विजन्मनाम्॥
तत्र ऋषभदत्तोऽभूत् कौडालसकुलो द्विजः।
देवानन्दा च तद्भार्या जालन्दर कुलोद्भवा॥

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग २। श्लो १-२

चूंकि भगवान महावीर का गर्भ में प्रथम प्रवेश कोडालगोत्रीय-ऋषभदत्त ब्राह्मण की देवानन्दा भार्या की कुक्षि में हुआ था, अतः भगवान महावीर प्रथम गर्भ प्रवेश की अपेक्षा कोडालगोत्रीय थे। यद्यपि देवानदा जालधर गोत्रीय थी।

(२) द्वितीय गर्भ की अपेक्षा

(क) समणस्स णं भगवओ महावीरस्स पिआ कासवगोत्तं णं। तस्स णं तिण्णि णामधेज्जा एवमाहिज्जंति, तंजहा-सिद्धत्थे ति वा, सेज्जंसेति वा, जसंसे ति वा। समणस्स भगवओ महावीरस्स अम्मा वासिट्ठसगोत्ता। तीसेणं तिण्णि णामधेज्जा, एवमाहिज्जंति, तंजहा-तिसला इ वा, विदेहदिण्णा इ वा, पियकारिणी इ वा।

—आया० श्रु २। अ १५। सू १७, १८

श्रमण भगवान महावीर के पिता काश्यप गोत्रीय थे और उनकी माता का गोत्र वासिष्ठ गोत्र था।

(ख) समणे भगवं महावीरे कासवगोत्ते।

—आया० श्रु २। अ १५। सू १६। पृ० २३४

—कप्प० सू १०४। पृ० ३५

(ग) मुणिसुव्वओ य अरिहा अरिट्ठनेमी य गोयमसगुत्ता।
सेसा तित्थयरा खलु कासवगुत्ता मुणेयव्वा॥

—आव० नि० गा ३८१

श्रमण भगवान महावीर काश्यप गोत्रीय थे। मुनिसुव्रत तथा अरिष्टनेमी तीर्थंकर का गोतम गोत्र था, अवशेष तीर्थंकरों का काश्यप गोत्र था।

·०२·७ वंश-कुल

·१ ज्ञातवंश

(क) एस सो अबंभस्स फलविवागो इहलोइओ पारलोइओ य अप्पसुहो बहु-दुक्खोमहब्भओ ××× एवमाहंसु नायकुलनंदणो महप्पा जिणो उ वीरवरनाम-धेज्जो, कहेसी य अबंभस्स फलविवागं।

—पण्हा० श्रु १। अ ४। सू १४

(ख) जंरयणि साहरिओ कुच्छिसि महायसो वीरो

—आव० भाष्य गा० ५७। उत्तरार्ध

टीका ××× जंरयणि भयवं तिसलाए गब्भे साहरिते तं रयणिं सक्कवयणेणं तिरियजंभगा देवा विविहाइं मणिनिहाणाइं सिद्धत्थरायभवणंसि साहरंति, तं च नायकुलं हिरण्णेणं सुवण्णेणं ××× अतीव-अतीव अभिवड्ढइ।

श्वेताम्बर मान्यतानुसार वर्धमान का ज्ञातकुल—ज्ञातवंश था।

२ नाथवंश

(क) धम्मारकुंथू कुरुवंसजादा णाहोग्गवंसेसु वि वीरपासा।
सो सुव्वदो जाद वंसजम्मा णमीअ इक्खाकुकुलम्मि सेसा॥

—तिलोप० अधि ४। गा ५५०

धर्मनाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ—ये तीन तीर्थंकर कुरुवंश में उत्पन्न हुए।

महावीर नाथ वंश में, पार्श्वनाथ उग्रवंश में, मुनिसुव्रत और नेमीनाथ यादव वंश में तथा अवशिष्ट तीर्थंकर इक्ष्वाकुकुल में उत्पन्न हुए।

दिगम्बर मतानुसार भगवान नाथवंशीय थे।

(ख) पियकारिणि वर-णाह-कुलेसहु।
सिद्धत्थहु कुंडउर—णरेसहु॥

—वीरजि० संधि ५। कड १

भगवान् के पिता नाथ वंशी थे।

—●

·०३ वर्धमान के अन्य नाम

०३·१ प्राकृत में अन्य नाम

·१ अणगारे (अनगार) —आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा ४

मूल—संवच्छरं साहियं मासं, जं ण रिक्कासि वत्थगंभगवं ।
अचेलए ततो चाई, तं वोसज्ज वत्थमणगारे ॥

साधिक एक वर्ष भगवान-महावीर ने उस देवदुष्य वस्त्र का त्याग नही किया । उसके पश्चात् भगवान ने उस देवदूष्य वस्त्र का त्याग किया । उसका त्याग करके वस्त्र रहित अनगार हुए ।

·२ अरहा (अर्हत्) —सूय० श्रु १ । अ ६ । गा २६

कोहं च माणं च तहेव मायं, लोभं चउत्थं अज्झत्तदोसा ।
एताणि चत्ता अरहा महेसी, ण कुव्वई पाव ण कारवेइ ॥

अरिहंत महर्षि - श्री महावीर स्वामी क्रोध, मान, माया तथा चौथा लोभ—इन अध्यात्म अपने अदर के दोषो को त्याग कर न पाप करते थे और न कराते थे ।

·३ कासव (काश्यप) आया० श्रु १ । अ ६ । उ २ । गा १६
—सूय० श्रु १ । अ २ । उ २ । गा २६
दसवे० अ ४ । सु १

मूल—बहुजणणमणम्मि संवुडे सव्वट्ठेहि णरे, अणिस्सिए ।
'हरए व सया अणाविले' धम्मं पादुरकासि कामवं ॥
— सूय० श्रु १ । अ २ । उ २ । गा २६

× × × काश्यपो वीरो वर्धमान स्वामी । × × × ।
—सूय० श्रु १ । अ ५ । उ १ । सू २ । टीका

बहुत जनो से नमस्कार करने योग्य धर्म मे सावधान रहने वाला मनुष्य सब पदार्थों मे से ममता को हटाकर तालाब की तरह सदा निर्मल रहता हुआ काश्यप गोत्रीय भगवान् महावीर के धर्म को प्रगट करे ।

·४ केवलियं (केवली)—सूय० श्रु १ । अ ५ । उ १ । सु १

मूल—पुच्छिस्सुहं केवलियं महेसिं, कहं अभितावा णरगा पुरत्था ।
अजाणओ मे मुणि बूहि जाणं कहंणु बाला णरगं उवेंति ॥

श्री सुधर्मा स्वामी जंबुस्वामी से कहते हैं कि मैंने केवल-ज्ञानी महर्षि महावीर स्वामी से पूर्व समय मे यह पूछा था कि नरक मे कैसी पीड़ा भोगनी पड़ती है ।

·५ णाणी (ज्ञानी) —आया श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा १६

मूल—दुविहं समिच्च मेहावी, किरियमक्खायणेलिसिणाणी।
आयाण-सोयमतिवाय-सोयं जोगं च सव्वसो णच्चा ॥

सब भावों को जानने वाले ज्ञानी—केवल ज्ञानी भगवान् महावीर ने दो प्रकार के कर्मों को जानकर अनुपम संयम रूप क्रिया का कथन किया था तथा सम्पूर्ण रूप से जानकर आदान स्रोत, अतिपात स्रोत और योगों को कर्मबंधन का कारण बताया था।

·६ णायकुलनंदणो (ज्ञातकुलनन्दन) —पण्हा श्रु १ । अ २ । सू १८

मूल—एसो सो अलियवयणस्स ××× एवमाहंसु णायकुलनंदणो महप्पा जिणो वीरवरनामधेज्जो, कहेसी य अलिय-वयणस्स फलविवागं।

ज्ञातृकुलनन्दन जिनेश्वर महान् आत्मा भगवान महावीर ने, मिथ्याभाषण का यह कटुतम फल विपाक कहा है।

ज्ञातृ-कुलनंदन ज्ञातृ—कुलोत्पन्न आनंदकारी।

·७ णायकुलविणिवित्ते (ज्ञात-कुल-निवृत्तः)—आया० श्रु २ । अ १५ । सू २६

मूल—तेण कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे ××× णायकुलविणिवित्ते ×××।

ज्ञातकुलवंश में उत्पन्न विशिष्ट देह के धारक —भगवान् महावीर।

·८ देवज्जगो (देवार्य) —आव० नि गा ४८३ । मलय टीमा में उद्धृत

टीका —××× ततो सामी कूवियं नाम संनिवेसं गतो, तत्थ चारियत्तिकाऊण घेप्पंति पिट्टिज्जंति य, तत्थ लोगस्समुल्लावो अहो देवज्जगो रूवेण जुव्वणेण य अप्रतिमो चारियत्ति काउं गहितो ×××।

देवार्य अर्थात् भगवान् वर्धमान का एक नाम।

एक बार भगवान महावीर कूपिय ग्रामपधारे। वहाँ के लोगों ने उन्हें देखा और कहा—अहो देवार्य! आप रूपवान् है, युवा है—अप्रतिम चारित्र को क्यों ग्रहण किया है!

·९ देवाइ (देवादि) —ठाय० सू २०

टीका—देवादियोगात् देवादिः श्रमणो भगवान् महावीरः—
देवादि के योग से देवादि—श्रमण भगवान महावीर।

·१० देवाणुप्पियं (देवानुप्रिय) —भग० श ६ । उ ३३ । सू १४८

मूल—किं णं भंते ! एसा देवाणंदा माहणी आगयपण्हया जावरोमकूवा देवाणुप्पियं अणिमिसाए दिट्ठिए देहमाणी-देहमाणी चिट्ठइ ।

हे भगवन् ! उस देवानंदा ब्राह्मणी को किस प्रकार स्तनों में दूध आया यावत् उसके रोमाञ्च किस प्रकार हुआ और आप देवानुप्रिय की ओर अनिमेष दृष्टि से देखती हुई क्यों खड़ी है ।

·११ नायकुलचंदे (ज्ञातकुलचंद) —कप्प० सू ११०

मूल-समणे भगवं महावीरे दक्खे दक्खपतिन्ने पडिरूवे आलीणे भद्दए विणीए नाए नायपुत्ते नायकुलचंदे × × × ।

ज्ञातकुल में चन्द्रसमान—भगवान् महावीर ।

·१२ नायपुत्त (ज्ञातपुत्र) —भग० श७ उ १० । सू २१३
—आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा १०
—सूय० श्रु १ । अ १ । उ १ । गा २७
—कप्प० सू ११०

मूल—उच्चावयाणि गच्छंता गब्भमेस्संतणंत सो ।
णायपुत्ते महावीरे एवमाह जिणोत्तमे ॥
—सूय० श्रु १ । अ १ । उ १ गा २७

ज्ञातपुत्र—जिनोत्तम महावीर ने कहा है कि ऊंच-नीच गतियों में परिभ्रमण करते हुए अन्यतीर्थी (मिथ्या सिद्धांत की प्ररूपणा करने वाले) अनन्तबार गर्भवास को प्राप्त करेंगे ।

·१३ नायमुणिणा (ज्ञातमुनिना) —पण्हा० श्रु २ । अ १ । सू २५

मूल—एवं नायमुणिणा भगवया पण्णवियं परूवियं पसिद्धं सिद्धं सिद्धवरसासणमिणं आघवितं सुदेसितं पसत्थं ।

ज्ञातकुलोत्पन्न मुनि—भगवान् महावीर ने कहा है—प्ररूपणा की है। जिनेश्वर भगवंतों का यह अहिंसा धर्म सिद्ध है, प्रसिद्ध है। कृत-कृत्य –ऐसे जिनेश्वर भगवान् इसकी आज्ञा दी है। यह भगवान् द्वारा प्ररूपित है, उपदेशित है ।

·१४ नायसुत (ज्ञातपुत्र) —सूय० श्रु १ । अ ६ । गा २
—आया० श्रु१ । अ ६ । उ १ । गा १०

सूय० टीका—× × × ज्ञाताः—क्षत्रियास्तेषां 'पुत्रो' भगवान् वीरवर्धमानस्वामी ।

ज्ञात अर्थात् क्षत्रिय के पुत्र भगवान् वीरवर्धमानस्वामी ।

·१५ नाएणं (ज्ञात) —उत्त० अ १८ । गा २४, सूय० श्रु १ । अ २ । उ २ । गा ४८
—आया० श्रु २ । अ १५ । सू २१, कप्प० सू ११०

सूय०—जे 'एयं चरंति' आहियं णाएण महया महेसिणा ।
ते उट्ठिय ते समुट्ठिया अण्णोण्णं सारंति धम्मओ ।

टीका—किञ्च ये मनुष्या एनं प्रागुक्तं धर्मं ग्रामधर्मविरतिलक्षणं चरन्ति कुर्वन्ति आख्यातं ज्ञातेन ज्ञातपुत्रेण 'महये' त्ति महाविषयस्या ज्ञानस्यानन्यभूतत्वान्महान् तेन तथाऽनुकूलप्रतिकूलोपसर्गसहिष्णुत्वान्महर्षिणा श्रीवर्धमानस्वामिना आख्यातं धर्मं ये चरन्ति तएव संयमोत्थानेन कुतीर्थिकपरिहारेणोत्थिताः ।

महान् महर्षि ज्ञातपुत्र वर्धमान स्वामी द्वारा कथित धर्म को जो पुरुष आचरण करते है वे ही उत्थित धर्ममार्ग मे प्रवृत्त तथा सम्यग् प्रकार से प्रवृत्त समुत्थित है तथा वे ही धर्म से भ्रष्ट होते हुए भी परस्पर को फिर धर्म मे प्रवृत्त करते है ।

.१६ भगवं (भगवान्) —आया श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा १५

मूल—भगवं च 'एवं मन्नेसिं, सोवहिए हु लुप्पती बाले ।
कम्मं च सव्वसो णच्चा, तं पडियाइक्खे पावगं भगवं ।

भगवान् महावीर ने इस प्रकार समझ लिया था कि जो अज्ञानी उपधि से युक्त होता है वह निश्चय ही क्लेश को प्राप्त होता है । कर्मको सभी प्रकार से जानकर भगवान् महावीर ने कर्मों को उत्पन्न करने वाले पाप कर्म का त्याग कर दिया था ।

यह विवेचन भगवान् महावीर के साधना काल की अपेक्षा है ।

·१७ मतीमता (मतिमान्) —सूय० श्रु १ । अ ६ । गा १

मूल—कयरे धम्मे अक्खाए माहणेण मईमता ।
अंजु धम्मं तहातच्चं 'जिणाणं तं सुणेह मे' ।।

टीका —××× भगवान् वीरवर्धमानस्वामी तेन ?, तमेव विशिनष्टि-मनुते-अवगच्छति जगत्त्रयं कालत्रयोपेतं यया सा केवलज्ञानाख्यामतिः सा अस्यास्तीति मतिमान् तेन— उत्पन्नकेवलज्ञानेन भगवता । ××× ।

जिसके द्वारा भूत, भविष्यत् और वर्तमान काल के सहित इन तीनों लोकों को जानता है उसको मति कहते हैं वह केवलज्ञान रूप है वह जिसको उत्पन्न हो गया था ऐसे भगवान् वीरवर्धमान स्वामी थे ।

.१८ माहणे (माहण)

—आया श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा २१, सूय श्रु १ । अ ६ । गा १

मूल—एसविहि अणुक्कंतो माहणेण मईमया ।
'अपडिण्णेण वीरेण, कासवेण महेसिणा' ।।

—आया श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा २१

मतिमान निदान रहित माहण —भगवान् महावीर ने अनेक प्रकार से वर्णन रूप विधि का आचरण किया था ।

"× × × माहणेणं ति मा जन्तून् व्यापादयेत्येवं विनेयेषु वाक्प्रवृत्तिर्यस्यासौ 'माहनो' भगवान् वीरवर्धमान स्वामी ।"

—सूय श्रु १ । अ ६ । गा १ । टीका

अर्थात् माहण—भगवान् वीरवर्धमान स्वामी का एक नाम ।

.१६ महावीरे (महावीर) —पउच० अधि २ । श्लो २६

—कसापा० भाग १ । गा १ । टीका । पृ० ७४

- आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा १३

—आव० नि० गा ५१७

आया०-मूल—एयाइं संति पडिलेहे, चितमंताइं से अभिण्णाय ।
परिवज्जिया ण विहरित्था, इति संखाए से महावीरे ॥

भगवान् महावीर पृथ्वीकायिक आदि हिंसा से निवृत्त होकर विचरते थे ।

.२० मुणी (मुनि) —आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा २०

— सूय० श्रु १ । अ २ । उ २ सू ५१

आया०—मूल —णोवि य कंडूयये मुणी गायं ।

मुनि—भगवान् महावीर ने (साधना काल मे) अपने शरीर मे कभी खाज नहीं की ।

.२१ मेहावी (मेधावी) —आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा १६

मेधावी भी भगवान् का एक नाम है ।

मूल—दुविहं समिच्च मेहावी, किरियमक्खायणेलिसिं णाणी ।
आयाण-सोयमतिवाय-सोयं, जोगं च सव्वसो णच्चा ।।

मेधावी —सब भावों को जानने वाले ज्ञानी भगवान् महावीर ने दो प्रकार के कर्मों को (ऐर्यापथिक-साम्परायिक) जानकर अनुपम संयम रूप क्रिया का कथन किया था ।

.२२ वद्धमाणे (वर्धमान) —आया० श्रु २ । अ १५ । सू १३

—आव० नि गा ३७१

आव०—विमलमणंतइ धम्मो सन्ती कुंथू अरो अ मल्ली अ ।
मुणिसुव्वय नमि नेमी पासो तह वद्धमाणो अ ॥

चौबीसवें तीर्थंकर वर्धमान थे ।

.२३ विदेहजच्चे (विदेहयात्य) —कप्प० सू ११०, आया० श्रु २ । अ १५ । सू २६

आया०—मूल—तेणं कालेगं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे × × × विदेहजच्चे × × × ।

विदेहजच्चे—त्रिशला माता के शरीर से उत्पन्न हुए—भगवान् महावीर ।

.२४ विदेहदिण्णे (वैदेहदत्त) —कप्प० सू० ११०, आया० श्रु २ । अ १५ । सू २६

कप्प०-मूल-समणे भगवं महावीरे × × × विदेहदिण्णे × × × ।

विदेहदिण्णे —त्रिशला के तनय —भगवान् महावीर ।

.२५ विदेहसुमाले (विदेहसुमाल) - कप्प० सू ११०, आया० श्रु २ । अ १५ । सू २६

कप्प० मूल—समणे भगवं महावीरे × × × विदेहसुमाले × × × ।

विदेहसुमाल— भगवान् महावीर का एक नाम ।

.२६ विदेहे (विदेह) —कप्प० सू ११०, आया० श्रु २ ।अ १५ । सू २६

आया० –मूल –तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे णाते णाय-पुत्ते × × × विदेहे × × × ।

विदेह—विशिष्ट देह के धारक भगवान महावीर ।

.२७ वीरं (वीर) —आया० श्रु० २ । अ १५ । सू २६, पण्हा० श्रु १ । अ २ । सू १८

आया० मूल —एए देवणिकाया, भगवं, बोहिंति जिणवरं वीरं ।
सव्वजगजीवहियं, अरहं तित्थं पव्वत्तेहि ॥

ये लौकान्तिकदेव वीर भगवान् को प्रतिबोध करते हैं । (क्योंकि प्रतिबोध करना उनका जीत व्यवहार है) इस व्यवहार के अनुसार जगत के समस्त जीवों के हित के लिए निवेदन किया कि हे अर्हन् तीर्थ की प्रवृत्ति कीजिए ।

.२८ वेसालिय (वैशालिक)—भग० श १२ । उ २ । सू ३०, भग० श २ । उ १। सू २८

(क) मूल—× × × वेसालियसावयाणं अरहंताणं पुव्वसेज्जातरीजयंती नामं समणोवासिया होत्था । × × × ।

—भग० श १२ । उ २ । सू ३०

वैशालिक –श्रमण भगवान् महावीर के साधुओं की प्रथम शय्यातर-जयती श्रमणोपासिका थी।

(ख) तएणं से पिंगलए नियंठे वेसालियसावए खंदयं कच्चायणसगोत्तं इणमक्खेवं पुच्छे-मागहा!
पि तच्चं पि इणमक्खेवं पुच्छे-मागहा! —भग० श २। उ १। सू २८

वैशालिक श्रावक –अर्थात् भगवान् महावीर के वचनों को सुनने मे रसिक पिंगल-नाम का निर्ग्रंथ था। उसने कात्यायन गोत्रीय स्कंदक तापस को दो, तीन बार प्रश्न पूछे।

(ग) मूल—एवं से उदाहु अणुत्तरणाणी अणुत्तरदंसी अणुत्तरणाणदंसणधरे।
अरहा णायपुत्ते भगवं वेसालिए वियाहिए॥
—सूय० श्रु १। अ २। उ ३। गा ७६

टीका—×××। अर्हन् सुरेन्द्रादिपूजार्हो ज्ञातपुत्रो वर्द्धमानस्वामी ऋषभस्वामी वा भगवान् ऐश्वर्यादिगुणयुक्तो विशालयां नगर्यां वर्धमानोऽस्माकमाख्यातवान् ऋषभ स्वामी वा विशालकुलोद्भवत्वाद् वैशालिकः तथा चोक्तम्—

"विशाला जननी यस्यविशालं कुलमेव वा।
विशालं वचनं चास्य तेन वैशालिको जिनः॥"

इन्द्रादि देवों के पूजनीय ज्ञातपुत्र वर्धमान स्वामी और ऋषभदेव स्वामी हैं। विशाल माता के पुत्र ऐश्वर्यादि गणयुक्त वर्धमानस्वामी ने कहा था। अथवा विशाल कुल मे उत्पन्न होने के कारण श्री ऋषभदेव को यहाँ वैशालिक कहा है। कहा है

श्री महावीर स्वामी की माता विशाला थी और कुल भी विशाल था तथा उनका प्रवचन भी विशाल था इसलिए वे वैशालिक जिन कहलाते थे।

२९ समणे (श्रमण) — आया० श्रु २। अ १५। सू १५

मूल—××× सह सम्मुइए 'समणे'। ×××।

सहज गुणों के कारण 'श्रमण' नाम पड़ा। अर्थात् तप आदि साधना का श्रम करने के कारण 'श्रमण' नाम पड़ा।

३० समणे नायपुत्ते (श्रमण नायपुत्र) - भग० श ७। उ १०। सू २१३

मूल—तत्थ णं समणे नायपुत्ते चत्तारि अत्थिकाए अजीवकाए पण्णवेति, तंजहा—धम्मत्थिकायं, अधम्मत्थिकायं, आगासत्थिकायं, पोग्गलत्थिकायं। ×××।

श्रमण ज्ञातपुत्र चार अस्तिकाय को अजीव कहते हैं, यथा धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय और पुद्गलास्तिकाय।

•३१ समणे भगवं (श्रमण भगवान्) —आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा १

मूल —अहासुयं वदिस्सामि, जहा से समणे भगवं उट्ठाय ।
संखाए तंसि हेमंते, अहुणा पव्वइए रीइत्था ।

श्रमण भगवान् -महावीर ने हेमन्त ऋतु मे दीक्षा ग्रहण कर तत्काल विहार किया ।

•३२ समणे भगवं महावीरे (श्रमण भगवान् महावीर)

—ओव० सु १६, आया० श्रु २ । अ १५ । सू १६
—ठाण० स्था ५ । उ १ । सू ६७, राय० सू ७
—कप्प० सु १२३,२४

ठाणं —मूल —समणे भगवं महावीरे पंचहत्थुत्तरे होत्था, तंजहा —

१ —हत्थुतराहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते २—हत्थुतराहिं गब्भाओ गब्भं साहरिते । ३ —हत्थुत्तराहिं जाते ४ —हत्थुत्तराहिं मुडे, भवित्ता ××× पव्वइए ५ —हत्थुत्तराहिं अणंते अणुत्तरे ××× केवलवरणाणदंसणे समुप्पण्णे ।

श्रमण भगवान् महावीर के पचकल्याण हस्तोत्तरा नक्षत्र मे हुए —१—च्यवन कर गर्भ मे प्रवेश, २ —गर्भ सक्रमण, ३—जन्म, ४—दीक्षा और ५—केवलज्ञान ।

•३३ सामी (स्वामी) —भग० श ५ । उ १। सू २, राय० सू ७
—आ० नि गा ४६१। टीका मे उद्धृत

भग०—तीसेणं चंपाए नगरीए पुण्णभद्दे नामं चेइए होत्था वण्णओ। सामी समोसढे जाव परिसा पडिगया ।

चम्पानगरी के बाहर पूर्णभद्र नाम का चैत्य था । वहाँ सामी --भगवान् महावीर का पदार्पण हुआ ।

यह विवेचन भगवान् महावीर के सर्वज्ञावस्था का है ।

३४ सिद्धत्थरायपुत्तो (सिद्धार्थराजपुत्र) — आ० नि गा० ५०७। टीका

टीका ××× तेण सामी कुडग्गामे दिट्ठपुव्वो, ताहे सो मोएइ, साहइ य जहा एस सिद्धत्थरायपुत्तो ××× ।

सिद्धार्थ राजा के पुत्र - वर्धमान ।

०३.२ अपभ्रंश में अन्य नाम

•१ देवदेउ (देव-देव) —वीरजि० संधि । कड १

देवदेउ देवों के देव ।

(क) मूल—मणपज्जय-संजुत्तउ देवदेउ थिर-चित्तउ ।
तार-हार-पंडुर-घरि कुल-गाम-णामइ पुरि ॥

देवों के देव—देव-देव—भगवान महावीर स्थिर चित्त तथा मनःपर्यवज्ञान से युक्त होकर कूलग्राम पधारे।

(ख) "जो सजय विजयहि चारणेहि।
अवलोइउ सेसवि देवदेउ।
णट्ठउ भीसणु-संदेह-हेउ ॥"

—वीरजि० संधि १। कड १०

सजय और विजय नामक चारण ऋद्धिधारी देवों ने परोपदेश रूप वाणी को समझ कर ही उनके शैशवकाल में ही देखकर उन्हें देवों के देव तीर्थङ्कर जान लिया। और उनके भीषण संदेह का कारण दूर हो गया।

.२ परमेसरु (परमेश्वर) —वीरजि० संधि २। कड १

मूल—भिक्खहि परमेसरु पइसरइ।

ज्ञातृखण्ड वन उद्यान में दीक्षा ग्रहण कर भगवान का प्रथम विहार कूलग्राम की ओर हुआ। वहाँ परमेश्वर अर्थात् भगवान महावीर ने भिक्षार्थ प्रवेश किया।

.३ महवीरु (महावीर) —वड्ढव० संधि ६। कड १७
—कसापा० भाग १। गा १ टीका पृ० ७३

अहिसिंचिवि कणय-कलस-जलेहिँ
पुज्जिवि आहरणहिँ णिम्मलेहिँ।
महवीरु णामु किउ तक्खणेण
जाणिउ असेस-तिहुवण-जणेण।

सगम देव ने स्वर्णकलश के निर्मल जल से अभिषेक कर आभरणों से सम्मानित किया और उसका नाम 'महावीर' रख दिया, जिससे समस्त त्रिभुवन के लोगों ने तत्काल ही जान लिया।

.४ रिसिदु (ऋषि) —वीरजि० संधि १। कड ११

घत्ता—परमेट्ठि रिसिदु थिउ पडिवज्जिवि संजमु।
थुउ भरह-णरेहिँ पुप्फयंत-वंदिय-कमु।

वे ऋषि परमेष्ठी—महावीर संयम ग्रहण कर आसीन हुए। भरतक्षेत्र के मनुष्यों ने उनकी स्तुति की।

.५ वीरणाहु (वीरनाथ) —वीरजि० संधि १। कड १०
—तिलोप० अधि ४। गा ५८४, ७०१

वीरजि०—कण-मुह-दाढाउ कर फुसंतु णउ संकिउ।
पुज्जिवि देवेण वीरणाहु तहिँ कोक्किउ ॥

वर्धमान स्वामी उस भयंकर सर्प के फण और मुख को दाढो का अपने हाथ से स्पर्श करते हुए जरा भी शंकित नहीं हुए। यह देख उस संगम देव ने उनकी पूजा की और उन्हें वीरनाथ कहकर पुकारा।

·६ वड्ढमाण (वर्धमान) - अष्टपा० पा १। गा १

- तिलोप० अधि ४। गा ५१३, आव० नि गा ४५८। टीका मे उद्धृत

वड्ढच० संधि ६। कड १६, वीरजि० संधि १। कड १०

(क) काऊण णमुक्कारं जिणवरवसहस्स वड्ढमाणस्स।
दंसणमग्गं वोच्छामि जहाकम्मं समासेणं॥

—अष्टपा० पा १। गा १

जिनवरवृषभ -ऋषभदेव तथा वर्धमान तीर्थंकर को नमस्कार कर दर्शन—मत का सक्षेपतः वर्णन करूँगा।

(ख) तहु फणि-माणिक्कइँ फसमाणु।
अविउलु अचलु वि सिरि-वड्ढमाणु।

वे श्री वर्द्धमान निर्व्याकुल अचल होकर उस भयंकर सर्प के फणधर के माणिक्य का स्पर्श करने लगे।

सगमदेव भयंकर सर्प का रूप धारण करके कुण्डपुर के नन्दन वन मे आया जहाँ कुमार महावीर क्रीड़ा कर रहे थे। वे जिस वृक्ष पर क्रीडा कर रहे थे, उस क्रीड़ा-वृक्ष को उस सर्प ने चारों तरफ घेर लिया। यह देख उनके साथ क्रीडा करने वाले सहचर शिशु सब भाग गये, किन्तु वे त्रिजगत के बन्धु वही ठहरे रहे।

·७ वीरो (वीर) —कसापा० भाग १। गा १। टीका पृ० ७३

—तिलोप० अधि ४। गा ६७०

णेमी मल्ली वीरो कुमारकालम्मि वासुपुज्जो य।
पासो वि य गहिदतवा सेसजिणा रज्जचरमम्मि॥

नेमिनाथ, मल्लिनाथ, वीर—महावीर, वासुपूज्य और पार्श्वनाथ इन पाँच तीर्थङ्करों ने कुमारकाल मे और शेष तीर्थङ्करों ने राज्य के अन्त मे तप को ग्रहण किया।

·८ सम्मइ (सन्मति) —वीरजि० संधि १। कड १०

- वड्ढच० संधि ९। कड १७

णट्ठउ भीसणु संदेह हेउ॥
सम्मइ कोक्किउ संजम-धणेहिं।
विरइय-गुरु-विणय-पयाहिणेहिं॥

- वीरजि० संधि १। कड १०

सयमवादी मुनियों ने अत्यन्त विनयभाव से उनकी प्रदक्षिणा की और उन्हें सन्मति कहकर पुकारा।

·०३·३ पाली में अन्य नाम

त्रिपिटिकों में महावीर सम्बन्धी घटना-प्रसंगोंकी बहुलता है। वहाँ 'उन्हें निगण्ठनात-पुत्त' कहा गया है। कहीं कही निगण्ठनातपुत्त और निगण्ठनाथपुत्त भी है।

·१ निगण्ठनातपुत्त (निर्ग्रंथनातपुत्र)

एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा नालन्दाय विहरति पावारिकम्बवने। ते खो पन समयेन निगण्ठोनातपुत्तो नालन्दायं पटिवसति महतिया निगण्ठपरिसाय सद्धिं। × × ×)

—सुत्तपिटके, मज्झिमनिकायपालि, मज्झिमपण्णासकं,
उपालिसुत, १-१ से २१, पृ० ४३ से ६०।

अर्थात् एक समय भगवान् बुद्ध नालदा म प्रावारिक के आम्रवन मे विहार करते थे। उस समय निगण्ठनातपुत्त (निगण्ठों) भी जैन साधुओं की महती परिषद के साथ नालन्दा मे विहार कर रहे थे।

·०३४ संस्कृत में अन्य नाम

·१ ज्ञातप्रभु —त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ३। श्लो १५३-१५७

कायोत्सर्गावसाने च प्रभुं नत्वोत्पलः पुनः।
ज्ञानसामर्थ्यतो ज्ञातप्रभुस्वप्नोऽब्रवीदिदम्॥
स्वामिन्निशान्ते युष्माभिः सुस्वप्नाः प्रेक्षिता दश।
तत्फलानि स्वयं वेत्सि भक्त्याख्यामि तथाप्यहम्॥

भगवान् महावीर ने अस्थिग्राम के प्रथम चतुर्मास मे कायोत्सर्ग समाप्त किया। समीप मे बैठा हुआ उत्पल परिव्राजक ने वन्दन-नमस्कार किया और स्वयं के ज्ञान के सामर्थ्य से ज्ञातप्रभु द्वारा देखे गये दस स्वप्नों को जानकर कहा कि हे भगवन्! आपने अन्तिम रात्रि मे दस स्वप्न देखे हैं। जिन स्वप्नों का फल आप जानते हैं फिर भी भक्तिवश मैं स्वप्नों का फल कहता हूँ।

·२ जगन्नाथ —त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ३। श्लो ५४८

व्यन्तरैर्भगवद्भक्तैरदह्यत स मंडप।
जगाम च जगन्नाथः सन्निवेशं कलम्बुकम्।

चोराक ग्राम में गोशाले को चोर समझकर पीटा गया। भगवान के भक्त व्यन्तर देवों ने मण्डप को जला दिया। वहाँ से विहार कर जगन्नाथ—भगवान महावीर कलम्बुक ग्राम पधारे।

·३ तपःशाली — त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४ । श्लो १३ । पूर्वार्ध

ग्रामेऽगाद्बहुशालाख्ये तपःशाली जगद्गुरुः ।
तत्र शालवनोद्याने तस्थौ च प्रतिमाधरः ॥
शालाया नामतस्तत्र व्यन्तरी कारणं विना ।
क्रुद्धोपसर्गानकरोत् स्वामिनः कर्मघातकान् ॥

मर्दन ग्राम से विहार कर तपस्वीप्रभु बहुशाला नामक ग्राम पधारे। वहाँ शाल नामक उद्यान मे प्रतिमा में स्थित हुए। वहाँ शालार्या नामक एक व्यन्तरी थी। वहाँ उसने निष्कारण क्रुद्ध होकर स्वामी की घात करने के लिए उपसर्ग किये।

·४ देवार्यः — राय० सु २० । टीका, त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ३ । श्लो ५०१
—ठाण० स्था १० । सु १०३ । टीका, अभि० काड १ । श्लो ३०

"××× देवाश्चासौ आर्यश्च देवार्यः। देवैः अर्यते अभिगम्यते इति वा। देवानां इन्द्रादीनां अर्यःस्वामी इति वा।"

अर्थात् 'देवार्य' शब्द में 'देव आर्य' और 'देव अर्य' इस प्रकार दो विभाग से पदच्छेद है। 'देवार्य' का देवरूप आर्य अथवा देवों के आदरणीय आर्य अथवा देवों के स्वामी—ये तीन अर्थ होते हैं और ये तीनों अर्थ महावीर में सुसंगत भी है।

·५ नाथ — उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो ३०२ ।
—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४ । श्लो ४६७

प्रातर्नाथोऽपि संहृत्य प्रतिमामेकरात्रिकीम् ।
क्रमेण विहरन् प्राप पुरं भोगपुराभिधम् ।

प्रातःकाल एक रात्रि की प्रतिमा को पार कर नाथ—भगवान महावीर क्रमशः विहार कर भोगपुर पधारे। यह विवेचन साधना काल का है।

·६ परमात्मा —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो ७८

तुभ्यं क्षेत्राय पात्राय तीर्थाय परमात्मने ।
स्याद्वादवादिने वीतरागाय मुनये नमः ॥

जन्मोत्सव के समय इन्द्र ने भगवान की स्तुति करते हुए कहा कि—क्षेत्र, पात्र, तीर्थ, परमात्मा, स्याद्वादी, वीतराग और मुनि—तुम्हें नमस्कार है।

·७ परमेश्वर —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ३ । श्लो ४८७

दिनानि कतिचित्तत्रान्ति वाह्य परमेश्वरः।
तुर्यां प्रावृषमत्येतुं पृष्ठचम्पां पुरीं ययौ ॥

चोराक ग्राम में कुछ दिन विराजकर परमेश्वर —भगवान् महावीर चतुर्थ चतुर्मासार्थ पृष्ट चंपानगरी पधारे।

·८ प्रभु —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो ६

देवानन्दागर्भगते प्रभौ तस्य द्विजन्मनः।
बभूव महती ऋद्धिः कल्पद्रुम इवागते ॥

जब प्रभु —देवानंदा की कुक्षि में आये तभी से ब्राह्मण को मोटी ऋद्धि की प्राप्ति हुई।

·९ भगवान् —ओव० सू १९ । टीका

××× "भगवान्" समग्रैश्वर्यादियुक्तः ×××।

समस्त ऐश्वर्य से युक्त होने से 'भगवान्' कहे जाते थे।

·१० महति --उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो ३३६ । पूर्वार्ध

स महतिमहावीराख्या कृत्वा विविधाः स्तुतीः ॥

रुद्र ने महती और महावीर दो नाम रखे।

·११ महति महावीर वीरच० अधि १ । श्लो ७

जित्वा रुद्रकृतान् घोरानुपसर्गाननेकशः।
यो महातिमहावीरनामाप तत्कृतं परम् ॥

जिन्होंने रुद्रकृत अनेक घोर उपसर्गों को जीतकर उसी के द्वारा 'महति-महावीर' नाम को प्राप्त किया।

·१२ महावीर —पण्ण० प १ । सू १ । टीका, उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो २९५
—अभि० कांड १ । सू ३०, ओव० सू १९ । टीका

उत्तपु०—विजृम्भमाणहर्षाम्भोनिधिः संगमकोऽमरः।
स्तुत्वा भवान्महावीर इति नाम चकार सः ॥

कुमार की इस क्रीड़ा से जिसका हर्ष रूपी सागर उमड़ रहा था — ऐसे उस संगमदेव ने भगवान् की स्तुति की और 'महावीर' यह नाम रखा।

'महावीरो' देवादिकृतोपसर्गादिष्वचलितसत्त्वतया देवप्रतिष्ठितनामा।

देवादि के द्वारा उपसर्ग किये जाने पर भी अपने मार्ग से वीरता से डटे रहे, अतः देवों ने इन्हें 'महावीर' नाम से प्रतिष्ठित किया था।

·१३ योगीन्द्र —वीरच० अधि १३ । श्लो १

पारणानि योगीन्द्रो धृतिधैर्यबलाधिकः ।
निरीहोऽत्यन्तभोगादौ मतिं चक्रे तनुस्थितौ ॥

यद्यपि भगवान् महावीर छः मासी उपवास आदि तपों के करने में अतीव समर्थ थे — तो भी अन्य मुनियों को उत्तम चर्या बतलाने के लिए पारणा के दिन धृति और धैर्य से बलशाली — शरीर-भोगादि में अत्यन्त निःस्पृह उन योगीन्द्र — भगवान ने शरीर-स्थिति में बुद्धि की अर्थात् गोचरी के लिए उद्यत हुए ।

१४· वर्धमान —ओव० सू० १ । टीका, उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो० ३३१
—वीरवर्धच० अधि १ । श्लो ४ । अभि० कांड १ । सू ३०
—राय० सू १ । टीका, रत्नश्रा० परि १ । श्लो १

वर्धमानश्रिया वर्धमानकीर्त्या जगत्त्रये ।
वर्धमानेन यो वर्धमानं नामाप वासवैः ।
—वीरवर्धच० अधि १ । श्लो ४

जिन्होंने निरंतर वर्धमान लक्ष्मी से, तीन जगत में वर्धमान कीर्ति और अपने गुणों से 'वर्धमान' यह सार्थक नाम इन्द्रों से प्राप्त किया ।

·१५ विभो —त्रिशलाका० पर्व । १० । सर्ग ३ । श्लो ६१५

वानमन्तरिका तत्र नामतः कटपूतना ।
त्रिपृष्ठजन्मनि विभोः पत्नी विजयवत्यभूत् ।

ग्रामक ग्राम से विहारकर भगवान् महावीर शालिशीर्ष ग्राम पधारे । वहाँ कटपूतना नामक एक वाणव्यंतरी देवी थी । जो विभो — भगवान् महावीर के पूर्वभव — त्रिपृष्ठ के जन्म में विजयवती नामक पत्नी थी । उसने शीतोपसर्ग किये ।

·१६ वीर —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४ । श्लो ४६४
—उत्तपु० पर्व ७४ श्लो ३०३, वीरच० अधि १ । श्लो १०
—अभि० कांड १ । सू २६

वीरच०— संपूर्णो यो मुदा स्तौमि ते वीरं तद्गुणाप्तये ।

भगवान् का वीर भी एक नाम था ।

·१७ वीरनाथ —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४ । श्लो ६५०

एवं श्रीवीरनाथस्योपसर्गेष्वखिलेष्वपि ।
जघन्येषूत्कृष्ट कटपूतनाशीतमुत्कटम् ॥

इस प्रकार वीरनाथ को जो-जो उपसर्ग हुए उनमे जघन्य उपसर्ग में कटपूतना ने जो शीत का उपसर्ग किया वह उत्कृष्ट था ।

·१८ वीरस्वामी

उत्पु० पर्व ७४ । श्लो २८८, २८९
— त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ३ । श्लो १२२

उत्तपु०—अन्येद्युः स्वर्गनाथस्य सभायामभवत्कथा ।
देवानामधुना शूरो वीरस्वामीति तच्छ्रुतेः ॥

किसी एक दिन इन्द्र की सभा मे देवों मे यह चर्चा चल रही थी कि इस समय सबसे शूर-वीरस्वामी है ।

·१९ श्रमण

—ओव० सू ११ । टीका

'श्रमणो' महातपस्वी नामान्तरं वा इदमन्तिमजिनस्य ।

घोर तपस्या करने से अंतिम जिन —महावीर का नाम श्रमण पड़ा ।

·२० सन्मति

—वीरव० अधि० १० । श्लो ८०
—उत्पु० पर्व ७४ । श्लो २८२-२८३

संजयस्यार्थसंदेहे संजाते विजयस्य च ।
जन्मानंतरमेवैनमभ्येत्यालोकमात्रतः ॥
तत्संदेहे गते ताभ्यां चारणाभ्यां स्वभक्तितः ।
अस्त्वेष सन्मतिर्देवो भावीति समुदाहृतः ।

—उत्पु० पर्व ७४ । श्लो २८२-८३

एक बार सजय और विजय नाम के दो चारण मुनियों को किसी पदार्थ मे संदेह उत्पन्न हुआ था परन्तु भगवान के जन्म के बाद ही वे उनके समीप आये और उनके दर्शन मात्र से ही उनका सदेह दूर हो गया —अत उन्होंने बडी भक्ति से कहा था कि यह बालक सन्मति तीर्थङ्कर होने वाला है अर्थात् उन्होंने उनका सन्मति नाम रखा था ।

·२१ स्वामी

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४ । श्लो ६१४, १५
— आव० भाष्य गा ६१ । मलय टीका

त्रिशलाका०—चतुर्मास्यत्यये स्वामी जृम्भकग्राममाययौ ।
तत्र नाट्यविधिं शक्रो दर्शयित्वाऽब्रवीदिति ।
जगद्गुरो ! कतिपयैरद्य प्रभृति वासरैः ।
उत्पत्स्यतेऽत्रभवतः केवलज्ञानमुज्ज्वलम् ॥

चंपानगरी मे द्वादशवां चतुर्मास कर स्वामी जृम्भक ग्राम पधारे । वहाँ इन्द्र ने नाट्य विधि की और बोला कि हे जगद्गुरो ! कुछ दिन बाद आपको उज्ज्वल केवलज्ञान उत्पन्न होगा ।

·२२ सिद्धार्थनृपनन्दनम् — त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ३ । श्लो ४८५

आरक्षानूचतुश्चैवं किं रे मूर्खा मुमूर्षवः ।
न जानीथ प्रभुममुं सिद्धार्थनृपनन्दनम् ।

पार्श्वनाथ प्रभु की दो साध्वियों ने दो आरक्षकों को कहा "अरे मूर्खो ! तुम क्यों मारने की इच्छा करते हो ! ये सिद्धार्थ राजा के पुत्र—महावीर है ।"

—o—

·०४ सविशेषण—ससमास—सप्रत्यय 'वद्धमाण'—'महावीर' नाम शब्दों की सूची

·१ जिणवीरमिणं
·२ देवाइ समणे भगवं महावीरे
·३ महावीरणिव्वाणगयदिवसादो
·४ महावीरथुई
·५ महावीरभासिय
·६ महावीरवद्धमाणस्स
·७ वड्ढमाण
·८ वड्ढमाणकसायपरिणामो
·९ वड्ढमाणपूसमाणगघंटियगणेहिं
·१० वड्ढमाणगिहाणि
·११ वड्ढमाणचरित्तस्स
·१२ वड्ढमाणजिणिंदगब्भत्थकालो
·१३ वड्ढमाणजिणिंदाउअं
·१४ वड्ढमाणजिणिंदाउअम्मि
·१५ वड्ढमाणजिणिंदो
·१६ वड्ढमाणजिणो
·१७ वड्ढमाणपुरे
·१८ वड्ढमाणभडारएण

'१६ वड्ढमाणयं ओहिनाणं

'२० वड्ढमाणलेस्सा

.२१ वड्ढमाणतित्थम्मि

२२ वड्ढमाणवत्थवग्गो

'२३ विजयवड्ढमाणे उज्जाणे

'२४ वीरजिणिंद

'२५ वीरवरनामधेज्जो

'२६ वीर-सामि

२७ सिरिवड्ढमाणु

२८ वीरवरस्स

—००—

सविशेषण—ससमास—सप्रत्यय 'वड्ढमाण'—'महावीर' नाम शब्दों की परिभाषा

[निम्नोक्त शब्द आगम और श्वेताम्बर और दिगम्बर सिद्धान्त ग्रन्थों मे कई स्थलों पर आये है । हमने सन्दर्भ सामान्यत दो चार ग्रन्थो का दिया है ।]

०४'१ जिणवीरमिणं (जिनवीर) —आव० नि गा ४६८

सक्को य देवराया सहागओ भणइ हरिसिओ वयणं ।
तिन्निवि लोगऽसमत्था जिणवीरमिणं चलेउं जे ॥

शक्रेन्द्र ने देव सभा मे जिनवीर की प्रशसा की उन्हें तीन लोक मे भी कोई चलित करने मे समर्थ नही है ।

०'४ २ देवाइ समणे भगवं महावीरे (देवादिः श्रमणो भगवान् महावीरः)

—राय० सू २०

टीका—देवादियोगात् देवादिः श्रमणो भगवान् महावीरः । ××× ।
'देवादिः' यह पद श्रमण भगवान् महावीर का विशेषणभूत है ।

'०४ ३ महावीरणिव्वाणगयदिवसादो (महावीरनिर्वाणगतदिवस)

—कसापा० भा १ । गा १ । टीका । पृ० ८१

संपहि कत्तियमासम्हि पण्णरसदिवसेसु मग्गसिरादितिण्णिवासेसु अट्ठमासेसु च महावीरणिव्वाणगयदिवसादो गदेसु सावणमासपडिवयाए दुस्समकालो ओइण्णो ।

जिस दिन महावीर जिन निर्वाण को प्राप्त हुए उस दिन से कार्तिक मास के पन्द्रह दिन और मार्गशीर्ष मास से लेकर तीन वर्ष आठ मास काल के व्यतीत हो जाने पर श्रावण मास की प्रतिपदा से दुःषम-काल अवतीर्ण हुआ।

'०४ ४ महावीरथुई (महावीरस्तुति) — सम० सम १६ । सू १

—सूय० श्रु १ । अ ६

सम० मूल—सोलस य गाहा—सोलसगा पन्नत्ता, तंजहा—समए वेयालिए उवसग्गपरिण्णा इत्थि परिण्णा निरयविभत्ती महावीरथुई × × ×।

टीका - × × × गाथाषोडशकादीनि स्थितिसूत्रेभ्य आरात्सप्तसूत्राणि, तत्र सूत्रकृतांगस्य प्रथमश्रुतस्कंधे षोडशाध्ययनानि तेषां च गाथाधिमानं षोडशमिति गाथाभिधानमध्ययनं षोडशं येषां तानि गाथाषोडशकानि, तत्र—समए × × ×।

सूत्रकृतांग के प्रथम श्रुतस्कंध के छट्ठे अध्ययन का नाम 'महावीर-स्तुति' है। सूत्रकृतांग मे गाथा के अनुसार विवेचन है।

'०४ ५ महावीरभासिय (महावीरभाषित) —अभिधा भाग ६ पृ० २१३

महावीरभाषित—अर्थात महावीर द्वारा कथित।

'०४ ६ महावीरवद्धमाणस्स (महावीरवर्द्धमान) —सम० पइण्णगसम । सू ८७

— आव० निगा ४८६ । टीका मे उद्धृत

सम० मूल—उसभसिरिस्स भगवओ चरिमस्स य महावीरवद्धमाणस्स एगा सागरोवमकोडाकोडी अबाहाए अंतरे पण्णत्ते।

ऋषभनाथ भगवान और चरम—महावीर-वर्द्धमान का अंतर अबाध एक कोटा-कोटी सागरोपम का है।

'०४ ७ वद्धमाण (वर्द्धमान) —आव० निगा ४६३

अस्थिक ग्राम का पूर्वनाम वर्द्धमान था।

पाणीपत्तं गिहिवंदणं च वद्धमाण वेगवई।
धणदेव सूलपाणिंदसम्म वासऽट्ठियग्गामे॥

टीका × × × 'वास अट्ठियग्गामे' त्ति वर्षाकालमस्थिकग्रामेस्थित इत्यध्याहारः, स चास्थिकग्रामः पूर्वं वर्द्धमानाभिधःखल्वासीत्, पश्चादस्थिग्रामसंज्ञामित्थं प्राप्तः।

श्रमण भगवान् महावीर का प्रथम चतुर्मास अस्थिग्राम मे था। इसका पूर्वनाम वर्द्धमान था।

·०४·८ वड्ढमाणकसायपरिणामो (वर्धमानकषायपरिणाम)

—कसापा० । गा० ६४ । टीका । भा १२ । पृ० २०३

वृद्धिगत-कषाय-परिणाम ।

·०४·९ वद्धमाणगपूसमाणगघंटियगणेहिं (वर्धमानकपूसमानकघंटिकगण)

—कप्प० सू १११

पुव्विं पि य णं समणस्स भगवओ महावीरस्स × × × चंदप्पभाए सीयाए × × × संखियचक्कियनंगलियमुहमंगलियवद्धमाणगपूसमाणगघंटियगणेहिं ताहिं इट्ठाहिं ××× ।

श्रमण भगवान् महावीर को दीक्षाके समय चन्द्रप्रभा शिविका में बैठाया गया। कितनेक शंख बजाने वाले थे, कितनेक चक्रधारी थे कितनेक मुखमांगलिक—मुंह से मीठे बोलने वाले थे, वर्धमानक—स्वय के कधे पर दूसरों को बैठाने वाले थे, कितनेक चारण थे, कितनेक घटा बजाने वाले—घांटिक थे ।

·०४·१० वद्धमाणगिहाणि (वर्धमानगृहाणि) —उत्त० अ ९ । गा २४

पासाए कारइत्ताणं वद्धमाणगिहाणि य।
बालग्गपोइयाओ य, तओ गच्छसि खत्तिया ॥

लक्ष्मीवल्लभ टीका—× × × वर्धमानगृहाणि, अनेकधा वास्तुविद्यानिरूपितानि वर्धमानगृहाणि कारयित्वा × × × ।

ब्राह्मण के वेष मे इन्द्र—नमिराजर्षिको कहता है—"हे क्षत्रिय ! प्रसाद और वर्धमानगृह वास्तुशास्त्र मे बतलाते हुए अनेक प्रकार के छोटे-बडे घर और जल क्रीड़ा करने के लिए तालाब के बीच में क्रीड़ागृह आदि बनवाकर उसके बाद प्रव्रज्या ग्रहण करना तुम्हें योग्य है ।

·०४·११ वड्ढमाणचरित्तस्स (वर्द्धमानचरित्रस्य) —नंदी० सू ५४

वर्द्धमान चरित्र अर्थात् आवरणक मलकलंक से रहित चारित्र के विशुद्धयमान होने पर वर्द्धमान-चारित्र होता है ।

·०४·१२ वड्ढमाणजिणिंदगब्भत्थकालो (वर्द्धमानजिनेन्द्रगर्भस्थकाल)

—कसापा० भाग १ । गा १ । टीका । पृ० ७७

× × × तम्मि अट्ठमासेसु पक्खित्ते अट्ठदिवसाहियणवमासा वड्ढमाणजिणिंदगब्भत्थकालो होदि ।

आषाढ शुक्ला षष्ठी से चैत्र शुक्ला त्रयोदशी—यहाँ आषाढ़ शुक्ला षष्ठी से पूर्णिमा तक दस दिन होते हैं । पुनः श्रावण मास से फाल्गुन मास तक आठ मास गर्भावस्था मे व्यतीत

करके चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को वर्द्धमान उत्पन्न हुए। इन अट्ठाइस दिनों में पूर्व के दस दिन मिला देने पर आठ दिन अधिक एक माह होता है। इसे पूर्वोक्त आठ महिनों में मिला देने पर नौ मास और आठ दिन प्रमाण वर्द्धमान जिनेन्द्र का गर्भस्थ काल होता है।

·०४·१३ वड्ढमाणजिणिंदाउअं (वर्द्धमानजिनेंद्रायु)

—कसापा० भा १। गा १। टीका। पृ ७६

अण्णे के वि आइरिया पंचहि दिवसेहि अट्ठहि मासेहि य ऊणाणि बाहत्त-रिवासाणि त्ति वड्ढमाणजिणिंदाउअं परूवेंति ७१-३-२५।

कुछ अन्य आचार्य पाँच दिन और आठ माह न्यून बहत्तर वर्ष प्रमाण अर्थात् ७१ वर्ष ३ माह और पच्चीस दिन वर्द्धमानजिनेन्द्र की आयु था— ऐसा प्ररूपण करते हैं।

·०४·१४ वड्ढमाणजिणिंदाउअम्मि (वर्द्धमानजिनेंद्रायु)

—कसापा० भाग १। गा १। टीका। पृ० ८१

××× इमं कालं वड्ढमाणजिणिंदाउअम्मि पक्खित्ते दसदिवसाहिय-पंच-हत्तरिवासावसेसे चउत्थकाले सग्गादो वड्ढमाणजिणिंदो ओदिण्णो होदि ७५-०-१०।

इस तीन वर्ष, आठ माह और पन्द्रह दिन प्रमाण काल को वर्द्धमान जिनेन्द्र की इकहत्तर वर्ष, तीन माह और पच्चीस दिन प्रमाण आयु मे मिला देने पर पचहत्तर वर्ष और दस दिन प्रमाण काल चतुर्थकाल मे शेष रहने पर वर्द्धमान जिनेन्द्र स्वर्ग से अवतीर्ण हुए।

·०४·१५ वड्ढमाणजिणिंदो (वर्द्धमानजिनेंद्र)

— कसापा० भाग० १। गा १। टीका पृ० ७७

××× आसाढजोण्हपक्खछट्ठीए कुंडपुरनगराहिव-णाहवंस-सिद्धत्थणरिं-दस्स तिसलादेवीए गब्भमागंतूण तत्थ अट्ठदिवसाहियणवमासे अच्छिय चइत्त-सुक्कपख तेरसीए रत्तीए उत्तरफग्गुणी पक्खत्ते गब्भादोणिक्खंतो वड्ढमाणजिणिंदो।

आषाढ महीने की शुक्लपक्ष की षष्ठी के दिन कुडपुर नगर के स्वामी—नाथवंशी सिद्धार्थ नरेन्द्र की त्रिशला देवी के गर्भ मे आकर और वहाँ नौ माह आठ दिन रहकर चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन रात्रि मे उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र के रहते हुए वर्द्धमानजिनेन्द्र गर्भ से बाहर आये अर्थात् जन्म हुआ।

·०४·१६ वड्ढमाणजिणो (वर्द्धमानजिन) —तिलोय० अधि ४। ६६८

पव्वजिदो मल्लिजिणो रायकुमारेहि तिसयमेत्तेहिं।
पासजिणो वि तह च्चिय एक्को च्चिय वड्ढमाणजिणो।

वर्धमानजिन अकेले ही दीक्षित हुए।

'०४'१७ वड्ढमाणपुरे (वर्द्धमानपुर) —विवा० श्रु १ । अ १० । सु २

तेणं कालेणं तेणं समएणं वड्ढमाणपुरे नामं नयरे होत्था । × × × विजयमित्ते राया ।

उस काल उस समय मे वर्द्धमानपुर नामक नगर था । उसमें विजयमित्र राजा रहता था ।

'०४'१८ वड्ढमाणभडारएण (वर्द्धमानभट्टारक)

—कसापा० । भाग १ । गा १ । टीका । पृ० २२

× × × सम्मत्त-णाणदंसण-वीरियावगाहणागुरुवलहुअ-अव्वाबाह-सुहुमत्तादि-गुणेहि सिद्धसारिच्छेणवड्ढमाणभडारएण उवइट्ठत्तादो पमाणं दव्वागमो × × × ।

क्षायिक सम्यक्त्व, केवलज्ञान, केवलदर्शन, अनतवीर्य, अवगाहनत्व, अगुरुलघु, अव्याबाध और सूक्ष्मत्व आदि गुणो से सिद्ध के समान वर्द्धमानभट्टारक के द्वारा उपदिष्ट होने से द्रव्यागम प्रमाण है ।

'०४'१९ वड्ढमाणयं ओहिनाणं (वर्द्धमानकमवधिज्ञानं) —नंदी० सु ५४

ठाण० स्था ६ । सु ६६

नंदी० मूल—वड्ढमाणयं ओहिनाणं, पसत्थेसु अज्झवसाणट्ठाणेसु वट्टमाणस्स वड्ढमाणचरित्तस्स, विसुज्झमाणस्स विसुज्झमाणचरित्तस्स सव्वओ समंता ओही वड्ढइ ।

अवधिज्ञान का एक भेद । वर्द्धमान अवधिज्ञान प्रशस्त अध्यवसाय स्थानों मे वर्तते हुए के वृद्धि पाते हुए चरित्र के विशुद्ध्यमान चारित्र के होने पर उस व्यक्ति का सब दिशा और विदिशाओं से सब प्रकार से अवधिज्ञान वृद्धि पाता है ।

'०४'२० वड्ढमाणलेस्सा (वर्द्धमानलेश्या)

—कसापा० भाग १२ । गा ६४ । टीका । पृ० २०४

वर्धमान-लेश्या-परिणाम ।

'०४'२१ वद्धमाणतित्थम्मि (वर्धमानतीर्थे) —कप्पसु० चू गा १२

पुरिमचरिमाण कप्पो, मंगल्लं वद्धमाणतित्थम्मि ।
इह परिकहिया जिण - गणहराइथेरावलि चरित्तं ॥

टीका—पुरिमचरिमाण य तित्थगराणं एस मग्गो च्चेव—जहा वासावासं पज्जोसवेयव्वं पडतु वा वासं मा वा । मज्झिमगाणं पुण भयितं । अवि य वद्धमाण-तित्थम्मि मंगलणिमित्तं जिणगणहर [राइथेरा] वलिया सव्वेसिं च जिणाणं समोसरणाणि परिकहिज्जंति ।

प्रथम और चरम तीर्थंकर का ऐसा मार्ग है—जहाँ पर्यूषण होगा वहाँ वर्षावास करेंगे। मध्यम तीर्थंकर की भजना है वे पर्यूषण के बाद विहार कर भी सकते हैं, न भी। वर्द्धमान तीर्थ में भी मंगल निमित्त जिन-गणधर चरित्र का आख्यान कहा जाता है।

'०४'२२ वद्धमाणवत्थवग्गो (वर्द्धमानवस्त्रवर्ग)—

—आव० नि गा० ४६१। टीका

अस्थिकग्राम का पूर्व 'वर्द्धमान' नाम था।

× × × तस्स एगो वइल्लो सो मूलधरे जुप्पइ, × × × सोऽवि तत्थ वालुगाए जेट्ठामूलमासे अईव उण्हाए तण्हाए छुहाए य परिताविज्जइ, वद्धमाणवत्थवग्गो य लोगो तेणं तेणं पाणियं तणं च वहइ, × × × अकामतण्हाए छुहाए य परिऊण तत्थेव गामे अग्गुज्जाणे सूलपाणी जक्खो उप्पण्णो।

धनदेव नामक वणिक था। उसके पास मोटा वृषभ था। उसने वृषभ को वर्द्धमान नगर के लोगों के पास छोड़ दिया। वह बैल ज्येष्ठ मास की गर्मी में अति तृषा-क्षुधा से व्याकुल हो गया लेकिन लोगों ने उसे पानी व तृण नहीं दिया। वह बैल अकाम तृषा व क्षुधा से मरकर शूलपाणि नामक व्यंतरदेव हुआ।

'०४'२३ विजयवड्ढमाणे उज्जाणे (विजयवर्द्धमान उद्यान)

—विवा० श्रु १। अ १०। सू २

तेणं कालेणं तेणं समएणं वड्ढमाणपुरे नामं नयरे होत्था। विजयवड्ढमाणे-उज्जाणे।

उस काल उस समय में वर्धमानपुर नगर था। जिसमें विजयवर्द्धमान उद्यान था।

'०४'२४ वीरजिणिंद (वीरजिनेंद्र)

—आव० नि गा २६१। पूर्वार्ध

एक्कारस उगणहरा वीरजिणिंदस्स सेसयाणंतु।

वीरजिनेन्द्र के ग्यारह गणधर थे।

'०४'२५ वीरवरनामधेज्जो (वीरवरनाम) —पण्हा० श्रु १ अ १। सू १६

मूल—एसो सो पाणवहस्स फलविवागो × × × एवमाहंसु नायकुलनंदणो महप्पा जिणो उ वीरवरनामधेज्जो, कहेसी य पाणवहस्स फलविवागं।

ज्ञातकुलनन्दन –ज्ञातपुत्र महात्मा जिन भगवान् वीरवरनाम वाले अर्थात् महावीर स्वामी ने प्राणवध का फल विपाक इस प्रकार कहा है।

'०४'२६ वीर-सामि (वीरस्वामी)— वीरजि० संधि ५। कड ५

वंदिउ वीर - सामि परमप्पउ।
पयाणेय - वियप्पसमप्पउ॥

राज श्री के धनी चंदना के बन्धु-बांधवों ने वीर-स्वामी को वंदना की।

'०४'२७ सिरिवड्ढमाणु (श्रीवर्द्धमान) —वीरजि० संधि १। कड १०

तहु फणि-माणिक्कहुँ फंसमाणु।
अविउलु अचलु वि सिरि-वड्ढमाणु।

संगमदेव ने भयकर सर्प का रूप धारण किया। वे श्रीवर्धमान निर्व्याकुल और अचल होकर उस भयंकर सर्प के फण पर के माणिक्य का स्पर्श करने लगे।

'०४'२८ वीरवरस्स (वीरवरस्य) —आव० नि गा ५३६

बारस चेव य वासा मासा छच्चेव अद्धमासो अ।
वीरवरस्स भगवओ एसो छउमत्थपरियाओ।

वीरवर का छद्मस्थ काल—बारह वर्ष, छः मास, पन्द्रह दिन प्रमाण था।

'०५ परिवार–पारिवारिक व्यक्तियों के नाम

'१ प्रथम गर्भकाल की अपेक्षा वर्धमान (महावीर) के माता-पिता के नाम

तेणं कालेणं तेणं समएणं माहणकुंडग्गामे नयरे होत्था। ×××। तत्थणं माहणकुंडग्गामे णयरे उसभदत्ते णामं माहणे परिवसइ। ××× तस्सणं उसभदत्तस्स माहणस्स देवाणंदा णामं माहणी होत्था ×××। समणोवासिया ×××। तेणं कालेण तेणं समएणं सामी समोसढे। ×××।

तएणं सा देवाणंदा माहणी आगयपण्हया पप्पुयलोयणा संवरियवलय-बाहा कंचुयपरिक्खित्तिया धाराहयकलंबगं पिव समूसवियरोमकूवा समणं भगवं महावीरं अणिमिसाए दिट्ठीए देहमाणी-देहमाणी चिट्ठइ।

भंतेति! भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी—किं णं भंते! एसा देवाणंदा माहणी आगयपण्हया जाव रोमकूवा देवाणुप्पियं अणिमिसाए दिट्ठीए देहमाणी-देहमाणी चिट्ठइ?

गोयमादि ! समणे भगवं महावीरे भगवं गोयम एवं वयासी—एवं खलु गोयमा ! देवाणंदा माहणी ममं अम्मगा, अहण्णं देवाणंदाए माहणीए अत्तए। 'तण्णं एसा' देवाणंदा माहणी तेणं पुव्वपुत्तसिणेहरागेणं आगयपण्हया जाव समूसविय रोमकूवा ममं अणिमिसाए दिट्ठीए देहमाणी-देहमाणी चिट्ठइ।

तएणं समणे भगवं महावीरे उसभदत्तस्स माहणस्स देवाणंदाए माहणीए × × × अद्धमागहाए भासाए भासइ-धम्मं परिकहेइ जाव परिसा पडिगया × × ×।

तएणं समणे भगवं महावीरे उसभदत्तं माहणं सयमेव पव्वावेइ, सयमेव मुंडावेइ, सयमेव सेहावेइ × × ×। सिद्धे, बुद्धे मुक्के परिनिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

तएणं समणे भगवं महावीरे देवाणंदं माहणिं सयमेव पव्वावेइ, पव्वावेत्ता सयमेव अज्जचंदणाए अज्जाए सीसिणीत्ताए दलयइ। × × × सिद्धा, बुद्धा, मुक्का परिनिव्वुडा सव्वदुक्खप्पहीणा।

—भग० श ९। उ ३३। प्र १३७, १३८, १४७, १४८, १५१, १५३, १५५

उस काल उस समय में 'ब्राह्मण-कुण्डग्राम' नाम का नगर था। उस ब्राह्मण कुंडग्राम में 'ऋषभदत्त' नाम का ब्राह्मण रहता था। उस ऋषभदत्त ब्राह्मण के देवानन्दा नाम की भार्या थी। वह श्रमणोपासिका थी।

उस काल उस समय में श्रमण भगवान् महावीर स्वामी वहाँ पधारे। परिषद् में ऋषभदत्त ब्राह्मण देवानन्दा ब्राह्मणी के साथ आया था। विनयपूर्वक हाथ जोड़कर देवानन्दा ब्राह्मणी भगवान् की उपासना करने लगी।

इसके बाद उस देवानन्दा ब्राह्मणी के पाना चढ़ा। अर्थात् उसके स्तनों में दूध आया। उसके नेत्र आनन्दाश्रुओं से भीग गये। हर्ष से प्रफुल्लित होती हुई उसकी भुजाओं के वलयों ने रोका। (उसके भुजाओं के कड़े तग हो गये।) हर्ष से उसका शरीर प्रफुल्लित हो गया। उसकी कचुकी विस्तीर्ण हो गई और स्तनो में दूध आ गया। मेघ की धारा से विकसित कदम्ब पुष्प के समान उसका सारा शरीर रोमाचित हो गया। वह श्रमण भगवान् महावीर स्वामी की ओर अनिमेष दृष्टि से देखने लगी।

इसके पश्चात् हे भगवन् ! ऐसा कहकर गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान् महावीर स्वामी को वदन-नमस्कार किया। वदन-नमस्कार कर इस प्रकार पूछा—हे भगवन् ! उस देवानन्दा ब्राह्मणी को किस प्रकार पाना चढ़ा (इसके स्तनों में से दूध कैसे आ गया) यावत् उसको रोमांच कैसे हुआ ? और आप देवानुप्रिय की ओर अनिमेष दृष्टि से देखती हुई क्यों खड़ी है।

हे गौतम ! ऐसा कहकर श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने गौतम स्वामी से इस प्रकार कहा—"हे गौतम ! यह देवानन्दा मेरी माता है। मैं देवानन्दा का आत्मज (पुत्र) हूँ। इसलिए देवानन्दा को पूर्व के पुत्र-स्नेहानुराग से पाना चढ़ा यावत् रोमांच हुआ और यह मेरी ओर अनिमेष दृष्टि से देखती हुई खड़ी है।"

इसके बाद श्रमण भगवान् महावीर स्वामी ऋषभदत्त ब्राह्मण, देवानंदा ब्राह्मणी को और उस बड़ी ऋषिपरिषद् आदि को धर्मकथा कही यावत् परिषद् वापस चली गई।

ऋषभदत्त ब्राह्मण ने प्रव्रज्या ग्रहण की। और वे सर्व दुःखों से मुक्त हुए।

इसी प्रकार श्रमण भगवान् महावीर ने देवानन्दा को स्वयमेव दीक्षा दी। दीक्षा देकर आर्य चंदना को शिष्या रूप में दिया। और वह भी सिद्ध-बुद्ध यावत् मुक्त हुई।

इससे सिद्ध होता है कि प्रथम गर्भकाल की अपेक्षा भगवान् के पिता का नाम ऋषभदत्त ब्राह्मण और माता का नाम देवानन्दा ब्राह्मणी था।

·२ द्वितीय गर्भकाल की अपेक्षा वर्धमान (महावीर) के माता-पिता के नाम

·०१ पिता का नाम

·०२ माता का नाम

(क) समणस्स णं भगवओ महावीरस्स पिआ कासवगोत्तेण। तस्सणं तिण्णि णामधेज्जा एवमाहिज्जंति, तंजहा—१—सिद्धत्थे ति वा २—सेज्जंसे ति वा ३—जसंसे ति वा।

—आया० श्रु० २। अ० १५। सू १७

—कप्प० सू० १०५ पृ० ३१

श्रमण भगवान् महावीर के पिता काश्यप गोत्रीय थे। उनके भी तीन नाम थे, यथा—(१) सिद्धार्थ (२) श्रेयांस और (३) यशस्वी।

(ख) जंबुद्दीवे णं दीवे भारहे वासे इमीसे ओसप्पिणीए चउवीसं तित्थगराणं पियरो होत्था, तंजहा—

णाभी य जियसत्तू य, जियारी संवरे इ य।

× × ×

राया य आससेणे, सिद्धत्थेच्चिय खत्तिए॥

—सम० पइ० सु २२०

(ग) नाभी जिअसत्तू अ, × × ×
× × × , × × ×
राया य अस्ससेणे सिद्धत्थेवि अ खत्तिए।

—आव० नि गा० १८७, १८८

वर्धमान तीर्थंकर के पिता का नाम सिद्धार्थ था।

(घ) समणस्स णं भगवओ महावीर अम्मा वासिट्ठ-सगोत्ता। तीसेणं तिण्णि णामधेज्जा एवमाहिज्जंति, तंजहा—१-तिसला ति वा २-विदेहदिण्णा ति वा ३-पियकारिणी ति वा।

—आया० श्रु २। अ १५। सू १८। पृ० २३४

—कप्प० सू १०६। पृ० ३६

श्रमण भगवान् महावीर की माता वाशिष्ठ गोत्र की थी। उनके भी तीन नाम थे—यथा- (१) त्रिशला, (२) विदेहदिन्ना और (३) प्रियकारिणी।

(ङ) मानुषाणां सुराणां च तिरश्चां च चकार सा।
तत्प्रसूत्या पृथुं प्रीतिं तत्सत्यं प्रियकारिणी॥

—उत्तपु० पर्व ७४। श्लो २६८

रानी प्रियकारिणी ने भगवान् महावीर को जन्म देकर मनुष्य देवों और तिर्यंचों को बहुत भारी प्रेम उत्पन्न किया था अतः उनका प्रियकारिणी नाम सार्थक हुआ।

(च) जंबुद्दीवे णं दीवे भारहे वासे इमीसे ओसप्पिणीए चउवीसं तित्थगराणं मायरो होत्था, तंजहा—

मरुदेवा विजया सेणा × × × ।
× × × वामा तिसला देवी य जिणमाया।

—सम० पई सू २२०

(छ) मरुदेवी विजया सेणा × × × ।
× × × सिव वम्मा तिसलया इअ।

—आव० नि गा १८५, १८६

वर्द्धमान तीर्थङ्कर की माता का नाम त्रिशला था।

(ज) इह जंबुदीवि भरहंतरालि।
रमणीय-विसइ सोहा-विसाली॥
कुंडउरि राउ सिद्धत्थु सहिउ।
जो सिरिहरु मग्गण-वेस-रहिउ॥

इस जंबुद्वीप के भरतक्षेत्र मे विशाल शोभाधारी विदेह प्रदेश में कुंडपुरनगर के राजा सिद्धार्थ राज्य करते हैं। वे आत्म-हितैषी थे और श्रीधर होते हुए भी विष्णु के समान वामना-वतार सम्बन्धी याचक वेष से रहित थे।

उन सिद्धार्थ राजा की प्रियकारिणी देवी थी जो विशाल हाथियों के कुम्भस्थलों के समान पीनस्तनी होती हुई समस्त नारी समाज की चूड़ामणि थी।

(ग) एयहँ बिहिं मि जक्ख कमलक्ख
सलक्खणु रक्खियासवो।
चउवीसमु जिणिंदु सुउ होही
पय-जुय-णविय-वासवो ॥

—वीरजि० संधि १ । कड ७ । पृ० १२

इन्द्र कुबेर से कहते हैं कि हे कमल नयन यक्ष, इन्हीं राजा सिद्धार्थ और रानी प्रिय कारिणी के शुभलक्षणों से युक्त मदिरादि व्यसनों का त्यागी पुत्र चौबीसवाँ तीर्थंकर होगा। जिसके चरणों मे इन्द्र भी नमन करेंगे।

(घ) ज्ञानत्रयधरो धीमान् नीतिमार्गप्रवर्तकः।
जिनभक्तो महादाता दिव्यलक्षणलक्षित ॥ २३ ॥
धर्मकर्माग्रणीर्धीरः सद्दृष्टिर्वत्सलः सताम्।
कलाविज्ञानचातुर्यविवेकादिगुणाश्रयः ॥ २४ ॥
व्रतशीलशुभध्यानभावनादिपरायणः।
ख-भूचरसुराधीशैः सेविताङ्घ्रिर्नृपाग्रणीः ॥ २५ ॥
दीप्तिकान्तिप्रतापाद्यैर्दिव्यरूपांशुकैः परैः।
नेपथ्यैः सकलैः सारैर्धर्ममूलप्रवर्तनैः ॥ २६ ॥
नरेन्द्रः सोऽतिपुण्यात्मा बभौ विश्वमहीभुजाम्।
मध्ये यथामराणां च सुरराजोऽतिपुण्यधीः ॥ २७ ॥
तस्याभवन् महादेवी सन्नाम्ना प्रियकारिणी।
अनौपम्यैर्गुणव्रातैर्जगतां पुण्यकारिणी ॥ २८ ॥

—वीरव० अधि ७ । श्लो २३ से २८

उस कुंडपुर के स्वामी श्रीमान् सिद्धार्थ नामवाले महीपाल थे, जो काश्यपगोत्री, हरिवंश रूप गगन के सूर्य, तीन ज्ञान के धारक, बुद्धिमान्, नीतिमार्ग के प्रवर्तक, जिनभक्त, महादानी, दिव्य लक्षणों से संयुक्त, धर्मकार्यों मे अग्रणी, धीरवीर, सम्यग्दृष्टि, सज्जन-वत्सल, कला

६

विज्ञान चातुर्य विवेक आदि गुणों के आश्रय, व्रत, शील, शुभध्यान, भावनादि में परायण, राजाओं में प्रमुख थे और जिनके चरण विद्याधर, भूमिगोचरी और देवेन्द्रों के द्वारा सेवित थे।

वे पुण्यात्मा सिद्धार्थ नरेन्द्र दीप्ति, कांति, प्रताप आदि से, दिव्य वस्त्रों से, उत्कृष्ट वेषभूषा से और सारभूत धर्ममूलक सर्वप्रवृत्तियों से समस्त राजाओं के मध्य में इस प्रकार शोभायमान थे, जैसे कि अति पुण्य बुद्धिवाला देवेन्द्र देवों के मध्य में शोभा पाता है।

उस सिद्धार्थ नरेश की रानी 'प्रियकारिणी' इस उत्तम नामवाली महादेवी थी। जो अपने अनुपम गुण-समूह से जगत की पुण्यकारिणी थी।

(ट) अथ सौधर्मकल्पेशो ज्ञात्वाच्युतसुरेशिनः।
षण्मासावधिशेषायुः प्राहेति धनदं प्रति ॥
श्रीदात्र भारते क्षेत्रे सिद्धार्थनृपमंदिरे।
श्रीवर्धमानतीर्थेशश्चरमोऽवतरिष्यति ॥

—वीरवर्धमानच० अधि० ७। श्लो ४२, ४३

सौधर्म स्वर्ग के इन्द्र ने उक्त अच्युतेन्द्र की छह मास प्रमाण शेष आयु को जानकर कुबेर के प्रति इस प्रकार कहा—हे धनद! इस भरत क्षेत्र में सिद्धार्थ राजा के राजमंदिर में अंतिम तीर्थंकर श्री वर्धमानस्वामी अवतार लेंगे।

(ठ) पियकारिणी वर-णाह-कुलेसहु।
सिद्धत्थहु कुंडउर-णरेसहु ॥

—वीरजि० संधि ५। कड १

चेटक की पुत्री व सुभद्रा की अंगजात प्रियकारिणी का विवाह श्रेष्ठ नाथवंशी कुंडपुरनरेश सिद्धार्थ के साथ हुआ।

नोट—श्वेताम्बर मान्यतानुसार प्रियकारिणी चेटक की बहिन थी।

३ माता-पिता का काल-मरणप्राप्त

(क) समणस्स भगवओ महावीरस्स अम्मापियरो पासावच्चिज्जा समणोवासगा यावि होत्था। ते णं बहूइं वासाइं समणोवासगपरियागं पालइत्ता, छण्हं जीवनिकायाणं संरक्खणनिमित्तं आलोइत्ता निंदित्ता गरहित्ता पडिक्कमित्ता, अहारिहं उत्तरगुणं पायच्छित्तं पडिवज्जित्ता, कुससंथारं दुरुहित्ता भत्तं पच्चक्खाइंति, भत्तं पच्चक्खाइत्ता अपच्छिमाए मारणंतियाए सरीर-संलेहणाए सोसियसरीरा कालमासे कालं किच्चा तं सरीरं विप्पजहित्ता अच्चुए कप्पे देवत्ताए उववण्णा। तओ णं

आउक्खएणं भवक्खएणं ठिइक्खएणं चुए चइत्ता महाविदेहवासे चरिमेणं उस्सासेणं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिणिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

—आया० श्रु २। अ १५। सू २५। पृ० २३५

श्रमण भगवान् महावीर के माता-पिता पार्श्वापत्यीय अर्थात् पार्श्वनाथ की परम्परा के अनुयायी श्रमणोपासक थे। वे बहुत वर्षों तक श्रमणोपासक पर्याय का पालन करके, षड्जीवनिकायकी रक्षा के लिए पापकी आलोचना करके, निन्दा करके, गर्हा करके तथा प्रतिक्रमण करके, यथायोग्य प्रायश्चित्त लेकर, दर्भ का बिछौना बिछा कर, भक्त प्रत्याख्यान करके, अंतिम मरणान्तिक की संलेखना से शरीर को कृश करके, मृत्यु के अवसर पर काल करके उस शरीर का त्याग करके अच्युत स्वर्ग में देवरूप से उत्पन्न हुए। वहाँ से आयु, भव और स्थिति का क्षयकरके—च्युत होकर महाविदेह क्षेत्र में संयम लेकर अंतिम उच्छ्वास से सिद्ध होंगे, बुद्ध होंगे, निर्वाण प्राप्त करेंगे और समस्त दुःखों का अंत करेंगे।

(ख) अष्टाविंशे जन्मतोऽब्दे स्वामिनः पितरावथ।
विहितानशनौ मृत्वा जग्मतुः कल्पमच्युतम्॥
सिद्धार्थराजत्रिशलाजीवावच्युततश्च्युतौ।
क्षेत्रेऽपरविदेहाख्ये प्राप्स्यतः पदमव्ययम्॥

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग २। श्लो १५६, १५७

जब भगवान अट्ठाइस वर्ष के थे तब उनके माता-पिता अनशन ग्रहण कर मरण को प्राप्त कर अच्युत कल्प में उत्पन्न हुए। वहाँ से सिद्धार्थ राजा त्रिशला का जीव च्युत होकर अपर विदेह में जन्म लेकर यावत् सिद्ध-बुद्ध मुक्त होगा।

(ग) भगवं अट्ठावीसतिवरिसो जातो, एत्थंतरे अम्मापियरा कालगता।

—आव० चू पूर्वभाग पृ० २४९

माता-पिता के कालगत के समय वर्धमान की अवस्था अट्ठाइस वर्ष की थी।

'४ वर्धमान (महावीर) के पितृव्य (काका) का नाम

(क) समणस्सणं भगवओ महावीरस्स पित्तियए 'सुपासे' कासवगोत्तेणं।

—आया० श्रु २। अ १५। सू १६। पृ २३४

—कप्प० सू १०९। पृ० ३१

(ख) सुपार्श्वो भगवतो वर्द्धमानस्य पितृव्यः।

- ठाण० स्था० ९। सू ६०। टीका

श्रमण भगवान महावीर के पितृव्य—काका काश्यप गौत्रीय थे जिनका नाम सुपार्श्व था।

·५ वर्धमान (महावीर) के ज्येष्ठ भ्राता का नाम

(क) समणस्स णं भगवओ महावीरस्स जेट्ठे भाया 'णंदिवद्धणे' कासवगोत्ते णं।

—आया० श्रु २। अ १५। सु २०, कप्प० सु १०७। पृ० ३६

(ख) × × × । × महावीरो भ्रातरं नन्दिवर्धनम्

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग २। श्लो ११३ उत्तरार्ध

श्रमण भगवान महावीर के ज्येष्ठ भ्राता-नंदिवर्धन काश्यप गोत्रीय थे।

·६ वर्धमान (महावीर) के ज्येष्ठा भगिनी का नाम

समणस्सणं भगवओ महावीरस्स जेट्ठा भइणी 'सुदंसणा' कासवगोत्ते णं।

—आया० श्रु २। अ १५। सु २१

—कप्प० सु १०७। पृ० ३६

श्रमण भगवान् महावीर की ज्येष्ठ बहिन सुदर्शना काश्यप गोत्रीया थी।

·७ वर्धमान (महावीर) की भाभी का नाम

जेट्ठा कुंडग्गामे वद्धमाणसामिणो जेट्ठस्स नंदिवद्धस्स धिण्णा।

—आव० चू० उत्तरभाग पृ० १६४

वर्धमान की भाभी का नाम ज्येष्ठा था।

·८ वर्धमान (महावीर) की पत्नी का नाम

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स भज्जा 'जसोया' कोडिण्णागोत्ते णं।

—आया० श्रु २। अ १५। सु २२। पृ० २३५

—कप्प० सु १०७। पृ० ३६

श्रमण भगवान महावीर की पत्नी—कोडिन्नागोत्रीया थी—यशोदा उसका नाम था।

·९ वर्धमान (महावीर) की पुत्री का नाम

(क) समणस्सणं भगवओ महावीरस्स धूया कासवगोत्ते णं। तीसेणं दो णामधेज्जा एवमाहिज्जंति, तंजहा १—अणोज्जा ति वा २—पियदंसणा ति वा।

—आया श्रु० २। अ० १५। सु २३। पृ० २३५

—कप्प० सु १०८। पृ० ३६

(ख) कालेन गच्छता भर्तुर्यशोदायामजायत।
नामतो रूपतश्चापि दुहिता प्रियदर्शना।
महाकुलो राजपुत्रो महर्द्धिर्नवयौवनः।
जमालिः परिणिनायोद्यौवनां प्रियदर्शनाम्।

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग २। श्लो १५४,१५५

श्रमण भगवान महावीर की पुत्री काश्यपगौत्रीया थी। उसके दो नाम थे। यथा—(१) अनवद्या और (२) प्रियदर्शना। जिसका विवाह राजपुत्र जमाली के साथ हुआ था।

(ग) पंचविहे माणुस्से भोगे भोत्त्ूण सह जसोवाए।
तेयसिरिं व सरूवं जणइ य पियदंसणं धूयं।

—आव० भाष्य गा० ८०

मलय टीका—पंचविधान्-पंचप्रकारान् मनुष्याणामेते मानुषास्तान् भोगान्-शब्दादीन् भुक्त्वा सह यशोदया भार्यया तेजसः श्रीः तेजः श्रीस्तामिव—तेजः-श्रियमिव सुरूपं जनयति प्रियदर्शनां—पियदर्शनाभिधां धूतां—दुहितरम्। पाठान्तरं 'जणिसु पियदंसणं धूयं, तत्र जनितवानित्यर्थः।

यशोदा के साथ मनुष्य सम्बन्धी कामभोगों को भोगते हुए भगवान के एक रूपवान्-बल्लभकारी एक लड़की का जन्म हुआ—जिसका नाम प्रियदर्शना रखा।

·१० वर्धमान (महावीर) की नतिनी का नाम

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स णत्तुई कोसियगोत्ते णं। तीसे णं दो णाम-धेज्जा एवमाहिज्जंति, तंजहा—१—सेसवती ति वा २—जसवती ति वा।

—आया० श्रु० २। अ १५ सू २४, कप्प० सू १०६। पृ० ३६

श्रमण भगवान महावीर की दौहित्री (प्रियदर्शना की पुत्री) कौशिक गोत्र की थी। उसके दो नाम थे (१) शेषवती और (२) यशोमती।

·०६ वर्धमान (महावीर) के प्रमुख साधु-साध्वियों के नाम

·०६·१ प्रमुख साधुओं के नाम

·१ अइमुत्ते कुमार-समणे (अतिमुक्तकुमार-श्रमण)

भग० श ५। उ ४। सू ७८, अंत० व ६। अ १५ सू ६१

(क) भग०—तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी अइमुत्ते नाम कुमार-समणे पगइभद्दए जाव विणीए।

उस काल उस समय में श्रमण भगवान् महावीर के शिष्य अतिमुक्तक नामक कुमार श्रमण थे। वे प्रकृति से भद्र यावत् विनीत थे।

टीकाकारने कहा है कि दीक्षा के समय उनकी अवस्था छह वर्ष की थी।

(ख) अंत०—अइमुत्ते कुमारे × × × बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणइ गुणरयणं तवोकम्मं जाव विपुले सिद्धे।

बहु वर्ष की श्रमण पर्याय का पालन कर—गुण, रत्न तप कर सिद्ध हुए।

·२ अकंपिए (अकंपित) — सम० सम ११ । सू ४

भगवान् महावीर के आठवें गणधर अकंपित थे।

(क) थेरे णं अकंपिए अट्ठसत्तरिं वासाइं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे जावप्पहीणे।

— सम० सम ७८ । सू २

(ख) देव-जयंतीण सुओ अकंपिओ नाम अट्ठमो जयइ।
अट्ठत्तरिवसाऊ मिहिलाए समुब्भवो भगवं ॥१०॥

—धर्मो० पृष्ठ २२७

अकंपित गणधर अठ्ठतर वर्ष का सर्वायुष्य पाल कर सिद्ध बुद्धयावत् मुक्त हुए।

(ग) सयाकंपणो। × × ×। —वीरजि० संधि २ । कड ७ । पृष्ठ १४

दिगम्बर मतानुसार अकम्पन-नवमें गणधर थे, जो सदैव तपस्या में लीन रहते थे।

·३ अलक्के (अलक्ष) —अंत० सर्ग ६ । अ० १६ । सू १०१

तएणं से अलक्के राया समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए जहा उदायणे तहा निक्खंते, नवरं-जेट्ठपुत्तं रज्जे अभिसिंचइ। एक्कारस अंगाइं। बहूवासा परियाओ जाव विपुले सिद्धे।

धर्म कथा सुनकर राजा अलक्ष के हृदय में वैराग्य भाव उत्पन्न हो गया। इसके बाद अलक्ष राजा ने भगवान् के पास उदायन राजा के समान दीक्षा अंगीकार कर ली। बहु वर्ष श्रमण पर्याय का पालन कर सिद्ध हुए।

·४ अग्गिभूई (अग्निभूति) —भग० श १ । उ १ । सू ४, सम० सम ११ । सू ४

(क) भग० मूल —तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स दोच्चे अंतेवासी अग्गिभूई नामं अणगारे गोयमे गोत्तेणं सत्तुस्सेहे × × ×।

श्रमण भगवान् महावीर स्वामी के दूसरे अंतेवासी अग्निभूति अनगार, जिनका गौतम गोत्र था—सात हस्त ऊँचा शरीर था। ये भगवान् महावीर के द्वितीय गणधर थे।

(ख) थेरेणं अग्गिभूई सत्तालीसं वासाइं अगारमज्झा वसित्ता मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए।

—सम० सम ४७ । सू २

स्थविर अग्निभूति सतालिस वर्ष गृहस्थावास में रहकर आगार से अणगार हुए।

(ग) थेरे णं अग्गिभूई गणहरे चोवत्तरि वासाइं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे-जाव-प्पहीणे। —सम० सम ७४। सू १

पुहइ-वसुभूइ-सुओ गणहारी जयइ अग्गिभूइत्ति।
चउहत्तरिवासाऊ गोव्वरगामुब्भवो बीओ॥

—धर्मो० पृ० २२७

अग्निभूति गणधर ने चउत्तर वर्ष की सर्वायुष्य पाल कर सिद्ध यावत सर्व दुःखों का अंत किया।

(घ) × × × पुणो अग्गिभूई × × ×॥

—वीरजि० सन्धि १, कड ७। पृ० ३४

दिगम्बर मतानुसार अग्निभूति तीसरे गणधर थे।

अज्जुणए अणगारे (अर्जुन अणगार) —अंत० व ६। अ ३। सू ५६

तएणं से अज्जुणए अणगारे तेणं ओरालेणं विपुलेणं × × × छम्मासे सामण्ण-परियागं पाउणइ × × × जाव सिद्धे।

अर्जुन अणगार छह मास श्रमण पर्याय का पालन कर सिद्ध हुए।

·५ अणाहो (अनाथ —अनाथी अणगार) —उत्त० अ २०। गा ६

अणाहो मि महाराय ! णाहो मज्झ ण विज्जई।
अणुकंपगं सुहिं वावि, 'कंचि नाभिसमेमऽहं'॥

इन्होंने विपुल वेदना के योग से संवेग की प्राप्ति कर संभवतः युवावस्था में स्वयं दीक्षा ग्रहण कर ली थी। इनका महाराज श्रेणिक के साथ संवाद-प्रतिसंवाद हुआ था —ऐसा वर्णन है। इससे ज्ञात होता है कि वे भगवान् महावीर के समकालीन साधु थे लेकिन इन्होंने किससे दीक्षा ग्रहण की – इसका वर्णन नहीं मिलता है।

.६ अभए अणगारे (अभयकुमार अणगार)

—अणुत्त० व० १। अ १०। सू १५

श्रेणिक राजा का पुत्र, नंदादेवी का अंगजात था। श्रमण भगवान् महावीर के पास दीक्षा ग्रहण की।

"× × × अभए नंदाए × × × सामणपरियाओ पंच वासाइं × × × उव-वाओ × × × अभओ विजए।

पंच वर्ष की श्रमण पर्याय का पालन कर विजय नामक अनुत्तर विमान में उत्पन्न हुए।

.७ अयलभाया (अचलभ्राता) —सम० सम ११ । सू ४, धर्मो० पृ० २२७

(क) धर्मो०—अइमइए बलस्स य पुत्तो चालीस वरिसओ जाणो ।

भगवान् महावीर के नवमें गणधर अचलभ्राता थे । चालीस वर्ष की अवस्था प्राप्त की ।

(ख) × × × णिच्चलंको × × × । —वीरजि० संधि १ । पृ० ३४

दिगम्बर मतानुसार दसवें गणधर अचल थे ।

.८ आणंदे (आनंद) —भग० श १५ । सू ८१

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी आणंदे नामं थेरे पगइभद्दए जाव विणीए छट्ठंछट्ठेणं अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं संजमेणं तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरइ ।

श्रमण भगवान् महावीर का आणंद नाम स्थविर था, वह बेले बेले की तपस्या से अपनी आत्मा को भावित करता हुआ विचरता था ।

.६ इंदभूई (इन्द्रभूति) —भग० श ५ । उ १ । सू ३,
—सम० सम ११ । सू ४, ओव० सू ८२

(क) ओव० मूल—तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स जेट्ठे इंदभूई नामं अणगारे गोयमगोत्तेणं सत्तुस्सेहे × × × ।

श्रमण भगवान् महावीर के ज्येष्ठ अतेवासी गौतम गोत्रीय इन्द्रभूति अनगार थे । उनके शरीर का प्रमाण सातहस्त था । वे भगवान् महावीर के प्रथम गणधर थे ।

(ख) एतेसि णं चउवीसाए तित्थगराणं चउवीसं पढमसीसा होत्था, तंजहा—

पढमेत्थ उसभसेणे, बीए पुणहोइ सीहसेणे उ ।
× × × , वरदत्ते दिण्ण इंदभूतीय ॥
उदितोदितकुलवंसा, विसुद्धवंसा गुणेहि उववेया ।
तित्थप्पवत्तयाणं, पढमा सिस्सा जिणवराणं ॥

—सम० पइण्णग । सू २३३

इन्द्रभूति श्रमण भगवान् महावीर के प्रथम शिष्य थे ।

(ग) मइँ अप्पउ दिक्खइ भूसियउ ।
मइँ समउ समण-भावहु गयइँ ।
पावइय.ँ दियइँ पंचसयइँ ॥

—वीरजि० सन्धि २ । कड १ । पृष्ठ ३२

मैंने (गौतम गणधर) अपने आपको मुनि-दीक्षा से विभूषित किया। मेरे साथ अन्य पाँच सौ द्विज भी प्रव्रज्या लेकर श्रमण बन गये।

(घ) × × × सयंभुइंदभूदीओ। — तिलोप० अधि ४। गा ६११। पूर्वार्ध

महंतो महाणाणवंतो सभूई — वीरजि० सन्धि २। कड ७। पृ० १४

महाज्ञानवान् एवं विभूतियुक्त इन्द्रभूति गौतम भगवान् महावीर के प्रथम गणधर थे।

(च) थेरे णं इंदभूती बाणउइं वासाइं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतगडे परिणिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

—सम० सम ९२। सू २

पुहई—वसुभूई-सुओ गणहारी जयइ इंदभूइत्ति।
बाणउई-वासाऊ गोव्वरगामुब्भवो पढमो॥ ३॥

—धर्मो० पृ० २२७

स्थविर इन्द्रभूति बाणवें वर्ष का सर्वायु पालकर सिद्ध, मुक्त यावत् सर्व दुःखों का अंत किया।

१० इसिदासे (ऋषिदास)
·११ पेल्लए (पेल्लक)
·१२ रामपुत्ते (रामपुत्र)
·१३ चंदिमा (चंद्रिमा)
·१४ पिट्ठिमा (पिट्ठिमा)
·१५ पेढालपुत्ते (पेढालपुत्र)
·१६ पोट्टिले (पोट्टिल)
·१७ वेहल्ले (वेहल्ल)

—अणुत्त० वर्ग ३। सू २, ७४

१ धण्णे य, २ सुणक्खत्ते, ३ इसिदासे य आहिए।
४ पेल्लए ५ रामपुत्ते च ६ चंदिमा ७ पिट्ठिमाइ य॥१॥
८ पेढालपुत्ते अणगारे, नवमे पोट्टिले वि य।
१० वेहल्ले दसमे वुत्ते, इमे य दस आहिया॥२॥
× × ×।

× × × छम्मासा वेहल्लए। नव धण्णे। सेसाणं बहू वासा। मासं संलेहणा। सव्वट्ठसिद्धे। सव्वे महाविदेहे सिज्झिस्संति।

ऋषिदास यावत् वेहल्ल अनगार ने श्रमण-पर्याय का पालन कर सर्वार्थसिद्ध अनुत्तरोपातिक देव हुए।

·१८ इसी मोरि (ऋषि मौर्य)		—बौधजि० सधि २ । कड ७ । पृ० १४

इसी मोरि × × × ।

दिगम्बर मान्यतानुसार पाँचवें गणधर ऋषि मौर्य थे ।

·१६ उदए पेढालपुत्ते (उदकपेढालपुत्र)		—सूय० श्रु २ । अ ७ । सू ३८

(क) तएणं से उदए पेढालपुत्ते समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए चउज्जामाओ धम्माओ पंचमहव्वइयं सपडिक्कमणं धम्मं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ ।

(ख) "उदकनामाऽनगारः पेढालपुत्रः पार्श्वजिनशिष्यः-योऽसौ राजगृहनगर-बाहिरिकाया नालन्दाभिधानायाः उत्तरपूर्वस्यां दिशि हस्तिद्वीपवनखंडे व्यवस्थितः, तदेकदेशस्थ गौतमं संशयविशेषमापृच्छय विच्छिन्नसंशयासन् चतुर्यामधर्मं विहाय पंचयामं धर्म प्रतिपेदेइति ।"

—ठाण० स्था ६ । सु ११ । टीका

भगवान् पार्श्वनाथ के सन्तानीय मेदार्य गोत्रीय उदक पेढालपुत्र नामक निर्ग्रंथ ने कालान्तर मे श्रमण भगवान् महावीर के पास चार महाव्रत रूप धर्म से पंच महाव्रत सप्रति क्रमण धर्म को अंगीकार किया ।

·२० वीरंगए (वीराङ्गको)
·२१ वीरजसे (वीरयश)
·२२ संजय (संजय)
·२३ सेये (श्वेत)
·२४ सिव (शिव)
·२५ संख (शंख)
·२६ एणिज्जए (एणेयको)
·२७ उद्दायणे (उदायन)

—ठाण० स्था ८ । सु ४१

(क) समणेणं भगवता महावीरेणं अट्ठरायाणो मुंडे भवेत्ता अगाराओ अण-गारितं पव्वाइया, तंजहा—

वीरंगए वीरजसे, संजय एणिज्जए च रायरिसी ।
सेये सिवे उद्दायणे, तह संखे कासिवद्धणे ॥ १ ॥

टीका × × × एणेयको गोत्रतः, स च केतकार्द्ध जनपदश्वेतंवीनगरीराजस्य प्रदेशिनाम्नः श्रमणोपासकस्य निजकः कश्चिद्राजर्षिः × × × ।

(१) वीराङ्गक, (२) वीरयश, (३) सजय (४) एणेयक गोत्र से संबंधित है—केतकार्ध देश की श्वेतांबिका नगरी के राजा प्रदेशी नामक श्रावक का निजक (गोत्रीय) कोई राजर्षि है। (५) श्वेत, (६) शिव, (७) उदायन और (८) शंख राजा—इन आठ राजाओं ने श्रमण भगवान् महावीर से प्रव्रज्या ग्रहण की।

(ख) सवीरराय-वसभो, चेच्चा रज्जं मुणी चरे।
उद्दायणो पव्वइओ, पत्तो गइमणुत्तरं॥

—उत्त० अ १८। गा ४७

(ग) तएणं से उद्दायणे राया सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेः सेसं जहा उसभदत्तस्स जाव सव्वदुक्खप्पहीणे।

—भग० श १३। उ ६। सू ११९

सौवीर देश के राजाओं में श्रेष्ठ उदायन राजा ने राज्य वैभव को छोड़कर, दीक्षा ग्रहण की और मुनि होकर सयम का सम्यग् प्रकार से पालन किया जिससे प्रधान गति को (मोक्ष) प्राप्त किया।

(घ) राजर्षि कोऽन्तिमोऽख्यत् स्वामी नृपमुदायनम्।

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ११। श्लो ३२५

वीरभगवान् ने अभय कुमार को कहा कि अंतिम राजर्षि उदायन होगा।

ततः केशिनरेन्द्रेण कृतनिष्क्रमणोत्सवः।
अस्मत्पार्श्वे परिव्रज्यामुदायन उपात्तवान्॥ ६२४॥
स तपोभिः षष्ठाटमदशमद्वादशादिभिः।
प्रताहादपि कर्मेव स्वमात्मानमशोषयत्॥ ६२५॥
तृणमिव परिहृत्य राज्यलक्ष्मीं श्रामण्यं प्रतिपन्नवान् विशुद्धम्।
इत्यभयकुमार! कीर्तितस्ते चरमो राजर्षिह युदायनाख्यः॥

त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ११

भगवान् महावीर के पास दीक्षा ग्रहण की। दीक्षा के दिन से बेले, तेले, चोले, पचोले आदि की तपस्या करते रहे। राजलक्ष्मी को छोड़कर शुद्धश्रामण्य-पर्याय का पालन करने वाले उदायन अंतिम राजर्षि थे।

·२८ मयालि (मयाली)

·२९ उवयाली (उवयाली)

·३० पुरिससेणे (पुरिससेन)

·३१ वारिसेणे (वारिसेन)

·३२ दीहदंते (दीर्घदंत)

·३३ लट्ठदंते (लट्ठदंत)

·३४ वेहल्ले (वेहल्ल)

·३५ वेहायसे (वेहायश) —अणुत्त० व १ । अ २ मे १

× × × आइल्लाण पंचण्हं सोलस वासाइं सामण्णपरियाओ। तिण्हं बारस वासाइं । दोण्हं पंच वासाइं । × × × ।

मयाली यावत् वारिसेण अनगार ने पाँच वर्ष श्रमण पर्याय का पालन किया । दीर्घदंत लट्ठदंत और वेहल्ल अनगार ने बारह वर्ष श्रमण पर्याय का पालन किया । वेहायश अनगार ने पाँच वर्ष श्रमण पर्याय का पालन किया ।

·३६ कालासवेसियपुत्ते अणगारे (कालस्य वेषिपुत्र अनगार)

—भग० श १ । उ ६ । सू ४२२, ४२३

तएणं से कालासवेसियपुत्ते अणगारे बहूणि वासाणि सामण्णपरियागं पाउणइ, × × × सिद्धे, बुद्धे जावसव्वदुक्खप्पहीणे ।

पार्श्वापत्य—भगवान् पार्श्वनाथ के सन्तानिय-शिष्यानुशिष्य कालास्यवेषिपुत्र नामक अनगार थे। कालान्तर मे कालस्यवेषिपुत्र भगवान् महावीर के स्थविर भगवतों से चार महाव्रत रूप धर्म से प्रतिक्रमण सहित पाँच महाव्रत रूप धर्म को स्वीकार करके विचरने लगे ।

·३७ कालोदाई अणगारे (कालोदाई अनगार)

—भग० श ७ । उ १० । सू २११

तए णं से कालोदाई अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता, नमंसित्ता बहूहिं चउत्थ-छट्ठट्ठम जाव अप्पाणं भावेमाणे विहरइ ।

कालोदायी अनगार श्रमण भगवान् महावीर को वदन नमस्कार करते हैं बहुत चतुर्थ, षष्ठम, अष्टम आदि तपद्वारा अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे ।

·३८ कासव (काश्यप) —अंत० वर्ग ६ । अ ४ । सू ६०

कासवे नामं गाहावई परिवसइ । जहा मकाई । सोलस वासा परियाओ। विपुले सिद्धे ।

काश्यप गाथापति ने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली । सोलह वर्ष श्रमण-पर्याय का पालन किया । अंत में विपुलगिरि पर सिद्ध हुए ।

·३९ किंकमे (किंकम) — अंत० वर्ग ६ । अ २

किंकमे वि एवं चेव जाव विउले सिद्धे ।

किंकम अनगार सोलह वर्ष की दीक्षा-पर्याय का पालन कर सिद्ध-बुद्ध-मुक्त हुए ।

·४० कुमारपुत्तिया समणा (कुमारपुत्र श्रमण) —सूय० श्रु० २ । अ ७ । सू १०

× × × अत्थि खलु कुम्मारपुत्तिया णाम समणा णिग्गंथा । × × × ।

कुमारपुत्र नाम श्रमण निर्ग्रन्थ ।

·४१ कुरुदत्तपुत्ते (कुरुदत्तपुत्र) —भग० श ३ । उ १ । सू २१

× × × । एवं खलु देवाणुप्पियाणं अंतेवासी कुरुदत्तपुत्ते नामं अणगारे पगतिभद्दए जाव विणीए × × × छम्मासे सामण्णपरियागं पाउणित्ता × × × कालमासे कालं किच्चा × × × ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो सामणियदेवत्ताए उववण्णे ।

श्रमण भगवान् महावीर का कुरुदत्त अनगार छह महिने श्रमण-पर्याय का पालन कर काल के अवसर कालकरके ईशानेन्द्र का सामानिक देव रूप से उत्पन्न हुआ ।

·४२ कूलवालक श्रमण —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग १२ । श्लो ३११

भगवान् महावीर के समकालीन श्रमण थे । मागधिका वेश्या ने जिन का मन चचल कर दिया था ।

गनियं चे मागधियं शमने कुलवालके ।
लभिज्ज कूणि एलाए तो वेशालिं गहिस्सदि ।

देववाणी हुई थी—यदि मागधिका देवी कुल बालक साधु को वश करके मोहित करे तो कुणिक राजा वैशाली नगरी को ग्रहण कर सकता है ।

वैशाली के निकट वन में कुल बालक साधु तपस्या करते थे ! वहाँ जाकर उक्त वेश्या ने मुनि को चंचल कर दिया ।

·४३ केलासे (कैलाश)
·४४ हरिचंदणे (हरिचंदन)
·४५ वारत्तए (वारत्त)
४६ सुदंसणे (सुदर्शन)
४७ पुण्णभद्दे (पूर्णभद्र)
·४८ सुमणभद्दे (सुमनभद्र)
·४९ सुपइट्ठे (सुप्रतिष्ठ)
५० मेहे (मेह)

—अंत० वर्ग ६ । अ० ७ से १४ । सू ६३ से ७०

एवं केलासे वि गाहावई × × × बारस वासाइं परियाओ । × × × ।
एवं हरिचंदणेवि गाहावई साएए नयरे— बारस वासा परियाओ । × × × ।
एवं वारत्तएवि गाहावई × × × बारस वासा परियाओ × × × ।
एवं सुदंसणेवि गाहावई × × × पंच वासा परियाओ × × × ।
एवं पुण्णभद्दे वि गाहावई × × × पंचवासा परियाओ × × × ।
एवं सुमणभद्दे वि गाहावई × × × बहुवासाइं परियाओ × × × ।
एवं सुपइट्ठे वि गाहावई × × × सत्तावीसं वासा परियाओ ।
एवं मेहेवि गाहावई × × × बहूइं वासाइं परियाओ ।

कैलाश गाथापति ने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर बारह वर्ष चारित्र पर्याय का पालन किया।

हरिचदन गाथापति ने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ग्रहण की और बारह वर्ष श्रमण पर्याय का पालन किया।

बारत्तक गाथापति ने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर बारह वर्ष श्रमण-पर्याय का पालन किया।

सुदर्शन गाथापति ने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली और पाँच वर्ष श्रमण-पर्याय का पालन किया।

पूर्णभद्र गाथापति ने भगवान् के पास दीक्षा ली और पाँच वर्ष श्रमण-पर्याय का पालन किया।

सुमनभद्र गाथापति ने बहुतवर्ष श्रमण-पर्याय का पालन किया।

सुप्रतिष्ठ गाथापति ने सत्ताईस वर्ष श्रमण-पर्याय का पालन किया।

मेह गाथापति ने बहुत वर्ष श्रमण-पर्याय का पालन किया।

·५१ केसीकुमार समणे (केशीकुमार श्रमण) उत्त० अ २३। गा २, ८६, ८७

तस्स लोगपईवस्स· आसि सीसे महायसे।
केसीकुमारसमणे, विज्जाचरणपारगे॥
एवं तु संसए छिण्णे, केसी घोरपरक्कमे।
अभिवंदित्ता सिरसा, गोयमं तु महायसं॥
पंचमहव्वयधम्मं पडिवज्जइ भावओ।
पुरिमस्स पच्छिमम्मि, मग्गे तत्थ सुहावहे॥

पार्श्वनाथ भगवान् के सतानीय शिष्य केशीकुमार श्रमण ने महायशस्वी गौतम को मस्तक से वंदना करके तिंदुकवन में (श्रावस्ती नगरी में) पाँच महाव्रत रूप धर्म को भावपूर्वक अंगीकार किया।

·५२ खेमए (क्षेमक) —अंत० वर्ग ६। अ ५। पृ ६१

एवं खेमएवि × × × सोलस वासा परियाओ। × × ×।

क्षेमकअनगार ने सोलह वर्ष श्रमण-पर्याय का पालन किया।

·५३ गंगेये अणगार (गांगेय अणगार) —भग० श ९। उ ३२। सू १३४

× × × तएणं से गंगेये अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता चाउज्जामाओ धम्माओ पंचमहव्वइयं सपडिक्कमणं धम्मं उवसंपज्जित्ता णं विहरति। × × ×।

पुरुषादानीय भगवान् पार्श्वनाथ के शिष्यानुशिष्य गांगेय नामक अनगार थे। गांगेय अनगार ने श्रमण भगवान् महावीर को वंदन नमस्कार किया। वंदन नमस्कार करके इस प्रकार निवेदन किया —हे भगवन्! मैं आप के पास चारयाम रूप धर्म से सप्रतिक्रमण पंच महाव्रत रूप धर्म को अंगीकार करना चाहता हूँ। भगवान् ने गांगेय अनगार को प्रव्रज्या दी।

·५४ गागलिः —त्रिशलाका० पर्व ८। सर्ग ६। श्लो १७४

गागलिः प्रतिबुद्धोऽथ राज्ये न्यस्य निजं सुतम्।
दीक्षां गौतमपादान्ते पितृभ्यां सममाददे॥

साल-महासाल ने अपने भाणेज गागली को पृष्ठ चंपा का राज्य दिया था। उसने माता पिता के साथ गौतम के पास दीक्षा ग्रहण की।

·५५ गोसाले मंखलिपुत्ते (गोशालक मंखलिपुत्र) —भग० श १५। सू ५६
—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ८। श्लो ३६८, ३६९

भग०- ×××। तएणं अहं गोयमा! गोसालेणं मंखलिपुत्तेणं सद्धिं पणियभूमीए छव्वासाइं लाभं अलाभं सुहं दुक्खं सक्कारमसक्कारं पच्चणुभवमाणे अणिच्च-जागरियं विहरित्था।

श्रमण भगवान् महावीर का छद्मस्थावस्था का द्वितीय चतुर्मास राजगृह नगर के नालंदा पाड़ा के बाह्य भाग में तंतुवगशाला के एकभाग में था। मंखलिपुत्र गोशालक को इसी चतुर्मास में अपना शिष्य बनाया। भगवान् गौतम को कहते है—हे गौतम! मैं मंखलिपुत्र गोशालक के साथ प्रणीतभूमि में छह वर्ष लाभ, अलाभ, सुख, दु.ख, सत्कार, असत्कार का अनुभव करता हुआ और अनित्यता का चिंतन करता हुआ विचरता रहा।

नोट :—भगवान महावीर के साधनाकाल का एक शिष्य-गोशालक रहा। कालान्तर में उसने सर्वथा प्रकार संघ-विच्छेद कर दिया।

·५६ जमाली अणगार (जमाली अणगार) —भग० श ६। उ ३३। सूत्र २२०

(क) तएणं से जमाली अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता, नमंसित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ बहुसालाओ चेइयाओ पडि-निक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं बहिया जणवयविहारं विहरइ।

जमाली अनगार भगवान् महावीर को वंदन-नमस्कार करके उनके पास से एवं बहुशालक उद्यान से निकलकर पाँच सौ साधुओं के साथ अन्य देशों में विचरने लगे।

कालान्तर में भगवान् महावीर के शासन को छोड़कर वे स्वतन्त्र विचरने लगे।

(ख) जमालिर्देशनां श्रुत्वा पितरावनुमान्य च।
क्षत्रियाणां पंचशत्या सहितो व्रतमाददे।

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ८ । श्लो ३३

भगवान महावीर की देशना सुनकर, माता-पिता की आज्ञा लेकर पाँच सौ क्षत्रियों के साथ भगवान् के पास दीक्षा ग्रहण की।

·५७ जाली अणगारे (जाली अनगार)

अणुत्त० व १ । अ १ । सु १०, ११

से णं जाली अणगारे कालगए कहिंगए ? कहिं उववण्णे ?
एवंखलु गोयमा ! ××× विजय विमाणे देवत्ताए उववण्णे।

जाली अणगार सोलह वर्ष श्रमण पर्याय का पालन कर काल समय में काल कर विजय विमान में उत्पन्न हुए।

·५८ जिणदास (जिनदास) —विवा० श्रु २ । अ ५ । सु १

सोगंधिया नयरी। ××× अप्पडिहओ राया। सुकण्णा देवी। महचंदे कुमारे तस्स अरहदत्ता भारिया। जिणदासोपुत्तो। ×××। जावसिद्धे।

महाचन्द्र की स्त्री का नाम अर्हदत्ता था। उसके जिनदास पुत्र था। भगवान् महावीर के पास प्रव्रज्या ग्रहण की —

५९ जिणपालिए (जिनपालित) —नाया० श्रु १ । अ ९ । सु २, ५१

तेणं कालेणं तेणं समएणं चंपानामं नगरी। पुण्णभद्दे चेइए ×××। समणे भगवं महावीरे समोसढे। जिणपालिए धम्मं सोच्चा पव्वइए।

उस काल उस समय में चंपा नामक नगरी थी। उस नगरी में श्रमण भगवान् महावीर पधारे। जिनपालित ने भगवान् से दीक्षा ग्रहण की।

·६० दसणभद्दो मुणी (दशार्णभद्र मुनि) —उत्त० अ १८ । गा ४४
—धर्मो० पृ० ११०

(क) उत्त०—दसण्णरज्जं मुइयं, चइत्ताणं मुणी चरे।
दसण्णभद्दो णिक्खंतो, सक्खं सक्केण चोइओ।

साक्षात् शक्रेन्द्र से प्रेरित किया हुआ, दशार्णभद्र राजा उपद्रव रहित एवं समृद्धिशाली, दशार्ण देश का राज्य छोड़कर निकला तथा मुनि होकर तप-संयम का पालन करके मोक्ष प्राप्त किया।

(ख) धर्मो—दसण्णपुरे नयरे राय - गुण - गणालंकिओ दसण्णभद्दो राया कामिणीयण—पंचसयपरिवारो भोगे भुंजंतो चिट्ठइ।

दर्शाणपुर नगर का राजा दर्शाणभद्र था। उसके पाँचसौ स्त्रियां थी। कुछ वर्ष बाद भगवान् महावीर के पास प्रव्रज्या ग्रहण की।

६१ दीहसेणे (दीर्घसेन)
६२ महासेणे (महासेन)
६३ लट्ठदंते (लट्ठदंते)
६४ गूढदंते (गूढदंत)
६५ सुद्धदंते (शुद्धदंत)
६६ हल्ले (हल्ल)
६७ दुमे (दुम)
६८ दुमसेणे (दुमसेन)
६९ महादुमसेणे (महादुमसेन)
७० सीहे (सीह)
७१ सीहसेणे (सीहसेन)
७२ महासीहसेणे (महासीहसेन)
७३ पुण्णसेणे (पुण्यसेन)

—अणुत्त० वर्ग २। अ १ से १३

× × × दीहसेणो कुमारो सव्वेव वत्तव्वया जहा जालिस्स जाव अंतं काहिइ।

एवं तेरस वि रायगिहे नयरे। सेणिओ पिआ, धारिणी माया। तेरसण्ह वि सोलस वासा परियाओ। × × ×।

दीर्घसेन यावत् पुण्यसेन अनगार ने सोलह वर्ष की श्रमण-पर्याय का पालन किया।

७४ तीसए अणगारे (तिष्यक अनगारे) —भग० श ३। उ १। सू १७

× × ×। एवं खलु देवाणुप्पियाणं अंतेवासि तीसए नामं अणगारे पगइभद्दए × × × अट्ठ संवच्छराइं सामण्णपरियागं पाउणित्ता × × × कालं किच्चा सोहम्मे कप्पे × × × सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सामाणियदेवत्ताए उववण्णे।

तिष्यक अनगार अष्टवर्ष श्रामण्य पर्याय का पालन कर सौधर्म देवलोक मे शक्रेन्द्र का सामानिक देव रूप में उत्पन्न हुआ।

·७५ धणवई (धनपति) —विवा० श्रु २। अ १। सू १

कणगपुरं नयरं। ××× पियचंदो राया। ××× वेसमणे कुमारे जुवराया। ××× धणवई जुवरायपुत्ते जाव पुव्वभवो ××× जावसिद्धे।

कनकपुर नगर का राजा प्रियचन्द्र था। वैश्रमणकुमार युवराज था। उनके धनपति पुत्र था। भगवान् महावीर का वहाँ पदार्पण हुआ। उनसे प्रव्रज्या ग्रहण की।

·७६ धण्णे अणगारे (धन्य अनगार) अणुत० व० ३। अ १ सू ५५

(क) ××× एवं खलु सेणिया! इमासिं णं इंदभूइपामोक्खाणं चोद्दसण्हं समणसाहस्सीणं धण्णे अणगारे महादुक्करकारए चेव महाणिज्जरतराएचेव ×××।

श्रमण भगवान् महावीर ने श्रेणिक राजा के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा—हे श्रेणिक! इन्द्रभूति आदि चतुर्दश हजार साधुओं में से धन्य अणगार महादुक्कर कार्य करने वाला व महा निर्जरा करने वाला है।

(ख) इतश्च वैभारगिरौ श्रीवीरः समवासरत्।
विराञ्चकार तं सद्यो धन्यो धर्मसुहृद्गिरा॥
दत्तदानः सदारः सोऽप्यारुह्य शिबिकां ततः।
भवभीतो महावीरचरणौ शरणं ययौ॥ १॥
सदारः सोऽग्रहीद्दीक्षां ततो भगवदन्तिके।

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग १०। श्लो १४५ से १४७ पूर्वार्ध

भगवान् महावीर का वैभारगिरि पदार्पण हुआ। वहाँ जाकर धन्य ने भगवान् के पास दीक्षा ग्रहण की।

·७७ धण्णे सत्थवाहे (धन्य सार्थवाह) —नाया० श्रु १। अ १८

तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नाम नयरे होत्था वण्णओ। तत्थणं धण्णे नामं सत्थवाहे परिवसइ, तस्सणं भद्दा भारिया। ×××।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे रायगिहे नयरे गुणसिलए चेइए समोसढे। तएणं धण्णे सत्थवाहे सपुत्ते धम्मं सोच्चा पव्वइए।

नाया० श्रु १। अ १८। सू, २, ३, ५८, ५६

राजगृहवासी धन्य सार्थवाह भगवान् महावीर के पास धर्मोपदेश सुनकर प्रव्रजित हो गया।

·७८ धिइहरे (धृतिधर) —अंत० वर्ग ६। अ ६। सू ६३

एवं—धिइहरे वि ××× सोलस वासा परियाओ।

धृतिधर अनगार ने भी सोलह वर्ष श्रमण-पर्याय का पालन किया।

·७९ णंदिसेणो (नंदिसेन) —धर्मो० पृ० १२७

(क) रायगिहे सेणिय-सुओ णंदिसेणो जाव संवेगो वारिज्जंतो वि अइसय-नाणीहिं देवयाए पव्वईओ। × × ×।

राजगृह के श्रेणिक राजा का पुत्र नंदिसेन था। जिन्होंने युवावस्था मे दीक्षा ग्रहण की—दो बार दीक्षा ग्रहण की।

(ख) आलोच्य तद् दुश्चरितं महात्मा।
समं जिनेन्द्रेण स नन्दिषेणः॥
कुर्वन्विहारं निशितं व्रतं च।
प्रपालयन्देव भुवं जगाम॥ ४३६॥

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ६

नंदिषेण (श्रेणिक राजा के पुत्र) ने भगवान् महावीर के पास दूसरी बार दीक्षा ग्रहण की। सयम का पालन कर देवलोक मे उत्पन्न हुए।

नोट प्रथम दीक्षा के कुछ समय बाद वे वेश्या के चक्र मे फस गये। पुनः दीक्षा भगवान् महावीर से ही ग्रहण की थी।

·८० नारयपुत्त (नारदपुत्र) —भग० श ५। उ ८। सू २०१

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी नारयपुत्ते नामं अणगारे पगइ भद्दए जाव विहरति।

श्रमण भगवान् महावीर के अंतेवासी नारद पुत्र नामक अनगार थे।

·८१ णमी (नमि राजा) —उत्त० १८। गा ४५

णमी णमेइ अप्पाणं, सक्खं सक्केण चोइओ।
चइऊण गेहं वइदेही, सामण्णे पज्जुवट्ठिओ॥

लक्ष्मीवल्लभ टीका—विदेहेषु देशेषु भवो वैदेही, विदेह-देशस्वामी नमिनामा नृपो गेहं गृहवासं त्यक्त्वा श्रामण्यं साधुधर्मं पर्युपस्थितः चारित्रयोग्यानुष्ठानं प्रत्युद्यतोऽभूदित्यर्थः, पुनः स मुनिः साक्षाद् ब्राह्मणरूपेण शक्रेण प्रेरितः सन् ज्ञानचर्यायां परीक्षितः सन्नात्मानं नमेइ इति नये स्थापयति, क्रोधादिकषायरहितो भवतीत्यर्थः।

साक्षात ब्राह्मण रूप शक्रेन्द्र से प्रेरित हुए नमि राजा ने अपनी आत्मा को विनीत बनाया तथा घर तथा विदेह देश का राज्य छोड़कर श्रामण्य-साधुधर्म को अंगीकार किया।

·८२ नियंठिपुत्ते (निर्ग्रंथीपुत्र) —भग० श ५ । उ ८ । सू २०१

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी नियंठिपुत्ते नामं अणगारे पगइभद्दए जाव विहरति ।

श्रमण भगवान् महावीर के अंतेवासी निर्ग्रंथी पुत्र नामक अनगार थे ।

·८३ प्रसन्नचंद्र राजर्षि — त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ६ । श्लो २२, २३

प्रसन्नचन्द्रो जिनेन्द्रं वन्दितुं पोतनेश्वरः ।
समाजगामाश्रोषीश्च देशनां मोहनाशिनीम् ॥
स्वामीदेशनया बुद्धो भवोद्विग्नः स भूपतिः ।
बालमप्यात्मजं राज्ये निधायव्रतमाददेः ॥

पोतनपुर के राजा—प्रसन्नचंद्र ने भगवान् के पास प्रव्रज्या ग्रहण की ।

·८४ पउमे अणगारे (पद्म अनगार) —निरया० व २ । अ १

तए णं से पउमे अणगारे समणस्स भगवओ महावीरस्स तहारूवाणं थेराणं अंतिए सामाइयमाइयाइं एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ ।

पद्म अणगार—श्रमण भगवान् महावीर के तथा रूप स्थविरों के पास सामायिक आदि एकादश अगों का अध्ययन किया ।

·८५ पभासे (पभास) — सम० सम० ११ । सू ४, वीरजि० सधि १ । कड ७

वीरजि० × × × पहासो × × × ।

श्रमण भगवान् महावीर के ग्यारहवें गणधर प्रभास थे ।

·८६ पिंगलए नियंठे (पिंगल निर्ग्रन्थ) —भग० श २ । उ १ सू २२, २३, २५

तएणं समणे भगवं महावीरे × × × । कयंगला नयरीए जेणेव छत्तपलासए चेइए तेणेव उवागच्छइ । × × × तीसेणं कयंगलाए नयरीए अदूरसामंते सावत्थी नामं नयरी होत्था × × × ।

तत्थ णं सावत्थीए नयरीए पिंगलए नामं नियंठे वेसालियसावए परिवसइ ।

श्रावस्ती नगरी में वैशालिक श्रावक अर्थात् भगवान महावीर के वचनों के सुनने में रसिक पिंगल नामक निर्ग्रन्थ था ।

·८७ पोट्टिलेणं अणगारेण (पोट्टिल अनगार) -ठाण० स्था ६ । सू ६०

टीका—पोट्टिलोऽनगारो × × × महावीर शिष्यो मासिक्या संलेखनया सर्वार्थसिद्धोपपन्नः । × × × ।

मासिक सलेखना करके पोट्टिल अनगार सर्वार्थसिद्ध मे उत्पन्न हुए ।

·८८ भद्दनंदी कुमारे (भद्रनंदी कुमार) — विवा० श्रु २ । अ ८ । सू १

सुघोसं णगरं । × × × अज्जुणो राया । तत्तवनीदेवी । भद्दनंदी कुमारे ××× जाव सिद्धे ।

सुघोष नगर का राजा अर्जुन था। उसके तत्तवती नामक देवी थी। उसके भद्रनंदी कुमार था। भगवान् महावीर के पास भद्रनंदी ने प्रव्रज्या ग्रहण की।

·८९ भद्दनंदी कुमारे (भद्रनंदी कुमार) —विवा० श्रु २ । अ २ । सू १

× × × भद्दनंदी कुमारे । सिरिदेवीपामोक्खा णं पंचसया । सामीसमोसरणं । सावगधम्मं । × × × सेसं जहा सुबाहुस्स × × ×।

धनावाह राजा की पत्नी का नाम सरस्वती देवी था। उसके भद्रनंदी कुमार नामक एक पुत्र था। उसने भगवान महावीर के पास श्रावक धर्म स्वीकार किया। कालान्तर मे उसने प्रव्रज्या ग्रहण की।

९० मंडिअपुत्ते (मंडितपुत्र) भग० श ३ । उ ३ । सू १३४

—सम० सम ११ । सू ४

(क) भग०—तेण कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी मंडिअपुत्ते नामं अणगारे × × ×।

श्रमण भगवान् महावीर के छट्ठे गणधर मंडितपुत्र अनगार थे।

(ख थेरेणं मंडियपुत्ते तीसं वासाइं सामण्णपरियायं पाउणित्ता सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतगडे परिणिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

—सम० सम ३० । सू २

स्थविर मंडित पुत्र तीस वर्ष श्रमण पर्याय का पालन कर सिद्ध, बुद्ध, मुक्त यावत् सर्व दु:खों का अंत किया।

(ग) थेरे णं मंडियपुत्ते तेसीइं वासाइं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे, बुद्धे जाव सव्वदुक्खप्पहीणे।

—सम० सम ८३ । सू ३

स्थविर मंडितपुत्र तिरासी वर्ष का सर्वायुष्य का पालन कर सिद्ध, बुद्ध यावत् सर्व दु:खों अंत किया।

(घ) × ×× मुंडी × × ×

—वीरजि० संधि २ । कड ७ । पृष्ठ ३४

दिगम्बर मतानुसार छट्ठे गणधर मुण्डि (मौर्य) थे।

६१ मकाई (मंकाई) अंत० वर्ग ६ । अ २

तएणं से मकाई अणगारे समणस्स भगवओ महावीरस्स तहारूवाणं थेराणं अंतिए सामाइयमाइयाइं एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ। × × ×।

श्रमण भगवान महावीर का मकाई अणगार था। उन्होंने ग्यारह अंग का अध्ययन किया।

·६२ महच्चंद (महाचंद्र) —विवा० श्रु २ । अ० ६ । सू १

चंपा नगरी × × दत्ते राया। रत्तवती देवी। महचंदे कुमारे जुवराया। × × × जाव सिद्धे।

चंपानगरी के दत्त राजा के रक्तवती देवी थी। उसके महाचंद्र कुमार था जो युवराज था। उसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ग्रहण की।

·६३ महब्बल (महाबल) —विवा० श्रु २ । अ ७ । सू १

महापुरं नगरं × × × बले राजा। सुभद्दा देवी। महब्बले कुमारे × × × तित्थयरागमणं जाव पुव्वभवो × × × जावसिद्धे।

महापुर नगर का राजा—बल था। उनके सुभद्रा नामकी एक पत्नी थी। उसके महाबल कुमार था। श्रमण भगवान् महावीर का पदार्पण हुआ। उनके पास प्रव्रज्या ग्रहण की।

·६४ मित्तेय णामो (मैत्रेय णाम) —वीरजि० संधि २ । कड ७ । पृ० ३४

सया सोहमाणो तवेणं खगामो।
पवित्तो सचित्तेण मित्तेय णामो॥

दिगम्बर मतानुसार आठवें गणधर मैत्रेय थे।

६५ मेतज्जे (मेतार्य) —सम० सम ११

भगवान् महावीर के दसवें गणधर मेतार्य थे।

यातेषु गौतमसुधर्म मुनीन्द्र वर्जं।
मोक्षश्रियं गणधरेषु नवस्वथोच्चै।

— त्रिशला का० पर्व १० । सर्ग १२ । श्लो ४०

भगवान् महावीर की विद्यमानता में ही नवगणधरों का—गौतम और सुधर्म को छोड़कर परिनिर्वाण हो चुका था। अतः मेतार्य गणधर का भगवान् महावीर की विद्यमानता में परिनिर्वाण हो गया था।

६६ मेहअणगारे (मेघ अनगार) —नाया० श्रु १ । अ १ । सू १६८

(क) तएण से मेहे अणगारे समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे मासियं भिक्खुपडिमं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ।

मेघ अणगार—श्रमण भगवान् महावीर द्वारा अनुमति पाये हुए एक मास की भिक्षु प्रतिमा अंगीकार करके विचरने लगे।

(ख) इति स्वामिनिदा मेघकुमारोऽभूद् व्रते स्थिरः।
चक्रे: मिथ्यादुष्कृतं च तेपे विविधं तपः॥
पालयित्वा व्रतं सम्यग्मृत्वाऽभूद्विजये सुरः।
—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ६ । श्लो ४०६ । ४०७

भगवान् महावीर के उपदेश से चचल चित्तको मेघकुमार ने स्थिर किया। मिथ्या दुष्कृत किया। सयम का पालन कर विजय विमान मे उत्पन्न हुए।

९७ मोरियपुत्ते (मौर्यपुत्र) —सम० सम ११ । सू ४, सम० सम ६५ । सू २

भगवान् महावीर के सातवें गणधर थे।

(क) थेरेणं मोरियपुत्ते पणसट्ठिवासाइं अगारमज्झा वसित्ता मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए।

स्थविर मौर्यपुत्र पैंसठ वर्ष गृहस्थावास मे वासकर आगार से अनगार हुए।

(ख) थेरेणं मोरियपुत्ते पंचाणउइवासाइं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतगडे परिणिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।
—सम० सम ९५ । सू ५

मौर्यपुत्र ने पचानवें वर्ष की सर्वायु का पालनकर सिद्ध-बुद्ध यावत् सर्वदुःखों का अत किया। आप श्रमण भगवान् महावीर के सातवें गणधर थे।

९८ रोहे अणगारे (रोह अनगार) भग० श १ । उ ६ । सू २८८ से २९०

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी रोहे णामं अणगारे पगइभद्दए पगइउवसंते पगइपयणुकोहमाणमायालोभे मिउमद्दवसंपन्ने अल्लीणे विणीए समणस्स भगवओ महावीरस्स अदूरसामंते उड्ढंजाणू अहोसिरे झाणकोट्ठोवगए संजमेणं तवसा अप्पाणंभावेमाणे विहरइ।

ततेणं से रोहे अणगारे जायसड्ढे जावपज्जुवासमाणे एवं वदासी—

पुव्विं भंते! लोए, पच्छा अलोए? पुव्विं अलोए, पच्छा लोए?

रोहा! लोए य अलोए य पुव्विं पेते, पच्छा पेते दो वेते सासया भावा, अण्णाणुपुव्वी एसा रोहा।

श्रमण भगवान् महावीर के शिष्य रोह नामक अनगार थे। वे स्वभाव से भद्र, स्वभाव से कोमल थे। सयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए श्रमण भगवान् महावीर के पास विचरते थे। रोह अनगार ने भगवान् से पूछा—

हे भगवन् ! क्या पहले लोक है और पीछे अलोक है ? या पहले अलोक है और पीछे लोक है ?

प्रत्युत्तर मे भगवान् ने कहा—

हे रोह ! लोक और अलोक पहले भी है और पीछे भी है । ये दोनों ही शाश्वत भाव है । हे रोह ! इन दोनों मे 'यह पहला और यह पीछला' ऐसा क्रम नही है ।

'९९ रोहिणेय —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ११

इतश्च राजगृहस्य वैभारगिरि कन्दरे ।
चोरो लोहखुराख्योऽभूद्रौद्रोरसङ्ख्वांगवान् ॥ २ ॥
मर्यायां रोहिणीनाम्न्या रौहिणेयोऽभिधानतः ॥ ६ ॥
अथ श्रणिकराज्ञेन कृतनिष्क्रमणोत्सवः ।
सजग्राह परिव्रज्यां पार्श्वे श्री वीरपादयोः ॥ १०७ ॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ११ । श्लो २, ६ १०७

राजगृह नगर के पास वैभारगिरि मे लोहखुर नामक एक चोर रहता था । उसकी स्त्री का नाम रोहिणी था । उसके रौहिणेय नामक एक पुत्र था । रौहिणेय भी एक नामी चोर हुआ । भगवान् महावीर की वाणी का उस पर प्रभाव पडा फलस्वरूप उनके पास प्रव्रज्या ग्रहण की । चतुर्थ भक्त से आरंभ कर छः मासी तप किया । शुभ ध्यान मे कालकर देवत्व प्राप्त किया ।

'१०० वरदत्ते (वरदत्त कुमार) —विवा० श्रु २ । अ १० । पृ १

× × × वरदत्ते कुमारे × × × तित्थयरागमण । सावगधम्म । × × × जाव पवज्जा × × × ।

साकेत नगर के मित्रनदी राजा के श्रीकांता नामक देवी थी । उसके वरदत्त कुमार था । भगवान् महावीर से श्रावक धर्म स्वीकार किया तथा कालान्तर मे उनके पास प्रव्रज्या ग्रहण की ।

'१०१ वायुभूई (वायुभूति) —भग० श ३ । उ १ सू २०

मूल —भंतेत्ति ! भगवं तच्चे गोयमे वायुभूई अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ × × × ।

तृतीय गौतम गणधर भगवान् वायुभूति अनगार श्रमण भगवान् महावीर स्वामी को वंदन नमस्कार किया ।

× × × गणि वाउभूई × × × —वीरजि० सर्ग २ । कड ७ । पृ १४

दिगम्बर परम्परानुसार भगवान् महावीर के द्वितीय गणधर वायुभूति थे ।

पुहई - वसुभूइ - सुओ गणहारी जयइ वाउभूइत्ति
इह सत्तरिवासाऊ गोव्वरगामुब्भवो तइओ।

—धर्मों० पृ० २२७

गणधर वायुभूति सत्तर वर्ष की सर्वायु का पालन कर सिद्ध-बुद्ध यावत् सर्व दुःखका अंत किया।

१०२ विअत्ते (व्यक्त) —सम० सम ११ । सू ४

मूल—समणस्स णं भगवओ महावीरस्स एक्कारस गणहरा होत्था, तंजहा— इंदभूती अग्गिभूती वायुभूती विअत्ते सुहम्मे मडिए मोरियपुत्ते अकंपिए अयलभाया मेतज्जे पभासे।

श्रमण भगवान् महावीर के चतुर्थ गणधर व्यक्त थे।

कोल्लाग-सन्निवेसे उप्पण्णो जयइ गणहर-चउत्थो
धारिणि-धणमित्त-सुओ असीइ - वरिसाउओ वुत्तो।

—धर्मों० पृ० २२७

गणधर व्यक्त अस्सी वर्ष का सर्वायु पालकर सिद्ध हुए।

१०३ समुद्दपालो अणगार (समुद्रपाल अनगार) —उत्त० अ २१ । गा ९-१०

तं पासिऊण संविग्गो, समुद्दपालो इणमब्बवी।
अहोऽसुभाण कम्माणं, णिज्जाणं पावगं इमं॥
संबुद्धो सो तहिं भगवं, परं संवेगमागओ।
आपुच्छऽम्मापियरो पव्वए अणगारियं॥

फाँसी पर ले जाते हुए अपराधी को देखकर समुद्रपाल संवेग को प्राप्त होकर, इस प्रकार कहने लगा कि, अहो ! अशुभ कर्मों का अंतिम फल पाप रूप ही होता है—जैसा कि यह प्रत्यक्ष दिखाई दे रहा है। प्रासाद के गवाक्ष में स्थित ऐश्वर्य संपन्न वह समुद्रपाल को बोध प्राप्त हुआ और परम संवेग को प्राप्त हुआ। इसके बाद अपने माता-पिता को पूछ कर उसने अनगार वृत्ति अंगीकार कर ली।

१०४ सव्वाणुभूती अणगारे (सर्वानुभूति अनगार) —भग० श १५ । सू १०४

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी पाईण-जाणवए सव्वाणुभूती नामं अणगारे पगइभद्दए जाव विणीए धम्मायरियाणुरागेणं एयमट्ठं असद्दहमाणे उट्ठाए उट्ठेइ, उट्ठेत्ता जेणेव गोसाले मंखलिपुत्ते तेणेव उवा-गच्छइ।

उस काल उस समय मे श्रमण भगवान् महावीर स्वामी का पूर्व देश मे उत्पन्न सर्वानुभूति अनगार था —जो प्रकृति का भद्रिक तथा विनीत था ।

·१०५ सामहत्थी अणगारे (श्यामहस्ती अनगार) —भग० श० १० । उ ४ । सू ४४

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी सामहत्थी नामं अणगारे पगइभद्दए × × × संजमेणंतवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ ।

उस काल उस समय मे श्रमण भगवान् महावीर के शिष्य 'श्यामहस्ती' अनगार थे ।

·१०६ साल राजा

·१०७ महासाल युवराज —त्रिशलाका० पर्व० १० । सर्ग ६ । श्लो ११७ से १६१

सालो राजा महासालो युवराजश्च बान्धवौ ।
त्रिजगद्बान्धवं वीरं तत्र वन्दितुमेयतुः ॥
श्रुत्वा तौ देशनां बुद्धौ जामेयं गागलिं स्वयम् ।
यशोमतीपिठरयोः सुतं राज्येऽभ्यषिञ्चताम् ।
अथ सालमहासालौ विरक्तो भववासतः ।
श्रीमहावीरपादाब्जमूले जगृहतुर्व्रतम् ॥

पृष्ठ चपा के राजा साल ; युवराज महासाल दोनों भाई थे । भगवान् की देशना सुनकर प्रतिबोध प्राप्त किया । दोनों ने भगवान् के पास दीक्षा ग्रहण की । यशोमती और पिठर के पुत्र गागली (भाणेज था) को राज्य भार सौंपा ।

१०८ सिरिसालिभद्द-वरमुणिणो (श्री शालिभद्रवरमुनि) — धर्मो० पृ० १००
— त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग १० । श्लो १४७

धर्मो० × × × तक्कालाणुरूव - निव्वत्तियासेसकायव्वो महाविच्छड्डेणं पव्व-इओ तित्थयर-समीवे सालिभद्दो सह बत्तीसाए वहूहिंसेस-लोगेणय । ×××। तं चिय दुहिं पारिऊण कय पादवोवगमणं पंच नमोक्कार-परो उप्पन्नो सव्वट्ठविमाणम्मि। × × × सिरिसालिभद्दवरमुणिणो ।

भगवान् महावीर के पास शालिभद्र ने बत्तीस स्त्रियों के साथ प्रव्रज्या ग्रहण की । पादोपगमन संथारा ग्रहण कर सर्वार्थसिद्धि अनुत्तर विमान मे उत्पन्न हुए ।

·१०९ सीहे अणगार (सिंह अनगार) —भग० श १५ । सू १४७

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी सीहे नामं अणगारे पगइभद्दए जाव विणीए मालुयाकच्छगस्स अदूरसामंते छट्ठंछट्ठेणं अणि-क्खित्तेणं तवोकम्मेणं उड्ढंबाहाओ जाव विहरइ ।

श्रमण भगवान् महावीर के अंतेवासी 'सिंह' नाम के अनगार थे। वे प्रकृति से भद्र और विनीत थे। वे मालुकाकच्छ के निकट निरंतर बेले-बेले के तप से दोनों हाथों को ऊपर उठाकर आतापना लेते थे। उस समय भगवान् की अवस्था लगभग छप्पन वर्ष की थी।

·११० सुओ (सुत)—

××× सुओ ×××

—वीरजि० संधि २। कड ७। पृ० ३४

दिगम्बर मतानुसार सातवें गणधर सुत (पुत्र) थे।

·१११ सुजाए कुमारे (सुजात कुमार) विवा० श्रु २। अ ३। सु १

वीरपुरं नयरं। मणोरमं उज्जाणं। वीरकण्हमित्ते राया। सिरी देवी। सुजाए कुमारे ××× सामी समोसरणं।

वीरपुर नगर के वीरकृष्ण मित्र राजा के श्रीदेवी थी। उसके सुजात कुमार था। भगवान् महावीर का पदार्पण हुआ। गृहस्थ से अनगार बने।

·११२ सुणक्खत्ते अणगारे (सुनक्षत्र अनगार)

—अणुत्त० व ३। अ २। सु ११

तएणं से सुणक्खत्ते जं चेव दिवसं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए मुंडे (भवित्ता अगाराओ अणगारियं) पव्वइए तं चेव दिवसं अभिग्गहं तहेव ×××।

सुनक्षत्र—श्रमण भगवान् महावीर से जिस दिन आगार से अनगार हुए उस दिन से अभिग्रह ग्रहण किया।

·११३ सुनक्खत्ते अणगारे (सुनक्षत्र अनगार) — भग० श १५। सु १०१

तएणं से सुनक्खत्ते अणगारे गोसालेणं मखलिपुत्तेणं तवेणं तेएणं परितावए समाणे जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ। ×××।

मंखलिपुत्र गोशालक के तप तेज से जले हुए सुनक्षत्र अणगार श्रमण भगवान् महावीर के निकट आए।

·११४ सुबाहू अणगारे (सुबाहु अनगार) —विवा० श्रु २। अ १। सु ११

तएणं से सुबाहू अणगारे समणस्स भगवओ महावीरस्स थेराणं अंतिए समाइयमाइयाइं एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ ×××। कालमासे कालंकिच्चा सोहम्मे कप्पे देवत्ताए उववण्णे।

सुबाहु अनगार श्रमण भगवान् महावीर के तथारूप स्थविरो के पास सामायिकादि एकादश अगों का अध्ययन किया। काल मासमे काल करके सौधर्म देवलोक मे देव रूप मे उत्पन्न हुए।

अनगार होने के पूर्व श्रावकत्व धर्म का भी परिपालन किया था।

·११५ सुवासवे कुमारे (सुवासव कुमार) —विवा० श्रु २। अ ४। सू १

विजयपुरं णगरं ×××× वासवदत्ते राया। कण्हादेवी। सुवासवे कुमारे ×××। इह जाव सिद्धे।

विजयपुर नगर का वासवदत्त राजा था। उसकी पत्नी का नाम कृष्णदेवी था। उसके सुवासवकुमार था। यावत् भगवान् महावीर से प्रव्रज्या ग्रहण की।

·११६ सुहम्मे (सुधर्म) —सम० सम १००। सू ५

—नाया० श्रु १। अ १। सू ४, धर्मो० पृ०। २२७

श्रमण भगवान् महावीर के पचम गणधर थे।

(क) सम०—थेरे णं अज्जसुहम्मे एक्कं वाससयं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतगडे परिणिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

(ख) धर्मो०—भद्दिल-धम्मिल तणओ गणहारी जयइ पंचम-सुहम्मो।
कोल्लाग सन्निवेसे उप्पण्णो वरिस-सय-जीओ।

स्थविर आर्य सुधर्म एक सौ वर्ष का सर्वायुष्य पालन कर सिद्ध, बुद्ध यावत् मुक्त हुए। सुधर्म पांचवें गणधर थे।

सुधम्मो मुणिंदो कुलायास-चंदो।

—वीरजि० संधि। २। कड ७। पृ० ३४

दिगम्बर मतानुसार चौथे गणधर सुधर्म मुनीन्द्र थे।

·११७, ११८ हल्ल-विहल्ल कुमार —त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग १२, श्लो ३११। पूर्वार्ध

तदा च प्रव्रजितयोरपि हल्लविहल्लयोः।

हल्ल-विहल्लकुमार श्रेणिक राजा के पुत्र थे भगवान् महावीर से प्रव्रज्या ग्रहण की।

·११९ आर्द्रक मुनि —सूय० श्रु २। अ ६

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ७। श्लो २६०, २६१, ३५६

अनार्य देश मे उत्पन्न आर्द्रक मुनि आर्य देश म आकर स्वय दीक्षा ग्रहण की।

त्रिशलाका०—अथाऽऽर्द्रककुमारोऽपि स्वमूरीकृत्य पौरुषम्।

दैवीं वाचमनादृत्य प्रव्रज्यां स्वयमाददे ॥ २६० ॥

प्रत्येकबुद्धः स मुनिर्निशितं पालयन् व्रतम्।

विहरन्नन्दा प्राप वसन्त पुरपत्तनम् ॥ २६१ ॥

आर्द्रक कुमार स्वय दीक्षा ग्रहण की। आर्द्रकमुनि प्रत्येक बुद्ध होकर व्रत पालन करने लगे। बीच मे एक बार व्रत से भ्रष्ट होकर पुन दीक्षा ली।

तदापुरे राजगृहेऽभ्युपेतं
श्रीवीरनाथं स मुनिर्ववन्दे
तत्पादपद्मद्वयसेवया स्वयं
कृतार्थयित्वा च शिवप्रपेदे ॥ ३५६ ॥

राजगृह मे भगवान् महावीर के समवसरण मे आये; वदना की, अत मे मोक्ष पद प्राप्त किया।

१२० उसभदत्त (ऋषभदत्त) —भग० श ६ । उ ३३ । सू १३७, १५१

तत्थणं माहणकुंडग्गामे णयरे उसभदत्ते णामं माहणे परिवसइ। ××× समणो-वासए। ×××। तएणं समणे भगवं महावीरे उसभदत्त माहणं सयमेव पव्वावेइ ×××।

माहण कुडग्राम मे ऋषभदत्त माहण रहता था। वह श्रमणोपासक था। कालान्तर में भगवान् से दीक्षा भी ग्रहण की थी।

·१२१ से ·१२३ करकंडू-दुमुंख-नगइ राजा

करकंडू कलिंगेसु, पंचालेसु य दुम्मुहो।
णमी राया विदेहेसु, गंधारेसु य णग्गई ॥
एए णरिंदवसभा, णिक्खंता जिणसासणे।
पुत्ते रज्जे ठवित्ताणं, सामण्णे पज्जुवट्ठिया ॥

—उत्त० अ १८ । गा ४६, ४७

कलिंग देश मे करकडूराजा और पञ्चाल देश मे दुर्मुख राजा, विदेह देश मे नमि राजा और गधार देश मे नगई राजा हुए। राजाओं मे वृषभ के समान श्रेष्ठ ये सभी राजा अपना राज्य पुत्रों को सौंपकर जिन शासन मे दीक्षित हुए और श्रमण वृत्ति का सम्यक् पालन कर मोक्ष को प्राप्त हुए।

प्रत्येक बुद्धाश्चत्वार, समकालसुरलोकच्यवनप्रत्येकप्रतिबोधप्रव्रज्याग्रहण-

केवलज्ञानोत्पत्तिसिद्धिगमनभाजो जाताः, तेषु प्रथमः करकंडूः १, द्वितीयो द्विमुखः २, तृतीयो नमिराजा ३, चतुर्थो नगातिः ४, × × × ।

—उत्त० अ ६ । गा १ । टीका

प्रत्येक बुद्ध चार राजा हुए—जिनका एक काल में सुरलोक से च्यवन, प्रत्येक प्रतिबोध प्रव्रज्या ग्रहण, केवलज्ञानोत्पत्ति तथा सिद्धिगमन को प्राप्त किया। उनमें प्रथम करकंडू, द्वितीय द्विमुख, तृतीय नमिराजा तथा चतुर्थ नगाति ४।

·६·२ प्रमुख साध्वियों के नाम

·१ अंगारवती —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ८ श्लो २३३-२३४

सहागृह्णन्मृगावत्या प्रव्रज्यां स्वामिसन्निधौ ।
अष्टावंगारवत्याद्याः प्रद्योतनृपतेः प्रियाः ॥२३३॥
मृगावत्याद्याः प्रभुणाऽप्यनुशिष्य समर्पिताः ।
चन्दनायास्तदुपास्त्या सामाचारीं च जज्ञिरे ॥२३४॥

उज्जयिनी के चण्डप्रद्योत राजा की अंगारवती आदि आठ स्त्रियों ने मृगावती के साथ भगवान् के पास दीक्षा अंगीकार की। भगवान् ने उन्हें चंदना आर्या को सौंप दिया।

·२ आभीरी कुमारी —त्रिशलाका० पर्व १० सर्ग ७ । श्लो १७५-१७६

श्रेणिक राजाकी धर्मपत्नी थी।

राजाऽपि स्वामिनाऽऽख्यातं तस्याः पूर्वभवादिकम् ।
पृष्ठारोहणपर्यन्तं वृत्तान्त तपचीकथत् ॥
तच्छ्रुत्वा द्राग्विरक्ता साऽनुज्ञाप्य पतिमादरात् ।
श्री महावीरपादान्ते परिव्रज्यामुपाददे ॥

आभीरी कुमारी ने भगवान् के पास प्रव्रज्या ग्रहण की।

३· चंदणऽज्जा (आर्य चंदना)

(क) एएसि णं चउवीसाए तित्थगराणं चउवीसं पढमसिस्सिणीओ होत्था, तंजहा—

बंभी फग्गू सम्मा, अतिराणी कासवी रई सोमा ।
× × ×, चंदणऽज्जा य आहिया ॥
उदितोदितकुलवंसा, विसुद्धवंसा गुणेहि उववेया ।
तित्थप्पवत्तयाणं, पढमासिस्सी जिणवराणं ।

—सम० पइसम । सु २३३

(ख) (चंदणा) एसा पढमसिस्सिणी × × × ।

—आव० निगा ५१८ । मलय टीका

(ग) आर्यिकाश्चंदनाद्याः षट्त्रिंशत्सहस्रसंमिताः ।
नमंति तत्पदाब्जौ सत्तपोमूलगुणान्विताः ।

—वीरवर्धच० अधि १९ । श्लो २११

(घ) × × × चंदणणामाओ उसहपहुदीणं
एदा पढमगणीओ एक्केक्का सव्वविरदीओ ।

—तिलोप० अधि ४ । गा ११८०

(च) साध्वीनां संयमोद्योगघटनार्थं तदैव च ।
प्रवर्तिनीपदे स्वामी स्थापयामास चन्दनाम् ॥१८१॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ५

भगवान् महावीर के चन्दना नामक आर्यिका मुख्य थी । प्रथम शिष्या थी । भगवान् ने प्रवर्तिनी पद पर स्थापित किया ।

·४ कण्हा अज्जा (कृष्णा आर्या)

·५ सुकण्हा अज्जा (सुकृष्णा आर्या)

·६ महाकण्हा अज्जा (महाकृष्णा आर्या)

·७ वीरकण्हा अज्जा (वीरकृष्णा आर्या)

·८ रामकण्हा अज्जा (रामकृष्णा आर्या)

·९ पिउसेणकण्हा अज्जा (पितृसेनकृष्णा आर्या)

·१० महासेणकण्हा अज्जा (महासेनकृष्णा आर्या)

—अंत० वर्ग ८ । अ ४ से १०

कृष्णा आर्या यावत् महासेन कृष्णाआर्या श्रमण भगवान् महावीर की आर्या—साध्वियां थी ।

·११ काली अज्जा (काली आर्या-साध्वी)

—अंत० व० ८ । अ १ । सू ८

तएणं सा काली अज्जा अज्जचंदणाए अब्भणुण्णाया समाणी रयणावलिं तव उवसंपज्जित्ता णं विहरइ ।

आर्या चन्दनबाला की आज्ञा लेकर काली आर्या, रत्नावली तप करने लगी ।

·१२ देवाणंद (देवानंदा)

—भग० श ९ । उ ३३ । सू १५४

– अंत० वर्ग ८ । अ १ । सू ८

भग०—तएणं सा अज्जचंदणा अज्जा देवाणंदं माहणिं सयमेव मुंडावेति, सयमेव सेहावेति । ××× ।

श्रमण भगवान् महावीरने देवानंदा को स्वयमेव दीक्षा दी। दीक्षा देकर चंदना आर्या को शिष्या रूप में दिया। इसके पश्चात् आर्य चन्दनाने आर्य देवानन्दा को स्वयमेव प्रव्रजित किया, स्वयमेव मुंडित किया, स्वयमेव शिक्षा दी।

देवानन्दा चन्दनायै स्थविरेभ्यस्त्वथर्षभम्।
स्वामी समर्पयामास तौ चाऽपातां परव्रतम्।
अधीतैकादशांगौ तौ नानाविध तपः परौ।
अवाप्य केवलज्ञान मृत्वा शिवमुपेयतुः॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ८ । श्लो २६, २७

भगवान् ने दीक्षा देकर देवानंदा को चंदना आर्या को सौंपा। एकादशांगी का अध्ययन किया। विविध प्रकार का तप किया; केवलज्ञान प्राप्त कर मोक्ष पधारीं।

·१३ नंदा (नंदा)
१४· नंदवई (नंदवती)
·१५ नंदुत्तर (नन्दोत्तरा)
·१६ नंदिसेणिया (नन्दश्रेणिका)
·१७ मरुता (मरुता)
·१८ सुमरुता (सुमरुत्ता)
·१९ महमरुता (महामरुता)
२० मरुदेवा (मरुद्देवा)
·२१ भद्दा (भद्रा)
·२२ सुभद्दा (सुभद्रा)
·२३ सुजाया (सुजाता)
·२४ सुमणाइया (सुमनातिया
·२५ भूयदिण्णा (भूतदत्ता)

—अंत० व ७ । अ १ से १३

१ नंदा तह २ नंदवई, ३ नंदुत्तर, ४ नंदिसेणियाचेव।
५ मरुता, ६ सुमरुता, ७ महमरुता, ८ मरुदेवाय अट्ठमा ॥ १ ॥
९ भद्दा य, १० सुभद्दा य, ११ सुजाया, १२ सुमणाइया।
१३ भूयदिण्णा य बोधव्वा, सेणियभज्जाण नामाइं ॥ २ ॥

(क) × × × तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नयरे। गुणसिलए चेइए। से णिए राया—वण्णओ ॥४॥

तस्स णं सेणियस्स रण्णो नंदा नाम देवी होत्था—वण्णओ। सामी समोसढे। परिसा निग्गया ॥५॥

तए णं सा नंदा देवी इमीसे कहाए लद्धट्ठा हट्ठतुट्ठा कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता जाण दुरुहइ, जहा पउमावई जाव एक्कारस अंगाइं अहिज्जित्ता वीसं वासाइं परियाओ जावसिद्धा ॥ ६ ॥

एवं तेरसवि देवीओ नंदागमेण नेयव्वाओ ॥ ७ ॥

नंदा, नन्दवती, नन्दोत्तरा नदश्रेणिका, मरुता, सुमरुता, महामरुता, मरुद्देवा, भद्रा, सुभद्रा, सुजाता, सुमनातिका और भूतदत्ता।

ये तेरह नाम श्रेणिक राजा की रानियों के हैं—महाराज श्रेणिक की आज्ञा लेकर उन्होंने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ग्रहण कर ग्यारह अंगों का अध्ययन किया तथा बीस वर्ष श्रमण पर्याय का पालन कर अंत मे सिद्ध हुई।

(ख) तदाऽभयोव्रतायानुजज्ञे राज्ञा प्रमोदतः ॥१०२॥

× × ×

श्रीमहावीरपादान्ते नन्दाऽपि व्रतमग्रहीत् ॥१०४॥

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग १२। श्लो १०२ उत्तरार्ध, १०४ उत्तरार्ध

अभय कुमार ने दीक्षा ली है—ऐसा सोच-समझकर नंदा ने भी भगवान् महावीर के पास आकर प्रव्रज्या ग्रहण की।

·२६ प्रियदर्शना —त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग। ८। श्लो ३४

जमालिभार्या भगवद्दुहिता प्रियदर्शना।
सहिता स्त्रीसहस्रेण प्राव्राजीत् स्वामिनोऽन्तिके।

जमाली की स्त्री व भगवान् की पुत्री-प्रियदर्शना ने एक हजार स्त्रियों के साथ भगवान् के पास दीक्षा ग्रहण की।

·२७ महाकाली अज्जा (महाकाली आर्या) —अंत० व ८ । अ ३ । सू २१

महाकाली (अज्जा) वि, नवरं खुड्डागं सीहणिक्कीलियं तवोकम्मं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ।

महाकाली आर्याने लघुसिंहनिक्रीडित तप कर्म किया।

·२८ मियावई (मृगादेवी)— —आव० नि गा ५१८ टीका

—भग० श० १२ । उ २ । सू ३०

(क) आव०— × × × तत्थ सयाणितो राया मियादेवी ।

शतानिक राजाकी रानी का नाम मृगावती था। कालान्तर मे भगवान् के शासन मे दीक्षित हुई।

(ख) सहागृह्णमृगावस्या प्रव्रज्यां स्वामिसन्निधौ ।

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ८ । श्लो २१३ पूर्वार्ध

मृगावती (कोशाम्बी के राजा शतानिक की मृत्यु के बाद) ने भगवान् महावीर से प्रव्रज्या ग्रहण की।

(ग) × × × महावीरसमवसरणे सविमानागतचंद्रादित्योद्योतेन कालविभागमजानती मृगावतीनाम्नी साध्वी स्थिता ततस्तद्‌गमनेऽतिकालोऽयमिति संभ्रान्ता सह साध्वीभिरार्यचंदना समीपंगता तया चोपालब्धा अयुक्तमिदं भवादृशीनामुत्तमकुलजानानामिति । ×××।

—ठाण० स्था ४ । उ ३ । सू ४९९ । टीका

(घ) चन्द्रार्कयोर्गतवतोर्ज्ञात्वा रात्रिं मृगावती ।
प्रतिश्रयमुपेयाय चकिता काललंघनात् ।

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ८ । श्लो ३४२

एकबार भगवान् महावीर के समवसरण मे सविमान चद्रादि का आगमन हुआ। मृगावती देवी वही थी। रात हो गई थी। चद्र विमान का प्रकाश था। चद्रादि सविमान अपने स्थान चले गये। कालातिक्रम के भय से चलित होकर साध्वी मृगावती उपाश्रय मे आयी।

·२९ सुकाली अज्जा (सुकाली आर्या) – अंत० व ८ । अ २ । सू २०

तए णं सा सुकाली अज्जा अण्णया कयाइ जेणेव अज्जचंदणा अज्जा ×××। तहा कणगावली वि ×××।

सुकाली आर्या— आर्य चदना की आज्ञा लेकर कनकावली तप किया।

·३० सुज्येष्ठा (सुज्येष्ठा) — ठाण० स्था ६ । सू ६१

टीका —××× चेटकमहाराजदुहिता सुज्येष्ठाभिधाना वैराग्येण प्रव्रजिता उपाश्रयस्यान्तरातापयति स्म ।

सुज्येष्ठा चेटक महाराजा की पुत्री थी । वैराग्य भाव से प्रव्रजित हुई ।

·०७ प्रमुख श्रावक-श्राविकाओं के नाम

·०७·१ प्रमुख श्रावकों के नाम

·१ अम्मडे परिव्वायते (अंबड़ परिव्राजक) — ठाण० स्था ६ । सू ६१, ओवा० सू १४०

(क) ठाण० टीका —××× अंमडो अंमडाभिधानः परिव्राजकविद्याधरश्रमणोपासकः ।

अंबड़ परिव्राजक-श्रमणोपासक था ।

(ख) अत्रान्तरे जगद्भर्तुश्चरणोपासकः ।
परिव्राडंबडस्तत्रायायौ छत्री त्रिदंडभृत् ॥
स त्रिः प्रदक्षिणीकृत्य प्रणम्य च जिनेश्वरम् ।
रोमाञ्चितवपुर्भक्त्या रचिताञ्जलिरस्तवीत् ॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ६ । श्लो २६२, २६३

भगवान् महावीर के चरण की उपासना करने वाला अंबड़ नामक परिव्राजक छत्री और त्रिदंडी हाथ में लेकर भगवान् के निकट आया और तीन प्रदक्षिणा करके नमस्कार किया और भक्ति से रोमांचित होकर अञ्जलि जोड़कर स्तुति की ।

नोट —परिव्राजक होते हुए भी अंबड़ भगवान् का श्रमणोपासक था । नाग नामक रथकार की पत्नी सुलसा की परीक्षा भी की थी ।

·२ अभीयीकुमारे समणोवासए (अभीची कुमार श्रमणोपासक)

— त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग १२ । श्लो ३२ से ३४

—भग० श १३ । उ ६ । सू १२०

(क) भग० ××× तएणं से अभीयीकुमारे समणोवासए यावि होत्था । अभिगय० जाव विहरइ, उद्दायणंमि रायरिसिंमि समिणुबद्धवेरे यावि होत्था ।

(ख) त्रिशलाका०—श्रमणोपासकः सम्यग्जीवाजीवादितत्त्ववित् ।
अभीचिः श्रावकधर्मं यथावत् पालयिष्यति ।
गृहिधर्मं समा बह्वीः पालयन्नप्यखंडितम् ।
पराभवं स्मरन् वैरं न स हास्यत्युदायने ॥
कृत्वा संलेखनां सम्यक पाक्षिकानशनेन सः ।
पितृवैरमनालोच्य मृत्वा भाव्यसुरोत्तमः ॥

अभीचीकुमार—राजा उदायन का पुत्र था। उदायन ने दीक्षा ली। वह श्रमणोपासक हुआ। श्रमणोपासक होने पर भी अभीचीकुमार—उदायन राजर्षि के प्रति वैर के अनुबंध से युक्त था।

·३ आणंदे समणोवासए (आनंद श्रमणोपासक) —उवा० अ १। सू ८४

(क) तएणं से आणंदे समणोवासए × × ×। वीसं वासाइं समणोवासग-परियागं पाउणित्ता × × ×। सोहम्मे कप्पे × × × देवत्ताए उववण्णे।

आनंद श्रमणोपासक बीस वर्ष श्रमणोपासक की पर्याय का पालन कर सौधर्म कल्प मे देव रूप मे उत्पन्न हुआ।

(ख) त्रिकालदर्शी भगवान् कथयामासिवानिति।
श्रावकव्रतमानन्दः सुचिरं पालयिष्यति॥
—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ८। श्लो २६१

भगवान् ने कहा कि आनंदश्रावक चिरकाल श्रावकधर्मका पालन करेगा।

·४ इसिभद्दपुत्त (ऋषिभद्रपुत्र) —भग० श ११ उ १२। सू १७४

तत्थ णं आलभियाए नयरीए बहवे इसिभद्दपुत्तपामोक्खा समणोवासिया परिवसंति।

आलभिका नगरी मे ऋषिभद्र पुत्र आदि श्रावक बसते थे।

·५ उदाइणा (उदायी) —ठाण० स्था ९। सू ६०
— त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग १२। श्लो १९१

(क) ठाण° टीका उदायी कोणिकपुत्र, यः कोणिकेऽपक्रान्ते पाटलिपुत्रं नगरं न्यवीविशन् × × × परमसंवेगरसप्रकर्षमनुसरन् सामायिकपौषधादिकं सुश्रमणो-पासकप्रायोग्यमनुष्ठानमनुतिष्ठते × × ×।

कोणिक का पुत्र उदायी भी श्रमणोपासक था।

(ख) त्रिशलाका°—आलेख्यशेषता प्राप्ते कूणिकेतु तदात्मजम्।
सर्वे प्रधानपुरुषा राज्ये न्यधुरुदायिनम्॥
—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग १२। श्लो ४२६

कूणिक राजा की मृत्यु के बाद उसके प्रधान पुरुष उसके पुत्र उदायन को राज्य पर बैठाया। राजा श्रावक था।

·६ कामदेवे (कामदेव) —उवा० अ २। सू १४

मूल—तएणं से कामदेवे गाहावई समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सावयधम्मं पडिवज्जइ।

कामदेव गाथापति ने श्रमण भगवान् महावीर के पास श्रावकधर्म को अंगीकार किया।

·७ कुंडकोलिए (कुंडकोलिक) —उवा० अ ६ । सू १४

तएणं से कुंडकोलिए गाहावई समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सावयधम्मं पडिवज्जइ ॥

कुडकोलिक गाथापति ने श्रमण भगवान् महावीर के पास श्रावकधर्म स्वीकार किया ।

·८ चुलणीपिता (चुलनीपिता) - —उवा० अ ३ । सू १४

तएणं से चुलनीपिता गाहावई समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सावयधम्मं पडिवज्जइ ।

चुलनीपिता गाथापति ने श्रमण भगवान् महावीर के पास श्रावकधर्म अंगीकार किया ।

९ चुल्लसयए (चुल्लशतक) —उवा० अ ५ । सू १४

तएणं से चुल्लसयए गाहावई समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सावयधम्मं पडिवज्जइ ।

चुल्लशतक गाथापति ने श्रमण भगवान् महावीर के पास श्रावक धर्म अंगीकार किया ।

.१० चेटक श्रावक —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग १२ । श्लो २४९–२५०

चेटक राजा—बारह व्रतधारी श्रावक था ।

साधार्मिकश्चेटको मे तं निहन्मि न जातुचित् ।

शक्रेन्द्र ने कूणिक राजा से कहा कि चेटक श्रावक है अतः हमारा साधार्मिक है । अतः मैं उसको कदापि नही मार सकता ।

११ जिनदत्त श्रावक —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४ श्लो १४६

परमश्रावकस्तत्र जिनदत्ताभिधोऽवसत् ।

दयावान् विश्रुतो जीर्णश्रेष्ठीतिविभवक्षयात् ।

विशाला नगरीमे जिनदत्त नामक एक परम श्रावक रहता था । वैभव के क्षयसे जीर्णश्रेष्ठी नाम से प्रख्यात था ।

·१२ ढंक-श्रावक —त्रिशलाका पर्व १० । सर्ग ८ । श्लो ८८-८९

आर्यासहस्रसहिता साप्यार्या प्रियदर्शना ।

तस्थौ ढंककुलालस्य शालायामृद्धिशालिनः ।

परमश्रावको ढंकस्ता दृष्ट्वा कुमतस्थिताम् ।

बोधयिष्याम्युपायेन केनापीति व्यचिन्तयत् ॥

भगवान् के शासन से अलग होकर प्रिय-दर्शनासाध्वी श्रावस्ती नगरीमे एक हजार आर्या के साथ ढंक श्रावक (समृद्धवान कुम्हार) की शाला मे ठहरी । ढंक श्रावक परम श्रावक था । ढंक श्रावकने प्रियदर्शना को समझाकर वापस भगवानके शासन मे मिला दिया ।

—उवा० अ ६ । सु १४

·१३ नंदिणीपिया (नंदिनीपिता)

तएणं से नंदिणीपिया गाहावई समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सावयधम्मं पडिवज्जइ।

नंदिनीपिता गाथापति ने श्रमण भगवान् महावीर के पास श्रावकधर्म को स्वीकार किया।

·१४ नंदे मणियारसेट्ठी (नंद मणिकारश्रेष्ठी) —नाया० श्रु १ । अ १३ । सु ११

नंदे मणियारसेट्ठी धम्मं सोच्चा समणोवासए जाए।

नन्द मणियार श्रेष्ठी भगवान् महावीर के पास धर्म को सुनकर श्रमणोपासक हुआ। कालान्तर में साधुओं के दर्शन वगैरह का संयोग न मिलने के कारण श्रावकत्व में धीरे-धीरे कमी आने लगी।

—उत्त० अ २१ । गा १

·१५ पालिए सावए (पालित श्रावक)

चंपाए पालिए णाम, सावए आसी वाणिए।
महावीरस्स भगवओ, सीसे सो उ महप्पणो।

चम्पा नगरी में पालित नामक एक वणिक् श्रावक रहता था। वह महात्मा भगवान् महावीर का शिष्य था।

·१६ पोक्खली समणोवासए (पुष्कली श्रमणोपासक)

—भग० श १२ । उ १ । सु १

××× तत्थं सावत्थीए नगरीए पोक्खली नामं समणोवासए परिवसइ।

श्रावस्ती नगरी में पुष्कली श्रमणोपासक रहता था।

·१७ मद्दुए समणोवासए (मद्रुक श्रमणोपासक) —भग० श १८ । उ ७ । सु १३६

तत्थणं रायगिहे नगरे मद्दुए नामं समणोवासए परिवसति।

राजगृह नगर में मद्रुक श्रावक वास करता था।

·१८ महासतए (महाशतक) —उवा० अ ८ । सु १५

तएणं से महासतए गाहावई समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सावय-धम्मं पडिवज्जइ ××× रेवतीपामोक्खाहिं तेरसहिं भारियाहिं अवसेसं मेहुणविहिं पच्चक्खाइ ×××।

महाशतक गाथापति ने श्रमण भगवान् महावीर के पास श्रावक धर्म को स्वीकार किया। रेवती आदि तेरह भार्याओं के उपरान्त मैथुन विधि का प्रत्याख्यान किया।

·१६ लेइयापिता (लेतियापिता) —उवा० अ १० । सू १४

तएणं से लेतियापिता गाहावई समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सावय-धम्मं पडिवज्जइ।

लेतिया पिता गाथापति ने श्रमण भगवान् महावीर के पास श्रावक धर्म अंगीकार किया।

·२० लेव गाहावई (लेप गाथापति) —सूय० श्रु २ । अ ७ । सू १, ४

तत्थणं णालंदाए बाहिरियाए लेवे णामं गाहावई होत्था। ×××। से णं लेवे णामं गाहावई समणोवासए होत्था।

नालंदा के बाहरी भाग मे लेप गाथापति रहता था। वह श्रमणोपासक था।

·२१ वरुणे नागनत्तुए (वरुणनागनत्तुआ) भग० श ७ । उ ६ । सू २०७

(क) वरुणे णं भंते! नागनत्तुए कालमासे कालं किच्चा कहिंगए! कहिं उववण्णे? गोयमा। सोहम्मे कप्पे, अरुणाभे विमाणे देवत्ताए उववन्ने।

वरुण नाग नतुआ काल के समय काल कर सौधर्म देवलोक के अरुणाभ नामक विमान मे देवरूप मे उत्पन्न हुआ।

युद्ध मे प्रवृत्त होने के पूर्व उसने यह नियम लिया था कि रथमूसल संग्राम में युद्ध करते हुए मुझ पर जो पहले वार करेगा, उसी को मारना मुझे योग्य है, दूसरे को नहीं।

(ख) पौत्रोऽथ नागरथिनो द्वादशव्रतपालकः।
सम्यग्दृष्टिः षष्ठभोजी सदाभवविरक्तधीः।
राजाभियोगतः षष्ठभक्तान्तेऽपि कृताष्टमः।
श्री चेटकक्षितीशेन स्वयमत्यर्थमर्थितः॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग १२ । श्लो २५६, २५७

नागरथी का पौत्र वरुण बारहव्रत धारी था, सम्यग्दृष्टि था, बेले-बेले की तपस्या करने वाला था, संसार से विरक्त था, राजाभियोग से षष्ठ के अन्त मे भी अष्टम तप करने वाला था।

·२२ वग्गुरो (वग्गुरः) आव० नि गा ४८१ । टीका

(क) ततो सामी पुरिमतालं गच्छइ, तत्थ वग्गुरो नाम सेट्ठी। ×××। एवं सो सावगो जातो।

पुरिमताल नगर का श्रावक वागुर था।

(ख) तत्रासीद्वागुरः श्रेष्ठी धनी भद्रा च तत्प्रिया।
वन्ध्या श्रान्ता सुतकृते वृतैर्देवोपयाचितैः॥२०॥

× × ×

साधूनां नित्यसंसर्गाच्छ्रेष्ठिनौ श्रेष्ठबुद्धिकौ।
श्रावकत्वं प्रपेदाते विधिज्ञौ च बभूवतुः ॥३०॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४

पुरिमताल नगर मे साधनाकाल में भगवान् महावीर पधारे । वागुर श्रावक ने भगवान को वंदन किया । वहाँ वागुर ने कालान्तर में श्रावक के व्रत ग्रहण किये । उसकी पत्नी भद्रा ने भीश्रावक के व्रत ग्रहण किये ।

·२३ संखे समणोवासए (शंखश्रमणोपासक) —भग० श १२ । उ १ । सू १६

××× संख णं समणोवासए पियधम्मे चेव दढधम्मे चेव, सुदक्खुजागरियं जागरिए।

श्रमण भगवान ने श्रावकों को कहा—शंख श्रावक प्रियधर्मी और दृढधर्मी है। इसने प्रमाद और निद्रा का त्याग करके सुदर्शन जागरिका जाग्रत की है।

·२४ सद्दालपुत्ते (सद्दाल पुत्र) – उवा० अ ७ । सू ११

(क) तएणं से सद्दालपुत्ते समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए पंचाणुव्वइयं सत्तसिक्खाइयं—दुवालसविहं सावगधम्मं पडिवज्जइ। ×××।

सद्दालपुत्र श्रमण भगवान् महावीर के पास पंचाणुव्रत एवं सात शिक्षाव्रत द्वादशविध श्रावक धर्म को स्वीकार किया।

(ख) त्यक्त्वा नियतिवादं स प्रमाणीकृत्य पौरुषम्।
आनन्द इव शिश्राय स्वाम्यग्रे श्रावकव्रतम् ॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ८ । श्लो ३१६

नियतिवाद को छोड़कर सद्दालपुत्र ने आनन्द श्रावक की तरह भगवान के पास श्रावक धर्म अंगीकार किया।

·२५ सुदंसणे समणोवासए (सुदर्शन श्रमणोपासक)

—अंत० व ६ । अ ३ । सू ४६

तएणं सुदंसणे समणोवासए अज्जुणएणं मालागारेणं सद्धिं जेणेव गुणसिलए चेइए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ।

सुदर्शन श्रमणोपासक अर्जुन मालाकार के साथ जहाँ गुणशिलक चैत्य में श्रमण भगवान् महावीर थे—वहाँ आया।

·२६ सुदंसणे समणोवासए (सुदर्शन श्रमणोपासक)

—भग० श ११ । उ ११ । सू ११५

×××। तत्थणं वाणियग्गामे नगरे सुदंसणे नामं सेट्ठी परिवसइ—अड्ढेजाव

वाणियगामे सुदंसणे अपरिभूए समणोवासए अभिगयजीवाजीवे जाव अहापरिग्गहिएहिं तवोकम्मेहिं अप्पाणं भावेमाणे विहरइ। सामीसमोसढे जावपरिसा पज्जुवासइ।

वाणिज्य नगर मे सुदर्शन नामक सेठ रहता था। वह आढ्य यावत् अपरिभूत था। वह जीवाजीवादि तत्वों का जाननेवाला श्रमणोपासक था।

कालान्तर मे वह श्रमण भगवान् महावीर के शासन मे दीक्षित हुआ।

·२७ सुरादेवे समणोवासए (सुरादेव श्रमणोपासक) —उवा० अ ४। सू ५२

तए णं से सुरादेवे समणोवासए ××× वीसं वासाइं समणोवासगपरियागं पाउणित्ता × × × सोहम्मे कप्पे अरुणकंते विमाणे उववण्णे।

सुरादेव श्रमणोपासक बीस वर्ष श्रमणोपासक की पर्याय का पालन कर सौधर्म कल्प में अरुणकंत विमाण मे उत्पन्न हुआ।

·०७.२ प्रमुख श्राविकाओं के नाम

·१ अग्गिमित्ता (अग्निमित्रा) —उवा० अ ७। सू ३८

तए णं सा अग्गिमित्ता भारिया समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए पंचाणुव्वइयं सत्तसिक्खावइयं दुवालसविहं गिहिधम्मं पडिवज्जइ × × ×।

सद्दालपुत्र की पत्नी का नाम अग्निमित्रा था। उसने भगवान् महावीर के पास पंचाणुव्रत, सात शिक्षाव्रत—द्वादशविध गृहस्थ धर्म को स्वीकार किया।

·२ अस्सिणी (अश्विनी) —उवा० अ ९। सू १७

तए णं सा अस्सिणी भारिया समणोवासिया जाया—अभिगयजीवाजीवा × × ×।

नंदिनीपिताकी भार्या का नाम अश्विनी था। वह भी श्रमणोपासिका थी।

·३ उप्पला समणोवासिया (उत्पला श्रमणोपासिका) —भग० श १२। उ १। सू १

तस्स णं संखस्स समणोवासगस्स उप्पला नामं भारिया होत्था—सुकुमालपाणिपाया जाव सुरूवा, समणोवासिया अभिगयजीवाजीवा जाव अहापरिग्गहिएहिं तवोकम्मेहिं अप्पाणं भावेमाणी विहरइ।

शंख श्रावक की स्त्री का नाम उत्पला था। वह सुकुमाल हाथ-पाँव वाली यावत् सुरूप और जीवाजीवादितत्त्वों को जानने वाली श्रमणोपासिका थी।

·४ जयंती समणोवासियाए (जयंती श्रमणोपासिका) —भग० श १२। उ २। सू ३०

× × × जयंतीए समणोवासियाए ××× तत्थणं कोसंबीए नगरीए सहस्साणीयस्स रण्णो धूया, सयाणीयस्स रण्णो भगिणी, उदयणस्स रण्णो पिउच्छा, मिगावतीए

देवीए नणंदा, वेसालियसावयाणं अरहंताणं पुव्वसेज्जातरी जयंती नामं समणो-वासिया होत्था—सुकुमालपाणिपाया जाव सुरूवा अभिगयजीवाजीवा जावअहा-परिग्गहिएहिं तवोकम्मेहिं अप्पाणं भावेमाणी विहरइ।

जयंती श्रमणोपासिका—वह सहस्रानीक राजा की पुत्री, शतानिक राजा की बहिन, उदायन राजा की भूआ, मृगावती देवी की ननद, और श्रमण भगवान् महावीर के साधुओं की प्रथम शय्यातर थी। वह सुकुमाल यावत् सुरूप और जीवाजीव आदि तत्त्वों की जानकार यावत् विचरती थी।

·५ देवाणंदा समणोवासिया (देवानंदा श्रमणोपासिका) —भग० श ९। उ ३३

तस्स णं उसभदत्तस्स माहणस्स-देवाणंदा णामं माहणी होत्था ××× समणो-वासिया ×××।

ऋषभदत्त ब्राह्मण की पत्नी का नाम देवानन्दा था। वह श्रमणोपासिका थी।

·६ धन्ना समणोवासिया (धन्या श्रमणोपासिका) - उवा० अ ४। सू १७

तएणं सा धन्ना भारिया समणोवासिया जाया—अभिगयजीवा ×××।

सुरादेव श्रमणोपासक की धन्या नाम की पत्नी थी। वह भी श्रमणोसिका थी।

·७ नंदा श्राविका —त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ४। श्लो ४७६

राज्ञस्तस्य च सचिवः सुगुप्तो नाम तत्प्रिया।
नंदा नाम श्राविकेति मृगावत्याः परा सखी॥

कौशाम्बी के शतानिक राजा के सुगुप्त नामक एक मन्त्री था। उसके नंदा नामक स्त्री थी। वह श्राविका थी और मृगावती की सखी थी।

·८ पूसा समणोवासिया (पूषा श्रमणोपासिका) —उवा० अ ६। सू १७

तए णं सा पूसा भारिया समणोवासिया जाया अभिगयजीवाजीवा ×××।

कुडकोलिक की पत्नी का नाम पूषा था। वह भी श्रमणोपासिका थी।

·९ फग्गुणी समणोवासिया (फाल्गुनी श्रमणोपासिका) —उवा० अ १०। सू १७

तएणं सा फग्गुणी भारिया समणोवासिया जाया—अभिगयजीवाजीवा ×××।

लेतिया पिता की पत्नी का नाम फाल्गुनी था। वह भी श्रमणोपासिका थी।

·१० बहुला समणोवासिया (बहुला श्रमणोपासिका) उवा० अ ५। सू १७

तए णं सा बहुला भारिया समणोवासिया जाया—अभिगयजीवाजीवा ×××।

चुल्लशतक श्रमणोपासक के बहुला नामक पत्नी थी। वह भी श्रमणोपासिका थी।

·११ भद्दा समणोवासिया (भद्रा श्रमणोपासिका) —उवा० अ २ । सू १७

तए णं सा भद्दा भारिया समणोवासिया जाया । ×××।

कामदेव गाथापति की भार्या का नाम भद्रा था । वह भी श्रमणोपासिका थी ।

·१२ सामा समणोवासिया (श्यामा श्रमणोपासिका) —उवा० अ ३ । सू १७

तएणं सा सामा भारिया समणोवासिया जाया—अभिगयजीवाजीवा जाव ×××।

चुलनीपिता की पत्नी का नाम श्यामा था । वह भी श्रमणोपासिका थी ।

·१३ सिवनंदा (शिवनंदा). —उवा० अ १ । सू ५२

(क) तए णं सिवणंदा भारिया समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए पंचाणुव्वइयं सत्तसिक्खावइयं दुवालसविहं गिहिधम्मं पडिवज्जइ ।

आणंद श्रावक की भार्य्या का नाम शिवनदा था । उसने श्रमण भगवान् महावीर के पास पंचाणुव्रत, सात शिक्षाव्रत—द्वादश विध गृहस्थ धर्म को स्वीकार किया ।

(ख) आनन्दः शिवनन्दाया उपेत्याथ ससंमदः ।
अशेषं कथयामास गृहिधर्मं प्रतिश्रुतम् ॥ २५८ ॥
× × ×
प्रपेदे शिवनन्दाऽपि गृहधर्मं समाहिता ॥ २६० ॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ८

आनंद श्रावक की पत्नी शिवनदा भगवान महावीर के पास आयी । वंदन नमस्कार कर गृहिधर्म को अंगीकार किया ।

·१४ सुलसाए सावियाए (सुलसा श्राविका) —ठाण० स्था ९ । सू ६०

—आव० चू० उत्तरार्द्ध पत्र सं० १६४

—भरतेश्वर बाहुबलि वृत्ति, पत्र संख्या २४८-२, २५५-१

(क) ठाण०—समणस्स णं भगवतो महावीरस्स तित्थंसि णवहिं जीवेहिं तित्थगरणामगोत्ते कम्मे णिव्वत्तिते, तंजहा—सेणिएणं, सुपासेणं, उदाइणा, पोट्टिलेणं अणगारेणं, दढाउणा संखेणं, संतएणं, सुलसा सावियाए, रेवतीए ।

टीका — ××× तथा श्राविकां—श्रमणोपासिका सुलसाभिधानां बुद्धः-सर्वज्ञधर्म्मं आवितेयमित्यवगतवान् श्राविका वा बुद्धा—ज्ञाता येन स श्राविकाबुद्धः ।

(राजगृह मे) एक सुलसा श्राविका थी । वह अपने श्रावक धर्म मे बहुत दृढ़ थी ।

(ख) इतश्च शक्रः सदसि प्रशंसामिति निर्ममे।
श्राविका उप सुलसां साम्प्रतं भरतावनौ॥
एको देवस्तदाकर्ण्य विस्मयोत्कर्णिताननः।
सुलसायाः श्राविकात्वं परिक्षितुमुपाययौ॥
—त्रिशलाका० पर्व । १० । सर्ग ५ । श्लो ६४, ६५

भरत क्षेत्र मे सुलसा सच्ची श्राविका है—ऐसी प्रशंसा शक्रेन्द्र ने की। एक देव सुलसा श्राविका की परीक्षार्थ आया।

—०—

१०८ सम सामयिक विशिष्ट व्यक्तियों के नाम

·०८·१ राजाओं के नाम

·१ अज्जुणो राया (अर्जुन राजा) —विवा० श्रु २ । अ ८ । सु १

सुघोसं णयरं। देवरमणं उज्जाणं। वीरसेणो जक्खो। अज्जुणो राया।

सुघोष नगर का अर्जुन राजा था।

·२ अदीणसत्तू राया (अदीनशत्रु राजा) —विवा० श्रु २ । अ १ सु ७

तत्थणं हत्थिसीसे नयरे अदीणसत्तू नामं राया होत्था।

हस्तिशीर्ष नगर का अदीनशत्रु राजा था।

·३ अप्पडिहओ राया (अप्रतिहत राजा) —विवा० श्रु २ । अ ५ । सु १

सोगंधिया नयरी। नीलासोगं उज्जाणं। सुकालो जक्खो। अप्पडिहओ राया।

सौगंधिका नगरी का अप्रतिहत राजा था।

·४ अलक्के राया (अलक्ष राजा) —अंत० वर्ग ६ । अ १६ । सु ६७, ६८

ते णं कालेणं तेणं समएणं वाराणसी नगरी, काममहावणे चेइए।

तत्थणं वाणारसीए अलक्के नामं राया होत्था।

वाराणसी नगरी का राजा का नाम अलक्ष था। कालान्तर मे श्रमण भगवान् महावीर के पास दीक्षा ग्रहण की।

'५ आर्द्रक राजा त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ७ । श्लो १७७ से १७९

इतश्च मध्येऽम्भोराशि पातालभवनोपमः।
आर्द्रको नाम देशोऽस्ति पुरं तत्रार्द्रकाभिधम् ॥१७७॥
राजमानः श्रिया राजा राजेवानन्दको दृशाम्।
तत्राभूद्रार्द्रक इति महिषी तस्य चार्द्रका ॥१७८॥
तयोरार्द्रककुमारोऽभवदार्द्रमनाः सुतः।
स प्राप्त यौवनो भोगान् भुञ्जानोऽस्थाद्यथारुचि ॥१७९॥

समुद्र के मध्य मे पाताल भुवन जैसा आर्द्रक नामक देश है वहाँ आर्द्रक नामक मुख्य नगर है। वहाँ का राजा आर्द्रक था। उसकी पत्नी का नाम आर्द्रका था। उसके आर्द्रकुमार नामक पुत्र था।

'६ उदयणे नामं राया (उदयन नाम राजा) —भग० श १२ । उ २ । सू ३०

(क) मूल—तेणं कालेणं तेणं समएणं कोसंबी नामं नगरी होत्था × × ×। उदयणे नाम राया होत्था।

कौशाम्बी नगरी मे उदयन नाम का राजा था। वह शतानिक राजा का पुत्र था। वीतिभय नगर के उदायन राजा —मासाजी लगते थे। चूंकि शतानिक राजा की पत्नी मृगावती तथा उदायन राजा की पत्नी प्रभावती थी। दोनो सहोदर बहन थी।

(ख) स्वामीप्रभावान्निर्वाणवैरः प्रद्योतभूपतिः।
तामनुज्ञाय कौशाम्ब्यां चकारोदयनं नृपम्।

त्रिशलाका पर्व १० । सर्ग ८ । श्लो २३२

कौशाम्बी के राजा शतानिक की मृत्यु के कई वर्षों बाद उसका पुत्र उदयन राजगद्दी पर बैठा। चूँकि चडप्रद्योत ने उसको राजा बनाना उचित समझा।

'७ उदायणे राया (उदायन राजा) भग० श १३ । उ ६ । सू १०२

तत्थणं वीतिभए णयरे उदायणे णाम राया होत्था। × × × समणोवासए अभिगयजीवाजीवे जाव विहरइ।

वीतिभय नगर मे उदायन नाम का राजा था। वह जीवाजीवादि तत्त्वों का जानकार श्रमणोपासक था।

'८ करकंडू राया (करकंडू राजा) —धर्मो० पृ० ११६, ११९

करकंडू कलिंगेसु × × ×।

कलिंग जनपद का राजा करकडू था।

•९ कोणिए (कोणिक) - ओव० सू १४, नाया० श्रु० १ । अ १ । सू १
निरय० व २ । सू ४

(क) तत्थ णं चंपाए नयरीए सेणियस्स रन्नो भज्जा कुणियस्स रन्नो ×××।
—निरय० व २ । सू ४

(ख) तत्थ णं चंपाए नयरीए कोणिए नामं राया होत्था।
—नाया० श्रु १ । अ १ । सू १

चंपा नगरी मे श्रेणिक राजा का पुत्र कोणिक राजा था।

•१० चण्डप्रद्योतभूपतिः (चंडप्रद्योतराजा) — त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ११ । श्लो ११४

अन्यदोज्जयिनीपुर्याश्चण्डप्रद्योतभूपतिः

× × ×

उज्जयिनीका राजा चंडप्रद्योत था। राजा की स्त्री का नाम शिवा था—जो चेटक महाराज की पुत्री थी।

•११ चेटक —त्रिशलाका पर्व १० । सर्ग १२ । श्लो १६६ पूर्वार्ध, २००

वैशाली का राजा चेटक था।

अन्यस्मिंश्च दिने हल्लविहल्लौ पृथिवीपतिः

× × ×

(क) मातामहश्चेटकस्तौ परिरभ्य समागतौ।
स्नेहेन प्रतिपत्त्या च ददर्श युवराजवत्।

कुणिक के भय से हल्ल-विहल्ल अंतपुर और हार आदि लेकर वैशाली के चेटक राजा (नाना था) के पास आ गये थे।

(ख) नष्टवा स्वस्वपुरं यात्सु गजराजेषु चेटकः।
प्रणश्य प्राविशत् पुर्यां कूणिकोऽपि रुरोध ताम्॥ २६०॥
— त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग १२

महाशिला कटक और रथमूशल संग्राम मे गण सहित राजा चेटक अपनी नगरी मे आ गये और गणराजा अपनी-अपनी नगरी मे चले गये।

(ग) सिंधु-विसइ वइसाली पुरवरि।
× × ×
चेडउ णाम णरेसरु णिवसइ॥

—वीरजि० संधि १ । कड ७

सिंधु विषय (नदी प्रधान विदेह नामक प्रदेश) मे वैशाली नामक नगर था। उस नगर मे चेटक नामक नरेश्वर निवास करते थे।

·१२ जणगो राया (जनक राजा) —आव० निगा ५१५

- त्रिशलाका पर्व १० । सर्ग ४ श्लो ३४२

मिथिला का जनक राजा था।

(क) आव०—मिहिलाए जणगो राया पूयं करेइ।

जब भगवान महावीर मिथिला नगरी पधारे तब जनक राजा ने भगवान् की पूजा की।

(ख) गतोऽथ मिथिलापुर्यां स्वामी जनक भूभुजा।

—त्रिशलाका पर्व १० । सर्ग ४ । श्लो ३४२ पूर्वार्ध

मिथिला नगरी के राजा जनक थे।

·१३ जियसत्तू राया (जितशत्रु राजा) —अणुत्त० व ३ । अ १ । सू ४

तेणंकालेणं तेणं समएणं काकंदी नामं नयरी होत्था × × × जियसत्तू राया।

काकंदी नगरी का राजा जितशत्रु था।

·१४ जियसत्तू राया (जितशत्रु राजा) राय० सू १४६

(क) तत्थ णं कुणालाए जणवए सावत्थी नाम नयरी होत्था × × × तत्थणं सावत्थीए नयरीए पएसिस्स रन्नो अंतेवासी जियसत्तू नामं राया होत्था।

(ख) तेणं कालेणं तेणं समएण सावत्थी नयरी। कोट्ठए चेइए। जियसत्तू राया।

—उवा० अ ९ । सू २

कुणाल देश मे श्रावस्ति नामकी नगरी थी। उस नगरी मे प्रदेशी राजा का अंतेवासी (आज्ञा धारक मित्र) जितशत्रु राजा था।

·१५ जियसत्तू राया (जितशत्रु) —दसामु० अ ५ । सू २, उवा० अ १ । सू १०

तेणं कालेणं तेणं समएणं वाणियगामे नामं नयरे होत्था। × × × जियसत्तू राया।

उस काल उस समय मे वाणिज्य ग्राम नाम का एक नगर था। वहाँ जितशत्रु राजा था।

१६ जियसत्तू (जितशत्रु) —आव० नि० गा ४८९।

मलय टीका—ततो भगवान् लोहार्गले नगरे गतः, तत्र जितशत्रू राजा।

लोहार्गल नगर मे जितशत्रु राजा था।

·१७ जियसत्तू राया (जितशत्रु राजा) —उवा० अ २ । सू २

तेणं कालेणं तेणं समएणं चंपा नाम नयरी। पुण्णभद्दे चेइए। जियसत्तू राया।

चंपा नामक नगरी थी। उसका राजा जितशत्रु था।

—उवा० अ १ । सू १

·१८ जियसत्तू (जितशत्रु)

तेणं कालेणं तेणं समएणं वाराणसी नामं नयरी। कोट्ठए चेइए। जियसत्तू राया।

वाराणसी नामक नगरी का राजा जितशत्रु था।

—उवा० अ ५ । सू २

१९ जियसत्तू राया (जितशत्रु राजा)

तेणं कालेणं तेणं समएणं आलभिया नामं नयरी। संखवणे उज्जाणे। जियसत्तू राया।

आलभिया नगरी का राजा जितशत्रु था।

— उवा० अ ६ । सू २

·२० जियसत्तू राया (जितशत्रु राजा)

तेणं कालेणं तेणं समएणं कंपिल्लपुरे नयरे। सहस्सववणे उज्जाणे। जियसत्तू राया।

कपिलपुर नगर का राजा जितशत्रु था।

उवा० अ ७ । सू २

·२१ जियसत्तू राया (जित शत्रु राजा)

तेणं कालेणं तेणं समएणं पोलासपुरं नामं नयरं। सहस्संबवणं उज्जाणं। जियसत्तू राया।

पोलासपुर नगर का जितशत्रु राजा था।

—विवा० श्रु २ । अ ९ । सू १

·२२ दत्ते राया (दत्त राजा)

चंपा नयरी। पुण्णभद्दे उज्जाणे। पुण्णभद्दे जक्खे। दत्ते राया। रत्तवती देवी।

चपा नामक नगरी थी। पूर्णभद्र उद्यान था तथा पूर्णभद्र यक्ष था। दत्त नामक राजा था। उसके रक्तवती देवी थी।

—त्रिशलाका पर्व १० । सर्ग ९ श्लो

·२३ दधिवाहन राजा

(क) सचास्य सूनुः सचिवैर्दधिवाहनभुजा।
चंपानाथेन संभूय राज्यात्प्रच्यावयिष्यते।

चपानगरी का राजा दधिवाहन था। जब प्रसन्नचद्र राजर्षि एकांत मे ध्यान कर रहे थे तब रास्ते मे श्रेणिक राजा के दो सैनिक परस्पर बातचीत कर रहे थे कि पोतनपुर के मत्री दधिवाहन से मिलकर पोतनपुर के राज्य का हरण कर लेंगे।

(ख) अंगाजणवए सग्गनयरि-संकासाए चंपाए नयरीए नरिंदलच्छिसंकेयट्ठाणो।

—धर्मो पृ० ११६

अंगजनपद मे चपानगरी का राजा दधिवाहन था।

·२४ दुम्मुहो राया (दुर्मुखराजा) —धर्मो० पृ० १२०

तह पंचाल - जणवए कंपिल्लपुरे नयरे गुण-रयण - जलनिही दुम्मुहो राया। ×××।

पचाल जनपद मे कंपिलपुर नगर का राजा दुर्मुख था।

·२५ धणावहो राया (धनावाह राजा) —विपा० श्रु २ । अ २ । सू १

तेणं कालेणं तेण समएणं उसभपुरे नयरे। थूभकरंडग उज्जाणं। धण्णो जक्खो। धणावहो राया। सरस्सई देवी।

ऋषभपुर नगर का राजा धनावाह था।

·२६ नग्गई राया (नग्गई राजा) —धर्मो० पृ० १२१

तहा गंधार - जणवए पुरिसपुरे नगरे जयसिरिकुलमंदिरं नग्गई राया। ×××।

गधार जनपद मे पुरुषपुर नगर का राजा नग्गई था।

·२७ नमीराया नमि राजा) —धर्मो० पृ० १२१

तहा विदेहा-जणवए मिहिला नयरीए नमी राया। ×××।

मिथिला नगरी—विदेह जनपद—का राजा नमि था।

·२८ पएसीराया (प्रदेशी राजा) —राय० सू १४२

तत्थणं केइयअद्धे जणवए सेयविया णामं नगरी होत्था। ××× तत्थणं सेयवियाए णगरीए पएसी णामं राया होत्था।

केकयार्द्ध जनपद मे श्वेताम्बिका नगरी थी। वहाँ प्रदेशी राजा राज्य करता था। कालान्तर मे प्रदेशी राजा श्रमणोपासक भी हुआ।

·२९ पज्जोयहो (प्रद्योत) —बोधजि० सधि १। कड १

××× उज्जेणिपुरि।

××× पज्जोयहो उवरि॥

उज्जयिनी पुरी का राजा प्रद्योत था।

·३० प्रसेनजित् राजा —त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ६। श्लो १, २

इतश्चाऽत्रैव भरते कुशाग्रपुरपत्तने।

कुशाग्रीयमतिरभूत् प्रसेनजिदिलापतिः॥ १॥

कुशाग्रपुर का प्रसेनजित् राजा था।

·३१ पालओ राया (पालक राजा) —वायुपुराण अ ९९। श्लो ३१२

—मत्स्यपुराण अ २७१। श्लो ३

—तित्थोगाली पइन्नय विविधतीर्थ कल्प, १२०, २१, अपापाबृहत्कल्प

तित्थो०—जं रयणिं सिद्धिगओ अरहा तित्थंकरो महावीरो।
तं रयणिमवंतिए, अभिसित्तो पालओ राया॥
पालगरण्णो सट्ठी, पण पणसयं वियाणि णंदाणमू।
मुरियाणं सट्ठिसयं तीसापुण पूसमित्ताणं॥

भगवान् महावीर जिस दिन निर्वाण प्राप्त होते हैं उसी दिन उज्जैनी में पालक राजा राजगद्दी पर बैठता है।

नोट—चन्द्रप्रद्योत राजा का पुत्र पालक होता है।

·३२ पियचंदो राया (प्रियचंद्र राजा) —विवा० श्रु २। अ ६। सू १

कणगपुरं नयरं। सेयासोय उज्जाणं। वीरभद्दोजक्खो। पियचंदो राया। सुभद्दा देवी। ×××।

कनकपुर का राजा—पियचंद्र था।

·३३ बल राया (बल राजा) —विवा० श्रु २। अ ७। सू १

महापुरं नयरं। रत्तासोगं उज्जाणं। रत्तपाओ जक्खो। बले राया। सुभद्दा देवी। ×××।

महापुर नगर का राजा बल था।

·३४ मित्तनंदी राया (मित्रनंदी राजा) —विवा० श्रु २। अ १०। सू १

तेणं कालेणं तेणं समएणं साएयं णामं नगरं होत्था। ××× मित्तनंदी राया।

उस काल उस समय। साकेत नामक नगर था। मित्रनंदी राजा था।

·३५ महचंद राया (महाचन्द्र राजा) —विवा० श्रु १। अ ४। सू ५

तत्थणं साहंजणीए णयरीए महचंदे णामं राया होत्था।

साहजनी नगरी के राजा का नाम महाचन्द्र था।

·३६ महब्बल राया (महाबल राजा) —विवा० श्रु १ अ ३। सू ५

तत्थणं पुरिमताले नयरे महब्बले नामं राया होत्था।

पुरिमताल नगर के राजा का नाम महाबल था।

·३७ मित्ते राया (मित्र राजा)— विवा० श्रु १। अ २। सू ५

तत्थणं वाणियगामे नयरे मित्ते नामं राया होत्था।

वाणिज्य ग्राम के राजा का नाम मित्र था।

•३८ वासवदत्त राया (वासवदत्त राजा) —विवा० श्रु २ । अ ४ । सू १

विजयपुरं नयरं । नंदणवणं उज्जाणं । असोगो जक्खो । वासवदत्ते राया ।

विजयपुर नगर का राजा वासवदत्त था ।

•३९ विजयमित्त राया (विजयमित्र राजा) —विवा० श्रु १ । अ १० । सू २

तेणं कालेणं तेणं समएणं वड्ढमाणपुरे नामं नयरे होत्था । विजयवड्ढमाणे उज्जाणे । माणिभद्दे जक्खे । विजयमित्ते राया ।

वर्द्धमानपुर नगर का राजा विजय मित्र था ।

•४० विजए राया (विजय राजा) —विवा० श्रु १ । अ १ । सू १२

तत्थणं मियग्गामे नयरे विजए नामं खत्तिए राया परिवसइ ।

मृगाग्राम नगर मे विजय नामक एक क्षत्रिय राजा निवास करता था ।

•४१ विजय राया (विजय राजा) —अंत० व ६ । अ १५ । सू ७२

तत्थणं पोलासपुरे नयरे विजय नामं राया होत्था । ××× ।

पोलासपुर नगर मे विजय नामक राजा था ।

•४२ वीरकण्हमित्त राया (वीरकृष्णमित्र राजा) विवा० श्रु २ । अ ३ । सू १

वीरपुरं नयरं । मणोरमं उज्जाणं । वीरकण्हमित्ते राया । ××× ।

वीरपुर नगर के राजा का नाम वीरकृष्णमित्र था ।

•४३ वीरंगए (वीरांगक)

•४४ वीरजसे (वीरयशा)

•४५ संजय (संजय)

—ठाण० स्था ८ । सू ४१

वीरंगए वीरजसे, संजय ××× ।

वीरांगक वीरयशा और सजय—ये भी भगवान् महावीर के समकालीन राजा रहे हैं ।

•४६ वेसमणदत्त (वैश्रमणदत्त) —विवा० श्रु १ । अ ९ । सू २

तेणं कालेणं तेणं समएणं रोहीडए नामं नयरे होत्था । ××× वेसमणदत्ते राया । सिरीदेवी । पूसनंदी कुमारे जुवराया ।

उस काल उस समय मे रोहीतक नामक नगर था । उस नगरी का राजा वैश्रमणदत्त था । उसके श्रीदेवी नाम की रानी थी । उसके पुष्यनंदी कुमार युवराज था ।

•४७ सेणिए राया (श्रेणिक राजा)

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ५ । श्लो १०९, ११०, ११२ उत्तरार्ध

(क) कुमारा हस्त्यादि समादाय यथारुचि ।
निर्ययुः श्रेणिकस्त्वेकां भम्भामादाय निर्ययौ ॥ १०९ ॥
किमेतत्कृष्टमित्युक्तो नृपेण श्रेणिकोऽवदत् ।
जयश्यचिह्नं भम्भेयं प्रथमं पृथिवीभुजाम् ॥ ११० ॥
× × ×
श्रेणिकस्य ददौ भम्भासार इत्यपराभिधाम् ॥ ११२ ॥

महल में आग लगने पर श्रेणिक ने भंभा को निकाला । यह भंभा वाद्य राजाओं का प्रथम चिह्न है । प्रसेनजित् राजा ने श्रेणिक का उपनाम भंभासार रखा ।

(ख) सेणिए भंभसारे —नाया० श्रु० १ । अ० १३

—दसासु० दशा १० । सू १

(ग) सेणिय कुमारेण पुणो जयढक्का कड्ढिया पविसिऊणं ।
पिऊण तुट्ठे ण तओ भणिओ सो भंभासारो ।

— उपदेशमाला सटीक पत्र ३३४-१

महलों में आग लग जाने से सभी राजकुमार विविध वस्तुएँ लेकर भागे । श्रेणिक भंभा (भेरी) को ही राजचिह्न के रूप में सारभूत समझ कर भागा । इसलिए उसका नाम भंभासार पड़ा ।

(घ) तत्थणं रायगिहे नयरे सेणिए नामं राया होत्था । × × × ।

— नाया० श्रु । १ । अ १ । सू १४

राजगृह नगर में श्रेणिक नामक राजा था ।

·४८ संखो गणराया (शंखगण राजा) आव०निगा ४९२ । टीका

आव० चू । पूर्वभाग पृ २९९

त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४ । श्लो १३८

आव० -ततो भगवं वेसालिं नगरिं पत्तो, तत्थो संखो नाम गणराया, सिद्धत्थस्स रण्णे मित्तो, सो तं पूयइ ।

वैशाली का शंख गणराजा जो भगवान् के पिता का मित्र था ।

·४९ संख राया (शंख राजा) ठाण० स्था ८ । सू ४१

तह संखे कासिवद्धणे ।

टीका × × × शंख काशीवर्द्धनो वणारसीनगरीसंबंधिजनपदवृद्धिकर इत्यर्थः ।

वाराणसी का राजा शंख था ।

·५० सच्चइ (सात्यकि) —वीरजि० संधि ५ । कड १

महिउरि × × × × ।

× × × सच्चइ णामे ॥

महीपुर का राजा सात्यकि था ।

·५१ समरवीर राजा —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो १२५

राजा समरवीरोऽथ यशोदां कन्यकां निजाम् ।

प्रदात् वर्धमानाय प्राहिणोन्मंत्रिभिः सह ॥

राजा समवीर ने यशोदा नामक स्वयंकी कन्या को वर्धमान के लिये मन्त्रियों के साथ भेजा ।

५२ सयाणितो राया (शतानिक राजा) —आव० निगा ५१८ टीका

(क) ततो सामी कोसंबिं गतो, तत्थ सयाणितो राया मियादेवी । × × × । ततो सामी कोसंबिंगतो, तत्थसयाणियो राया मियावई देवी तच्चावादी धम्मपाढगो × × × ।

जब छद्मस्थावस्था मे भगवान् महावीर कोसंबी नगरी पधारे । तब वहाँ का राजा शतानिक था ।

(ख) शशंस पुरि कौशाम्ब्यां शतानीकोऽस्ति भूपतिः ॥ १५४ ॥

नाम्ना मृगावती पूर्णमृगांकास्या मृगेक्षणा ।

एषाऽग्रमहिषी तस्य मृगारातिसमौजसः ॥ १५५ ॥

त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ८ । श्लो १५४ उत्त०, १५५

कौशाम्बी नगरी का राजा शतानिक था । उसकी पटरानी का नाम मृगावती था ।

·५३ सिद्धत्थे राया (सिद्धार्थ राजा) —विवा० श्रु १ । अ ७ । सू ३

तत्थणं पाडलिसंडे नयरेसिद्धत्थे राया ।

पाटलीसंड नगर का राजा सिद्धार्थ था ।

·५४ सिरिदाम राया (श्रीदाम राजा) —विवा० श्रु १ । अ ६ । सू २

तेणं कालेणं तेणंसमएणं महुरां नाम नयरी । भंडीरे उज्जाणे । सुदरिसणे जक्खे सिरिदामे राया ।

उस काल उस समय में मथुरा नगरी का राजा—श्रीदाम था ।

·५५ सेओ राया (सेये राजा) —राय० सू १, ५

तेणं कालेणं तेणं समएणं आमलकप्पा नामं नयरी होत्था × × × तत्थणं आमलकप्पाए नयरीए सेओ राया ।

आमलकल्प नगरी का राजा सेये था। कालान्तर मे भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली।

·५६ सोरियदत्त राया (शोरिकदत्त राजा) — विवा० श्रु १। अ ८। सू २

तेणं कालेणं तेणं समएणं सोरियपुरं नयरं। सोरियवडेंसगं उज्जाणं। सोरिओ जक्खो। सोरियदत्ते राया।

शौरिकपुर नगर मे शौरिकदत्त राजा था।

५७ हस्तिपाल —त्रिशलाका पर्व १०। सर्ग १३। श्लो ३

स्वामिनं समवसृत्यं ज्ञात्वाऽपापापुरीपतिः।

हस्तिपालः समागत्य नत्वा च समुपाविशत्॥

जब श्रमण महावीर पावापुरी पधारे—तब हस्तिपाल राजा ने उनके दर्शन किये। भगवान् ने हस्तिपाल राजा के द्वारा देखे गये हाथी आदि सात स्वप्नों का फल बतलाया।

·५८ णेज्जरायाणो (निजकः राजा) —ठाण० स्था ८। सू ४१
आव० नि गा ४६८

आव०—सेयवियाए पदेसी पंचरहो णेज्जरायाणो।

मलय टीका—ततः श्वेताम्ब्यां नगर्यां गतः, तत्र प्रदेशी राजा, स भगवतो महिमां कृतवान्, तथा पंचभो रथेरागता ये प्रदेशिपार्श्वे निजा एव निजका—नैयक गोत्रा राजानस्तेऽपि महिमां कृतवन्तः।

××× कथानकादवसेयः, तच्चेदम्—

×××, ततो सेयवियं गतो, तत्थ पएसो राया समणोवासतो भयवतो महिमं करेइ, ततो भयवं सुरभिपुर वच्चइ, तत्थ अंतराए णिज्जया रायाणो पंचहिरहेहिं एंति पदेसिस्सो पासं, तेहिं तत्थ सामी वंदितो पूइतो य।

श्वेताम्बिका नगरी के प्रदेशि राजा के नैयक गोत्र पाँच राजाओं ने भगवान् की महिमा की।

·५६ सिवेरायरिसी (शिव राजर्षि) —भग० श ११। उ ६। सू ५८, ६३, ६४

तत्थ णं हत्थिणापुरे नगरे सिवे नामं राया होत्था ×××।

जे इमे गंगा कूलगा वाणपत्था तापसा भवंति, तं चेव जाव तेसिं अंतियं मुंडे भवित्ता दिसापोक्खियतावसत्ताए पव्वइए। ×××।

हस्तिनापुर का राजा शिव था। शिवभद्र राजा की आज्ञा लेकर शिवराजा तापसोचित उपकरण ग्रहण किये और गगानदी के किनारे दिशा प्रोक्षक तापसों के पास दिशाप्रोक्षक तापसी प्रव्रज्या ग्रहण की।

आगे जाकर उन्हें तापस अवस्था मे विभग ज्ञान भी उत्पन्न होता है। अततः श्रमण भगवान् महावीर के पास प्रव्रज्या ग्रहण कर सिद्ध, बुद्ध यावत् सर्व दुखों का अन्त किया।

'०८'२ सम-सामायिक अन्य धर्मनेता—धर्माचार्यों के नाम

·१ अच्छन्दक —त्रिशलाका पर्व १० । सर्ग ३ । श्लो १७१

तस्मिन्नच्छन्दको नाम पाखंडी संन्निवेशने ।
ज्योतिष्कर्मंत्रतंत्रादिकरणेन स्म जीवति ।

दीक्षाके एक वर्ष बाद भगवान् महावीर अस्थिग्राम से बिहार मोराक ग्राम पधारे, उस समय उस ग्राम मे अच्छंदक नामक एक पाखंडी रहता था ।

'२ अजितो केसकम्बलो (अजित केशकम्बल)

'३ पकुधो कच्चायनो (पक्रुध कात्यायन)

'४ सञ्जयो बेलट्ठपुत्तो (संजयबेलट्ठिपुत्र)

—संयुत्तनिकाय— २-३०, ४४, ४५

× × × पूरणो कस्सपो × × × अजितो केसम्बलो, पकुधोकच्चायनो, सञ्जयो बेलट्ठपुत्तो × × × ।

अजितकेशकम्बल, पक्रुध कात्यायन, संजयबेलट्ठिपुत्र—भगवान् महावीर के समकालिन धर्मनायक थे ।

५ अम्मड परिव्वायग (अंबड़ परिव्राजक) —ओव० सू० ११५

(क) तेणं कालेणं तेण समएणं अम्मडस्स परिव्वायगस्स सत्त अंतेवासिसया गिम्हकालसमयंसि जेट्ठामूलमासंसि गंगा महानईए उभओ कूलेणं कंपिल्लपुराओ नयराओ पुरिमतालं णयरं संपट्ठिया विहाराए ।

उस काल उस समय मे अबड परिव्राजक के सात सौ अतेवासी—शिष्य ग्रीष्मकाल के ज्येष्ठा मूल अर्थात् ज्येष्ठ मास मे गगा महानदीके दो किनारों से कपिल्लपुर नगरसे पुरिमताल नगरको जाने के लिए रवाना हुए ।

(ख) अम्मडेणं परिव्वायए समणोवासए अभिगयजीवाजीवे जाव अप्पाणं भावेमाणे विहरइ ।

—ओव० सू १२०

भगवान् ने कहा—अम्बड परिव्राजक श्रमणोपासक होकर जीव और अजीव को जानता हुआ यावत् आत्माको भावित करता हुआ विचरण करता रहेगा ।

· अयंपुले आजीविओवासए (अयंपुल नाम आजीविक)

—भग० श १५ । सू १२८

तत्थ णं सावत्थीए णयरीए अयंपुले णामं आजीविओवासए परिवसइ,

अड्ढे जाव अपरिभूए, जहा हालाहला, जाव आजीवियसमएणं अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

श्रावस्ती नगरीमे अयंपुल नामक आजीविकमत का उपासक रहता था। वह ऋद्धि सपन्न यावत् अपराभूत था। वह हालाहला कुम्भारिन की तरह यावत् आजीविक सिद्धांत से अपनी आत्माको भावित करता हुआ रहता था।

·७ आजीवियसमयस्स (आजीविक समय)

आजीवियसमयस्स णं अयमट्ठे—अक्खीणपडिभोइणो सव्वे सत्ता ; से हंता, छेत्ता, भेत्ता, लुम्पित्ता, विलुम्पित्ता, उद्दवइत्ता आहारमाहारेंति। तत्थ खलु इमे दुवालस आजीवियोवासगा भवंति, तंजहा—१ ताले, २ तालपलंबे, ३ उव्विहे, ४ संविहे, ५ अवविहे, ६ उदए, ७ णामुदए, ८ णम्मुदए, ६ अणुवालए, १० संखवालए, ११ अयंपुले, १२ कायरए-इच्चेए दुवालसं आजीविओवासगा अरिहंतदेवतागा, अम्मा-पिउसुस्सूसगा, पंचफलपडिवक्कंता, [तंजहा—उंबरेहिं, वडेहिं, बोरेहिं, सतरेहिं, पिलक्खूहिं] पलंडु-ल्हसुणकंदमूलविवज्जगा, अणिल्लंछिएहिं अणक्कभिण्णेहिं गोणेहिं तसपाणविवज्जिएहिं छित्तेहिं वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति ×××।

—भग० श ८। उ ५। सु २४१, २४२

आजीविक (गोशालक) के सिद्धांत का यह अर्थ है कि—प्रत्येक जीव अक्षीण परिभोगी अर्थात् सचित्ताहारी है। इसलिए वे लकड़ी आदि से पीटकर, तलवार आदि से काटकर, शूलादि से भेदन कर, पाख आदि को कतरकर, चमड़ी आदि को उतारकर और विनाश करके खाते है, अर्थात् ससार के दूसरे प्राणी इस प्रकार जीवों को हननेमे तत्पर हैं परन्तु आजीविक मत मे ये बारह आजीविकोपासक कहे गये हैं—यथा, १ ताल, २ तालप्रलम्ब ३ उद्विध, ४ संविध, ५ अवविध, ६ उदय, ७ नामोदय, ८ नर्मोदय, ९ अनुपालक, १० शंखपालक, ११ अयम्बुल और १२ कातर।

ये बारह आजीविक के उपासक हैं। इनका देव गोशालक हैं। वे माता-पिता की सेवा करने वाले हैं। ये पाँच प्रकार के फल नहीं खाते, यथा—१ उम्बरके फल, २ बड़के फल, ३ बोर, ४ सत्तर (शहतूत) फल और ५ पीपल का फल।

वे प्याज, लहसून और कदमूलके विवर्जक (त्यागी) होते है। वे अनिलांछित (खसी नही किये हुए) और नहीं नाथे हुए। जिनका नाक बिधा हुआ नहीं—ऐसे बैलों द्वारा त्रसप्राणी की हिंसा रहित व्यापार से आजीविका करते हैं।

·८ उप्पलो परिव्वायओ (उत्पल परिव्राजक) —त्रिशलाका पर्व १० । सर्ग ३ श्लो १२५
—आव० निगा ४६३ । टीका

भगवान् पार्श्वनाथके साधुओं के साथ रहने वाला उत्पल परिव्राजक ।

त्रिशलाका० —नाम्ना तत्रोत्पलः पार्श्वतीर्थसाधुवरस्तदा ।
परिव्राडष्टांगमहानिमित्तज्ञानपण्डितः ॥

पार्श्वनाथके तीर्थ के साधुओं के साथ रहने वाला उत्पल नामक अष्टांग निमित्तके ज्ञानमे पंडित एक परिव्राजक—

भगवान् महावीरके अस्थिग्रामके चतुर्मासमे वहाँ आया था ।

·९ कालोदाई (कालोदायी)

१० सेलोदाई (शैलोदायी)

·११ सेवालोदाई (शैवालोदायी)

·१२ उदए (उदय)

१३ नामुदए (नामोदय)

·१४ नम्मुदए (नर्मोदय)

·१५ अण्णवालए (अन्यपालक)

·१६ सेलवालए (शैलपालक)

·१७ संखवालए (शंखपालक)

·१८ सुहत्थी गाहावई (सुहस्ती गृहपति)

तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहेनामं नगरे होत्था—वण्णओ । गुणसिलए चेइए—वण्णओजाव पुढविसिलापट्टओ । तस्सणं गुणसिलयस्स चेइयस्स अदूरसामंते बहवे अण्णउत्थिया परिवसति, तंजहा—कालोदाई सेलोदाई, सेवालोदाई, उदए, नामुदए, नम्मुदए अण्णवालए, सेलवालए, संखवालए, सुहत्थी गाहावई ।

—भग० श ७ । उ १० । सु २१२

उसकाल उस समय मे राजगृह नगर था । गुणशील नामक चैत्य था । उसमे पृथ्वी शिलापट्ट था । उस गुणशील चैत्यके पास थोड़ी दूर पर बहुत से अन्यतीर्थी रहते थे - कालोदायी, शैलोदायी, शैवालोदायी, उदय, नामोदय, नर्मोदय, अन्यपालक, शैलपालक, शंखपालक और सुहस्ती गृहपति ।

·१९ खंधए परिव्वायगे (स्कन्दक परिव्राजक) —भग० श २ । उ १ । सु २४

तत्थणं सावत्थीए नयरीए गद्दभालस्स अंतेवासी खंदए नामं कच्चायणसगोत्ते परिव्वायगे परिवसइ ।

कृतंगला नगरीके पास मे श्रावस्ती नामकी नगरी थी। उस श्रावस्ती नगरीमे कात्यायन गोत्री गर्दभाल नामक परिव्राजक का शिष्य स्कन्दक नामक परिव्राजक (तापस) रहता था।

कालान्तर में स्कंदक परिव्राजक ने श्रमण भगवान् के पास प्रव्रज्या ग्रहण की।

·२० दिसाचरा (दिशाचर) — भग० श १५। सू ३, ४

तए णं तस्स गोसालस्स मंखलिपुत्तस्स अण्णयाकदाइ इमे छ दिसाचरा अंतियं पाउब्भविस्था, तंजहा—साणे, कलंदे, कण्णियारे, अच्छिद्दे, अग्गिवेसायणे, अज्जुणे गोमायुपुत्ते। तएणं ते छ दिसाचरा अट्ठविहं पुव्वगयं मग्गदसमं सएहिं सएहिं मइदंसणेहि णिज्जुहंति, णिज्जुहित्ता गोसालं मंखलिपुत्तं उवट्ठाइंसु।

किसी दिन मंखलिपुत्र गोशालक के पास निम्नलिखित छह दिशाचर आये। यथा—१—शान, २—कलन्द, ३—कर्णिकार, ४—अच्छिद्र, ५—अग्निवेश्यायन और ६—गोमायुपुत्र अर्जुन। इन छह दिशाचरोंने पूर्वश्रुत मे कहे हुए आठ प्रकार के निमित्त, नौवां गीतमार्ग तथा दसवां नृत्यमार्ग को अपने-अपने मतिदर्शन से पूर्वश्रुत मे उद्धृत कर मखलिपुत्र गोशालक का शिष्यभाव से आश्रय ग्रहण किया।

शान, कलन्द आदि छह दिशाचर श्रमण भगवान् महावीर के संयम से पतित (पार्श्वस्थ) शिष्य थे—ऐसा प्राचीन टीकाकार कहते हैं और चूर्णिकार तो इन्हें भगवान् पार्श्वनाथके सतानिये शिष्य माना है।

·२१ दुइज्जंनक तापस (दुइज्जंतक तापस) — आव० निगा० ४६२। पूर्वार्ध
त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ३। श्लो ४६

आव—दूइज्जंतग पिउणो वयंस तिव्वे अभिग्गहेपंच।

टीका—विहरतो मोराकसन्निवेशं प्राप्तस्य तन्निवासी दूइज्जंतकाभिधा-नपाषंडस्था दूइज्जंतका एवोच्यते, पितु—सिद्धार्थस्य वयस्यो—मित्रं स भगवन्त-मभिवाद्य वसतिं दत्तवान्।

उन तापसों का कुलपति भगवान् के पिता का मित्र था।

अस्थिग्राम के प्रथम चतुर्मासके पूर्व भगवान् महावीर का मोराकग्राम मे पदार्पण हुआ। वहाँ दूइज्जतक तापस रहते थे।

·२२ पुसो सामुद्दितो (पुष्य सामुद्रिक) त्रिशलाका पर्व १०। सर्ग ३। श्लो १४६
आव० निगा ४७१। मलय टीका

आव०—तत्थ पुसो नाम सामुद्दितो, सो ताणि पासिऊण चिंतइ-एस चक्कवट्टी एगागी × × × सामीवि थूणागसंनिवेसस्स बाहिं पडिमं ठितो। × × ×

थूणाए बहिं पुसो लक्खणमब्भिंतरे य देविंदो।

—आव० निगा ४७२। पूर्वार्ध

मलय टीका—थूणायां सन्निवेशे बहिर्भगवान् प्रतिमास्थित, पुष्यो लक्षणं निरीक्षितवान् अभ्यंतरं च लक्षणं देवेन्द्रोऽचकथत्।

भगवान् महावीरके धूलिमें पादचिह्न को देखकर पुष्य सामुद्रिकने चिंतन किया कि—इस मार्गसे चक्रवर्ती अकेला ही गया हुआ मालूम देता है। आभ्यन्तर लक्षण देवेन्द्रने पुष्य सामुद्रिक को कहा।

·२३ पूरणे बालतवस्सी (पूरणबालतपस्वी) —भग० श ३। उ २। सू १०७

×××। तएणं से पूरणे बालतवस्सी बहुपडिपूण्णाइं दुवालसवासाइं परियागं पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए ××× कालमासे कालं किच्चा चमरचंचाए रायहाणीए उववायसभाएजाव इदंत्ताए उववण्णे।

पूरण बालतपस्वी पूरे बारह वर्ष तक तापस पर्यायका पालनकर, एकमास का संलेखना करके आत्माको सेवित करके काल के अवसर पर कालकरके चमरचंचा राजधानी की उपपात सभा मे इन्द्रके रूप मे उत्पन्न हुआ।

·२४ पूरणो कस्सपो (पूरण काश्यप) —अंगुत्तरनिकाय ६। ४। ७ पृ ६६, ६७

अथ खो द्वे लोकायतिका ब्राह्मणा येन भगवा तेनुपसंकमिंसु; उपसंकमित्वा भगवता सद्धिं समोदिंसु ×××।

पूरणो, भो गोतम, कस्सपो सब्बञ्ञू सब्बदस्सावी अपरिसेसं आणदस्सनं पटिजानाति।×××।

दो लोकायतिक ब्राह्मण भगवान् के पास आये और कहा कि भंते। पूरण काश्यप सर्वज्ञ सर्वदर्शी ज्ञान दर्शन का अधिकारी आपको मानता है।

·२५ पोग्गले परिव्वायए (पुद्गल परिव्राजक) —भग० श ११। उ १२। सू १८६

तेणं कालेणं तेणं समएणं आलभियानामं नगरी होत्था—वण्णओ। तत्थणं संखवणे नामं चेइए होत्था—वण्णओ। तस्सणं संखवणस्स चेइयस्स अदूरसामंते पोग्गले नामं परिव्वायए—रिउव्वेदजजुव्वेद जाव बंभण्णएसु परिव्वायएसु य नएसु सुपरिनिट्ठिए छट्ठंछट्ठेणं 'अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं उड्ढं' बाहाओ जाव आयावेमाणे विहरइ।

उस काल उस समय मे आलभिका नामकी नगरी थी। वहाँ शंखवन नामक उद्यान था। उस शंखवन उद्यान से थोड़ी दूर 'पुद्गल' नामक परिव्राजक रहता था। वह ऋग्वेद, यजुर्वेद

आदि यावत् बहुत से ब्राह्मण विषयक नयों मे कुशल था। कालान्तर मे पुद्गल परिव्राजक को विभंगज्ञान भी समुत्पन्न हुआ। अंत मे भगवान् महावीर के द्वारा अपनी शका का निवारण हो जाने पर स्कदक की तरह त्रिदंड, कुंडिका एव भगवा वस्त्र छोड़कर प्रव्रजित हुए।

'२६ वेसियायणे बालतवस्सी (वेश्यायन बालतपस्वी) —भग० श १५। सू० ६०

आव० निगा ४९२। मलयटीका

त्रिशलाका पर्व १२। सर्ग ४। श्लो१२०

(क) भग०—तएणं अहंगोयमा ! गोसालेणं मंखलिपुत्तेणं सद्धिं जेणेव कुम्मग्गामे नगरे तेणेव उवागच्छामि। तएणंतस्स कुम्मग्गामस्स नगरस्स बहिया वेसियायणे नामं बालतवस्सी ××× विहरइ।

श्रमण भगवान् महावीर साधना कालमे कूर्मग्राम नगर मे आये। उस समय कूर्मग्राम के बाहर वैश्यायन नामक बाल तपस्वी रहता था।

(ख) मगहा गोब्बरगामे गोसंखी वेसियाण पाणामा।
कुम्मागामायावण गोसाले कोवण पउट्टे॥

आव० निगा ४९३

मलय टीका—मगधजनपदे चंपाराजगृहयोरपान्तकाले गोब्बरग्रामे गोशङ्खी कौटुम्बिकः, तस्योक्तप्रकारेण वैश्यायन्नो नामपुत्रः, तस्य प्राग्व्यावर्णित कारणवशतः प्राणामानाम प्रव्रज्या, ततो यथामुखं विहरतस्तस्य तत्कालं कूर्म्मग्रामे आतापनावतो गोशालः कोपनं—कोपोत्पादनमकार्षीत्, भगवता च गोशालस्यानुकम्पया रक्षा कृता, ततस्तेन भगवता सह कूर्मग्रामात् सिद्धार्थ पुरंगच्छता अपान्तराले पूर्वोत्पाटितं तिलस्तम्बं भगवन्तमापृच्छय भगवता च सोऽयं निलस्तम्बो निष्पन्न इति।

मगधजनपद मे गोब्बर ग्राममे गोशंखी कौटुम्बिक रहता था। उसके वैश्यायन नाम एक पुत्र था। उसने प्राणामा प्रव्रज्या ग्रहण की। जब कूर्मग्राम मे भगवान् महावीर पधारे थे उस समय वह आतापना मे था।

'२७ सोमिले माहणे (सोमिल ब्राह्मण) - भग० श १८। उ १०। सू २०४

तत्थणं वाणियगामे णयरे सोमिले णामं माहणे परिवसइ, अड्ढे-जाव अपरिभूए, रिउव्वेद जाव सुपरिणिट्ठिए पंचण्हं खंडियसयाणं सयस्स य कुडुंबस्स आहेवच्चं जाव विहरइ।

वाणिज्य ग्राम नगरमे सोमिल नामक ब्राह्मण रहता था। वह आढ्य यावत् अपराभूत था और ऋगवेद यावत् ब्राह्मणों के शास्त्रों मे कुशल था। उसके पाँच सौ शिष्य थे।

कालान्तर मे उस पर भगवान् की वाणी का प्रभाव पड़ा—फलस्वरूप श्रमणोपासक भी हुआ। कालान्तर मे भगवानके पास दीक्षा भी ग्रहण की।

·२८ हालाहला कुंभकारी (हालाहलाकुंभारण) —भग० श १५ । सु १, २

तत्थणं सावत्थीए नयरीए हालाहला णामं कुंभकारी आजीविओवासिया परिवसइ। × × ×। तेणं कालेणं तेणं समएणं गोसाले मंखलिपुत्ते चउव्वीस-वासपरियाए हालाहलाए कुंभकारीए कुंभकारावणंसि अजीवियसंघसंपरिवुडे आजीवियसमएणं अप्पाण भावेमाणे विहरइ।

श्रावस्ती नगरी मे आजीविक (गोशालक) मतकी उपासिका हालाहला नामक कुंभारण रहती थी।

उस काल, उस समय चौबीस वर्षकी दीक्षा पर्याय वाला मखलिपुत्र गोशालक, हालाहला नामक कुंभारण की कुंभारापण (मिट्टी के बर्तनों की दूकान) मे आजीविक सघ से परिवृत्त हुआ आजीविक सिद्धांत से अपनी आत्मा को भावित करता हुआ विचरता था।

·०८·३ विभिन्न श्रेणी के अन्तेवासी

·०१ पार्श्वनाथ भगवान् के श्रमण—श्रमणियाँ

·१ आणंदरक्खिए (आनंदरक्षित) —भग० श २ । उ ५ । सु १०२

× × ×। तत्थणं आणंदरक्खिए नामं थेरे। × × ×।

भगवान् पार्श्वनाथके शिष्यानुशिष्य आनन्दरक्षित स्थविर थे।

·२ कालिय थेरे (कालिकस्थविर) भग० श २ उ ५ । सु १०२

तेणं कालेणं तेणं समएणं पासावच्चिज्जा थेरा भगवतो × × ×। तत्थणं कालियपुत्ते नामं थेरे × × ×।

उस काल उस समय मे भगवान् पार्श्वनाथके शिष्यानुशिष्य भगवान् के कालिक पुत्र नामक स्थविर थे।

·३ कासवे (काश्यप) —भग० श २ । उ ५ । सु १०२

× × × तत्थणं कासवे नामं थेरे × × ×।

काश्यप स्थविर थे।

·४ केसीकुमार समणे (केशीकुमारश्रमण) —राय० सु १४७

तेणं कालेणं तेणं समएणं पासावच्चिज्जे केसीनाम कुमारसमणे × × × संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

उस काल उस समय में पार्श्वपत्य अणगार केशी कुमार श्रमण संयम और तपसे अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरण करते थे।

·५ नंदिसेणाथेरा (नंदिसेन स्थविर) —आव० निगा ४८३ । टीका

ततो भयवंतंबायं नामगामो, तत्थ आगच्छति, तत्थ नंदिसेणानाम थेरा बहुस्सुया बहुपरिवारा पासावच्चिज्जा, तेऽविजिणकप्पस्स परिकम्मं करेंति ।

साधना काल में जब भगवान् महावीर तंबाक ग्राम पधारे । वहाँ पार्श्वनाथ भगवान् के संतानीय नंदिसेन स्थविर बहुश्रुत बहु परिवार से पधारे थे ।

·६ मुनिचंद्राचार्य - त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ३ । श्लो ४४७ ४४८

·७ सूरिवर्धना

तच्छालायां पार्श्वनाथशिष्यः शिष्यगणावृत्तः ।
बहुश्रुतो मुनिचंद्राचार्य आसीत्तदा स्थितः ॥
शिष्यं गच्छे स्थापयित्वा स सूरिर्वर्धनाभिधम् ।
जिनकल्पप्रतिकर्म विदधेऽत्यन्तदुष्करम् ।

कुमारसंनिवेशर्में कुंभकार की शाला में मुनिचन्द्राचार्य नामक एक पार्श्वनाथ प्रभु के बहुश्रुत शिष्य बहुत शिष्य वर्ग के साथ थे । वे स्वय के शिष्य वर्द्धन नामक सूरिको गच्छ में मुख्यरूप से स्थापन कर जिनकल्प स्वीकार किया ।

·८ मेहिले थेरे (मेधिल स्थविर) —भग० श २ । उ ५ । सू १०२

× × × । तत्थणं मेहिले नामं थेरे ते समणोवासए × × × ।

पार्श्वनाथके शिष्यानुशिष्य मेघिल स्थविर थे ।

·९,१० सोमा-जयंती —आव० निगा० ४७७, त्रिशलाका० पर्व ३ । श्लो ४८२

त्रिशलाका—पार्श्वशिष्ये उत्पलस्य जामी सोमा जयंतिके ।
साधुवर्यौं परिव्राजौ चोराकेऽवासतां तदा ।

सोमा और जयंती नामक (उत्पल निमित्तज्ञ की बहिन) पार्श्वनाथ भगवान् की शिष्या हुई थी । कालान्तर में साधुत्वको छोड़कर वे दोनों परिव्राजिका हुई थी । कुमारग्राम में भगवान् महावीरके साधना काल में वे मिली थी ।

·११ बुड्ढकित्तिमुणी (बुद्धकीर्ति मुणी) —दर्शनसार श्लो ६-८

सिरिपासणाहतित्थे सरयूतीरे पलासणयरत्थो
पिहियासवस्स सिस्सो महासुरो बुड्ढ कित्तिमुणी

गौतम बुद्ध को जैन श्रमण पिहिताश्रवने सरयूनदी के तटपर पलाश नामक ग्राम में श्री पार्श्वनाथके संघमे दीक्षा दी । और उनका नाम बुद्धकीर्ति रखा । कुछ समय बाद वे संघसे अलग हो गये । और एक वस्त्र पहनकर अपने नवीन धर्मका उपदेश करने लगे ।

·१२,·१३ प्रगल्भा-विजया परिव्राट —त्रिशलाका पर्व १० सर्ग ३ । श्लो ५८१
— आव० निगा ४८३ । मलयटीका

त्रिशलाका—पार्श्वशिष्ये च प्रगल्भाविजये प्रोज्झितव्रते ।
निर्वाहाय परिव्राड्त्वं प्रपन्ने तत्र तिष्ठतः ॥
—आव० निगा ४८३ मलय टीका

भगवान् पार्श्वनाथ की प्रगल्भा और विजया नामक दो शिष्या --जिन्होंने चारित्रको छोड़कर निर्वाह के लिए परिव्राजिका हो गई थी । उन्होंने भगवान् के छद्मस्थ काल मे कपिकाग्राममे दर्शन किये ।

·२ श्रावकवर्ग

तुंगिका के श्रावक

तेणं कालेणं, तेणं समएणं तुंगिया नामं नगरी होत्था, वण्णओ । तीसेणं तुंगियाए नगरीए बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसीभागे पुप्फवत्तिए नामं चेइए होत्था, वण्णओ । तत्थणं तुंगियाए नयरीए बहवे समणोवासया परिवसंति ।
—भग० श २ । उ ५ । सू १२ से १

तुंगिका नामक नगरी थी । उस तुंगिका नगरी में बहुत से श्रमणोपासक रहते थे ।

०८४ व्यक्ति विशेष

·१ अंजू (अंजू) —विवा० श्रु १ । अ १० । सू १

तत्थणं धणदेवे नामं सत्थवाहे होत्था-अड्ढे । पियंगू नामं भारिया । अंजू दारिया जाव उक्किट्ठसरीरा ।

वर्द्धमान नगरमे धनदेव सार्थवाह रहता था । उसकी स्त्रीका नाम प्रियगू था । उसकी अजू नामक पुत्री थी ।

·२ उज्झियए (उज्झितक) —विवा० श्रु १ । अ २ । सू १०

तस्सणं विजयमित्तस्स पुत्ते सुभद्दाए भारियाए अत्तए उज्झियए नामं दारए होत्था ।

वाणिज्यनगर मे विजयमित्र—सार्थवाह रहता था । उसकी पत्नीका नाम सुभद्रा था । उसके उज्झितक नामक एक पुत्र था ।

·३ अभग्गसेण (अभग्नसेन) — विवा० श्रु १ अ ३ । सू ११

तस्सणं विजयस्स चोरसेणावइस्स पुत्ते खंदसिरी भारियाए अभग्गसेणे नामं दारए होत्था ।

पुरिमताल नगर के बाहर चोरपल्ली मे विजय नामक चोरसेनापति था । उसके स्कंद श्री नामकी भार्या थी । अभग्नसेन नामक एक पुत्र था ।

·४ असिबंधकपुत्तो गामणि (असिबंधक पुत्र ग्रामणी)

—संयुत्तनिकाय, भाग २ । पृ० ५८५-८६

एकं समयं भगवा नालन्दायं विहरति पावारिकम्बवने । अथ खो असिबंधकपुत्तो गामणि निगण्ठसावको येन भगवा तेनुपसंकमि × × × ।

एक समय भगवान् नालंदा पधारे । नातपुत्र का श्रावक असिबंधक पुत्र ग्रामणी वहाँ आया था ।

·५ उबंरदत्त (उबंरदत्त)

विवा० श्रु १ । अ ७ । सू ५

तस्सणं सागरदत्तस्स पुत्ते गंगदत्ताए भारियाए अत्तए उंबरदत्ते नामं दारए होत्था ।

पाटलीसंड नगरमें सागरदत्त सार्थवाह रहता था । उसकी भार्या का नाम गंगदत्ता था । उसके उंबरदत्त नामक एक पुत्र था ।

·६ काल सौकरिक

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ९ । श्लो० ६३, १३८, १४५

× × ×

काल सौकरिकेणापि क्षुते मा जीव मा मृथाः ॥ ६३ ॥

भगवान् महावीरके समवसरण मे कालसौकरिक भी था। छींक आने पर [illegible] गलित पुरुष बोला कि न जीना है, न मरना है । वह गलित पुरुष दर्दुरांकदेव था ।

जीवन् पापपरो मृत्वा सप्तमं नरकं व्रजेत् ।

कालसौकरिकस्तेन प्रोक्तो मा जीव मा मृथाः ॥ १३८ ॥

जीने पर पाप कर्म करेगा, मरने पर सप्तम नरक जायेगा । अतः दर्दुरांकदेव ने कालसौकरिक को छींक आने पर कहा कि जीना भी नहीं है, मरना भी नहीं है ।

कालसौकरिकेणाथ सूना मोचयसे यदि ।

तदा ते नरकान्मोक्षो राजन्नायेत माऽन्यथा ॥ १४५ ॥

भगवान् ने श्रेणिक राजा को कहा कि यदि तुम कालसौकरिक से कसाई का काम छुटादो तो तुम नरक नहीं जाओगे—मोक्ष प्राप्त करोगे ।

·७ चित्तो गहपति (चित्र गृहपति)

—संयुत्तनिकाय ४ । ८ ८, पृष्ठ २६५-६६

तेन खो पन समयेन निगण्ठो नातपुत्तो मच्छिकासण्डं अनुप्पत्तो होति महतिया निगण्ठपरिसाय सद्धिं । अस्सोसि खोचित्तो गहपति—“निगण्ठो किर नातपुत्तो मच्छिकासण्डं अनुप्पत्तो महतिया निगण्ठपरिसाय सद्धिं” ति × × × ।

एक बार निगंठ नातपुत्त मच्छिकासंड में अपनी बड़ी मंडली के साथ ठहरे हुए थे । गृहपति चित्र भी वहाँ आया था ।

·८ जम्बू (जम्बू) —परिशिष्ट पर्व सर्ग १ । श्लो २६२ से २६४, २८७ से २८९

अहोऽमुष्यात्सप्तमेऽह्नि च्युत्वा भावी पुरे तव ।

श्रेष्ठि ऋषभदत्तस्य जंबूः पुत्रोऽन्त्यकेवली ।। २६४ ।।

(भगवान् महावीर की आयु जब छप्पन वर्ष की थी) तब श्रेणिक राजा को कहा कि आज से सातवें दिन ऋषभदत्त भार्या के उदर मे विद्युत्माली देव आयेगा और वह आगे चलकर जंबू नामक अंतिम केवली होगा ।

भगवान् महावीर के निर्वाण के अनतर सुधर्मा स्वामी के हाथों उनकी दीक्षा होती है ।

·९ जाइअंधपुरिसे (जातिअंधपुरुष) —विवा० श्रु १ अ १ । सू ९, १८

तेणं कालेणं तेणं समएणं मियग्गामे नामं नयरे होत्था वण्णओ ।

तए णं से जाइअंधे पुरिसे तं महयाजणसद्दं च (जणवूहं ए जणबोलं च जण-कलकलं च) सुणित्ता । × × × ।

मृगग्राम मे जाति अंध पुरुष रहता था । दड, पुरुष आदि के सहारे जाति अंध पुरुषने भगवान् महावीर के दर्शन किये ।

·१०,·११ जिणपालिए य जिणरक्खिएय (जिनपालित-जिनरक्षित)

—नाया० श्रु १ । अ ९ । सू २, ३

तेणं कालेणं तेणं समएणं चंपा नामं नयरी । × × × तत्थणं मायंदी नामं सत्थवाहे परिवसइ—अड्ढे । तस्स णं भद्दा नामं भारिया । तीसे णं भद्दाए अत्तया दुवे सत्थवाहदारया होत्था, तंजहा—जिणपालिए य जिणरक्खिए य ।

चपानगरीमे माकदी नामक सार्थवाह बसता था । उसके भद्रा नामक भार्या थी । उसके दो पुत्र थे—जिनपालित और जिनरक्षित । कालान्तर मे जिनपालितने श्रमण भगवान् महावीरसे प्रव्रज्या ग्रहण की ।

·१२ देवदत्ता (देवदत्ता) —विवा० श्रु १ । अ ९ । सू ३, ४

तत्थ णं रोहीडए नयरे दत्ते नामं गाहावई परिवसइ—अड्ढे । कण्हसिरी भारिया । तस्सणं दत्तस्स धूया कण्हसिरीए अत्तया देवदत्ता नामं दारिया होत्था ।

रोहीतक नगरमे दत्त गाथापति रहता था । उसकी स्त्रीका नाम कृष्ण श्री था । उसके देवदत्ता नाम पुत्री थी ।

·१३ देवशर्मा द्विज —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग १३ । श्लो २१८ से २२१

स्वामी तद्दिनयामिन्यां विदित्वा मोक्षमात्मनः ।

दध्यावहो गौतमस्य मयि स्नेहो निरत्ययः ।।

स एव केवलज्ञानप्रत्यूहोऽस्य महात्मनः ।
स च्छेद्य इति विज्ञाय निजगादेति गौतमम् ॥
देवशर्मा द्विजो ग्रामे परस्मिन्नति स त्वया ।
बोध प्राप्स्यति तद्गतोस्तत्र त्वं गच्छ गौतम ।
यथाऽऽदिशति मे स्वामीत्युदित्वा च प्रणम्य च ।
जगाम गौतममुनिस्तथा चक्रे प्रभोर्वचः ॥

कार्तिक कृष्णा अमावस्या को भगवान् ने रात्रि मे अपना परिनिर्वाण जानकर गौतम गणधर को देवशर्मा ब्राह्मण को प्रतिबोध देने के लिए भेज दिया। (अपापा नगरीके नजदीक अन्य ग्राम मे देवशर्मा ब्राह्मण रहता था।) वह तुम्हारे से प्रतिबोध प्राप्त करेगा।

·१४ दुर्गन्धा —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ७ । श्लो १३७, १५३ १५४

राजगृह वासी एक वेश्या की लडकी थी। वेश्याने दुर्गधाको एकान्त में विसर्जन कर दिया था। यही आगे जाकर श्रेणिक राजा की पत्नी हुई।

दुर्गन्धाया्श्च गन्धोऽथ कर्मनिजरया ययौ ।
आभीर्या चैकया दृष्टोपाददे साऽनपत्यया ॥१५३॥
आभीर्योदरजातेव पाल्यमाना क्रमेण सा।
बभूव यौवन प्राप्ता रूपलावण्यशालिनी ॥ १५४॥

पूर्वकर्मकी निर्जरा होने से दुर्गन्धाकी गध समाप्त हो गयी। किसी वंध्या आभीरी ने उसे पुत्री की तरह मानकर घर ले आया। उसका नाम आभीरी कुमारी रखा।

आगे जाकर यही आभीरी कुमारी ने भगवान् महावीर के पास प्रव्रज्या ग्रहण की।

·१५ धन्वभृत्पुमान् (धनुष्यधारी पुरुष)

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ८ । श्लो १८८ से १९१

सर्वज्ञोऽसाविति जनाच्छ्रुत्वैको धन्वभृत्पुमान् ।
संशयं मनसाऽपृच्छद् दूरस्थो जगद्गुरुम् ॥ १८८॥
तं बभाषे जगन्नाथो वचसा पृच्छ संशयम् ।
अन्येऽपि प्रतिबुध्यन्ते भव्यसत्त्वा अमी यथा ॥१८९॥
इत्युक्तेऽपि त्रपानिघ्नो व्यक्तं वक्तुमनीश्वरः ।
स ऊचे भगवन् या सा सा सेति प्रमिताक्षरम् ॥१९०॥
एवमेतदिति स्वामी प्रोचे मुकुलिताक्षरम् ॥

एकबार भगवान् महावीर कौशाम्बी नगरी पधारे। एक धनुष्यधारी पुरुष भगवान् के पास आया। मन द्वारा स्वयका सशय पूछा। भगवान् ने कहा कि हे भद्र! तुम्हारे संशयका

उत्तर वाणी द्वारा दिया जाय जिससे अन्य लोग भी प्रतिबोध को प्राप्त हो फिर वह पुरुष लज्जावश स्पष्ट नहीं बोला परन्तु धीरा बोला। हे स्वामी! यासा, सासा कहा। प्रत्युत्तर मे भगवान् ने एवमेव कहा।

·१६ धारिणी —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४ । श्लो ५१६

दधिवाहनराजस्य धारिणीं नामतः प्रियाम्।
वसुमत्या समं पुत्र्या तत्र कोऽप्यौष्ट्रिकोऽग्रहीत्।

चंपानगरी के दधिवाहन राजाकी पत्नी का नाम धारिणी था। वसुमती उसकी पुत्री थी। वसुमती का अपर नाम चंदना भी पड़ा। भगवान् महावीर के शासन मे प्रथम शिष्या हुई थी।

·१७ णंद्धिवद्धण (नंदीवर्धन) —विवा० श्रु १ । अ ६ । सू २

तेणं कालेणं तेणं समएणं महुरा नामं नयरी। भंडीरे उज्जाणे। सुदरिसणे जक्खे। सिरिदामे राया। बंधुसिरी भारिया। पुत्ते नंदिवद्धणे कुमारे—अहीण जाव जुवराया।

मथुरा नगरीके दाम राजा की पत्नी का नाम बंधुश्री था। उसके नंदीवर्धन एक पुत्र था। वह युवराज था।

·१८ पिङ्गल कोच्छो ब्राह्मणो (पिंगल कोच्छ ब्राह्मण) —संयुत्तनिकाय २-१०-४४-४५

एवं सुतं! एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। अथ खो पिंगल कोच्छो ब्राह्मणो येन भगवा तेनुपसंकमि। × × ×

एक समय भगवान् श्रावस्ती के जेतवन मे विचरण करते थे। वहाँ पिंगल कच्छ ब्राह्मण आया था।

·१६ पहावइ (प्रभावती)
·२० पद्मावती
·२१ मिगावई (मृगावती)
·२२ जेट्ठ (ज्येष्ठा)
·२३ सुज्येष्ठा
·२४ चेल्लणा
·२५ पियकारिणी (प्रियकारिणी)
·२६ सुप्पइ (सुप्रभादेवी)

·२७, ·२७क चंदण (चंदना), शिवा—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ६। श्लो १८४,१८६,१८७
वीरजि० सधि ५, कड १

(क) वैशालीति श्रीविशाला नगर्यस्त्यगरीयसी ॥ १८४ ॥
पृथग्राज्ञीभवास्तस्य बभूवुः सप्त कन्यकाः।
सप्तानामपि तद्रा ज्यांगानां सप्तेवदेवता ॥ १८६ ॥
प्रभावती पद्मावती मृगावती शिवाऽपि च।
ज्येष्ठा तथैव सुज्येष्ठा चेल्लणा चेति ताः क्रमात् ॥ १८७ ॥

वैशाली का राजा चेटक था। पृथा उसकी पत्नी थी। श्वेताम्बर मतानुसार उसके सात पुत्रियाँ थी—प्रभावती, पद्मावती, मृगावती, शिवा, ज्येष्ठा, सुज्येष्ठा व चेल्लणा।

(ख) तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नयरे गुणसिलए चेइए। सेणिए राया। चेल्लणा देवी। सामी समोसढे। परिसा निग्गया जाव परिसा पज्जुवासइ।
—नाया० श्रु २। अ १। सू ६

उस काल उस समय मे राजगृह नगर था। श्रेणिक राजा राज्य करता था। उसकी पत्नी का नाम चेल्लणा था। भगवान् महावीर का पदार्पण हुआ। चेल्लणा देवी श्रेणिक राजा के साथ भगवान् महावीर के दर्शनार्थ गयी।

(ग) इतश्च श्रेणिकोऽपृच्छत् समये परमेश्वरम्।
एकपत्नी किमनेकपत्नी वा चेल्लणा प्रभो!
स्वाम्याख्यद्धर्म पत्नी ते चेल्लणाहि महासती।
तामन्यथा मा शंकिष्ठाः शीलालंकारशालिनीम्।
—त्रिशलाका० पर्व १० सर्ग ७। श्लो ३४, ३५

श्रेणिक राजा को भगवान् ने कहा कि हे राजन्! तुम्हारी धर्मपत्नी चेल्लणा महासती है और शीलालंकार से शोभित है।

नोट—वीतभय नगरके उदायनका विवाह प्रभावती के साथ, चंपापति दधिवाहन का विवाह पद्मावती के साथ, कौशांबिक नगरी के राजा शतानिक काविवाह मृगावतीके साथ, उज्जयिनी के राजा चडप्रद्योत के साथ, शिवाका विवाह, कुडग्राम के अधिपति नंदिवर्धनके साथ ज्येष्ठा का विवाह और राजगृह के राजा श्रेणिक के साथ चेल्लणा का विवाह हुआ।

(घ) सेयंसिणि सूहव पियकारिणी।
अवर मगावइ जण-मण-हारिणि ॥
सुप्पह देवि पहावइ चेलिणि।
बाल-मराल-लील-गइ-गामिणि।
जेट्ठविसिट्ठ भडारी चंदण।

—वीरजि० संधि ५। कड १

वैशाली नगर का राजा चेटक था। दिगम्बर मतानुसार उसकी पत्नीका नाम सुभद्रा था। उनके सात पुत्रियाँ थी—

१- श्रेयांसिनी सुभगा प्रियकारिणी, २—जनमनोहारिणी मृगावती, ३ सुप्रभा देवी, ४—प्रभावती, ५—चेलिनी, ६—बालहसलीलागामिनी ज्येष्ठा और ७- विशेष रूप से पूज्यचंदना।

नोट—श्वेताम्बर मतानुसार चदना चपानगरी के दधिवाहन राजाकी पुत्री थी। श्रेयांसिनी सुभगा प्रियकारिणी चेटक राजा की बहन थी (वर्धमान महावीर की माता थी।)

·२८ महाकाल आदि नव कुमार —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग १२ । श्लो २४०, २४१

चंपानाथेनाभिषिक्तं सेनानीत्वेऽपरेऽहनि।
महाकाल कालमिव मारयामास चेटकः।
अष्टौ सेनापतीनन्यानपि श्रेणिकनन्दनान्।
एकैकमह्न्येकैकस्मिन् पूर्ववच्चेटकोऽवधीत्।

द्वितीय दिन कूणिक के सेनापति के पद पर कालका छोटा भाई महाकाल संग्राम में आया। वह भी चेटक राजाके द्वारा मारा गया। इसी प्रकार सुकाल आदि आठ भाई भी एक-एक दिन (श्रेणिक के नंदन) चेटक के द्वारा मारे गये।

·२९ मागधियं गनियं —त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग १२ । श्लो ३१५, ३१६

तदा चाशोकचन्द्रस्य खिन्नस्य गगनस्थिता।
देव्याख्यदीदृशं रूष्टा श्रमणे कूलवालके।
गनियं चे मागधियं शमने कुलवालके।
लभिज्ज कूणि एलाए तो वेशालिं गहिस्सिदि।

कर्मयोगसे कुलबालुक के ऊपर दृष्टमान हुई देवी आकाश मे स्थित होकर कहा कि—हे अशोकचन्द्र—कुणिक ! यदि मागधिका वेश्या कुलबालक मुनिको मोहित करके वश करे तो विशाला नगरी को तुम ग्रहण कर सकते हो।

·३० मियापुत्ते (मृगापुत्र) —विवा० श्रु० १ अ १ । सू १२ से १५

तत्थणं मियग्गामे नयरे विजए नामं खत्तिए राया परिवसइ। ×××।

तस्सणं विजयस्स खत्तियस्स पुत्ते मियाए देवीए अत्तए मियापुत्ते नामं दारए होत्था—जातिअंधे जातिमूए जातिबहिरे जातिपंगुले हुंडे य वायव्वे। नत्थिणं तस्स दारगस्स हत्था वा पाया वा कण्णावा अच्छी वा नासा वा। केवलं से तेसिं अंगोवंगाणं आगिती आगितिमेत्ते।

तए णं सा मियादेवी तं मियापुत्तं दारगं रहस्सियंसि भूमिघरंसि रहस्सिएण भत्तपाणेणं पडिजागरमाणी-पडिजागरमाणी विहरइ।

मृगाग्राम नगरमे विजय नामका एक क्षत्रिय राजा निवास करता था। उसके मृगा नाम की रानी थी।

उस विजय क्षत्रियका पुत्र और मृगादेवी का आत्मज मृगापुत्र नामका एक बालक था जो कि जन्म से ही अंधा, गूंगा, बहरा, पंगु, हुण्ड और वातरोगी था। उसके हस्त, पाद, कान, नेत्र और नासिका भी नहीं थी। केवल उन अगोंपागों का मात्र आकार था।

वह मृगादेवी गुप्तभूमिगृह (मकान के नीचे का घर) में गुप्तरूप से आहारादि के द्वारा इस मृगापुत्र बालक का पालन-पोषण करती हुई जीवन व्यतीत करती थी।

·३१ रेवई गाहावइणी (रेवती गाथापत्नी) --भग० श १५। सू १५१

तए णं तीए रेवईए गाहावईणीए तेणं दव्वसुद्धेणं जाव दाणेण सीहे अणगारे पडिलाभिए समाणे देवाउए णिबद्धे।

रेवती गाथापति ने सारा पाक सिंह अनगार के पात्र में डाल दिया। द्रव्य की शुद्धि युक्त प्रशस्त भावों से दिये गए दानसे सिंह अणगार को प्रतिलभित करने से रेवती गाथापत्नी ने देव का आयुष्य बांधा।

·३२ बहस्सइदत्ते (बृहस्पतिदत्त) — विवा० श्रु १। अ ५। सू ८६

तस्स णं सोमदत्तस्स पुत्ते वसुदत्ताए अत्तए बहस्सइदत्ते नामं दारए होत्था।

कौसाम्बी नगर के राजा का नाम शतानिक था। उसके सोमदत्त नामक पुरोहित था। सोमदत्त की पत्नी का नाम वसुदत्ता था। उसके बृहस्पतिदत्त नामक पुत्र था।

·३३ वरुण नागनत्त्यस्सपियबालवयंसाए (वरुणनागनतुआ का प्रिय बालमित्र)
—भग० श ७ उ ९। सू २०९

तएण से हरिणेगमेसी × × × सक्कस्स देविंदस्स देवरन्नो अंतियाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता उत्तरपुरच्छिमदिसिभागं अवक्कमइ, अवक्कमित्ता वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणइ· वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणित्ता संखेज्जाइं जोयणाइं दंडंनिस्सिरइ । तंजहा—रयणाणं वयराणं वेरुलियाणं लोहियक्खाणं मसारगल्लाणं हंसगब्भाणं पुलयाणं सोगंधियाणं जोइरसाणं अंजणाणं अंजणपुलयाणं रययाणं

आवस्वाणं सुभगाणं अंकाणं फलिहाणं रिट्ठाणं अहाबायरे पोग्गले परिसाडेइ, परिसाडेइत्ता अहासुहुमे पोग्गले परियादियति ।

—कप्प० सू २६

हरिणगमेषी देव—शक्रेन्द्र के समीप से प्रस्थान कर वैक्रिय समुद्‌घात से आत्मप्रदेशों के समूह और कर्मपुद्‌गलों के समूह को संख्यात योजन प्रमाण लंबा—दण्डाकार परिणत करता है तथा रत्न, वज्र, वैडूर्य, लोहिताक्ष, मसारगल्ल, हंसगर्भ, पुलक, सौगन्धिक, ज्योतिरस, अंजन, अंजनपुलक, रजत, जातरूपसुभग, अंक, कुटिक, रिष्ट आदि सब जाति के रत्नों के समान स्थूल पुद्‌गल परमाणुओं का परिशाटन कर उनके स्थान में सूक्ष्म पुद्‌गल अर्थात् उत्तम पुद्‌गलों को ग्रहण करता है ।

(ख) देवका प्रस्थान और ब्राह्मण कुण्डग्राम में

(ख) × × × । परियादित्ता दोच्चंपि वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणइ, २ उत्तरवेउव्वियं रूवं विउव्वइ, उत्तर २ त्ता ताए उक्किट्ठाए तुरियाए चवलाए चंडाए जयणाए उद्‌घुयाए सिग्घाए दिव्वाए देवगईए वीयीवयमाणे वीनी २ तिरियमसंखेज्जाणं दीवसमुद्दाणं मज्झं मज्झेणं × × × ।

—कप्प० सू २७

हरिणगमेषी देव ने फिर दूसरी बार वैक्रिय समुद्‌घात से (आवश्यक) उत्तर वैक्रिय रूप की विकुर्वणा की । तत्पश्चात् उत्कृष्ट, त्वरा, चपल, प्रचण्ड, विशेष वेग वाली शीघ्र दिव्य देवगति से असंख्यात दीप-समुद्रों के बीचोबीच गमन करता हुआ जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र के ब्राह्मण कुण्डग्राम में आगमन किया ।

(ग) देव का ब्राह्मण कुण्डग्राम में आगमन और साहरण की अनुज्ञा का निवेदन

(ग) × × × । जेणेव जंबुद्दीवे दीवे जेणेव भारहे वासे जेणेव माहणकुंडग्गामे नयरे जेणेव, उसभदत्तस्स माहणस्स गिहे, जेणेव देवाणंदा माहणी तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छइत्ता आलोए समणस्स भगवओ महावीरस्स पणामं करेइ, करेइत्ता देवाणंदाए माहणीए सपरिजणाए ओसोवणिं दलयइ, ओसोवणिं दलइत्ता असुहे पोग्गले अवहरइ, अवहरित्ता सुहे पोग्गले पक्खिवइ, पोग्गले २ त्ता 'अणुजाणउ मे भगवं । × × × ।

—कप्प सू २७

वह हरिणगमेषी देव ब्राह्मण कुंडग्राम के ऋषभदत्त ब्राह्मण की पत्नि देवानंदा ब्राह्मणी के समीप आया । गर्भ में स्थित श्रमण भगवान महावीर को देखकर प्रणाम किया ।

तत्पश्चात् उस देवने सपरिवार देवानंदा ब्राह्मणी को अवस्वापिनी निद्रा से निद्रित किया। इसके बाद देवने (वायुमंडल के) अशुभ पुद्गलों का अपहरण कर शुभ पुद्गलों का (चतुर्दिग्) प्रक्षेप किया। तत्पश्चात् देवने गर्भस्थित भगवान महावीर से (साहरण करने की) अनुज्ञा मांगी।

(घ) गर्भ साहरण की प्रक्रिया

त्तिकट्टु समणं भगवं महावीरं अव्वाबाहं अव्वाबाहेणं करयलसंपुडेणं गिण्हइ, समणं भगवं महावीरं २ त्ता जेणेव खत्तियकुंडग्गामे नयरे, जेणेव सिद्धत्थस्स खत्तियस्सगिहे, जेणेव तिसला खत्तियाणी तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता तिसलाए खत्तियाणीए सपरिजणाए ओसोवणिं दलयइ, ओसोवणिं दलइत्ता असुहे पोग्गले अवहरइ, असुहे २ त्ता सुहे पोग्गले पक्खिवइ, सुहे २ त्ता समणं भगवं महावीरं अव्वाबाहं अव्वाबाहेणं तिसलाए खत्तियाणीए कुच्छिंसि गब्भत्ताए साहरइ।

—कप्प सू २९।

उस हरिणगमेषी देवने देवानंदा ब्राह्मणी के गर्भ से श्रमण भगवान महावीर के गर्भ को अव्याबाध (पीड़ा रहित) निकाल कर स्वहस्त संपुट में ग्रहण किया। तत्पश्चात् उस देवने क्षत्रिय कुंडग्राम के सिद्धार्थ राजा की रानी त्रिशला क्षत्रियाणी के समीप आगमन किया। फिर उसने सपरिवार त्रिशला क्षत्रियाणी को अवस्वापिनी निद्रा से निद्रित किया। तब उस देवने (वायु मंडल के) अशुभ पुद्गलों का अपहरण कर शुभ पुद्गलों का (चतुर्दिग्) प्रक्षेप किया। और अव्याबाध श्रमण भगवान महावीर के गर्भ को त्रिशला क्षत्रियाणी की कुक्षि में साहरण (स्थापन) किया।

·१५ भगवान महावीर की माता का स्वप्नदर्शन

·१ (श्वे) त्रिसला क्षत्रियाणी का चौदह स्वप्न दर्शन

(क) जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे देवाणंदाए माहणीए जालंधरसगोत्ताए कुच्छीओ तिसलाए खत्तियाणीए वासिट्ठसगोत्ताए कुच्छिंसि गब्भताए साहरिए तं रयणिं च णं सा तिसलाए खत्तियाणी तंसि तारिसगंसि वासघरंसि अब्भिंतरओ सचित्तकम्मे बाहिरओ दूमियघट्ठमट्ठे × × × सुगंधवरकुसुमचुण्णसयणोवयारकलिए पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि सुत्तजागरा ओहीरमाणी ओहीरमाणी इमेयारूवे ओराले चोद्दस महासुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धा ॥ ३३ ॥

तंजहा –

गय वसह सीह अभिसेय दाम ससि दिणयरं झयंकुभं।
पउमसर सागर विमाण-भवण रयणुच्चय सिहिंच ॥ १ ॥

××× । एमेते एयारिसे सुभे सोमेपियदंसणे सुरूवे सुविणे दट्ठूण सयणमज्झे पडिबुद्धा अरविंदलोयणा हरिसपुलइयंगी।

एए चोद्दस सुमिणे सव्वा पासेइ तित्थयरमाया।
जं रयणि वक्कमई, कुच्छिसि महायसो अरहा ॥१॥

—कप्प० सु ३३, ४८ । पृ० १४, १६

(ख) जं रयणि च णं भयवं देवाणंदाए कुच्छीतो तिसलाए कुच्छिसि साहरिए तं रयणि सा देवाणंदा ते सुमिणे तिसलाए हडे पासित्ताणं पडिबुद्धा, तिसलाविय णं मणोरमसि सयणिज्जंसि सुत्तजागरा ते चोद्दस महासुमिणे पासित्ताणं पडिबुद्धा, ततो सिद्धत्थस्स साहइ, सोऽवि साभाविएणं बुद्धिपगरिसेणं तेसि सुमिणाणं अत्थं परिभावइत्ता एवं वयासी—उराला णं तुमए देवाणुप्पिए। सुमिणादिट्ठा, तं अम्हं कुलकरं कित्तिकरं सुकुमालपाणिपायं अहीणपडिपुन्नपंचिंदियसरीरं दारगं पयाहिसि, ततो तिसला एवं वुत्ता समाणा हट्ठतुट्ठा तं वयणं सम्मं पडिसुणेइ।

—आव० निगा ४५८ । मलयटीका

(ग) कृष्णाश्विनत्रयोदश्यांचंद्रे हस्तोत्तरास्थिते।
स देवस्त्रिशलागर्भे स्वामिनं निभृतं न्यधात् ॥
गजो वृषो हरिः साभिषेकश्री स्रक् शशीरवि।
महाध्वजः पूर्णकुंभः पद्मसरः सरित्पतिः॥
विमानं रत्नपुंजश्च निर्धूमोऽग्निरिति क्रमात्।
ददर्श स्वामिनी स्वप्नान्मुखे प्रविशतस्तदा॥

—त्रिशलाका० पर्व १० सर्ग २। श्लो २९ से ३१

(घ) गयसीहवसहअभिसेयदामससिदिणयरं झयंकुभं।
पउमसर सागर विमाणभवण रयणुच्चय सिहिं च॥
एए चोद्दस सुमिणे पासइ सा तिसलया सुहपसुत्ता।
जं रयणि साहरिओ कुच्छिसि महायसो वीरो॥

आव० मूल भाष्य गा ५६,५७

जिस रात्रि मे श्रमण भगवान महावीर के गर्भ को देवानंदा ब्राह्मणी की कुक्षि से साहरण कर त्रिसला क्षत्रियाणी की कुक्षि मे स्थापित किया गया उस रात्रि मे सुप्तजागृतावस्था में त्रिसला क्षत्रियाणी ने चौदह महास्वप्न देखें—

१ गज, २—वृषभ, ३—सिंह, ४—अभिषेक, ५—माला, ६—चन्द्र, ७—सूर्य, ८—ध्वज, ९—कुंभ, १०—पद्मसरोवर, ११—सागर, १२—विमान या भवन, १३—रत्न-राशि और १४—अग्नि शिखा।

सर्व तीर्थंकरों की माताएँ जब तीर्थंकर गर्भ मे आते हैं तब उक्त चौदह महास्वप्न देखती हैं।

•०२ (दिग्) त्रिसला क्षत्रियाणी (प्रियकारिणी) का सोलह स्वप्न दर्शन

(क) आसाढस्य सिते पक्षे षष्ठ्या शशिनि चोत्तरा-षाढे।
सप्ततलप्रासादस्याभ्यंतरवर्तिनि ॥२५३॥
नद्यावर्तगृहे रत्नदीपिकाभिः प्रकाशिते।
रत्नपर्यंकके हंसतूलिकादिविभूषिते ॥२५४॥
रौद्रराक्षसगांधर्वयामत्रितयनिर्गमे।
मनोहराख्यतुर्यस्य यामस्याते प्रसन्नधीः ॥२५५॥
दरनिद्राव्यलोकिष्ट विशिष्टफलदायिनः।
स्वप्नान् षोडशाविच्छिन्नान् प्रियास्य प्रियकारिणी ॥२५६॥

— उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो २५३ से २५६

(ख) ठियइ—सउहयल—णिहिय सयणयलइ
सयल - दुहोह - हारिणी।
णिसि णिद्दंगयाइ सिविणा वणि
दीसइ सोक्खकारिणी ॥
सुरिंदच्छरा - थोत्त - संमाणियाए।
सुसिद्धत्थ - सिद्धत्थ -रायाणियाए ॥
सलीलं चरंतो चलोणं गिरिंदो।
जिणंबाइ दिट्ठो पमत्तो करिंदो ॥
विसेसो विलंबंत-सण्हासमेओ।
हरी भीसणो दिव्व-पोमाहिसेओ ॥
वरं दाम-जुम्मं विहू वोअ-धंतो।
रवी रस्सि-जालावली - विप्फुरंतो ॥

सरते सरंतं विसारीण दंदं ।
घडाणं जुयं लीय - कल्लाण-वंदं ।
फुल्लंतं - राईव - राई - णिवासो ।
पवड्ढंत-वेला - विसासो सरीसो ॥
पहा - उज्जलं हेम - सेहीर - पीढं ।
महाहिंद - हम्मं विलासेहि रूढं ॥
मरुद्धूय-चिधं सुभित्ती - विचित्तं ।
घरं चारु आहंडलीयं पवित्तं ॥
मणीणं समूहं पहा - विप्फुरंतं ।
परं सोहमाणं तमोहं हरंत ॥
जलंतो हुयासो धरायां सधामे ।
णियच्छेवि दीहच्छि सामा-विरामे ॥

— वीरजि० संधि १ । कड ८

(ग) अथैकदा महादेवी सौधान्तर्मृदुतल्पके ।
सुप्तातिशर्मणा स्वस्था पश्चिमे प्रहरे शुभे ॥५९॥
निशायाः पुण्यपाकेनापश्यत्स्वप्नान् जगद्धितान् ।
इमान् षोडश तीर्थेशविश्वाभ्युदयसूचकान् ॥६०॥
ददर्शादौ गजेन्द्रं सा त्रिमदं श्वेतमूर्जितम् ।
ततो दीप्रं गवेन्द्रं च चन्द्राभं मन्द्रनिःस्वनम् ॥६१॥
लसत्कान्तिं महाकायं मृगेन्द्रं रक्तकन्धरम् ॥
पद्मां स्नाप्यां हरिण कुम्भैर्विष्टरे देवदन्तिभिः ॥६२॥
साद्राक्षीद्दामनी दिव्यामोदाकृष्टमदालिनी ।
हतध्वान्तं च संपूर्णं ताराधीशं सतारकम् ॥६३॥
निर्धूततमसोद्योतं भास्करं मोदयाचलात् ।
कुम्भौ हेममयौ पद्मपिहितावास्यावलोकयत् ॥६४॥
मत्स्यौ सरसि संफुल्लकुमुदाम्भोजसंचये ।
तरत्सरोजकिञ्जल्कं पूर्णं दिव्यं सरोवरम् ॥६५॥
उद्वेलं च महाध्वानमब्धिमेषा व्यलोकयत् ।
स्फुरन्मणिमयं तुंगं दिव्यं सिंहासनं परम् ॥६६॥
स्वर्विमानं मुदापश्यत्परार्घ्यं रत्नभास्वरम् ।
फणीन्द्रभवनं पृथ्वीमुद्भिद्योद्गतमूर्जितम् ॥६७॥

अद्राक्षीद् रत्नराशिंच तदंशूद्योतिताम्बरम्।
निर्धूमवपुषं दीप्तं पावकंसा जिनाम्बिका ॥६८॥

—वीरच० अधि ७। श्लो ५१ से ६८

सा तं षोडशसुस्वप्नदर्शनोत्सवपूर्वकं।
दध्रे गर्भेश्वरं गर्भे श्रीवीरं प्रियकारिणी।

— हरिवं० खंड १। सर्ग २। श्लो २१

(घ) घर-पंगणम्मि अइ-सोहणम्मि।
मह सोक्खमूले वर-हंस-तूले।
सुत्ती सुहेण जण-दुलहेण।
पर-चित्त-हारि सिद्धत्थ-णारि।
रयणी-विरामे सुमणोहिरामे।
सुयणइँ वराइँ मण-सुहयराइँ।
पेक्खइक्कमेण हयविब्भमेण।
अइरावएहु चंदाह-देहु।
धोरेउ धीरु मयवइ अभीरु।
लच्छी ललाम अंभोयधाम।
सेलेंध-माल अलिउल-रवाल।
छण-सेयभाणु भयणइँ पहाणु।
उवयंतु मित्तु किरणेहिं दित्तु।
कीलंत-मीण हरिसंवु लीण।
कणय-मय-कुंभ बहु-जलणिसुंभ।
सरवरु विसालु सायरु रवालु।
रयणेहिं गीढ, हरिणारिवीढ।
सुरवर विमाणु मणि-भासिमाणु।
फणिवइ-णिकेउ धुव्वंत केउ।
वर-मणि-समूहु पयडिय-मऊहु।
सिहि-सिह-पयास कवसी कयासु।
धत्ता—सुइणइँ पियहो जणवयहियहो देविए ताए पयासइ।
तं णिसुणेवि तहो तक्खिय दुम्महोजायए सहरिस गत्तइँ ॥१७६॥

—वड्ढमाण० संधि १। कड १। गा १ से २१

आषाढ शुक्ला षष्ठी के दिन, उत्तराषाढ नक्षत्र मे राजा सिद्धार्थ की रानी प्रिय-कारिणी ने रात्रि के चतुर्थ प्रहर पश्चिम रात्रि मे सुप्त-जाग्रतावस्था मे तीर्थङ्कर के सर्व अभ्युदय के सूचक सोलह स्वप्न देखे - -

१ लीलामय गति से गिरीन्द्र के समान मदोन्मत हाथी।

२ लटकती हुई सास्नायुक्त (*गलक कंबल से*) महान् वृषभ।

३ भीषण सिंह।

४—दिव्य अभिषेक युक्त लक्ष्मी देवी।

५—उत्तम दो पुष्प मालाएं।

६ अधकार को दूर करता हुआ चंद्रमा।

७—किरण जालावलि से स्फुरायमान सूर्य।

८—सरोवर मे चलती हुई दो मच्छलियाँ।

९ —लोक कल्याण के प्रतीक वंदनीय दो कलश।

१०—फूले हुए कमलों की पंक्ति से युक्त सरोवर।

११ — उछलती हुई तरंगों को नियंत्रित करने वाला समुद्र।

१२—प्रभा से उज्ज्वल स्वर्णमयी सिंहासन।

१३—विलासों से समृद्ध महानागेन्द्र का प्रासाद।

१४—पवन से उड़ती हुई ध्वजाओं सहित उत्तम भितियों से विचित्र सुन्दर और पवित्र इन्द्र भवन—सुरपति विमान।

१५—प्रभा से स्फुरायमान अत्यन्त शोभनीय तथा अधकार के समूह को दूर करने वाला मणिपुंज।

१६ जाज्वल्यमान अग्नि—धूम रहित अग्नि।

०३ प्रियकारिणी का सत्तरवां स्वप्न दर्शन

(क) स्वप्नान् षोडशविच्छिनान् प्रियास्य प्रियकारिणी।
तदन्तेऽपश्यदन्य च गजं वक्त्रप्रवेशिनम् ॥ २५६ ॥

—उत्त० पर्व ७४। श्लो २५६ (उत्तरार्ध), २५७ (पूर्वार्ध)

(ख) तेषामन्ते मुदाद्राक्षीत् तुङ्गकायं गजोत्तमम्।
प्रविशन्तं स्ववक्त्राब्जे सुतागमनसूचकम् ॥

—वीरवर्धच० अधि ७। श्लो ६२

प्रियकारिणी रानी ने सोलह स्वप्न देखने के पश्चात् अपने मुख मे प्रवेश करता हुआ एक भव्य गज देखा। इस प्रकार उन्होंने सतरहवाँ स्वप्न गज रूप देखा।

(ग) सुणेऊण एयं कमेणं मुहाओ,
स-कंतस्स धारेवि साणंदभाओ।
गया सुंदरे मंदिरे जामदेवी,
तुरंती तिलोए गणासार मेवी।
तओ सो सुराहीसु पुप्फुत्तराओ,
विमाणाय आवेवि सोक्खायराओ।
सिविणए पवरु गय-रूव-धरु णिसिपविट्ठ देवी-मुहे।
मुणिवर भणिया सावण तणिया सिय छट्ठिहे जिय-सरुहे।

—वड्ढच० संधि ६। कड ७। पृ २०१

राजा सिद्धार्थ के मुख से सोलह स्वप्नों के फल को क्रमशः सुनकर प्रियकारिणी आनन्द को प्राप्त हुई। तत्पश्चात प्रियकारिणी अपने शयन कक्ष मे वापस गयी। उसके बाद पुष्पोत्तर विमान से च्यवनकर श्रावण शुक्ला षष्ठी के दिन रात्रि के समय मे प्रियकारिणी ने स्वप्न में गजरूप भगवान महावीर के जीव को प्रविष्ट करते हुए देखा।

·०४ स्वप्नार्थ पृच्छा

(क) तए णं सा तिसला खत्तियाणी इमेयारूवे ओराले चोद्दस महासुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धा समाणी हट्ठजाव हयहियया धाराहयकलंबपुप्फगं पिव समूससियरोमकूवा सुमिणोग्गहं करेइ, सुमिणोग्गहं करित्ता सयणिज्जाओ अब्भुट्ठेइ, सय सयत्ता पायपीढाओ पच्चोरुहइ, पच्चो पच्चो त्ता अतुरियं अचवलमसंभंताए अविलंबियाए रायहंससरिसीए गईए जेणेव सयणिज्जे जेणेव सिद्धत्थे खत्तिए तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता सिद्धत्थं खत्तियं ताहिं इट्ठाहिं कंताहिं पियाहिं मणुन्नाहिं मणामाहिं ओरालाहिं कल्लाणाहिं सिवाहिं धन्नाहिं मंगल्लाहिं × × × पडिबोहेइ ॥ ४६ ॥

तएणं सा तिसला खत्तियाणी सिद्धत्थेणं रन्ना अब्भणुन्नाया समाणी नाणा-मणीरयणभत्तिचित्तंसि भद्दासणंसि निसीयइ, निसीइत्ता आसत्था वीसत्था सुहा-सणवरगया सिद्धत्थं खत्तियं ताहिं इट्ठाहिं जाव संलवमाणी संलवमाणी एवं वयासी ॥ ५० ॥

एवं खलु अहं सामी ! अज्ज तंसि तारिसयंसि सयणिज्जंसि वन्नओ जाव पडिबुद्धा। तंजहा—गय वसह० गाहा। तं एतेसिं सामी! ओरालाणं चोद्दसण्ह महासुमिणाणं के मन्ने कल्लाणे फलवित्तिविसेसे भविस्सइ ? ॥ ५१ ॥

तएणं से सिद्धत्थे राया तिसलाए खत्तियाणीए अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठचित्ते आणंदिए पीइमणे परमसोमणसिए हरिसवसविसप्पमाणहियए धाराहयनीवसुरहिकुसुमचंचुमालइयरोमकूवे ते सुमिणे ओगिण्हति, ते सुमिणे ओगिण्हित्ता ईहं अणुपविसइ, ईहं अणु अणुत्ता अप्पणो साहाविएणं मइपुव्वएणं बुद्धिविन्नाणेणं तेसिं सुमिणाण अत्थोग्गहं करेइ, अत्थो अत्थं त्ता तिसलं खत्तियाणीं ताहिं इट्ठाहिं जाव मंगल्लाहिं मियमहुरसस्सिरीयाहिं वग्गूहिं संलवमाणे संलवमाणे एवं वयासी ॥ ५२ ॥

ओराला णं तुमे देवाणुप्पिए। सुमिणादिट्ठा ××× एवं सिवाधन्ना मंगल्ला सस्सिरीया आरोग्गतुट्ठिदीहाउयकल्लाणमंगल्लकारगा णं तुमे देवाणुप्पिए ! सुमिणा दिट्ठा। तंजहा—अत्थलाभो देवाणुप्पिए जावरज्जलाभो देवाणुप्पिए ! × × × नवण्हं मासाणं बहुपडिपुन्नाणं अद्धट्ठमाण य राइ दियाणं विइक्कंताणं अम्हं कुलकेउं अम्हं कुलदीवं कुलपव्वयं कुलवडिंसयं कुलतिलयं कुलकित्तिकरं कुलवित्तिकरं कुलदिणयरं कुलआहारं कुलनंदिकरं कुलजसकरं कुलपायवं कुलविवद्धणकरं सुकुमालपाणिपायं अहीणसंपुन्नपंचिंदियसरीरं लक्खणवंजणगुणोववेयं माणुम्माणं पमाण पडिपुन्नसुजायसव्वंगसुंदरंगं ससिसोमाकारं कंतं पियं सुदंसणं दारयं पयाहिसि ॥

से वि य णं दारए उम्मुक्कबालभावे विन्नायपरिणयमित्ते जोव्वणगमणुप्पत्ते सूरे वीरे विक्कंते विच्छन्नविउलबलवाहणे रज्जवई राया भविस्सइ, तंजहा—ओरालाणं तुमे जाव दोच्चंपि तच्चं पि अणुवूहइ ॥५४॥

तएणं सा तिसला खत्तियाणी सिद्धत्थस्स रन्नो अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठा जावहियया करयलपरिग्गहियं दसनहं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी ॥५५॥

एवमेयं सामी ! तहमेयं सामी ! अवितहमेयं सामी ! असंदिद्धमेयं सामी। इच्छियमेयं सामी ! पडिच्छियमेयं सामी ! इच्छियपडिच्छियमेयं सामी !, सच्चेणं एसमट्ठे से जहेय तुब्भे वयहत्ति कट्टु ते सुमिणे सम्मं पडिच्छइ, ते० सम्मं पडिच्छित्ता सिद्धत्थेणं रन्ना अब्भणुन्नाया समाणी नाणामणिरयणभत्तिचित्ताओ भद्दासणाओ अब्भुट्ठेइ, अब्भुट्ठेइत्ता अतुरियमचवलमसंभंताए अविलंबियाए रायहंससरिसीए गईए ; जेणेव सए सयणिज्जे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता एवं वयासी ॥५६॥

मा मे ते उत्तमा पहाणा मंगल्ला महासुमिणा अन्नेहिं पावसुमिणेहिं पडिहम्मिस्संति त्ति कट्टु देवयगुरुजणसबद्धाहिं पसत्थाहिं मंगल्लाहिं धम्मियाहिं लट्ठाहिं कहाहिं सुमिणजागरियं जागरमाणी पडिजागरमाणी विहरइ।

—कप्प सू ४१ से ५७

चतुर्दश महास्वप्न देखकर त्रिसला क्षत्रियाणी जाग्रत हुई और उठकर अपने पति राजा सिद्धार्थ के पास गई और उसने राजा सिद्धार्थ से कहा कि उसने चतुर्दश महास्वप्न देखे और उनका विवरण बतलाया और उनके अर्थ की पृच्छा की।

महास्वप्नों का विवरण सुनकर राजा सिद्धार्थ ने कहा कि तुम्हारी कुक्षि से किसी महापुरुष—उत्तम पुरुष का जन्म होगा, ऐसा सुनकर त्रिसला क्षत्रियाणी हृष्ट-पुष्ट हुई।

(ख × × × कोडु बियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेइत्ता एवं वयासी खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! अट्ठंगमहानिमित्तसुत्तत्थधारए विविहसत्थकुसले सुविणलक्खणपाढए सद्दावेह ॥ ६४ ॥

तएणं ते कोडु बियपुरिसा × × × कुंडग्गामं नगरं मज्झं मज्झेण जेणेव सुमिणलक्खणपाढगाणं गिहाइ तेणेव उवागच्छति, तेणे २ त्ता सुविणलक्खणपाढए सद्दाविंति ॥ ६५ ॥

तएणं ते सुविणलक्खणपाढगासिद्धत्थस्स खत्तियस्स कोडु बियपुरिसेहिं सद्दाविया समाणाहट्ठतुट्ठ जाव हियया × × × सएहिं सएहिं गेहेहितो निग्गच्छंति ।६६॥

तएणं ते सुविणलक्खणपाढगा सिद्धत्थेणं रन्ना वंदियपूइयसक्कारियसम्माणिया समाणापत्तेयं पत्तेयं पुव्वण्णत्थेसु भद्दासणेसु निसीयंति ॥ ६८ ॥

तएणं सिद्धत्थे खत्तियं × × × वयासि एवं खलु देवाणुप्पिया ! अज्ज तिसला खत्तियाणी तंसि तारिसगंसि जाव सुत्तजागरा ओहीरमाणी ओहीरमाणी इमेयारूवे ओराले जाव चोद्दस महासुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धा। तंजहा गय वसभ° गाहा।

तं एतेसिं चोद्दसण्ह महासुमिणाणं देवाणुप्पिया ! ओरालाणं जाव के मण्णे कल्लाणे फलवित्तिविसेसे भविस्सइ ॥६९॥ × × ×।

एवं खलु देवाणुप्पिया ! अम्हं सुमिणसत्थे बयालीसं सुविणा तीसं महासुमिणा बाहत्तरिं सव्वसुमिणा दिट्ठा, तत्थ णं देवाणुप्पिया ! अरहंतमातरो वा चक्कवट्टिमायरो वा अरहंतसि वा चक्कहरंसि वा गब्भं वक्कममाणंसि एतेसिं तीसाए महासुमिणाणं इमे चोद्दस महासुमिणे पासित्ताणं पडिबुज्झंति, तंजहा – गय° गाहा ॥७१ ॥

इमे य णं देवाणुप्पिया ! तिसलाए खत्तियाणीए सुमिणा दिट्ठा जाव मंगल्ल-कारगा णं देवाणुप्पिया ! तिसलाए खत्तियाणीए सुमिणादिट्ठा, ××× तिसला खत्तियाणीया नवण्हं मासाणं बहुपडिपुन्नाणं अद्धट्ठमाण य राइंदियाणं विइक्कं-ताणं तुम्हं कुलकेउं जाव कुलविविद्धिकरं सुकुमालपाणिपायं अहीणपडिपुन्नपं-चिंदियसरीरं लक्खणवंजणगुणोववेयं माणुम्माणप्पमाणपडिपुन्नसुजायसव्वंग-सुंदरंगं ससिसोमाकारं कंतं पियदंसणं सुरूवं दारयं पयाहिइ ॥ ७५ ॥

—कप्प सू ६४, ६५, ६६, ६८, ६९, ७१, ७५

(ग) ××× तएणं सिद्धत्थे खत्तिए पच्चूसकालसमए सुमिणपाढए सद्दाविता आपुच्छइत्ति, तेवि सुमिणसत्थत्थं परिभाविऊण भणंति—

चाउरंतचक्कवट्टी राया वा भविस्सइ ।
जिणे वा तेलोक्कनायए धम्मवरचक्कवट्टी वा ॥

—आव० नि गा ४५८ । मलयटीका

(घ) इन्द्रैः पत्या च तज्ज्ञैश्च तीर्थकृज्जन्मलक्षणे ।
उदीरिते स्वप्नफले त्रिशला देव्यमोदत ॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो ३२

राजा सिद्धार्थ ने कौटुम्बिक पुरुषों को आह्वान किया और कहा कि आप अष्टांग महानिमित्त शास्त्रों के ज्ञाता स्वप्न लक्षण-पाठकों को बुलाओ । तत्पश्चात् कौटुम्बिक पुरुषों ने स्वप्न-लक्षण-पाठकों को बुलाकर राजा सिद्धार्थ के सम्मुख उपस्थित किया ।

तत्पश्चात् राजा सिद्धार्थ ने स्वप्न-लक्षण-पाठकों का सम्मान किया और एक भद्रासन पर उन्हें बैठाया ।

राजा सिद्धार्थ ने स्वप्न-लक्षण-पाठकों को कहा कि रानी त्रिशला क्षत्रियाणी ने सुसजाग्रतावस्था मे गज, वृषभादि चौदह महास्वप्न देखे है । इन महास्वप्नो का उदार, कल्याणप्रद फल होना चाहिए ।

स्वप्न-लक्षण-पाठकों ने विचार विवेचन करते हुए राजा सिद्धार्थ को कहा -"हे देवानुप्रिय । स्वप्न-शास्त्र मे बयालीस प्रकार के (सामान्य) स्वप्न और तीस प्रकार के महास्वप्न कहे गये है—कुल स्वप्न के बहत्तर प्रकार हैं ।

जब तीर्थंकर अथवा चक्रवर्ती के जीव गर्भ में आते हैं तब तीर्थङ्कर अथवा चक्रवर्ती की माताएं उपर्युक्त तीस महास्वप्नों मे से चौदह महास्वप्न देखकर जाग्रत होती है, यथा — गज, वृषभ आदि ।

हे देवानुप्रिय ! त्रिशला क्षत्रियाणी ने जो गज आदि चौदह महास्वप्न देखे है । ये

उदार स्वप्न देखे हैं, मंगलकारक, कल्याणप्रद स्वप्न देखे है। फलस्वरूप अर्थ का लाभ होगा, भोग का लाभ होगा, राज्य का लाभ होगा, सुख का लाभ होगा, हे देवानुप्रिय त्रिशला क्षत्रियाणी के गर्भ से ६ मास, ७॥ अहोरात्रि के पश्चात् किसी महापुरुष का जन्म होगा।

.०५.१ (दिग्) स्वप्नार्थ पृच्छा (सोलह स्वप्नों की)

(क) प्रभातपटहध्वानैः पठितैर्वन्दिमागधैः ॥ २५७ ॥
मंगलैश्च प्रबुद्धयाशु स्नात्वा पुण्यप्रसाधना।
सा सिद्धार्थमहाराजमुपगम्य कृताननतिः ॥ २५८ ॥
संप्राप्तार्धासना स्वप्नान्यथाक्रममुदाहरत्।
सोऽपि तेषां फलं भावि यथाक्रममबूबुधत् ॥ २५९ ॥
श्रुतस्वप्नफला देवी तुष्टा प्राप्तेव तत्फलम्।

—उत्तरपु० पर्व ७४। श्लो २५७ उत्तरार्ध, २५८, २५९, २६० पूर्वार्ध

(ख) विउद्धा गया जत्थ रायाहिराओ।
धरित्तीस-चूड़ामणी-चिट्ठ-पाओ॥
पियाए सुहं दंसणाणं वरिट्ठं।
फलं पुच्छियं तेणं सिट्ठं विसिट्ठं॥
सुओ तुज्झ होही महा-देवदेवो।
महा-वीयराओ विमुक्कावलेवो॥
महा-वीरवीरो महा-मोक्खगामी।
तिलोयस्स वंदो तिलोयस्स सामी॥

—वीरजि० संधि १। कड ८

(ग) देवाद्य पश्चिमे भागे यामिन्याः सुखनिद्रिता।
अद्राक्षं षोडशस्वप्नानहमद्भुकारणान्॥
इमान् गजादिवह्न्यन्तान् महाश्चर्यकरान् परान्।
पृथक् पृथक् त्वमेतेषां फलं नाथ ममादिश।
तदाकर्ण्येति सोऽवादीत् त्रिज्ञानी शृणुसुन्दरि॥
एकाग्रचेतसामीषां दिशामि फलमूर्जितम्॥
इत्यमीषां च सम्यक्सत्फलाकर्णनतः सती।
कृत्वा रोमाञ्चितं गात्रं पुत्रं प्राप्तेव सातुषत्।

—वीरव० अधि ७। श्लो ९२ से ९४, १०४

(घ) घत्ता—सुइणइँ पियहो जयवयहियहो देविए ताए पउत्तइ।
तंणिसुणेवि तहो तज्जिय दुग्गहो जायए सहरिसगत्तइँ ॥१७६॥
पुणो सोवि आहासए संपहिट्ठो
फलंताइ देवी पुरो संनविट्ठो।
× × ×
सुणेऊण एयंकमेणं मुहाओ।
स-कंतस्स धारेवि साणंदभाओ।
गया सुंदरे मंदिरे जाम देवी।
तुरंती तिलोए गणासार सेवी।

—वड्ढच० संधि ९, कड ६, ७

सोलह स्वप्नों को देखने के बाद रानी प्रियकारिणी शीघ्र ही स्नानकर पवित्र वस्त्राभूषण पहनकर राजा सिद्धार्थ के पास गयी। यथाक्रम से उसने राजा को अपने स्वप्नों का विवरण सुनाया। राजा सिद्धार्थ ने यथाक्रम से स्वप्नों का फल बतलाया और विशेष बात यह कही कि तुम्हारे एक पुत्र होगा जो महादेवों का देव, महान् वीतराग, अभिमान से मुक्त, महावीरों का वीर, महामोक्षगामी, त्रैलोक्य द्वारा वंदनीय और त्रैलोक का स्वामी होगा।

इस प्रकार इन स्वप्नों का फल सुनने से रानी प्रियकारिणी परम आनंद को प्राप्त हुई।

तुलनात्मक चार्ट

स्वप्न-शृंखला में स्वप्न दर्शन की श्वेताम्बर-दिगम्बर दोनों परम्परा द्वारा शृंखलित है।

दिगम्बर परम्परा	श्वेताम्बर परम्परा
१—गज	१—गज
२—वृषभ	२—वृषभ
३—सिंह	३—सिंह
४—लक्ष्मी	४—श्री अभिषेक
५—माल्यद्विक	५—दाम (माला)
६—शशि	६—शशि
७—सूर्य	७—दिनकर
८—कुम्भद्विक	८—कुम्भ

६—मत्स्ययुगल	६—झय (ध्वजा)
१०—सागर	१०—सागर
११—सरोवर	११—पद्मसर
१२—सिंहासन	१२—विमान
१३—देव-विमान	१३—रत्न-उच्चय
१४—नाग-विमान	१४—शिखि-अग्नि
१५—रत्नराशि	
१६—निर्धूम अग्नि	

५·०२ स्वप्नार्थ पृच्छा (सतरहवें स्वप्न की)

तेषामन्ते मुदाद्राक्षीत्तुङ्गकायं गजोत्तमम् ।
प्रविशन्तं स्ववक्त्राब्जे सुतागमनसूचकम् ।
× × ×
गजेन्द्राकारमादाय भवत्यास्यप्रवेशनात् ।
त्वद्गर्भे निर्मले तीर्थेऽन्तिमोऽवतरिष्यति ।

—वीरच० अधि ७ । श्लो ६६, १०३

सोलह स्वप्नों के अंत मे प्रमोद सयुक्त माताने पुत्र के आगमन का सूचक, उन्नत गजराज को अपने मुख मे प्रवेश करते हुए देखा ।

इस स्वप्न के फल की पृच्छा करने पर राजा सिद्धार्थ ने कहा—मुख मे प्रवेश करते हुए गजेन्द्र के देखने से तुम्हारे निर्मल गर्भ में अन्तिम तीर्थङ्कर गजेन्द्र के आकार को धारण करके अवतरित होंगे ।

—०—

·१६ त्रिशला क्षत्रियाणी के गर्भ में प्रवेश

·०१ गर्भ प्रवेश का काल

(क) देखो ·१४ गर्भसाहरण

भगवान महावीर के जीव ने देव प्रयोग से देवानन्दा ब्राह्मणी के गर्भ से साहरित होकर त्रिशला क्षत्रियाणी के गर्भ मे वर्षाऋतु के तीसरे मास मे, पाँचवें पक्ष मे, आश्विन कृष्णा त्रयोदशी के दिन उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के योग मे प्रवेश पाया । गर्भ-हरण का प्रसग दिगम्बर परम्परा मे अभिमत नहीं है ।

(ख) अत्थेत्थ भरहवासे, कुंडग्गामं पुरं गुणसमिद्धं ।
तत्थ य नरिन्दवसहो, सिद्धत्थो नाम नामेणं ॥ २१ ॥
तस्स य बहुगुणकलिया, भज्जा, तिसल त्ति रूवसंपन्ना ।
तीए गब्भम्मि जिणो, आयाओ चरिमसमयम्मि ॥ २२ ॥

—पउच० अधि २ । गा २१, २२

भगवान महावीर पूर्वजन्म के चरम समय होने पर भरतक्षेत्र के कुंडपुर नगर के राजा सिद्धार्थ की रानी बहुगुणयुक्ता, रूप सपन्ना त्रिशला के गर्भ में आये ।

(ग) पण्णरसदिवसेहि अट्ठहि मासेहि य अहियपंचहत्तरिवासासेसे चउत्थ-काले ७५-८-१५ पप्फुत्तरविमाणादो आसाढ-जोण्हपक्ख छट्ठीए महावीरो बाहत्तरि-वासाउओ तिण्णाणहरो गब्भमोइण्णो ।

—कसापा० । गा० १ । टीका । भाग १ । पृ ७४

(घ) सव्वट्ठसिद्धिठाणा अवइण्णा उसहधम्मपहुदितिया

× × ×

पुप्फोत्तराभिधाणा अणंतसेयंसवड्डमाणजिणा ॥

—तिलोप० अधि ४ । गा ५२२ पूर्वार्ध, ५२४ उत्तरार्ध

(च) पंचसप्ततिवर्षाष्टमासमासार्धशेषकः ।
चतुर्थस्तु तदा कालो दुःखमः सुखमोत्तरः ॥
आषाढशुक्लषष्ठ्यां तु गर्भावतरणेऽर्हतः ।
उत्तराफाल्गुनीनीडमुडुराजाद्विजः श्रितः ॥

—हरिपु० खड १ । सर्ग २ । श्लो २२, २३

(छ) दुवई—कय विब्भय - विलास-परमेसरि
बाल - मराल - चारिणी ।
कंकण - हार - दोर - कडिसुत्तय—
कुंडल - मउड - धारिणी ॥
चंदक्क - कंति - संपण्ण - कित्ति ।
सिरि हरि सलच्छि दिहि पंकयच्छि ।
सइ किंत्ति बुद्धि कय गब्भ-सुद्धि ।
आषाढ - मासि-ससियर-पयासि ॥
पक्खंतरालि हय - तिमिर - जालि ।
दिस - णिम्मलम्मि छट्ठी-दिणम्मि ।
संसार - सेउ थिउ गब्भि देउ ।

—वीरजि० संधि १ । कड ९ । पृष्ठ १८

(ज) तदैवाषाढमासस्य शुक्ले षष्ठी दिने शुचौ।
उत्तराषाढनक्षत्रे शुभे लग्नादिके सति॥
सोऽमरेन्द्रोऽच्युताच्च्युत्वा धर्मध्यानेन धर्मकृत्।
सुगर्भे प्रियकारिण्याः शुचौ पुण्यादवातरत्।

—वीरवर्ध० अधि ७। श्लो ११०, १११

भगवान महावीर का जीव पुष्पोत्तर विमान से चतुर्थकाल (सुखम-दुखम आरा) में ७५ वर्ष, ८ महीना, १५ दिन अवशेष रहने पर आषाढ शुक्ला षष्ठी के दिन बहत्तर वर्ष की आयु से युक्त होकर तथा मति, श्रुत और अवधि ज्ञान से सहित रानी प्रियकारिणी के त्रिशला गर्भ में अवतीर्ण हुए।

.०२ गर्भप्रवेश की तिथि और नक्षत्र

(क) देखो '१४ गर्भसाहरण

भगवान महावीर के जीव ने हरिणेगमैषिन् देव द्वारा वर्षाऋतु के तीसरे मास मे, पाँचवे पक्ष मे, आश्विन कृष्णात्रयोदशी की पूर्व रात्रि के उत्तरा-फाल्गुनी नक्षत्र के योग मे देवानन्दा ब्राह्मणी के गर्भ से साहरित होकर त्रिशला क्षत्रियाणी के गर्भ मे प्रवेश पाया।

(ख) आषाढस्य सिते पक्षे षष्ठ्यां शशिनि चोत्तराषाढे।

× × ×

तदन्तेऽपश्यदन्यं च गजं वक्त्रप्रवेशिनम्।

—उत्तपु० पर्व ७४। श्लो २५३ पूर्वार्ध, २५७ पूर्वार्ध

(ग) तदैवाषाढमासस्य शुक्ले षष्ठी दिने शुचौ।
उत्तराषाढनक्षत्रे शुभे लग्नादिके सति॥११०॥
सोऽमरेन्द्रऽच्युताच्च्युत्वा धर्मध्यानेन धर्मकृत्।
सुगर्भे प्रियकारिण्याः शुचौ पुण्यादवातरत्॥१११॥

—वीरवर्धच० अधि ७। श्लो ११०, १११

आषाढ शुक्ला षष्ठी के दिन जबकि चद्रमा उत्तराषाढा नक्षत्र मे था तब रानी प्रियकारिणी (त्रिशला) ने (सोलह स्वप्न देखने के पश्चात्) अपने मुख मे प्रवेश करता हुआ एक अन्य गज देखा। अर्थात् भगवान महावीर का जीव अच्युत स्वर्ग (पुष्पोत्तर विमान) से च्युत होकर पुण्योदय से प्रियकारिणी के पवित्र गर्भ मे अवतरित हुआ।

(घ) पुप्फुत्तरविमाणादो आसाढ-जोण्हपक्ख-छट्ठीए महावीरो बाहत्तरि-वासाउओ तिण्णाणहरो गब्भमोइण्णो।

—कसापा० भाग १। गा १। टीका पृष्ठ ७४

(च) आषाढ - मासि, ससियर - पयासि।
पक्खंतरालि, हय-तिमिर जालि ॥
दिस-णिमलम्मि, छट्ठी दिणम्मि।
संसार - सेउ, थिउ गब्भि देउ ॥

—वीरजि० संधि १ कड ६। पृष्ठ १८

आषाढ मासके चन्द्र से प्रकाशमान व अधकार समूह को दूर करने वाले शुक्ल पक्षमे षष्ठी के दिन जब दिशाएँ निर्मल थी तब ससार के सेतुभूत भगवान महावीर पुष्पोत्तर विमान से प्रियकारिणी के गर्भ मे आकर अवस्थित हुए।

(छ) सिविणए पवरु गय-रूव-धरु णिसि पविट्‌ठु देवि-मुहे
मुणिवर भणिया सावण तणिया सिय छट्ठिहे जियसररुहे ॥

—वड्ढ्च० सधि ६। कड ७। पृ २०७

राजा सिद्धार्थ के मुख से स्वप्नो के फल को क्रमश सुनकर उनकी माता प्रियकारिणी आनदलहरसे भर उठी। वह देवी शीघ्र ही जब अपने सुन्दर भवन मे गयी, तभी वह सुराधीश सुखकारी पुष्पोत्तर विमान से चयकर रात्रि के समय प्रवर स्वप्न मे देवी—प्रियकारिणी के मुख मे गज के रूप मे प्रविष्ट हुआ। उसे मुनिवरों ने कमलों को जीतने वाली श्रावण सबधी शुक्ला छट्ठी तिथि कही है।

०३ गर्भ प्रवेश के समय स्वर्ग में आनन्दानुभूति

तद्‌गर्भाधानमाहात्म्याद् घंटाशब्दो महानभूत्।
स्वर्लोकेषु सुरेशां विष्टराणि प्रचकम्पिरे ॥ ११२ ॥
स्वमेवाभवत्सिंहनादो ज्योतिष्कधामसु।
शंखध्वनिर्महानासीद् भवनाधिपसद्‌मसु ॥ ११३ ॥
भेरीरवोऽतिगम्भीरो व्यन्तराणा गृहेषु च।
शेषाश्चर्याणि जातानि बहूनि सर्वधामसु ॥ ११४ ॥

— वीरवर्धच० अधि ७। श्लो ११२ से ११४

उनके गर्भ धारण के महात्म्य से स्वर्ग लोक मे घटाओं का भारी शब्द हुआ और इन्द्रो के आसन कपित हुए। ज्योतिष्क देवों के स्थानों में स्वयमेव ही सिंहनाद हुआ। भवनवासियों के भवन मे शंख ध्वनि होने लगी। व्यतरो के घरों मे अति गभीर भेरियों का शब्द हुआ। उस समय सर्व ही स्थानों मे इसी प्रकार के अनेक आश्चर्य हुए।

·०४ गर्भ कल्याणक

(क) अथामराधिपाः सर्वे तयोरभ्येत्य संपदा।
कल्याणाभिषवं कृत्वा नियोगेषु यथोचितम्।
—उत्तपु० पर्व ७४। श्लो २६० उत्तरार्ध, २६१ पूर्वार्ध

सब देवों ने आकर बड़े वैभव के साथ राजा सिद्धार्थ और रानी प्रियकारिणी का गर्भ-कल्याणक संबंधी अभिषेक किया।

(ख) इत्यादि विविधाश्चर्यदर्शनाच्छ्रीजिनेशिनः।
विवेदुरवतारं ते चतुर्णिकायवासवाः ॥ ११५ ॥
ततस्ते त्रिदशाधीशाः स्वस्वभूत्युपलक्षिताः।
स्वं स्वं वाहनमारूढाः सद्धर्मकरणोद्यताः ॥ ११६ ॥
स्वाङ्गाभरणतेजोभिर्द्योतयन्तो दिशादश
ध्वजछत्रविमानाद्यैश्छादयन्तो नभोऽङ्गणम् ॥ ११७ ॥
सामराः सकलत्रा जयवाद्यादिरवाङ्किताः।
जिनकल्याणसंसिद्ध्यै ह्याजग्मुस्तत्पुरं परम् ॥ ११८ ॥
जिनेन्द्रपितरौ भक्त्या ह्यारोप्य हरिविष्टरे।
अभिषिच्य कनत्काञ्चनकुम्भैः परमोत्सवैः ॥ १२० ॥
प्रपूज्य दिव्यभूषास्रग्वस्त्रैः शक्राः सहामरैः।
गर्भान्तस्थं जिनं स्मृत्वा प्रणेमुस्त्रिपरीत्य ते ॥ १२१ ॥
—वीरच० अधि ७। श्लो ११५ से ११८, १२०, १२१

नाना प्रकार के आश्चर्यों को देखने से चतुर्णिकाय के देवों ने श्री तीर्थंकर देवके गर्भावतार को जाना।

तब वे सभी देवेन्द्र अपनी अपनी विभूति के साथ अपने-अपने वाहनों पर आरूढ़ हो उत्तम धर्म के करने मे उद्यत हुए, अपने शरीर के आभूषणों के तेज से दसों दिशाओं को उद्योतित करते, ध्वजा, छत्र, विमानादिसे गगनाङ्गण को आच्छादित करते और जय जय नाद करते और बाजे को बजाते हुए अपनी स्त्रियों और देव परिवार के साथ भगवान् के गर्भ-कल्याण की सिद्धि के लिए उस उत्तम कुंडपुर नगर मे आये।

उस समय अनेक विमानों से, अप्सराओं से और देव-सैनिकों से वह कुंडपुर सर्व प्रकार से व्याप्त होकर अमरपुर के समान शोभित होने लगा।

इन्द्रों ने तीर्थंकर भगवान के माता-पिता को भक्ति से सिंहासन पर बैठाकर चमकते हुए सुवर्ण कलशों द्वारा परम उत्सव के साथ अभिषेक करके दिव्य वस्त्र, आभूषण और

मालाओं से सर्व देवों के साथ पूजा करके उन्होंने गर्भ के भीतर विराजमान जिनदेव का स्मरण कर और तीन प्रदक्षिणा देकर नमस्कार किया।

०५ गर्भ प्रवेश के पश्चात् धन वर्षा—

(क) यस्यावतारतः पूर्वं पित्रोः सौधे धनाधिपः।
मासान् षण्णवसंपूर्णांश्चक्रे रत्नादिवर्षणम्॥

—वीरवर्धच० अधि १, श्लो २

(ख) घत्ता—घरपंगणि तासु रायहु सुहु-पब्भारहिं।
वुट्ठउ धणणाहु अविहंडिय-धण-धारहिं।

—वीरजि० संधि १। कड ९। पृ ११

(ग) आषाढ-मासि ससियर पयासि।
पक्खंतरालि हय-तिमिर-जालि॥
सिस-णिम्मलम्मि छट्ठी-दिणम्मि।
संसार-सेउ थिउ गब्भि देउ॥
संपण्ण-हिट्ठि कयकणय-विट्ठि।
जक्खेण ताम णव-मास जाम॥

—वीरजि० संधि १। कड ६। पृष्ठ १८

(घ) धणवइ वसु वरिसिउ पुणुवि तेम
णव मासु सुपाउसे मेहु जेम।

—वड्ढच० संधि ६। कड ८

भगवान् महावीर के जीवके रानी प्रियकारिणी के गर्भ मे आने के पश्चात् नवमास तक धनपति—कुबेर या यक्ष ने राजा सिद्धार्थ के प्रासाद के प्रांगण मे प्रचुर रत्नादिकी वृष्टि की।

(च) गर्भस्थेऽथ प्रभौ शक्राऽऽज्ञया जृंभिकनाकिनः।
भूयो भूयो निधानानि न्युधुः सिद्धार्थवेश्मनि।

—त्रिशलाका पर्व १०। सर्ग २। श्लो ३४

जब भगवान महावीर गर्भ मे आये तब शक्रेन्द्र की आज्ञा से जृंभिक देवों ने सिद्धार्थ राजा के घर मे धनका निधान लाकर स्थापित किया।

·६ गर्भ-अवस्थान-काल

(क) देवानंदा व त्रिशला के गर्भवास का संयुक्त काल

दोण्हं वरमहिलाणं गब्भे वसिऊण गब्भसुकुमालो।
नवमासे सत्त य दिवसे समइरेगे॥

—आव० मूल भाष्य गा ६०

मलय टीका—द्वयोर्वरमहिलयोर्गर्भे उषित्वा गर्भे सुकुमारो गर्भसुकुमारः, प्रायोऽप्राप्तदुःख इत्यर्थः, कियन्त कालं यावदित्याह—नव मासान् परिपूर्णान् सप्त दिवसान् सातिरेकान्-समधिकान् ।

भगवान महावीर का जीव-देवानंदा ब्राह्मणी तथा त्रिशला क्षत्राणी—दो गर्भों में कुल मिलाकर संयुक्त काल रूप नवमास साधिक सात दिन रहे । दोनों गर्भों के अवस्थान में भगवान महावीर को किसी प्रकार का कष्ट नहीं हुआ ।

तत्पश्चात् त्रिशला क्षत्राणी के गर्भ से भगवान महावीर का जन्म हुआ ।

(ख) अण्णे के वि आइरिया × × × परूवेंति । × × × । आसाढजोण्हपक्ख-छट्ठीए कुंडपुरणगराहिवणाहवंस-सिद्धत्थणरिंदस्स तिसिलादेवीए गब्भमागंतूण तत्थ अट्ठदिवसाहिय णवमासे अच्छिय चइत्त-सुक्कपक्ख-तेरसीए रत्तीए उत्तरफग्गुणीणक्खत्ते गब्भादो णिक्खंतो वड्ढमाणजिणिंदो । एत्थ आसाढजोण्हपक्खछट्ठिमादिं कादूण जाव पुण्णमात्ति दसदिवसा होंति ॥१०॥

पुण्णो सावणमासमादिं कादूण अट्ठमासे गब्भम्मि गमिय, चइत्तमास-सुक्कपक्ख-तेरसीए उप्पण्णोत्ति अट्ठावीसदिवसा तत्थ लब्भंति ।

एदेसु पुव्विल्लदसदिवसे पक्खित्ते मासो अट्ठदिवसाहिओ होदि ।

तम्मि अट्ठमासेसु पक्खित्ते अट्ठदिवसाहियणवमासा वड्ढमाणजिणिंदगब्भत्थ-कालो होदि । तस्स संदिट्ठी ९-८ । × × × एवं गब्भट्ठिदकालपरूवणा कदा ।

—कसापा० भाग १ । गा १ । टीका । पृ० ७६, ७७

कई एक आचार्य भगवान महावीर के गर्भ-अवस्थान काल की परूपणा इस प्रकार करते हैं—

आषाढ महिने के शुक्लपक्ष की षष्ठी के दिन कुंडपुर (कुंडलपुर) नगर के स्वामी नाथवंशी सिद्धार्थ नरेन्द्र की त्रिशला देवी के गर्भ में आकर और वहाँ नौ मास आठ दिन रहकर चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन रात्रि में उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र के रहते हुए भगवान महावीर गर्भ में आये ।

वहाँ आषाढ शुक्ला षष्ठी से लेकर पूर्णिमा तक दस दिन होते है । पुन: श्रावण मास से लेकर फाल्गुन मास तक आठ मास गर्भावस्था में व्यतीत करके चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को उत्पन्न हुए । इसलिए चैत्र मासके अट्ठाइस दिन और प्राप्त होते है । इन अट्ठाइस दिनोंमे पूर्व के दस दिन मिला देने पर आठ दिन अधिक एक मास होता है । इसे पूर्वोक्त आठ महिनों मे मिलादेने पर नौ मास आठ दिन प्रमाण वर्द्धमान जिनेन्द्र का अवस्थान काल होता है ।

·०७ (ग्गि) कालचक्र की अपेक्षा गर्भ में अवतीर्ण

(क) इम्मिस्सेवसप्पिणीए चउत्थकालस्स पच्छिमे भाए।
चोत्तीसवासावसेसे किंचि विसेसूणकालम्मि ॥२०॥

तंजहा—पण्णरसदिवसेहि अट्ठहि मासेहि य अहियपंचहत्तरिवासावसेसे चउत्थकाले ७५-८-१५ पुप्फुत्तरविमाणादो आसाढ-जोण्हपक्ख-छट्ठीए महावीरो बाहत्तरिवासाउओ तिण्णाणहरो गब्भमोइण्णो। × × ×।

—कसापा० भाग १ । गा १ । टीका । पृ० ७४

इस अवसर्पिणी काल के दुःषमसुषमा चतुर्थकाल के पिछले भाग में कुछ कम चौतीस वर्ष बाकी रहने पर धर्मतीर्थ की उत्पत्ति हुई।

यथा—चतुर्थकाल में पन्द्रह दिन और आठ महिने अधिक पचहत्तर वर्ष बाकी रहने पर आषाढ महिने की शुक्लपक्ष की षष्ठी के दिन बहत्तर वर्ष की आयु से युक्त तीन ज्ञान से युक्त भगवान महावीर पुष्पोत्तर विमान से गर्भ में अवतीर्ण हुए।

यह गणना निम्न प्रकार से की गई है :—

	वर्ष	मास	दिन
गर्भ प्रवेश से गृहस्थ काल	३०	०	०
छद्मस्थकाल	१२	०	०
बिना तीर्थके केवली काल	०	२	६
तीर्थकाल	२९	६	२४
निर्वाण पश्चात् चतुर्थ आरा	३	८	१५
योग	७५	८	१५

(ख) अण्णे के वि आइरिया × × ×। परूवेंति × × ×। परिणिव्वुदे जिणिदे चउत्थकालस्स अब्भंतरे सेसं वासा तिण्णि मासा अट्ठदिवसा पण्णरस ३-८-१५। संपहि कत्तियमासम्हि पण्णरसदिवसेसु मग्गसिरादितिण्णिवासेसु अट्ठमासेसु च महावीरणिव्वाणगयदिवसादो गदेसु सावणमासपडिवयाए दुस्सम-कालो ओइण्णो। इमं कालं वड्ढमाणजिणिदाउअम्मि पक्खित्ते दसदिवसाहिय-पंचहत्तरिवासावसेसे चउत्थकाले सग्गादो वड्ढमाणजिणिदो ओदिण्णो होदि ७५-०-१०।

—कसापा० भाग १ । गा १ । टीका । पृ ७६, ८१

कुछ अन्य आचार्य ऐसा प्ररूपणा करते है—

महावीर जिनेन्द्र के मोक्ष चले जाने पर चतुर्थकाल मे तीन वर्ष, आठ माह और पद्रह दिन शेष रहे थे। जिस दिन महावीर जिन निर्वाण को प्राप्त हुए उस दिन से कार्तिक मासके पंद्रह दिन और मार्गशीर्ष मास से लेकर तीन वर्ष, आठ मास काल के व्यतीत हो जाने पर श्रावणमास की प्रतिपदा से दुःषमकाल अवतीर्ण हुआ। इस तीन वर्ष, आठ मास और पद्रह दिन प्रमाण काल को वर्द्धमान जिनेन्द्र की इकहत्तर वर्ष, तीन मास और पच्चीस दिन प्रमाण आयु में मिला देने पर पचहत्तर वर्ष और दस दिन प्रमाण काल चतुर्थकाल मे से शेष रहने पर वर्द्धमान जिनेंद्र स्वर्ग से अवतीर्ण हुए।

यह गणना निम्न प्रकार से की गई है—

	वर्ष	मास	दिन
गर्भस्थकाल	०	९	८
कुमार काल	२८	७	१२
छद्मस्थ काल	१२	५	१५
केवली काल	२९	५	२०
निर्वाण पश्चात् चतुर्थ आरा	३	८	१५
योग	७५	०	१०

·०८ परिवार में धनादि की वृद्धि

(क) जओणं पभिइ समणे भगवं महावीरे तिसलाए खत्तियाणीए कुच्छिंसि गब्भं आहुए, तओ णं पभिइ कुलं विउलेणं हिरण्णेणं सुवण्णेणं धणेणं धण्णेणं माणिक्केणं मोत्तिएणं संख-सिलप्पवालेणं अईव-अईव परिवड्ढइ।

—आया० श्रु २। अ १५। सू १२

(ख) जप्पभिइं च णं समणे भगवं महावीरे तं नायकुलं साहरिए तप्पभिइं च णं बहवे वेसमणकुंडधारिणो तिरियजंभगा देवा सक्कवयणेणं सेजाइं इमाइं पुरा-पोराणाइं महानिहाणाइं भवंति, तजहा—पहीणसामियाइं जाव सुसाणसुन्नागार-गिरिकंदरसंतिसेलोवट्ठाणभवणगिहेसु वा सन्निक्खित्ताइं चिट्ठंति ताइं सिद्धत्थ-रायभवणंसि साहरंति॥

जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे नायकुलंसिसाहरिए तं रयणिं च णं नायकुलं हिरण्णेणं वड्ढित्था सुवण्णेणं वड्ढित्था धणेण धन्नेणं रज्जेणं रिट्ठेणं बलेणं वाहणेणं कोसेणं कोट्ठागारेणं पुरेणं अतेउरेणं जणवएणं जसवाएणं वड्ढित्था, विपुल-

धनकणगरयणमणिमोत्तियसंखसिलप्पवालरत्तरयणमाइएणं संतसारसावएज्जेणं पीइसक्कारसमुदएणं अईव-अईव अभिवड्ढित्था ।

—कप्प० सू ८४, ८५ । पृ० २६, ३०

(घ) × × × जं रयणिं भयवं तिसलाए गब्भेसाहरिते तं रयणिं सक्कवयणेणं तिरियजंभगा देवा विविहाइं मणिनिहाणाइं सिद्धत्थरायभवणंसि साहरंति तं च नायकुलं हिरण्णेणं सुवण्णेणं धन्नेणं रज्जेणं बलेणं वाहणेणं कोट्ठागारेणं पुरेणं अंतेउरेणं जयवयपुत्ते हिं पसूहिं सावइज्जेणं च अतीव-अतीव अभिवड्ढइ × × × ।

—आव० नि गा ४५८ । मलय टीका पृ० २५५

(च) सर्वज्ञातकुलं भूरिधनधान्यादिसमृद्धिभिः ।
गर्भावतीर्णभगवत्प्रभावाद्ववृधेतराम् ॥
सिद्धार्थस्यापि नृपतेर्दर्पादप्रणताः पुरा ।
प्रणेमुभूंभुजोऽभ्येत्य स्वयं प्राभृतपाणयः ॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो ३५, ३६

जिस रात्रि मे भगवान महावीर के जीव को साहरित कर त्रिशला क्षत्रियाणी की कुक्षि मे प्रवेश कराया गया उस रात्रि से चाँदी, सोने, धन , धान्य, राज्य, राष्ट्र, बल, वाहन, भंडार, कोठार, नगर, अंतपुर, जनपद, यशोकीर्ति, विपुल धन, कनक, रत्न, मणि, मोती, दक्षिणावर्तशंख, शिला—राजपट्ट, प्रवाल, रक्त रत्न, माणिक आदि खरे बहुमूल्य रत्नादि की ज्ञातकुल मे वाणव्यंतर (तिर्यक्‌जृंभिक) देव योग से वृद्धि हुई और ज्ञातकुल मे परस्पर प्रीति, सत्कार भाव बहुलता से अभिवृद्धि को प्राप्त हुआ ।

देवयोग से जो धन वृद्धि हुई वह देवताओं ने स्वामित्व विहीन धनागारो से एकत्रित करके प्रस्राव किया ।

—०—

·१७ गर्भकाल-गर्भस्थ काल की घटना

·०१ गर्भ में हलन-चलन की क्रिया

(क) तएणं समणे भगवं महावीरे माउअणुकंपणट्ठाए निच्चले निप्फंदे निरेयणे अल्लीणपल्लीणगुत्ते यावि होत्था ।

तएणं तीसे तिसलाए खत्तियाणीए अयमेयारूवे जावसमुप्पज्जित्था - हडे मे से गब्भे मडे मे से गब्भे चुए मे से गब्भे गलिए मे से गब्भे एस मे गब्भे पुव्विं एयति इयाणिं

नो एयति त्ति कट्टु ओहतमणसंकप्पा चिंतासोगसायरं संपविट्ठा करयलपल्हत्थमुही अट्टज्झाणोवगया भूमिगयदिट्ठीयाझियायइ। तं पि य सिद्धत्थरायभवणं उवरय-मुइंगतंतीतलतालनाडइज्जजणमणुज्जं दीणविमणं विहरइ ॥

तएणं समणे भगवं महावीरे माऊए अयमेयारूवं अज्झत्थियं पत्थियं मणोगयं संकप्प समुप्पण्णं विजाणित्ता एगदेसेणं एयइ।

तएणं सा तिसला खत्तियाणी हट्ठतुट्ठ जावहियया एवं वयासी णो खलु मे गब्भे हडेजाव नो गलिए' मे गब्भे पुव्वि नो एयइ इयाणि एयइत्ति कट्टु हट्ठतुट्ठ जाव एवं वा विहरइ।

—कप्प सु ८७ से ९०। पृ० ३०-३१

(ख) मयि परपन्दमानेऽत्र मातुर्मा वेदना स्म भूत्।
इत्यस्थान्निभृतः स्वामी गर्भवासेऽपि योगिवत्॥
स्वामी संवृतसर्वांगव्यापारोऽस्थात्तथोदरे।
नालक्ष्यत यथा मात्राप्यन्तस्तिष्ठति वा न वा॥
तदा च त्रिशला दध्यौ किं गर्भो गलितो मम।
केनाप्यपहृतः किंवा विनष्टस्तंभितोऽथवा॥
यद्येतदपि संजातं तदलं जीवितेन मे।
सह्यं हि मृत्युजं दुःखं गर्भभ्रंशभवं न तु॥
इत्यार्त्तध्यानभाग्देवी रुदती लुलितालका।
त्यक्तांगरागा हस्ताब्जविन्यस्त मुखपंकजा॥
त्यक्ताभरणसभारा निःश्वासविधुराधरा।
सखीष्वपि हि तुष्णीका नाशेत बुभुजे न च।
तत् विज्ञाय सिद्धार्थमहिपतिरखिद्यत्।
तत्पुत्रभांडे च नंदिवर्धनोऽथ सुदर्शना॥
पित्रोर्विज्ञाय तद् दुःखं ज्ञानत्रयधरः प्रभुः।
अगुलिं चालयामास गर्भज्ञापनहेतवे॥
मद्गर्भोऽक्षत एवेति ज्ञात्वा स्वामिन्यमोदत।
अमोदयच्च सिद्धार्थं गर्भस्पंदनशंसनात्॥

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग २। श्लो ३७ से ४५

(ग) मलय टीका —भयवंपि माऊए अणुकंपाए निश्चलं अच्छइ।

तएणं सा तिसला कि मे गब्भे हडे ? कि मे गब्भे मए ? जं एस मे गब्भे पुव्विं एजइ इयाणि नो एजइत्ति कट्टु ओहयमणसंकप्पा चित्तासोगसागरसंपविट्ठा करयलपल्हत्थियमुही अट्टज्झाणोवगया भूमिगयदिट्ठीया झियाइ, तंपि य सिद्धत्थरायभवणं उवरयमुइंगतंतीतलतालनाडइज्जं जायं, ततो भगवया चिंतितं—किं मुइंगादिसद्दो न सुम्मइ ?

ततो ओहिणा नायवुत्तं तेण अंगुट्ठेगदेसो चालिओ। ततो सा तिसला हट्ठतुट्ठा जाया, सिद्धत्थरायभवणंपि पमुइयपक्कीलियं विहरइ।

– आव० नि गा ४५८ । टीका

गर्भ मे मेरे हलन चलन से माता त्रिशलाको कष्ट होता है – ऐसा विचार कर माता की अनुकम्पा के कारण भगवान ने अपनी हलन-चलन की क्रिया बद कर दी।

गर्भ मे हलन-चलन की क्रिया बद होने से त्रिशला क्षत्राणी के विचार आया कि मेरे गर्भ का हरण हो गया है, वा मेरा गर्भ मर गया है वा मेरा गर्भ च्युत हो गया है वा मेरा गर्भ गल गया है क्योंकि मेरा गर्भ पूर्व हलन-चलन की क्रिया करता था अब नही करता है। इन विचारों से वह कुलषित चितातुर—शोकाभिभूत हो गई। हथेली पर मुँह रखकर आर्त्तध्यान को प्राप्त हुई। वह भूमिपर एक दृष्टि रखकर चिंता करने लगी।

इस प्रकार भगवान महावीर ने अवधिज्ञान से अपनी माता को चितातुरजान—देखकर स्वयं के शरीर को एक देश से (अंगुष्ठ से) कम्पन किया।

भगवानको हलन-चलन क्रिया पुन चालू होने पर त्रिशला क्षत्राणी हृष्ट-पुष्ट हुई, परम आनद को प्राप्त हुई और मन मे विचार कि—यह निश्चित है कि मेरे गर्भ का हरण नहीं हुआ है यावत् मेरा गर्भ नही गला है। मेरा गर्भ हलन-चलन की क्रिया नही करता था लेकिन अब करता है। ऐसा कहकर रानी त्रिशला हृष्ट-पुष्ट होकर विचरने लगी।

०२ वर्द्धमान (महावीर) का गर्भ में अभिग्रह

(क) तएणं समणे भगवं महावीरे गब्भत्थे चेव इमेयारूवं अभिग्गहं अभिगिण्हइ नोखलु मे कप्पइ अम्मापिएहिं जीवंतेहिं मुंडे भवित्ता अगारवासाओ अणगारियं पव्वइत्तए।

—कप्प० सू ९१ । पृ० ३१

(ख) ततो भयवं चिंतेइ—ममं गब्भत्थेऽवि माउपितूणमेवं पडिबंधो तो जइ उम्मुक्कबालभावो देवदाणवपरियरिओ पवज्जं गिण्हिस्सामि ततो महंतमट्टज्झाण मेयासि भविस्सइत्ति चिंतिऊण माउपिऊणमणुकंपाए सत्तमे मासे गब्भत्थो चेव अभिग्गहं गेण्हइ…'जाव एयाणि जीवंति ताव नाहं समणे भवामि' पतद्देवाह—

तिहिं नाणेहिं समग्गो देवीतिसलाए सो य कुच्छिसि ।
अह वसइ सन्निगब्भो छम्मासे अद्धमासं च ॥ ५८ ॥
अह सत्तमम्मि मासे गब्भत्थो चेवऽभिग्गहं गेण्हे ।
नाहं समणो होहं अम्मापियरंमि जीवंते ॥ ५६ ॥

—आव० मूल भाष्य गा ५८, ५६

(ग) मलय टीका —××× त्रिभिर्ज्ञानैः—मतिश्रुतावधिरूपैः समग्रः, कियन्तं कालं यावद्वसतीत्यत आह-षण्मासान् अर्द्धमासं च। अथ गर्भादारभ्य सप्तमे मासे तयोर्मातापित्रोर्गर्भप्रयत्नकरणेनात्यन्तं स्नेहमवबुद्ध्य अहो ममोपर्यनी-वानयोः स्नेहो, यद्यहमनयोर्जीतोः प्रव्रज्यां गृह्णामि नूनं भवत एवैताविव्यतो गर्भस्थ एवाभिग्रहं गृह्णाति, ज्ञानत्रयोपेतत्वात् , किंविशिष्टमित्याह नाहं श्रमणो भविष्यामि मातापित्रोर्जीवतोरिति ।

—आव० नि० गा ४५८ । मलय टीका

(घ) अचिन्तयश्च भगवान्मय्यदृष्टेऽपि कोऽप्यहो ।
मातापित्रोर्महान् स्नेहो जीवतोरनयोर्यदि ॥
प्रव्रजिष्याम्यहं स्नेहमोहादेतौ तदा ध्रुवम् ।
आर्तध्यानगतौ कर्माशुभं बह्वर्जयिष्यतः ॥
अथैवं सप्तमे मासि जग्राहाभिग्रहं प्रभुः ।
उपादास्ये परिव्रज्यां न पित्रोर्जीवतोरहम् ॥
अथ दिक्षु प्रसन्नासु स्वोच्चस्थेषु ग्रहेषु च ।
प्रदक्षिणेऽनुकूले च भूमिसर्पिणी मारुते ॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो ४६ से ४६

गर्भस्थकाल मे अवधि ज्ञानी भगवान ने चिंतन किया कि मेरे पर जब गर्भस्थकाल मे भी माता-पिता का अधिक स्नेह है, अतः यदि मैं बाल-भाव को छोड़कर देव-दानव के मध्य मे प्रव्रज्या ग्रहण करूँगा तो मेरी माता अत्यन्त आर्तध्यान को प्राप्त होगी। ऐसा चिंतनकर माता की अनुकम्पा से गर्भ के सातवें मास मे भगवान महावीर ने अभिग्रह लिया कि जब-तक माता-पिता जीवित रहेंगे तब तक मैं मुंडित होकर गृहवास छोड़कर अनगार वृत्ति—प्रव्रज्या ग्रहण नहीं करूँगा। कहा जाता कि गर्भ मे हिलने-डुलने की क्रिया सार्ध छःमास व्यतीत हो गये थे तत्पश्चात् भगवान् मातृ स्नेह के वशीभूत होकर हिलने-डुलने की क्रिया कुछ दिन बंद रखी।

·३ गर्भ की प्रतिपालना

(क) तए णं सा तिसला खत्तियाणी ण्हाया कयबलिकम्मा कयकोउयमंगल-पायच्छित्ता सव्वालंकारभूसिया तं गब्भं नाइसीएहिं जाव नातिसुक्केहिं ××× ववगयरोगसोगमोहभयपरित्तासा जं तस्स गब्भस्स हियं मियं पत्थं गब्भपोसणं तं देसे यकाले य आहारमाहारेमाणी ××× विहारभूमीए पसत्थदोहला जाव विणीयदोहला सुहं सुहेणं आसयइ सयति चिट्ठइ निसीयइ तुयट्टइ सुहं सुहेणं तं गब्भं परिवहइ ॥

—कप्प० सु ९२

(ख) ततो णं सा तिसला ण्हाया कयकोउयमंगलोवयारा तं गब्भं नातिउण्हेहिं नाइसीएहिं नातितित्तेहिं नातिकडुएहिं नातिकसाएहिं अंबिलेहिं नाइमहुरेहिं जं तस्स गब्भस्स हियं पत्थं तं देसे काले य आहारमाहारेमाणी विवित्तमउएसु सयणासणेसु सुहंसुहेण चिट्ठइ।

—आव० नि गा ४५८। मलय टीका।

भगवान महावीर के जीव ने गर्भस्थकाल में माता की अनुकम्पा से पुनः हलन-चलन की क्रिया प्रारम्भ की फलस्वरूप माता त्रिशला आर्तध्यान से निवृत्त हुई।

इसके बाद त्रिशला क्षत्राणी ने स्नानादि कार्य किया और कौतुक, मंगल, प्रायश्चित किया। सर्वालंकारों से विभूषित होकर वह अपने गर्भ की रक्षा करने लगी। वह न अति शीत, न अति तिक्त, न अति उष्ण, न अति कटुक, न अति कषाय, न अति आंबिल, न अति मधुर रस का सेवन करती थी। रोग, शोक, मोह, भय, परिताप को छोड़कर गर्भ की रक्षा के लिये हित, मित, पथ्य आहार ग्रहण करती थी। देश, काल के अनुसार उचित आहार ग्रहण करती थी। मन के अनुकूल आसन आदि में सोती-बैठती थी। इस प्रकार वह सुखपूर्वक गर्भ का प्रतिपालन करने लगी।

(ग) दधार त्रिशलादेवी मुदिता गर्भमद्भुतम्।
अप्रमत्तं विहरन्ती लीलासदनभूष्वपि ॥

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग २। श्लो० ३१

·०४ गर्भ-अवस्था के ज्ञान

(क) समणे भगवं महावीरे तिण्णाणोवगए यावि होत्था।

—आया० श्रु २। अ १५। सू ७

—कप्प० सू २१। सू ११

(ख) तिहिं नाणेहिं समग्गो देवीतिसलाए सो य कुच्छिंसि।

—आव० मूल भाष्य गा ५८। पूर्वार्ध

(ग) × × × महावीरो × × × तिण्णाणहरो गब्भमोइण्णो।

—कसापा० भा १। गा १। टीका। पृ ७४

(घ) × × × गब्भ-ट्ठिओवि णाणतएणं सो मुक्कु ण मुणिय-जयत्तएणं।

—वड्ढच० संधि ६। कड ८। पृ० २०१

गर्भस्थकाल में भी भगवान महावीर को मति-श्रुत एवं अवधि—ये तीन ज्ञान थे।

—०—

.१८ दोहद

कल्प सूत्र के अतिरिक्त आगम साहित्य में त्रिशला क्षत्राणी को दोहद उत्पन्न हुआ - ऐसा उल्लेख नहीं है।

कल्पसूत्र की कल्पलता व्याख्या, पत्र संख्या १०८-२, १०९-१ में त्रिशला क्षत्राणी को दोहद उत्पन्न हुआ—ऐसा उल्लेख मिलता है। उपर्युक्त व्याख्या के अनुसार त्रिशला को इन्द्राणियों से छीन कर कुंडल पहनने का दोहद उत्पन्न हुआ। किन्तु ऐसा हो पाना सर्वथा असंभव था, अतः वह दुर्मनस्क रहने लगी। एकाएक इन्द्र का आसन कंपित हुआ। अपने अवधि ज्ञान के बल से यह सब जाना। इसे पूर्ण करने के उद्देश्य से उसने इन्द्राणी प्रभृति अप्सराओं को साथ लिया और एक दुर्गम पर्वत के अन्तर्वर्ती विषम स्थान में देव-नगर का निर्माण कर रहने लगा। सिद्धार्थ ने उक्त घटना को जाना, ससैन्य इन्द्र के पास आया और उससे कुंडलों की याचना की। इन्द्र ने सिद्धार्थ को कुंडल देना मना किया। परिणाम स्वरूप दोनों ओर से युद्ध के लिए तैयार हुए। इन्द्र युद्ध में समर्थ था फिर भी कुछ समय युद्ध कर वहाँ से भाग निकला। सिद्धार्थ ने अवसर देखकर अप्सराओं को लूट किया। बिलपती हुई इन्द्राणियों के हाथों बलपूर्वक राजा ने कुंडल छीने और त्रिशला को लाकर दिये। रानी ने कुंडल पहन कर अपना दोहद पूर्ण किया।

—०—

·१९ भगवान महावीर का जन्म

·१ जन्म की तिथि, नक्षत्र और समय

(क) (समणे भगवं महावीरे) हत्थुत्तराहिं जाए।

—आया० श्रु २। अ० १५। सू १। पृ० २३१

—कप्प० सू १। पृ० ३

—ठाण स्था ५। उ १। सू ९७। पृ ६६४

—दसासु० अ ८। सू १

(ख) तेणं कालेणं तेणं समएणं नवण्हं मासाणं अद्धट्ठमाणं राइंदियाणं वइक्कंताणं चेतसुद्धतेरसीदिवसे × × × अड्ढरत्तकालसमए हत्थुत्तराहिं नक्खत्तेणं आरोगा आरोगं दारयं पसूया।

—आव० नि० गा ४५८। मलय टीका। पृ २५६

(ग) अह चेत्तसुद्धपक्खस्स तेरसी पुव्वरत्तकालम्मि।
हत्थुत्तराहिं जातो कुंडग्गामे महावीरो॥

—आव० मूल भाष्य गा ६१

मलय टीका—चैत्रस्य शुद्धपक्षस्तस्य त्रयोदश्यां पूर्वरात्रकाले प्रथमप्रहरद्वयान्ते इत्यर्थः, हस्तोत्तरासु जातः हस्त उत्तरा यासां ता हस्तोत्तराः, उत्तरफाल्गुन्य इत्यर्थः।

(घ) प्रमोदपूर्णे जगति शकुनेषु जयिष्वलम्।
अर्धाष्टमदिनाग्रेषु मासेषु नवसूक्ष्मकैः।
शुक्लचैत्रत्रयोदश्यां चंद्रे हस्तोरागते।
सिंहांकं काञ्चनरुचिं स्वामिनी सुषुवे सुतम्॥
॥ त्रिभिर्विशेषकम्॥

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग २। श्लो ५०,५१

(च) नवमासेष्वतीतेषु स जिनोऽष्टदिनेषु च।
उत्तराफाल्गुनीष्विन्दौ वर्तमानेऽजनि प्रभुः॥

—हरिपु० खण्ड १। सर्ग २। श्लो २५

भगवान महावीर का चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन प्रायः मध्य रात्रि के समय हस्तोत्तरा नक्षत्र में कुंडग्राम में जन्म हुआ।

(छ) सिद्धत्थरायपियकारिणीहिं णयरम्मि कुंडले वीरो।
उत्तरफग्गुणिरिक्खे चित्तसियातेरसीए उप्पण्णो॥

—तिलोप० अधि ४। गा ५४९

(ज) × × × चइत्त-सुक्कपक्ख-तेरसीए उप्पण्णो × × ×।
एत्थुवउज्जंतीओ गाहाओ—
"× × ×—× × ×।"
अच्छित्ता णवमासे अट्ठय दिवसे चइत्त-सियपक्खे।
तेरसिए रत्तीए जादुत्तरफग्गुणीए दु॥ २४॥

—कसापा० भाग १। गा १। टीका। पृ० ७७-७८

(झ) नवमे मासि संपूर्णे चैत्रे मासे त्रयोदशी
दिने शुक्ले शुभे योगे सत्यर्यमणि नामनि ॥२६२॥
× × × × × × ।
तस्यां सुतोच्युताधीशो लोकालोकैकभास्करः ॥२६७॥

—उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो २६२, २६७ उत्तरार्ध

(ञ) इत्याद्यैः परमोत्साहैर्महोत्सवशतैः परैः ।
नवमे मासि संपूर्णे चैत्रे मासि शुभोदये ॥५९॥
त्रयोदशीदिने शुक्ले योगेऽर्यमणि नामनि
शुभे लग्नादिके देवीसुखेन सुषुवे सुतम् ॥६०॥

—वीरव० अधि ८ । श्लो ५९, ६०

(ट) सुउ-जणिउ ताए उत्थट्ठिएसु
महु-मासे सेय तइयहे गहेसु ।
उत्तरफग्गुणीए सतेइचंदे
वियसाविय-कइरव-कलिय-वंदे ।

—वड्ढव० संधि ९ । कड ९

राजा सिद्धार्थ की रानी प्रियकारिणी ने कुण्डलनगर में उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में, चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन अर्यमा नामक शुभ योग में, शुभलग्नादि के समय अच्युत देवलोक से आगत (श्रमण भगवान महावीर जीव को) जन्म दिया।

(ठ) मासम्मि पत्ति चित्ता-णिउत्ति ।
सिय तेरसीइ जणिओ सईइ ।
जिणु भुवण-णाहु भम्माह-देहु ।

—वीरजि० संधि १ । कड ९

जब चैत्र मास चित्रा नक्षत्र युक्त हुआ तब शुक्लपक्ष की त्रयोदशी के दिन सतिप्रिय-कारिणी ने भुवननाथ जिनेन्द्र भगवान महावीर को जन्म दिया।

(ड) तेणं कालेणं तेणं समएणं तिसला खत्तियाणी अह अण्णया कयाइ णवण्हं मासाणं बहुपडिपुण्णाणं, अद्धट्ठमाणं राइंदियाणं वीतिक्कंताणं, जे से गिम्हाणं पढमे मासे, दोच्चे—पक्खे-चेत्तसुद्धे, तस्सणं चेत्तसुद्धस्स तेरसीपक्खेणं, हत्थुत्तराहिं नक्खत्तेणं जोगोवगएणं समणं भगवं महावीरे अरोया अरोयं पसूया ।

—आया० श्रु २ । अ १५ । सू ८ । पृ २३२

(ढ) तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे जे से गिम्हाणं पढमे मासे दोच्चे पक्खे चित्तसुद्धे तस्स णं चित्तसुद्धस्स तेरसीदिवसेणं नवण्हं मासाणं बहुपडिपुन्नाणं अद्धट्ठमाण य राइंदियाणं विइक्कंताणं-उच्चट्ठाणगतेसु गहेसुपढमे चंदजोगे सोमासु दिसासु वितिमिरासु विसुद्धासु जतिएसु सव्वसउणेसु पयाहिणाणु-कूलंसि भूमिसप्पिंसि मारुयंसि पवातंसि निप्फण्णमेदिणीयंसि कालंसि पमुदित-पक्कीलिएसु जणवएसु-पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि हत्थुत्तराहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं आरोगा आरोगं दारयं पयाया।

— कप्प० सू ९३ । पृ० ३१-३२

गर्भ मे नव मास सार्ध सात दिन परिपूर्ण होने पर ग्रीष्म ऋतु के प्रथम मास में, दूसरे पक्ष मे, चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन, हस्तोत्तरा—उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र के आगमन होने पर, ग्रहों के उच्च स्थान पर आगमन होनेपर, चन्द्रके प्रथम योग मे प्रायः अर्द्धरात्रि के समय मे श्रमण भगवान महावीर का त्रिशला क्षत्राणी की कुक्षि से जन्म हुआ।

सम्भवतः यह नव मास आठ दिन की संख्या दोनों गर्भों (देवानन्दा तथा त्रिशला) की संयुक्त है। गणना इस प्रकार बनती है—

	मास	दिन
गर्भप्रवेश तिथि—आषाढ शुक्ला षष्ठी	०	०
गर्भसाहरण तिथि—आश्विन कृष्णा त्रयोदशी		
अतः देवाणंदा गर्भकाल	२	२२
जन्मतिथि—चैत्र शुक्ला त्रयोदशी		
अतः त्रिशला गर्भकाल	६	१६
योग—	९	८

(ण) मुणि-भासियाइँ पण्णासियाइँ।
सह दोसयाइँ जइयहुँ गयाइँ।
णिव्वुइ जिणिंदि अइ-तिमिरयंदि।
सिरिपासणाहि लच्छी-सणाहि।
तणु - कंति - कंतु तइयहुं तियंतु।
बड्ढाउमाणु सिरिवड्ढमाणु।
जइवहु पहूउ जय-तिलयभूउ।

—वीरजि० संधि १। कड १। पृ १८

जब पापरूपी अन्धकार को नष्ट करने के लिये चन्द्र के सदृश लक्ष्मीनाथ श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्र को निर्वाण प्राप्त किये २५० वर्ष व्यतीत हुए थे—तभी उन शरीर कांति से युक्त जन्म जरा-मरण अतीत, व्याधियों का अन्त करने वाले, जगत के तिलकभूत श्री वर्धमान जिनेन्द्र अपनी आयु बांध कर उत्पन्न हुए,

.०२ कालचक्र की अपेक्षा जन्मकाल

(क) अण्णे के वि आइरिया पंचहिदिवसेहि अट्ठहि मासेहि य ऊणाणि बाहत्तरि वासाणि त्ति वड्ढमाणजिणिंदाउअं परूवेंति ७१-३-२५। तेसिमहिप्पाएणं गब्भत्थकुमार-छदुमत्थ केवलिकालाणं परूवणा कीरदे। तंजहा, आषाढजोण्हपक्ख-छट्ठीए कुण्डपुर-णगराहिव णाहवंस-सिद्धत्थणरिंदस्स तिसलादेवीए गब्भमागंतूण तत्थ अट्ठदिवसाहिय णवमासे अच्छियचइत्त-सुक्कपक्ख-तेरसीए रत्तीए उत्तरफग्गुणी-णक्खत्ते गब्भादोणिक्खंतो वड्ढमाणजिणिंदो ×××।

परिणिव्वुदे जिणिंदे चउत्थकालस्स अब्भंतरे सेसंवासा तिण्णि मासा अट्ठ दिवसा पण्णारस ३-८-१५। ×××। इमंकालं वड्ढमाणजिणिंदाउअम्मि पक्खित्ते दसदिवसाहिय-पंचहत्तरिवासावसेसे चउत्थकाले सग्गादो वड्ढमाणजिणिंदो ओदिण्णो होदि। ७५-०-१०।

—कसापा० । गा १ । टीका । भाग १ । पृ० ७४, ७७, ८१

आषाढ़ महीने के शुक्लपक्ष की षष्ठी के दिन कुण्डपुर (कुण्डलपुर) नगर के स्वामी नाथवंशी सिद्धार्थ नरेन्द्र की त्रिशला देवी के गर्भ में आकर और वहाँ नौ माह आठ दिन रहकर चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन रात्रि में उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र के रहते हुए भगवान महावीर अवतरित हुए।

.०३ जन्मभूमि

(क) ××× जातो कुंडग्गामे महावीरो।

—आव० मूलभाष्य गा ११ उत्तरार्ध

मलय टीका—कुंडग्रामे महावीरः जातः।
भगवान महावीर का कुंडग्राम में जन्म हुआ।

(ख) ×××, णयरम्मि कुंडले वीरो।
×××, चित्तसियातेरसीए उप्पण्णो॥

—तिलोप० अधि ४। गा ५४९

भगवान महावीर का कुंडलपुर में जन्म हुआ।

(ग) णिवसइ विदेहु णामेण देसु।

× × ×।

तहिं णिवसइ कुंडपुराहिहाणु,

× × ×।

तस्थत्थि सिद्धत्थु

णरणाहु सिद्धत्थु।

× × ×।

तहो णरवरहो, साहिय-धरेहो पियकारिणि णामे पिय।

× × ×

सुउ जणिउ ताए उत्थट्ठिएसु,

महुमासे सेयतइयहे गहेसु।

× × ×।

आसा पसण्ण संजाय जेम,

× × ×।

—वड्ढ्माण० संधि ९। कड १, ३, ९

इस भरत क्षेत्र मे विदेह नामक एक सुप्रसिद्ध देश है। उसी विदेह देश मे कुडपुर नामक एक नगर है। उस कुडपुर मे समस्त अर्थो को सिद्ध कर लेने वाला सिद्धार्थ नामक राजा राज्य करता था। उस राजा सिद्धार्थ के मनको प्रिय लगने वाली 'प्रियकारिणी नाम की प्रिया थी।

उस माता प्रियकारिणी ने ग्रहों के उच्च स्थल मे स्थित होते ही मधुमास चैत्र की शुक्ल त्रयोदशी के दिन पुत्र को (भगवान् महावीर) जन्म दिया।

'०४ जन्मके पश्चात् धनवर्षा

(क) जण्णं रयणि तिसला खत्तियाणी समणं भगवं महावीरं अरोया अरोयं पसूया, तण्णं रयणि बहवे देवा य देवीओ य एगं महं अमयवासं च, गंधवासं च, चुण्णवासं च, हिरण्णवासंच, रयणवासं च वासिसु।

—आचा० श्रु २। अ १५। सु १०। पृ० २३३

(ख) जं रयणि च णं समणे भगवं महावीरे जाए तं रयणि च णं बहवे वेसमण-कुंडधारिणो तिरियजंभगा देवा सिद्धत्थरायभवणंसि हिरन्नवासं च सुवन्नवासं च रयणवासं च वयरवासं च वत्थवासं च आहरणवासं च पत्तवासं च पुप्फवासं च फलवासं च बीयवासं च मल्लवासं च जाव वसुहारवास च वासिंसु।

—कप्प० सु ९५। पृ० १२

(ग) ××× बहवे य वेसमणवयणचोइया तिरियजंभगा देवा सिद्धत्थराय-भवणंसि हिरण्णवासं सुवण्णवासं रयणवासं आभरणवासं पत्तवासं पुप्फवासं गंधवासं चुण्णवासं वासंति।

—आव० नि। गा ४५८। मलयटीका

(घ) आभरणरयणवासं वुट्ठं तित्थंकरंमि जायंमि।

—आव० मूल भाष्य गा ६२ पूर्वार्ध

टीका— आभरणानि—कटककेयूरादीनि रत्नानि—इन्द्रनीलादीनि तद्वर्षं वृष्टं तीर्थकरे जाते × × ×।

(च) तदेन्द्रादिष्टधनदप्रेरिता जृंभकामराः।
ववृषुः स्वर्णमाणिक्यवसुधारा नृपौकसि॥

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग २। श्लो ६०

जिस रात्रि मे त्रिशला देवी ने भगवान महावीर को जन्म दिया उस रात्रि में बहुत से देव, देवियों, ने (तिर्यकजृंभकदेव ने) अमृत, सुगन्धित द्रव्य, सुगंधित चूर्ण, रजत, रत्न, सुवर्ण, वज्रवल्ल, वस्त्र, आभरण, पत्र, पुष्प, फूल, बीज, माला, विविध रंग आदि भी धन और द्रव्य की वर्षा की।

(छ) मणिकणगरयणवासं उवच्छुभे जंभगादेवा॥ ६७॥
वेसमणवयणसंचोइया उते तिरियजंभगादेवा।
कोडिग्गसो हिरण्णं रयणाणि य तत्थ उवणेंति॥ ६८॥

—आव० मूल भाष्य गा ६७, ६८

मलय टीका -××× 'से' तस्मै भगवते, मणयः—चंद्रकांताद्याः कनकं प्रतीतं रत्नानि कर्केतनादीनि तद्वर्षमुपक्षिपन्ति जृम्भकाः व्यंतरविशेषा देवाः।

वैश्रमणवचनसंचोदितास्ते तिर्यग्लोके जृम्भकाः तिर्यग्जृम्भिकादेवाः। कोटयग्रशः—कोटिपरिमाणेन हिरण्यमघटितं (स्वर्णं) रत्नानि - इन्द्रनीलादीनि तत्रोपनयति।

जब देवों ने भगवान का मेरुपर्वत पर जन्माभिषेक कर माता त्रिशला के पास उनको वापस प्रदान कर दिया तब शक्रेन्द्र की आज्ञा से तिर्यगजृंभक देवों ने मणि, रत्न, कनकादि की वर्षा की।

वैश्रमण की आज्ञा से तिर्यक्जृभंकदेव ने कोटिपरिमाण, हिरण्य-सुवर्ण, रत्न, इन्द्रनील आदि को एकत्रित करके राज-भवन (कोठागार में) मे रख दिया।

(ज) आसणकम्पेण सुरा, मुणिऊण, जिणेसरं समुप्पन्नं।
सव्वे वि समुच्चलिया, परिओसुब्भिन्नरोमञ्चा॥
आगन्तूण य नयरे, गन्धोदयवारिवरिसणं काउं॥

—पउच० अधि २। श्लो २३, २४ उत्तरार्ध

आसन-कंपन के द्वारा जिनेश्वर का जन्म हुआ है—ऐसा जानकर आनंद विभोर होकर देवों ने प्रस्थान किया और कुण्डग्राम नगर में आकर उन्होंने सुगंधित जल की वृष्टि की।

·०५ जन्म-कल्याणक

·०१ जन्मके अवसर पर देवों को खुशी—

तम्मि जायए जिणेसें
भव्व-कंज - वासरेसें।
सुप्पसिद्ध तित्थणाहे
तप्पमाण - कंचणाहे
यद्यपि श्रमण भगवान् महावीर को गृहस्थ धर्म अर्थात् विवाहित जीवन के पूर्व भी अनुत्तर आधोवधिक अप्रतिपाती ज्ञान-दर्शन था । स्वय के निष्क्रमण काल का समय आ गया है—यह उस अनुत्तर आभोगिक ज्ञानदर्शन द्वारा- श्रमण भगवान महावीर ने जाना ।

'३ पूर्व जन्म की स्मृति रूप ज्ञान

त्रिंशच्छरद्भिस्तस्यैवं कौमारमगमद् वयः ।
ततोन्येद्युर्मतिज्ञानक्षयोपशमभेदतः ॥२९६॥
समुत्पन्नमहाबोधिः स्मृतपूर्वभवांतरः ।

—उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो २९६, ९७ पूर्वार्ध

तीस वर्षों में भगवान का कुमारकाल व्यतीत हुआ । तदनन्तर दूसरे ही दिन मतिज्ञाना-वरणीय कर्म के क्षयोपशम विशेष से उन्हें महाबोधि-आत्मज्ञान उत्पन्न हुआ और पूर्व भव का स्मरण हो उठा ।

२३'७ भगवान् का गृहस्थकाल में अनारंभ

१ शीतोदक का भोग नहीं किया—

(क) अविसाहिए दुवे वासे, सीतोदं अभोच्चा णिक्खंते ।

—आया० श्रु १ । अ ९ । उ १। गा ११ पूर्वार्ध । पृ० ७३

टीका—×××। 'अविसाहिए' इत्यादि अपि साधिके द्वे वर्षे शीतोद-कमभुक्त्वा-अनभ्यवहृत्यापीत्वेत्यर्थः, अपरा अपिपादधावनादिकाः प्रासुकेनैव प्रकृत्या ततो निकांतो यथा च प्राणातिपातं परिहृतवानेवं शेषव्रतान्यपि पालित-वानिति । ××× ।

मूल—अभिनिष्क्रमण के पूर्व गृहस्थावास मे भगवान ने साधिक दो वर्ष तक शीतोदक सचित्त जल का भोग नहीं किया ।

टीका – टीकाकार ने 'अभोच्चा' का अर्थ पीने के वास्ते सचित्त जल का व्यवहार नहीं किया —ऐसा अर्थ किया है तथा आगे कहा है कि 'अपरा-पैर वगैरह धोने के वास्ते भी प्रासुक जल का सहज भाव से उपयोग किया था । प्राणतिपात का परिहार किया तथा इसी प्रकार अन्य व्रतों का भी (सहज भाव से) पालन किया ।

(ख) मलयगिरि टीका । ××× । एवं भगवान् वर्धमानोऽष्टाविंशतिवर्षोजातः, अत्रान्तरे भगवतो मातापितरौ कालगतौ' भगवानपि तीर्णप्रतिज्ञः प्रव्रज्याग्रहणा-हितमतिर्नन्दिवर्द्धनपुरस्सरं स्वजनमापृच्छति स्म, सपुनराह—भगवन् ! माक्षारं क्षतेनिक्षिप, कियन्तमपि कालं प्रतीक्षस्व, भगवानाह—कियन्तं ? स्वजन आह-वर्षद्वयं, भगवानाह—यद्येवं तर्हि भोजनादौ मम व्यापारो न वोढव्यः, एवं प्रतिपन्ने समधिकं वर्षद्वयं प्रासुकैषणीयाहारः शीतोदकमप्यपिबन् तस्थौ, न च प्राशुकेनापि जलेन सर्वस्नानं

कृतवान्, केवलं लोकस्थित्या हस्तपादमुखमात्रप्रक्षालनं प्राशुकेन जलेन चकार, निष्क्रमणमहोत्सवेतु सचित्तोदकेन स्नातवान्, ब्रह्मचर्यं च सविशुद्धं ततः प्रभृति यावज्जीवं परिपालितवान्, इह यदा भगवान् जातस्तदैवं लोके प्रसिद्धिरभूत् ।

—आव० निगा । ४५८ । टीका । पृ २१०

जब भगवान की अवस्था २८ वर्ष की हुई तब इस अलचकाल मे भगवान के माता-पिता काल-मरण को प्राप्त हुए । भगवान की प्रतिज्ञा पूरी हुई । प्रव्रज्या ग्रहण करने की अनुमति प्राप्त करने के लिए भगवान् नंदिवर्द्धन तथा स्वजन के पास आये ।

वे बोले—भगवन् ! अभी माता-पिता काल को प्राप्त हुए हैं ।

भगवान् बोले—कितने काल की प्रतीक्षा करनी चाहिए ।

स्वजन बोले—दो वर्ष और प्रतीक्षा करनी चाहिए ।

भगवान् बोले—यदि ऐसा ही तो भोजनादि मे मेरा व्यापार अर्थात् भोजनादि मेरे लिए नहीं होना चाहिए । साधिक दो वर्ष तक प्रासुक-ऐषणीय आहार ग्रहण करूँगा । शीतोदक—सचित जलका भोग नहीं करूँगा । प्रासुक जल से भी सर्वस्नान नहीं किया केवल लोक मर्यादा से प्रासुक जल से हस्त, पाद, मुख मात्र धोये ।

निष्क्रमण महोत्सव के अवसर पर ही भगवान् ने सचित उदक से स्नान किया । यावज्जीव विशुद्ध ब्रह्मचर्य व्रत पालन किया ।

इससे भगवान् की लोक मे प्रसिद्धि हुई ।

·२ अन्यान्य नियम

(क) चिरेप्सितपरिव्रज्याग्रहणायाथ सादरः ।
आपप्रच्छे महावीरो भ्रातरं नंदिवर्धनम् ॥१६३॥
× × × ।
एवं च ज्यायसो भ्रातुः सशोकस्योपरोधतः ।
जगत्पतिर्भावयतिरलंकारैरलंकृतः ॥१६६॥
कायोत्सर्गधरो नित्यं ब्रह्मचर्यपरायणः ।
स्नानांगरागरहितो विशुद्धध्यानतत्परः ॥१६७॥
एषणीयप्रासुकान्नप्राणवृत्तिर्महामनाः ।
वर्षमेकं कथमपि गृहवासेऽस्यवाहयत् ॥१६८॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो १६३, १६६ से १६८

(माता-पिता के स्वर्गवास होने के कुछ दिन बाद) चिरकाल से प्रव्रज्या ग्रहण करने के इच्छुक भगवान महावीर ने स्वय के भाई नंदिवर्धन से दीक्षा की अनुमति मांगी। शोक संतप्त ज्येष्ठ बंधु के आग्रह से भगवान महावीर भावयति के अलंकारों से अलंकृत होकर नित्य कायोत्सर्ग करते, ब्रह्मचर्य मे तत्पर रहते, स्नान नहीं करते, विशुद्ध ध्यान करते, ऐषणीय और प्रासुक अन्नकी प्राण वृत्ति करते, इस प्रकार साधना करते हुए भगवान को एक वर्ष हो गया।

·३ निरवद्य भावना

(क) एगत्तगए पिहियच्चे, से अहिण्णायदंसणे संते ॥

—आया० श्रु १। अ ६। उ १। गा ११। उत्तरार्ध। पृष्ठ ७१

टीका—×××। तथा एकत्वमिति तत एकत्वभावना भावितांतःकरणं, पिहितस्थगितार्चाक्रोधज्वालायेन स तथा (यदि वापिहितार्चो गुप्ततनुः) स भगवां श्छद्मस्थकालेभिज्ञातदर्शनः सम्यक्त्वभावतया भावितशांतइन्द्रिय नोइन्द्रियैः स एव भूतो भगवान् गृहवासेपि सावद्यारंभत्यागी। ×××।

मूल—(गृहस्थावस्था के शेष दो वर्षों मे) भगवान एकत्वभावना और सम्यक्त्व भावना से भावित चित्त वाले थे। उनकी क्रोध की ज्वाला शांत हो गई थी और वे प्रशांत थे।

टीका—भगवान के अंतकरण मे एकत्व की भावना थी, क्रोध की ज्वाला शांत हो गई थी।

वे भगवान छदमस्थकाल मे भी अतिज्ञातदर्शन सम्यक्त्व की भावना से भावित थे। इन्द्रिय और मन से शात थे। 'इस प्रकार भगवान ने गृहस्थावस्था मे भी सावद्य आरंभ का त्याग कर दिया था।

(ख) चित्रं त्रिज्ञाननेत्रोऽहं मूढवत्संयमादृते।
इयन्तं कालमास्मज्ञः स्थितो गेहाश्रमे वृथा।

—वर्धमानच० अधि १०। श्लो ८१

आश्चर्य है कि तीन ज्ञान रूप नेत्रों का धारक और आत्मज्ञ भी मैं भगवान् महावीर मूढ के समान सयम के बिना इतने काल तक वृथा गृहस्थाश्रम मे रह रहा हूँ।

(ग) अथान्येद्युर्महावीरः काललब्ध्या प्रपेरितः।
चारित्रावरणदीनां क्षयोपशमतः स्वयम् ॥
प्राक् परिभ्रमणं स्वस्य विचिन्त्य भवकोटिभिः।
उत्कृष्टं प्राप वैराग्यं विश्वभोगाङ्गवस्तुषु ॥

- वीरवर्धच० अधि १०। श्लो ८१, ८२

(तीस वर्ष पश्चात्) अथानन्तर काल लब्धि से प्रेरित महावीर प्रभु किसी दिन चारित्रावरणीय कर्मों के क्षयोपशम से स्वयं ही अपने कोटि भवों के पूर्व परिभ्रमण का चिन्तवन करके संसार, शरीर और भोग के कारणभूत द्रव्यों में उत्कृष्ट वैराग्य को प्राप्त हुए ।

'२३'८ वैराग्य का कारण

(क) समणे भगवं महावीरे दक्खे दक्खपतिन्ने पडिरूवे आलीणे भद्दए विणीए नाए नायपुत्ते नायकुलचंदे विदेहे विदेहदिन्ने विदेहजच्चे विदेहसूमाले तीसं वासाइं विदेहंसि कट्टु अम्मापिईहिं देवत्तगएहिं गुरुमहत्तरएहिं अब्भणुन्नाए समत्तपइन्ने ××× ।

—कप्प० सू ११० । पृ० ३६

(क) तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे णाते णायपुत्ते णायकुल-विणिव्वत्ते विदेहे विदेहदिण्णे विदेहजच्चे विदेहसुमाले तीसं वासाइं विदेहत्ति कट्टु अगारमज्झे वसित्ता अम्मापिऊहिं कालगएहिं देवलोगमणुपत्तेहिं समत्तपइण्णे चिच्चा ××× अभिणिक्खमणाभिप्पाए यावि होत्था ।

—आया० श्रु २ । अ १५ । सू २६

उस काल उस समय में ज्ञातपुत्र, ज्ञात नामक वंश में उत्पन्न, विदेह वैदेहदत्ता त्रिशला के सुपुत्र विदेहयात्य, विदेहसुमाल श्रमण भगवान् महावीर तीस वर्ष गृहस्थावास में रहकर—माता-पिता के कालगत एवं स्वर्गवासी हो जाने पर अपनी प्रतिज्ञा पूरी हुई जानकर अभि-निष्क्रमण—दीक्षा ग्रहण करने का विचार किया । श्रमण भगवान महावीर दक्ष, प्रतिरूप, आलीन, भद्र और विनयवान् थे ।

'२३'९ वर्षीदान

(क) संवच्छरेण होहिति, अभिणिक्खमणं तु जिणवरिंदस्स ।
तो अत्थ - संपदाणं, पव्वत्तई पुव्वसूराओ ।।
एगाहिरण्णकोडी, अट्ठेव अणूणया सयसहस्सा ।
सूरोदयमाईयं, दिज्जइ जा पायरासोत्ति ।।
तिण्णेव य कोडिसया, अट्ठासीतिं च होंति कोडीओ ।
असितिं च सहसहस्सा, ऐयंसंवच्छरे दिण्णं ।।

—आया श्रु २ । अ १५ । सू २६ में । २३५, २३६

(ख) मलयगिरि टीका—भगवानपि तथा तिष्ठन् संवत्सरातिक्रमे महादानं दत्तवान् ।

— आव० निगा ४५८ । टीका पृष्ठ २६०

संवच्छरेण होहिइ अभिणिक्खमणं तु जिणवरिंदाणं।
तो अत्थसंपयाणं पवत्तए पुव्वसूरम्मि ॥८१॥
एगा हिरण्णकोडी अट्ठेव अणूणगा सयसहस्सा।
सूरोदयमाईयं दिज्जइ जा पायरासो उ ॥८२॥
संघाडगतियचउक्कचच्चरचउम्मुहमहापहपहेसु।
दारेसु पुरवराणं रत्थामुहमज्झकारेसु ॥८३॥
वरवरिया घोसिज्जइकिमिच्छियं दिज्जइ बहुविहीयं।
सुरअसुरदेवदाणवनरिंदमहियाण निक्खमणे ॥८४॥
तिन्नेव य कोडिसया अट्ठासीई य होंति कोडीओ।
असियं य सहसहस्सा एयं संवच्छरे दिन्नं ॥८५॥

—आव० भाष्य गा ८१ से ८५

(ग) यथाकामिनमर्थिभ्यो दानं स्वाम्याब्दिकं ददौ।

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो १६६ । उत्तरार्ध

जिनेंद्र भगवान वर्धमान का एक वर्ष के पश्चात् अभिनिष्क्रमण होगा, अतः सूर्योदय से पहले द्रव्यदान मे प्रवृत्ति की जाती थी। प्रतिदिन सूर्योदय से एक प्रहर तक एक करोड़ और आठ लाख स्वर्ण मोहरों का दान दिया जाता था। एक वर्ष में कुल तीन सौ अठासी करोड़ और अस्सी लाख स्वर्ण मोहरें दान मे दी।

शृंगाटक पथ, त्रिकोण स्थान, चतुष्क स्थान, चतुर्मुख, महापथ आदि स्थानों मे यह उद्घोषणा की जाती है कि जिसकी जैसी इच्छा हो वैसा दान दिया जाता है।

·२३·१० लोकांतिक देवों के द्वारा—दीक्षार्थ संबोधन

(क) वेसमणकुंडलधरा, देवा लोगंतिया महिड्ढीया।
बोहिंति य तित्थयरं, पण्णरससु कम्मभूमिसु ॥
बंभंमि य कप्पंमि य, बोद्धव्वा कण्हराइणो मज्झे।
लोगंतिया विमाणा अट्ठसु वत्था असंखेज्जा ॥
एए देवणिकाया, भगवं बोहिंति जिणवरं वीरं।
सव्वजगजीवहियं, अरहं तित्थं पव्वत्तेहिं ॥

—आया० श्रु २ । अ १५ । सू २६

(ख) ××× । पुणरवि लोयंतिएहिं जियकप्पिएहिं देवेहिं ताहिं इट्ठाहिं कंताहिं पियाहिं मणुन्नाहिं मणामाहिं ओरालाहिं कल्लाणाहिं सिवाहिं धन्नाहिं मंगल्लाहिं मियमहुरसस्सिरीयाहिं हियगमणिज्जाहिं हिययपल्हायणिज्जाहिं गंभीराहिं

अपुणरुत्ताहिं वग्गूहिं अणवरयं अभिनंदमाणा य अभिथुव्वमाणा य एवं वयासी- जय-जय नंदा। जय-जय भद्दा! भद्दं ते जय-जय खत्तियवरवसहा! बुज्झाहि भगवं-लोगनाहा! पवत्तेहि धम्मतित्थं हियसुहनिस्सेयसकरं सव्वलोए सव्वजीवाणं भविस्सइ त्ति कट्टु जय-जयसद्दं पउंजंति।

—कप्प० सू ११०

महान ऋद्धिके धारक कुबेर तथा कुंडलधारी लोकांतिक देव पन्द्रह कर्मभूमियों मे तीर्थंकर भगवान् को प्रतिबोध करते हैं। ब्रह्म नामक पाँचवें देवलोक मे आठ कृष्ण राजियों के बीच-बीच मे लोकांतिक देवों के विमान हैं। वे विमान असख्यात योजन के विस्तार वाले है।

भगवान महावीर का दीक्षा काल निकट जानकर -लोकांतिक देव -जितकल्पी देव उस प्रकार की इष्ट, मनोहर, प्रियकारी-मनोज्ञ, मन को खुश करने वाली उदार, कल्याणरूप शिवरूप, धन्य रूप, मगलरूप, परिमित मधुर और शोभावाली तथा हृदयगम, हृदय मे आह्लाद उत्पन्न करने वाली, गम्भीर और अपुनरुक्ति वाणी से भगवान् का निरन्तर अभिनदन किया और भगवान की बहु स्तुति की और बोले—

हे नंद! आपकी जय हो, आपकी जय हो। हे भद्र! आपकी जय हो, आपकी जय हो हे उत्तमोत्तम क्षत्रिय—क्षत्रिय नरपुंगव—आपकी जय हो, आपकी जय हो। हे भगवन! लोकनाथ आप प्रतिबोध को प्राप्त हों। जगत मे सर्वजीवों के हित, सुख और निःश्रेयस करने वाले धर्मतीर्थका प्रवर्तन करो। ऐसा कहकर वे देव जय-जय की नादपर प्रयुजन करने लगे।

(ग) × × × तत्र तदा भगवान् निष्क्रमिष्यामीति मनः सम्प्रधारयति तदा ये लोकान्तिका देवाः सारस्वतादयो ब्रह्मलोके कल्पेरिष्टे विमानप्रस्तटे स्वकीये स्वकीये विमाने स्वकीये स्वकीये प्रासादावतंसके प्रत्येकं चतुर्भिः सामानिकसहस्रैस्तिसृभिः पर्षद्भिः सप्तभिरनीकैः सप्तभिरनीकाधिपतिभिः षोडशभिरात्मरक्षकदेवसहस्रै-रन्यैश्च स्वस्वविमानवासव्यैर्देवैर्देवीभिश्च संपरिवृता दिव्यान् भोगान् भुजमाना आसते, तेषामासनानि प्रचलन्ति, ततोऽवधिं प्रयुञ्जते, प्रयुज्य चाभोगयन्ति, ततो जानन्ति यथा—स्वामी निष्क्रमिष्यामीति मनः सम्प्रधारितवान्? ततश्चिन्तयन्ति कल्प एष लोकान्तिकानां देवानां—भगवतामर्हतां निष्क्रमणकाले संबोधनं कर्त्तव्य-मिति, तत एवं चिन्तयित्वा उत्तरपूर्वां दिशमवक्रम्य द्विकृत्वो वैक्रियसमुद्घातेन समवहत्योत्तरवैक्रियाणि रूपाणि विकुर्वते, विकुर्वित्वा भगवतः समीपमागत्याकाशे स्थिता मधुराभिर्वाग्भिरेवमवादिषुः —'जय जय नंदा! जय जय भद्दा!' जय जय

मुणिवरवसभा ! बुज्झाहि भगवं ! लोगनाहा । पवत्तेहि भयवं ! धम्मतित्थं, हिय-सुहनिस्सेसकरं जीवाणमेयं भविस्सइं त्ति, ततो वंदन्ते नमस्यन्ति, वंदित्वा नमस्यित्वा यत आगतास्तत्र गताः । एतदेवाह—

सारस्सयमाइच्चा वण्ही वरुणा य गद्दतोया य ।
तुसिया अव्वाबाहा अगिच्चा चेव रिट्ठा य ॥८६॥
एए देवनिकाया भयवं बोहिंति जिणवरिंदं तु ।
सव्वजगज्जीवहियं भयवं ! तित्थं पवत्तेहि ॥८७॥
एवं अभिथुव्वंतो बुद्धो बुद्धारविंदसरिसमुहो ।
लोगंतियदेवेहिं कुंडग्गामे महावीरो ॥८८॥

—आव० मूल भाष्य गा ८६ से ८८

जब भगवान् महावीर ने अभिनिष्क्रमण का विचार किया तब सारस्वत आदि लोकांतिक देव ब्रह्म देवलोक के रिष्ट विमान के प्रस्तट मे अपने-अपने विमान, अपने-अपने प्रसादावतसक मे प्रत्येक चार हजार सामानिक, तीन परिषद, सात अनीक, सात अनीकाधिपति, सोलह हजार आत्मरक्षक देव, अन्य स्व-स्व विमानों मे अवस्थित देव-देवियों से सपरिवृत्त दिव्य भोगों को भोगते हुए विचरते थे । उस समय उनका आसन्न प्रकपित हुआ । तब उन्होंने अवधिज्ञान से जाना कि भगवान् के मन मे अभिनिष्क्रमण होने का विचार उत्पन्न हुआ है । तत्पश्चात् चिंतन करते है कि लोकांतिक देवों का यह कल्प है कि भगवन् - अर्हन् के निष्क्रमण काल के समय उन्हें संबोधित करते हैं ।

ऐसा विचार कर लोकांतिक देव उत्तर-पूर्व दिशा मे आ गये और दो बार वैक्रिय समुद्घात से समवहत होकर उत्तर वैक्रिय की विकुर्वणा की ।

तत्पश्चात् भगवान के समीप आकर आकाश मे स्थित होकर मधुर वचनों से इस प्रकार बोले—हे नद ! जय हो, जय हो । हे भद्र ! जय हो, जय हो । हे मुनिवरपुगव ! जय हो, जय हो । हे भगवन्, लोकनाथ ! आप जागो । जीवों के हित, सुख और निःश्रेयस करने वाले धर्मतीर्थ का प्रवर्तन करो ।

तत्पश्चात् भगवान को वंदन, नमस्कार किया—वदन, नमस्कार कर जिस स्थान से आये थे - वहाँ गये ।

(ग) तीर्थं प्रवर्तयेत्युक्त्स्ततो लोकांतिकामरैः ।

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो ११९ । पूर्वार्ध

(भगवान के दीक्षा ग्रहण करने के एक वर्ष पूर्व) लोकांतिक देवों ने आकर कहा कि भगवान् ! तीर्थ का प्रवर्तन करो।

(घ) णिव्वेइउ सो मउलिय - करेहिं।
संबोहिउ लोयंतिय - सुरेहिं ॥
अहिसिंचिउ पुणु सयलामरेहिं।
विज्जिज्जंतउ चामर - वरेहिं ॥

—वीरजि० संधि १। कड ११

लोकांतिक देवों ने आकर उन्हें संबोधित किया और हाथ जोड़कर उन्हें वैराग्य भाव उत्पन्न करा दिया। फिर उत्तम चमरों से व्यजन करते हुए समस्त देवों ने उनका अभिषेक किया।

(च) संबोहि भव्व - जीवइँ जिणेस, भव-वास - विहीयइँ सुद्धलेस।
इय - भणि सुररिसि गयगेहि जाम, सरहसु संपत्त तुरंत ताम।
गुरु-भत्ति-णविउ साणंदकाउ, चउविहु विसुद्ध मणु सुर-णिकाउ।
पुज्जिउ विहिणा भयवंतु तेहिं, अहिसिंचेवि मणि-मय भूसणेहिं।

—वड्ढच० संधि ६। कड १६

शुद्धलेश्याधारी हे जिनेश, आप भववास से भयभीत भव्य प्राणियों को संबोधित कीजिये। इस प्रकार प्रतिबोधित कर वे सुरऋषि—लोकांतिक देव, जैसे ही अपने निवास स्थल को लौटे कि तभी तुरन्त हो वहाँ हर्षित मन वाला इन्द्र आ पहुँचा। उसने आनंद से भरकर गुरुभक्ति पूर्वक वर्धमान को नमस्कार किया। उसके साथ विशुद्ध मन वाले चारों निकायों के देव भी थे। मणिमय आभूषणोंवाले उन देवों ने भगवान का विधिवत् अभिषेक कर पूजा की।

(छ) अथ सारस्वता देवा आदित्या वह्नयोऽरुणाः।
गीर्वाणा गर्दतोयाख्या निर्जरास्तुषिताभिधाः ॥ २ ॥
अव्याबाधा अरिष्टा इत्यष्टभेदाः सुरोत्तमाः।
ब्रह्मलोकालयाः सौम्याः लौकान्तिक समाह्वयाः ॥ ३ ॥
प्राग्भवेऽभ्यस्तनिःशेषश्रुतवैराग्यभावनाः।
सर्वे पूर्वविदो दक्षा निसर्गब्रह्मचारिणः ॥ ४ ॥
परिनिःक्रान्तकल्याणशंसिनोऽमलमानसः।
एकावतारिणो वन्द्याः शक्रैर्देवर्षयोऽमरैः ॥ ५ ॥

स्वज्ञानेन परिज्ञायतत्कल्याणमहोत्सवम् ।
अवतीर्य महीं स्वर्गाद्राजन्मुनिकटं गुरोः ॥ ६ ॥
मूर्ध्ना नत्वा महावीरं कर्मारिहननोद्यतम् ।
प्रपूज्य परया भक्त्या स्वर्गोद्भवमहार्चनैः ॥ ७ ॥
विरक्तिजनकैर्वाक्यैश्चार्थ्याभिः स्तुतिभिर्मुदा ।
इति प्रारेभिरे स्तोतुमृषयस्ते महाधियः ॥ ८ ॥
किन्तु देव नियोगोऽयं भवत्संबोधनादिषु ।
स्तुतिव्याजेन नोऽद्यैवंमुखरीकुरुते बलात् ॥ १२ ॥
इति स्तुत्वा जगन्नाथं जगत्त्रयबुधेडितम् ।
निजेष्टप्रार्थनां कृत्वा स्वनियोगं विधाय च ॥ १३ ॥
उपार्ज्य परमं पुण्यं नमःस्तुतिशतार्चनैः ।
तत्पादाब्जौ मुहुर्नत्वा ययुःस्वर्गंमहर्षयः ॥ १४ ॥

—वीरवर्धच० अधि १२ । श्लो २ से ८, १२, १३, १४

सारस्वत, आदित्य, वह्नि, अरुण, गर्दतोय, तुषित, अव्याबाध और अरिष्ट—ये आठ लोकांतिक देव-ब्रह्मलोक निवासी, सौम्यमूर्ति, पूर्वभव में सम्पूर्ण श्रुत और वैराग्य भावना के अभ्यासी, सर्वपूर्वों के वेत्ता, जन्म जात ब्रह्मचारी, एकाभवतारी, निर्मल चित्तधारी, इन्द्र और देवों के द्वारा वन्द्य एवं अभिनिष्क्रमण कल्याणक में तीर्थंकरों को संबोधन करने वाले देवर्षि जब अपने अवधिज्ञान से भगवान् महावीर के चित्त को विरक्त जाना, तब वे स्वर्ग से नीचे उतरकर इस भूतल पर जगद्‌गुरु के समीप आये और कर्म शत्रुओं के घात करने के लिए उद्यत श्रीमहावीर प्रभु को मस्तक से नमस्कार कर तथा स्वर्ग में उत्पन्न हुए महान् द्रव्यों से परम भक्ति के साथ पूजकर विरक्ति वर्धक वाक्यशाली अर्थपूर्ण स्तुतियों के द्वारा अत्यन्त प्रमोद के साथ उन महाबुद्धिशाली देवर्षियों ने स्तुति की—हे देव ! आपको संबोधन करने का यह हमारा नियोग है, इसलिये वह आज स्तुति के छल से हमें वाचाल कर रहा है ।

इस प्रकार वे देवर्षि लौकांतिक देव तीन लोक के ज्ञानियों से पूजित जगन्नाथ वीर प्रभु की स्तुति करके, अपनी इष्ट प्रार्थना करके, अपना नियोग पूरा करके, नमस्कार, स्तुति और पूजन में परम पुण्य उपार्जन करके और भगवान् के चरण कमलों को बार-बार नमस्कार करके स्वर्गलोक चले गये ।

(ज) समुत्पन्नमहाबोधिःस्मृतपूर्वभवान्तरः ।
लौकांतिकामरैः प्राप्य प्रस्तुतस्तुभिः स्तुतः ॥

सकलामरसंदोहकृतनिष्क्रमणक्रियः ।
स्ववाक्प्रीणितसद्बन्धुसंभावितविसर्जनः ॥

—उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो २९७, २९८

भगवान महावीर तीस वर्ष कुमारावस्था मे रहे । इसके बाद दूसरे ही दिन मति ज्ञानावरणीय कर्म के क्षयोपशम से उन्हें आत्मज्ञान प्रकट हो गया और पूर्वभव का स्मरण हो उठा । उसी समय स्तुति पढते हुए लौकांतिक देवों ने आकर उनकी स्तुति की ।

समस्त देवों के समूह ने उनके निष्क्रमण कल्याण की क्रिया की, उन्होंने अपने मधुर वचनों से बंधुजनों को प्रसन्न कर उनसे बिदा ली ।

(झ) जावच्छइ जिणुत्ता गलिय तासु ।
वच्छरइँ तीस णिज्जिय - सरासु ॥
× × ×
इंदिय - वितित्ति विसएसु जाम ।
लोयंतिय देवपहुत्त ताम ॥
मउडामर णाणा - मणियरेहिं ।
सुरघणु करंतु णहेसुहयरेहिं ॥

—वड्ढच० संधि ९ । कड १८

काम बाण को जीत लेने वाले भगवान महावीर की आयु के जब ३० वर्ष निकल गये, तब उन्हें इन्द्रिय विषयों मे वितृप्ति हो रही थी कि उसी समय नाना प्रकार की सुखकारी मणि-किरणों से नभस्तल में इन्द्रधनुष की शोभा करने वाले मुकुटधारी लोकांतिक देव वहाँ आ पहुँचे ।

(ञ) णिक्खवण - वेल्ल - संपत्तएहिं ।
वज्जिय - घर - पुर परिवाणेहिं ॥
तवलच्छिए णं सइँ सहरसेण ।
पेसिय दूई संगम - कएण ॥
× × ×
इयभणि सुररिसि गय गेहि जाम ।
सरहसु संपत्त - सुरंत ताम ॥

—वड्ढच० संधि ९ । कड १९

हे भगव ! अब निष्क्रमण वेला आ गयी है । घर, पुर एवं परिवार को छोड़िए । तपो-

लक्ष्मी ने समागम करने की इच्छा से हर्षपूर्वक स्वयं ही मानों उस बेलारूपी दूती को (आपके-पास) भेजा है।

इस प्रकार प्रतिबोधितकर वे मुक्तऋषि (लोकांतिक देव) जैसे ही अपने निवास स्थल को लौटे कि तभी तुरन्त ही वहाँ हर्षितमन वाला इन्द्र आ पहुँचा।

·२३·११ परिवार से दीक्षा की आज्ञा-मांगना

(क) × × × यदा भगवान् लोकान्तिकदेवैः संबोधितस्तदा स्वामी नंदिवर्द्धन-प्रमुखस्वजनवर्गसमीपमुपागतवान्, उपागत्य चैवमवादीत्—इच्छामि युष्मदनुज्ञातः प्रव्रज्या ग्रहीतुमिति, ते चाकामा अप्येवमवादिषुः—यद्भगवत· प्रतिभासते तत्प्रमाणं × × ×।

—आव० भाष्य गा ९१। मलय टीका

जब भगवान महावीर को लोकान्तिक देवों ने दीक्षा के लिये सम्बोधित किया, तब भगवान् महावीर नंदिवर्द्धन आदि स्वजन वर्ग के समीप आये। आकर उन्हें बोले—मुझे आप प्रव्रज्या ग्रहण करने की आज्ञा दीजिये। प्रत्युत्तर में उन्होंने कहा— आप जो कहते हैं वह हमें स्वीकार है।

(ख) तदा स मातरं स्वस्य महामोहात्तमानसाम्।
बन्धूंश्च पितरं दक्षं महाकष्टेन तीर्थकृत् ॥४१॥
विविक्तैर्मधुरालापैरुपदेशशतादिभिः।
वैराग्यजनकैर्वाक्यैः स्वदीक्षायै ह्यबोधयत् ॥४॥

—वीरवर्धच० अधि १२। श्लो ४१, ४२

वीर प्रभु ने महामोह से व्याप्त चित्तवाली अपनी माता को, दक्ष पिता को और अन्य बन्धुजनों को वैराग्य-उत्पादक मधुर वचनों के द्वारा और सैकड़ों प्रकार के उपदेशी वाक्यों से अलग-अलग सबोधित करते हुए महाकष्ट से उन्हें अपनी दीक्षा के लिए समझाया।

·२४ दीक्षा के पूर्व परिग्रह का परित्याग

·२४·१ दीक्षा के पूर्व हिरण्य-सुवर्ण-वस्त्र आदि का परित्याग

(क) तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे णाते णायपुत्ते णाय-कुलविणिव्वत्ते विदेहे विदेहदिण्णे विदेहजच्चे विदेहसुमाले तीसं वासाइं विदे-हंसि कट्टु अगारमज्झे वसित्ता अम्मापिऊहिं कालगएहिं देवलोगमणुपत्तेहिं

समत्तपइण्णे चिच्चा हिरण्णं, चिच्चा सुवण्णं, चिच्चा बलं, चिच्चा वाहणं, चिच्चा धण-धण्ण-कणय-रयण-संत-सार-सावदेज्जं विच्छड्डे त्ता विगोवित्ता विस्साणित्ता, दायारे [ए ?] सु णं 'दायं पज्जभाएत्ता' संवच्छरंदलइत्ता जे से हेमंताणं पढमे मासे पढमे पक्खे—मग्गसिरबहुले, तस्सणं मग्गसिरबहुलस्स दसमीपक्खेणं हत्थुत्तराहिं णक्खत्तेणं जोगोवगएणं अभिणिक्खमणाभिप्पाए यावि होत्था—

—आया० श्रु २ । अ १५ । सू २६

श्रमण भगवान् महावीर गृहवास में तीस वर्ष रहकर, माता-पिता के स्वर्गवास हो जाने पर, अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण हुई जानकर हिरण्य-सुवर्ण का त्याग करके, बल-वाहन का त्याग करके, धन-धान्य, कनक, रत्न आदि बहुमूल्य रत्नों का दान करके, उनका बँटवारा करके, प्रकट रूप से दान करके याचकों को दान का विभाग करके, वर्षी दान देकर—शीत ऋतु के प्रथम मास, प्रथम पक्ष में—मार्गशीर्ष कृष्णा दसमी के दिन, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का योग आने पर दीक्षा ग्रहण करने का अभिप्राय हुआ।

(ख) तएणं समणे भगवं महावीरे तेणं अणुत्तरेणं आहोहिएणं नाणदंसणेणं अप्पणो निक्खमणकालं आभोएइ, अप्पणो २ त्ता चेच्चा हिरण्णं चिच्चा सुवन्नं चेच्चा धणं चेच्चा रज्जं चेच्चा रट्ठं एवं बलं वाहणं कोसं कोट्ठागारं चेच्चा पुरं चेच्चा अंतेउरं चेच्चा जणवयं चेच्चा विपुलधणकणगरयणमणिमोत्तियसंखसिलप्पवालरत्तरयण-माइयं संतसारसावत्तेज्जं विच्छड्डइत्ता विगोवइत्ता दाणं दायारेहिं परिभाएत्ता दाइयाणं परिभाएत्ता × × ×।

—कप्प० सू १११ । पृ० १७

श्रमण भगवान महावीर ने अनुत्तर आधोवधिक—आभोगिक ज्ञान दर्शन से स्वयं निष्क्रमण काल को जाना। अपने निष्क्रमण काल—प्रव्रज्या लेने के समय को जानकर श्रमण भगवान महावीर ने हिरण्य, सुवर्ण, धन, राज्य, राष्ट्र को छोड़ दिया। इसी प्रकार सेना, वाहन, धनभंडार, पुर अतःपुर जनपद, विपुल धन, कनक, मणि, मोती, शंख, राजपट्ट, प्रवाल लाल रत्न, माणक आदि सारभूत द्रव्यों को छोड़ दिया।

(ग) उज्जाणं संपत्तो ओरुहिउं उत्तमाउ सीयाओ।

—आव० मूल भाष्य गा ७६ । उत्तरार्ध

मलयटीका—उद्यानं सम्प्राप्तः सन् यत्रैवाशोकवरपादपस्तत्रैवागच्छति, आगत्य च तस्या उत्तमायाः शिबिकाया अवतरति, अवतीर्य च स्वयमेवाभरणान् मुञ्चति, × × ×।

भगवान महावीर चंद्रप्रभा शिविका पर आरूढ़ होकर ज्ञातृखंड वन में अशोक वृक्ष के नीचे आते हैं। उस उत्तम शिविका से नीचे उतर आते हैं तथा उतरकर स्वयं ही आभरणों का परित्याग कर देते है।

(घ) यानादवातरद् वीरो वीरकर्मासमानसः।
निराकाङ्क्षी शरीरादौ साकाङ्क्षी मोक्षसाधने ॥६१॥
अथ शान्ते जनक्षोभे तत्रासीन उदङ्-मुखः।
सर्वत्रारातिमित्रादौ समतां भावयन् पराम् ॥६२॥
क्षेत्रादीन् दशबाह्यस्थानुपधीश्चेतनेतरान्।
मिथ्यात्वाद्यन्तरङ्गाश्च चतुर्दशातिदुस्त्यजान् ॥६३॥
वस्त्राभरणमाल्यानि त्रिशुद्धया मोहहानये।
अत्यजन्निःस्पृहोऽङ्गादौ सस्पृहः स्वात्मशर्मणि ॥६४॥

—वीरवर्धच० अधि १२। श्लो ६१ से ६४

(भगवान महावीर संयम की प्राप्ति के लिए ज्ञातृखण्ड महावन में पहुँच जाते हैं।)

वीर कार्य करने में जिनका मन संलग्न है, जो शरीरादिक में आकांक्षा रहित हैं और मोक्ष के साधन आकांक्षा युक्त हैं—ऐसे श्रीवीरप्रभु जन-संक्षोभ (कोलाहल) के शांत हो जानेपर उस शिलापट्ट के ऊपर उत्तर दिशा की ओर मुख करके विराजमान हुए। उस समय वे शत्रु-मित्रादि सर्व प्राणियों पर परम समता-भाव की भावना कर रहे थे।

तभी उन्होंने क्षेत्र-वास्तु आदि दसों प्रकार के चेतन-अचेतन परिग्रहों को तथा अति दुःख से छोड़े जाने वाले मिथ्यात्व आदि चौदह प्रकार के अंतरंग परिग्रहों को एव वस्त्र, आभूषण, माला आदि की शरीरादि में निःस्पृह और स्वात्मीय सुख में संस्पृह होते हुए मोह के नाश करने के मन-वचन-काय की शुद्धि पूर्वक सर्वदा के लिए परित्याग कर दिया।

·२५ अभिनिष्क्रमण-अभिप्राय जानकर देवागमन

(क) भवनपति आदि चार निकाय देवों का

तओ णं समणस्स भगवओ महावीरस्स अभिणिक्खमणाभिप्पायं जाणेत्ता भवणवइ-वाणमंतर-जोइसिय-विमाणवासिणो देवाय देवीओ य ××× जेणेव जंबुद्दीवे दीवे तेणेव उवागच्छंति, तेणेव उवागच्छित्ता जेणेव उत्तर-खत्तियकुण्डपुर-सन्निवेसस्स उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए तेणेव झत्तिवेगेण उवट्ठिया।

—आया० श्रु २। अ १५। सू २७। पृ० २३१

(ख) मणपरिणामो उ कतो अभिनिक्खमणंमिजिणवरिंदेण ।
देवेहि य देवीहि य समंततो उच्छुयं गयणं ॥

—आव० मूल भाष्य गा ८९

मलय टीका—मनःपरिणामश्च कृतोऽभिनिष्क्रमणे—अभिनिष्क्रमणविषयो जिनवरेन्द्रेण, तावत् किं सञ्जातमित्याह—देवैर्देवीभिश्च समन्ततः—सर्वासु दिक्षु सर्वं अवस्तृतं—व्याप्तं गगनं ।

भवणवइवाणमंतरजोइसवासी विमाणवासी य ।
धरणियले गयणयले विज्जुज्जोओ कतो खिप्पं ॥९०॥
जाव य कुंडग्गामो जाव य देवाण भवणआवासा ।
देवेहि य देवीहि य अविरहियं संचरंतेहि ॥९१॥

—आव० मूल भाष्य गा ९०, ९१

मलय टीका—यैर्देवैर्गगनतलं व्याप्तं ते खल्वमी वर्त्तन्ते—भवनपतयश्च व्यन्तराश्च ज्योतिर्वासिनश्चेति द्वन्द्वः समासः, तथाविमानवासिनश्च, अमीभिरागच्छद्भिर्धरणितले गगनतले च विद्युद्वत् उद्योतो विद्युदुद्योतः कृतः क्षिप्रं-शीघ्रम् ।

यावत् कुण्डग्रामो यावच्च देवानां भवनवासा अत्रान्तरे गगनतलं धरणितलं च देवैर्देवीभिश्च अविरहितं—व्याप्तं सञ्चरद्भिः, एतत्सामान्येनोक्तम् × × × ।

श्रमण भगवान महावीर के संयम ग्रहण करने के अभिप्राय को जानकर भवनपति, वाणव्यन्तर ज्योतिष्क और विमानवासी देव-देवी विद्युत की तरह उद्योत करते हुए जबूद्वीप मे आये । जबूद्वीप में आकर उत्तर-क्षत्रिय-कुंडपुर मे—सन्निवेश म आये । और उत्तर क्षत्रिय कुंडपुर सन्निवेश के उत्तरपूर्व दिशा मे वेग के साथ उतरे ।

मानो देव-देवियों के आगमन से सर्व दिशा और सर्व गगन व्याप्त हो गया हो ।

(ग) तदैव सामराः सर्वे चतुर्णिकायवासवाः ।
सकलत्रा महाभूत्या स्वस्ववाहनमाश्रिताः ॥
घटानादादिचिह्नौघैर्ज्ञात्वा तत्संयमोत्सवम् ।
आजग्मुस्तत्पुरं भक्त्या महोत्सवशतैः समम् ॥
तत्पुरंतद्वनं मार्गांश्चारुध्य सुरसैन्यकाः ।
नभोभागं मुदा तस्थुः सकलत्राः सवाहनाः ॥

—वीरवर्धच० अधि १२ । श्लो ९५ से ९७

उन लोकान्तिक देवोंके जाते ही भवनपति आदि चारों जातिके सभी देवगण वटानाद आदि चिह्नों से भगवान् का सयमोत्सव जानकर अपनी-अपनी देवियों के साथ अपने-अपने वाहनों पर सवार होकर भक्ति के साथ सैकड़ों महोत्सवों को करते हुए उस कुण्डपुर नगर को आये और उसके वनों को और सर्व मार्गों को अवरुद्ध कर वे सैनिक अपनी देवियों और अपने वाहनों के साथ हर्षित हो आकाश में ठहर गये।

(घ) शक्रेन्द्र आदि इन्द्रों का—

नओ णं सक्के देविंदे देवराया × × × जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छति, तेणेव उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ, समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेत्ता समणं भगवं महावीरं वंदति णमंसति, वंदित्ता णमंसित्ता समणं भगवं महावीरं गहाय जेणेव देवच्छंदए तेणेव उवागच्छति, उवागछित्ता सणियं-सणियं पुरत्थाभिमुहे सीहासणे णिसीयावेइ।

—आया० श्रु २। अ १५। सू २८। पृ० २११

देवेन्द्र देवराज शक्रेन्द्र श्रमण भगवान महावीर के पास आये। पास आकर श्रमण भगवान् महावीर को तीन बार, दाहिनी ओर से आरंभ करके आवर्त्त किया; वंदना की, नमस्कार किया। वदन-नमस्कार करके श्रमण भगवान को लेकर देवच्छदक के समीप आये। धीरे-धीरे पूर्व को ओर मुख करके सिंहासन पर आसीन किया।

(च) × × ×। तदनन्तरमासनं शक्रस्य चलितं, ततो यथा प्राक् ऋषभदेव-जन्माभिषेकद्वारे शक्रागमनमुपवर्णितं तथैवात्राप्यन्यनातिरिक्तमुपवर्णयितव्यं। याव-त्तेन दिव्येन यानविमानेन स्वामिभवनस्य त्रिकृत्वः प्रदक्षिणां कृत्वा भगवतो भवनस्य उत्तरपूर्वस्यां दिशि चतुरंगुलैर्धरणितलमसंप्राप्तं तत् दिव्यं यानविमानं स्थापयति, ततो दिव्ययानविमानाद्विनिर्गत्य सर्वसामग्रीपरिकलितो भगवंतं पर्युपासीन आस्ते।

—आव० मूल भाष्य गा ९१। मलय टीका

जब भगवान महावीर के दीक्षा लेने का विचार हुआ तब शक्रेन्द्र का आसन चलित हुआ; फलस्वरूप शक्रेन्द्र का आगमन हुआ। उसने दिव्ययान-विमान से भगवान के भवन की तीन प्रदक्षिणा करके भगवान के भवन से उत्तरपूर्व दिशा में धरणितल से चार अंगुल ऊँचा दिव्य यान-विमान रखा। तत्पश्चात् दिव्य यान-विमान से निकल कर सर्व सामग्री से सुसज्जित होकर भगवान् महावीर की सेवा करने लगा।

(छ) एवं पूर्वक्रमेण ईशानेन्द्रादयोऽच्युतेन्द्रपर्यवसाना इन्द्राः सपरिवारा वक्तव्याः, तथा भवनपतिव्यन्तरज्योतिष्केन्द्रा अपि सपरिच्छदाः।

जैसे शक्रेन्द्र का (भगवान महावीर के दीक्षा लेने का विचार होने पर) आगमन हुआ वैसे ही ईशानेन्द्र से अच्युतेन्द्र तक के इन्द्रों का सपरिवार भगवान के पास आगमन हुआ।

इसी प्रकार भवनपति देवों के इन्द्रों का, व्यंतर देवों के इन्द्रों का, ज्योतिष्क देवों के इन्द्रों का सपरिवार भगवान के पास आगमन हुआ।

.२६ अभिनिष्क्रमण के पूर्व देवों द्वारा अभिषेक

(क) तओ णं सक्के देविंदे देवराया सणियं-सणियं जाणविमाणं ठवेति सणियं-सणियं जाणविमाणं ठवेत्ता सणियं-सणियं जाणविमाणाओ पच्चोत्तरति, सणियं-सणियं जाणविमाणाओ पच्चोत्तरित्ता एगंतमवक्कमेति, एगंतमवक्कमेत्ता महया वेउव्विएणं समुग्घाएणं समोहण्णति, महया वेउव्विएणं समुग्घाएणं समोहणित्ता एगं महं णाणामणिकणयरयणभत्तिचित्तं सुभं चारुकंतरूवं देवच्छंदयं विउव्वति।

तस्स णं देवच्छंदयस्स बहुमज्झदेसभाए एगं महं सपायपीढं णाणामणि-कणयरयणभत्तिचित्तं सुभं चारुकंतरूवं सिंहासणं विउव्वइ।

विउव्वित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छति, तेणेव उवा-गच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ, समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेत्ता समणं भगवं महावीरं वंदति णमं-सति।

वंदित्ता णमंसित्ता समणं भगवं महावीरं गहाय जेणेव देवच्छंदए तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता सणियं-सणियं पुरत्थाभिमुहे सीहासणे णिसीयावेइ।

सणियं-सणियं पुरत्थाभिमुहे सीहासणेणिसीयावेत्ता सयपाग-सहस्सपागेहिं तेल्लेहिं अब्भंगेति, अब्भंगेत्ता गंधकसाएहिं उल्लोलेति, उल्लोलित्ता सुद्धोदएणं मज्जा-वेइ, मज्जावित्ता जस्स जं तपलं सयसहस्सेणंति पडोलतित्तएणं साहिएणं सीतएणं गोसीसरत्तचंदणेणं अणुलिंपति।

— आया० श्रु २। अ १५। सू २८। पृ० २३६, ३७

देवेन्द्र देवराज शक्रेन्द्र ने धीरे-धीरे विमान को स्थिर किया। फिर वे धीमे-धीमे विमान से नीचे उतरे और एकान्त में गये। एकान्त में आकर महान वैक्रिय समुद्घात से आत्म-प्रदेशों को बाहर निकाला। बाहर निकालकर एक महान तथा विविध मणि, कनक और रत्नों से जड़े, सुन्दर वर्ण वाले, शुभ सुन्दर-कमनीय रूपवाले देवच्छंदक की विकुर्वणा की।

उस देवच्छंदक के मध्य भाग में एक महान् पीठिका युक्त, नाना प्रकार के मणि, कनक और रत्नों से जड़े शुभ-सुन्दर-कमनीय सिंहासन की विकुर्वणा की।

विकुर्वणाकर इन्द्र श्रमण भगवान महावीर के पास आये। पास आकर श्रमण भगवान महावीर को तीन बार, दाहिनी ओर से आरम्भ करके आवर्त्त किया, वंदना की, नमस्कार किया।

वंदना नमस्कार करके श्रमण भगवान से लेकर देवच्छंदक के समीप आये। धीरे-धीरे पूर्वकी ओर मुख करके सिंहासन पर आसीन किया। फिर शतपाक और सहस्रपाक तेल से मालिश की। सुगंध युक्त काषायिक वस्त्र से शरीर को पोंछा, तत्पश्चात् शुद्धजल से स्नान कराया। स्नान के बाद सुगंधित काषायिक वस्त्र से शरीर साफ किया। तत्पश्चात् लाख (मोहर) मूल्य के बहुमूल्य शीत गोशीर्ष रक्त चंदन का लेप किया।

(ख) अहिंसिचिउ पुणु सयलामरेहिं।
विज्जिज्जंतउ चामर-वरेहिं॥

—वीरजि० संधि १। कड ११

उत्तम चमरों से व्यजन करते हुए समस्त देवों ने उनका अभिषेक किया।

(ग) आदौ तं मुक्तिभर्तारमारोप्य हरिविष्टरे।
सभूय वासवाः सर्वेऽभ्यषिञ्चन् परमोत्सवैः॥३६॥
क्षीरोदाब्धिपयः पूर्णैर्हेमकुंभैर्महोन्नतैः।
गीतनर्तनवाद्याद्यैर्जयकोलाहलस्वनैः॥३६॥

—वीरवर्धच० अधि १२। श्लो ३८,३९

सर्व प्रथम उन सब देवों ने (चतुर्निकाय) मुक्ति के भर्तार उन वीर प्रभु को सिंहासन पर विराजमान करके क्षीर सागर के जल से भरे हुए महोन्नत कलशों के द्वारा परम उत्सव से, गीत, नृत्य, वादित्र आदि से, तथा जय-जयनाद के कोलाहल पूर्ण शब्दों के साथ भगवान का अभिषेक किया।

(घ) ××× यदा भगवान् लोकान्तिकदेवैः संबोधितस्तदा स्वामी नन्दिवर्द्धन-प्रमुखस्वजनवर्गसमीपमुपागतवान्, उपागत्य चैवमवादीत् इच्छामि युष्मदनुज्ञातः

प्रव्रज्या ग्रहीतुमिति, ते चाकामा अत्येवमवादिषुः—यद्भगवतः प्रतिभासते तदमाणं ततः स नंदिवर्द्धनः कौटुम्बिकपुरुषान् शब्दापयित्वा निष्क्रमणाभिषेकसामग्रीं कारितवान्, तत्राष्टाधिकं सहस्रं सौवर्णिककलशानां १ अष्टसहस्रं रूप्यमयानां २ अष्टसहस्रं मणिमयानां ३ अष्टसहस्रं सुवर्णरूप्यमयानां ४ अष्टसहस्रं सुवर्ण-मणिमयानां ५ अष्टसहस्रं रूप्यमणिमयानां ६ अष्टसहस्रं सुवर्णरूप्यमणिमयानां ७ अष्टसहस्रं भौमेयानां ८ निष्पन्नं। तदनन्तरमासनं शक्रस्य चलितं।

- आव० मूल भाष्य गा ६१। मलय टीका

जब भगवान् महावीर को लोकांतिक देवों ने दीक्षा के लिए सम्बोधित किया, तब भगवान महावीर नंदिवर्धन आदि स्वजन वर्ग के समीप आये। आकर उन्हें बोले—मुझे आप प्रव्रज्या ग्रहण करने की आज्ञा दीजिये। प्रत्युत्तर मे उन्होंने कहा—आप जो कहते हैं वह हमे स्वीकार है। इसके बाद नंदिवर्धन ने कौटुम्बिक पुरुषों को आह्वान किया कि भगवान के निष्क्रमणाभिषेक सामग्री की तैयारी करो।

तत्पश्चात् १००८ सौवर्णिक कलशों को, १००८ रूप्यमय कलशों को, १००८ मणिमय कलशों को, १००८ सुवर्णरूप्यमय कलशों को, १००८ सुवर्ण-मणिमय कलशों को, १००८ रूपमणिमय कलशों को, १००८ सुवर्ण रूप्यमणिमय कलशों को तथा १००८ भौमेय कलशो को भगवान के निष्क्रमणाभिषेक के लिए तैयार किया।

इसके बाद शक्रेन्द्र का आसन चलित हुआ।

(च) × × ×। ततो यथा प्राग् ऋषभस्वामिनो जन्माभिषेकमच्युतेन्द्रादयः कृतवन्त उक्तास्तथाऽत्रापि वक्तव्या यावत् शक्रेण कृतोऽभिषेकः, ततो येऽच्युतेन्द्राद्या-भियोग्यदेवकृताः सौवर्णादिकलशास्ते नंदिवर्द्धनकौटुम्बिकपुरुषनिर्वर्त्तितसौवर्णादिकल-शेषु दिव्यानुभावतः प्रविष्टाः ततस्ते अधिकतरं शोभितवन्तः, ततः स नन्दिवर्द्धनो राजा स्वामिनं सिंहासने पूर्वाभिमुखंनिवेश्य देवानीतक्षीरोदसमुद्रादिपानीयैः सर्व-तीर्थमृत्तिकाभिः सर्वकषायैः सौवर्णादिकलशैरभिषेकं कर्त्तुमारब्धवान्, तस्मिंश्चा-भिषेकं कुर्वति सर्वे इन्द्राः सपरिवाराः केचित् कृताञ्जलिपुटाः केचित्कलशहस्तगताः केचित् भृङ्गारहस्तगताः केचिदादर्शहस्तगताः जयजयशब्दं प्रयुञ्जानाः स्वामिनः पुरतो-ऽवतिष्ठंते, शेषं सर्वं हिरण्यवर्षादि ऋषभनाथजन्माभिषेकवद्वाच्यं।

—आव० मूल भाष्य गा ६१। मलय टीका

अच्युतेन्द्र आदि ने भगवान का अभिनिष्क्रमण अभिषेक किया।

राजा नदिवर्द्धन ने पूर्व की ओर मुख करके सिंहासन पर भगवान को बैठाया। तत्पश्चात् देवों द्वारा क्षीरोदधि से लाये हुए जलसे, सर्व तीर्थों की मृत्तिका से, सर्व काषायिक वस्त्र से, सौवर्ण कलशों आदि से अभिषेक प्रारंभ किया।

सर्व इन्द्र सपरिवार भगवान का अभिषेक करते हैं जय-जय शब्द से (आकाश) गूंज उठा।

(छ) देवैः शक्रादिभिर्नंदिवर्धनाद्यैश्च पार्थिवैः।
दीक्षाभिषेको विदधे श्रीवीरस्य यथाविधि॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो १७०

शक्रादि इन्द्र, देवों, नंदिवर्धन आदि राजाओं ने भगवान् महावीर का यथाविधि दीक्षाभिषेक किया।

(ज) लौकांतिकामरैः प्राप्य प्रस्तुतस्तुतिभिः स्तुतः ॥२९७॥
सकलामरसंदोहकृतनिःक्रमणक्रियः।
स्ववाक्-प्रीणितसद्बंधुसंभावितसंभावितविसर्जनः ॥२९८॥

— उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो २९७, २९८

लोकांतिक देवों ने आकर उनकी स्तुति की। समस्त देवों के समूह से आकर उनके निष्क्रमण कल्याण की क्रिया की। उन्होंने अपने मधुर वचनों से बंधुजनों को प्रसन्न कर उनसे विदा ली।

(झ) जिननिष्क्रमणं दृष्ट्वा तुष्टाः सर्वे नरामराः।
कृत्वा तृतीयकल्याणपूजां जग्मुर्यथायथं ॥

—हरिपु० खंड १ । सर्ग २ । श्लो ५५

भगवान् का अभिनिष्क्रमण-काल देखकर सर्व मनुष्य और देव सन्तुष्ट हुए और तृतीय कल्याण—दीक्षा कल्याण की पूजा की।

—•—

.२७ अभिनिष्क्रमण के पूर्व अलंकरण

(क) अणुलिंपित्ता ईसिंनिस्सासवातवोज्झं वरणगरपट्टणुग्गयं कुसलणरपसंसितं अस्सलालापेलवं छेयायरियकणगखचियंतकम्मं हंसलक्खणं पट्टजुयलं णियंसावेइ, णियंसावेत्ता हारं अद्धहारं उरत्थं एगावलिं पालंबसुत्त-पट्ट-मउड-रयणमालाइं आवि-

धावेति, आविंधावेत्ता गंथिम - वेढिमपूरिम - संघातिमेणं मल्लेणं कप्परुक्खमिव समालंकेति, समालंकेत्ता दोच्चंपि महया वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहण्णइ।

—आया० श्रु २। अ १५। सू २८। पृ० २३७

भगवान् के शरीर पर गोशीर्ष रक्त चंदन का लेप करके, हल्की सी श्वास की वायु से भी उड़ने वाले, श्रेष्ठनगर पट्टन मे निर्मित, कुशल जनों द्वारा प्रशंसित, घोड़े के मुख के फेन के समान स्वच्छ, मनोरम, चतुर कारीगरों के द्वारा स्वर्ण के तारों से खचित, हंस लक्षणवाले दो वस्त्र पहनाये।

फिर हार, अर्धहार, वक्षस्थल का आभूषण, एकावली, माला, स्वर्ण सूत्र, कदोरा, मुकुट तथा रत्नमाला आदि आभूषण पहनाये।

आभूषण पहनाने के पश्चात् गूंथी हुई, वेष्टित की हुई, भरकर बनाई हुई और एक दूसरे से जोड़कर बनाई हुई मालाओं से भगवान का कल्पवृक्ष के समान शृङ्गार किया।

शृंगार करके शक्रेन्द्र ने दूसरी बार महान् वैक्रिय समुद्घात किया।

(ख) ××× ततो जन्माभिषेकानन्तरमलंकारसभायां केशालंकारेण वस्त्रालंकारेण माल्यालंकारेण आभरणालंकारेण भगवंतमलंकारितवान्, यावच्च निष्क्रमणाभिषेकोऽलंकारश्च क्रियमाणो वर्त्तते, तावद्धरणितलं गगनतलं चागच्छद्भिर्गच्छद्भिश्च देवैर्देवीभिश्च निरंतर व्याप्तमुद्योतितं चावतिष्ठते, तत् उक्तम्—

धरणितले गयणतले विज्जुज्जोओकतो खिप्पं।

जावणकुंडगामो' इत्यादि ततएवं निष्क्रमणाभिषेकेणाभिषिक्ते सर्वालंकारविभूषिते च भगवति ×××।

—आव० मूल भाष्य गा ६१। मलय टीका

(ग) आलइयमालमउडो भासुरबोंदी पलंबवणमालो।
सेययवत्थनियत्थो जस्स य मोल्लं सयसहस्सं॥

– आव० मूल भाष्य गा ६५

मलय टीका—आलइयं—आविद्धमुच्यते, माला—अनेकसुरकुसुमग्रथिता मुकुटः प्रसिद्ध एव, माला च मुकुटश्च मालामुकुटौ ××× आविद्धौ माला देवद्रुमप्रवालकिशलयादिमयी यस्य स प्रलम्बवनमालः, तथानियत्थं—परिहितमुच्यते, निवसितंश्वेतम्—आकाशस्फटिकसमप्रभं नासानिःश्वासवातवाह्यमपूर्वस्पर्शोपेतं कनकखचितान्तप्रदेशं वस्त्रं येन स निवसितश्वेतवस्त्रः सुखादिदर्शनान्निवसितशब्दस्य पाक्षिकः परनिपातः, यस्य वस्त्रस्य मूल्यं शतसहस्रं दीनाराणामिति।

स्नानादि कराने के बाद अलंकार सभामे भगवान को केश, वस्त्र, माला और आभरण से अलकृत किया। जबतक भगवान का निष्क्रमणाभिषेक और अलकार होता रहा तबतक धरणितल तथा गगनतल मे देव-देवी का आगमन निरन्तर होता रहा। कहा है—धरणितल और गगनतल मे देवविद्युत से उद्योत कर रहे थे।

·२८ देवों द्वारा शिबिका-निर्माण

(क) तओणं सक्के देविंदे देवराया × × × दोच्चंपि महया वेउव्विय-समुग्घाएणं समोहण्णइ, समोहणित्ता एगं महं चंदप्पभं सिवियं सहस्सवाहिणिं विउव्वइ, तंजहा—ईहामिय-उसभ-तुरग-णर-मकर-विहग-वाणर-कुंजर-रुरु-सरभ-चमर-सद्दूलसीह-वणलय-विचित्तविज्जाहरमिहुण-जुयल-जंत-जोगजुत्तं, अच्चीसहस्समालिणीयं, सुणिरूवितमिसिमिसितरूवगसहस्सकलियं, ईसिंभिसमाणं, भिब्भिसमाणं, चक्खुल्लोयणलेस्सं, मुत्ताहलमुत्तजालंतरोवियं, तवणीय पवरलंबूस-पलंबंतमुत्तदामं, हारद्धहारभूसणसमोणयं, अहियपेच्छणिज्जं, पउमलयभत्तिचित्तं, असोगलयभत्तिचित्तं, कंदलयभत्तिचित्तं णाणालयभत्ति-विरइयं सुभं चारुकंतरूवं णाणामणिपञ्चवण्णघंटा पडाय-परिमंडियग्गसिहरं पासादीयंदरिसणीयं सुरूवं।

—आया० श्रु २। अ १५। सू २८। पृ० २३७

शक्रेन्द्र ने दूसरी बार वैक्रिय समुद्घात किया और विकुर्वणा करके चद्रप्रभा नामक हजार पुरुषों द्वारा वहन करने योग्य एक महान् शिबिका बनाई। वह शिबिका भेडिया, बैल, घोड़ा, नर, मगर, पक्षी, नगर, कुजर, रुरुमृग, शरभ, चमर, शार्दूल, सिंह, वनलता आदि के विविध प्रकार के चित्रों से वह युक्त थी। विद्याधर युग्म एव यंत्र योग से युक्त थी। उसमे से सहस्रों किरणें बिखर रही थीं। वह सुन्दर रूप से अद्भुत बनी हुई थी। जगमगाती हुई, सहस्र रूपों से सम्पन्न, देदीप्यमान, अत्यन्त देदीप्यमान और निर्निमेष दृष्टि से देखने योग्य थी। उसमे मोतियों के गुच्छे लटक रहे थे। तप्त स्वर्ण के सुशोभन लटकन से युक्त थी। मोतियों की माला लटक रही थीं। वह हार तथा अर्धहार आदि आभूषणों से नमी हुई थी। अत्यन्त ही दर्शनीय थी।

उस पर पद्मलता, अशोकलता तथा कनकलता के चित्र थे तथा अन्यान्य विविध प्रकार की लताओं के चित्रों से सुशोभित थी। शुभ-सुन्दर और कांत थी। उसका अग्रभाग अनेक

प्रकार के पंचवर्णों मणियुक्त घण्टाओं और पताकाओं से सुशोभित था। वह दर्शक को प्रसन्नता प्रदान करने वाली, दर्शनीय और सुरूप थी।

(ख) स्नानादिदेशेति तदा कथंचिन्नन्दिवर्धनः ॥१७१॥

× × ×

पंचाशद्धनुरायामां षट्त्रिंशद्धनुरुन्नताम् ॥१७४॥
पंचाग्रविंशतिधनुर्विस्तृता शिबिकोत्तमाम्।
चन्द्रप्रभाख्यां कुर्वन्तु श्रीवीरस्यासनोचिताम् ॥१७५॥
त्वरितं कारयामासुः शिबिकां तां तथैव ते।
राज्ञां हि वचसाऽर्थः स्यान्मनसा द्युसदामिव ॥१७६॥
तादृशीमेव शिबिकां तदा शक्रोऽप्यकारयत्।
युग्मजाते इवाऽभाता यथो मे तुल्यया श्रिया ॥१७७॥
प्रथमायां शिबिकायां द्वितीयशिबिका तदा।
देवशक्त्यान्तर्बभूव नद्यामिव नदी क्षणात् ॥१७८॥

—त्रिशलाका पर्व १० । सर्ग २ । श्लो १७१, १७४ से १७८

(ग) नंदिवर्द्धनराज्ञा उपदिष्टाः। कौटुम्बिकपुरुषाः—अनेकस्तंभशतसन्निविष्टां मणिकनकविचित्रां पंचाशद्धनुरायामां पंचविंशतिधनुर्विस्तीर्णां षट्त्रिंशद्धनुरुच्चां चन्द्रप्रभाभिधानां शिबिकामुपस्थापयतेति, तेऽपि तथैवोपस्थापयन्ति (एवं शक्रोऽपि शिबिकां कारयति) नवरं तस्याः प्रागुक्तविमानस्येव वर्णको वक्तव्यः, केवलं सा शिबिकातामेव नंदिवर्द्धनकारितां शिबिकां दिव्यानुभावतः प्रविष्टा, ततः साऽतीव सुन्दरतरा जाता।

—आव० मूल भाष्य गा ९१। मलय टीका

नंदिवर्धन के आदेशानुसार स्वय के सेवक पुरुषों ने अनेक स्तम्भवाली विचित्र मणि-कनक सहित पचास धनुष लम्बी, छतीस धनुष ऊँची तथा पचीस धनुष विस्तीर्ण एक चंद्रप्रभा शिबिका वीर भगवान के बैठने के लिए तैयार की।

शक्रेन्द्र भी उसी प्रकार की शिबिका तैयार कराई। दोनों तुल्य शोभा वाली होने से मानो युगल रूप मे शिबिका उत्पन्न हुई हो।

तत्पश्चात् देवशक्ति से नदी में नद की तरह दूसरी शिबिका प्रथम शिबिका में अवहित हो गई। वह चंद्रप्रभा शिबिका अति सुन्दर थी।

'२८'२ अभिनष्क्रमणके पूर्व शिविका में आरूढ़ होने के समय लेश्या

(क) छट्ठेणं भत्तेणं अज्झवसाणेण सोहणेण जिणो।
लेस्साहि विसुज्झंतो आरुहई उत्तमं सीयं॥

—आव० मूल भाष्य गा ९६, आया० श्रु २। अ १५। सू २८

मलय टीका—स एवंभूतो भगवान् मार्गशीर्षबहुलदशम्यां सुव्रते दिवसे हस्तोत्तरानक्षत्रयोगे षष्ठौ विजये मुहूर्त्ते षष्ठेन भक्तेन, दिनद्वयोपवासेनेत्यर्थः, अध्यवसानम्—अन्तःकरणसव्यपेक्षं विज्ञानं तेन सुन्दरेण—शोभनेन जिनो-भगवान् वर्द्धमानस्वामी, तथा लेश्याभिर्विशुद्धयमानो, मनोवाक्कायपूर्विकाः कृष्णादिद्रव्य-संबंधजनिताः खल्वात्मपरिणामा लेश्याः × × × ताभिर्विशुद्धयमान आरोहत्युत्तमां शिबिकाम्।

जब भगवान् चंद्रप्रभा शिविका मे मार्गशीर्ष दसमी को आरूढ हुए उस समय विशुद्धमान लेश्या थी।

.२६ अभिनिष्क्रमण की असवारी विशेष

'२६'१ अभिनिष्क्रमण की असवारी

(क) जे से हेमंताणं पढमे मासे पढमे पक्खे मग्गसिरबहुले तस्सणं मग्गसिरब-हुलस्स, दसमीपक्खेणं पाईणगामिणीए छायाए पोरिसिए अभिनिविट्टाए पमाणपत्ताए सुव्वएणं दिवसेणं विजएणं मुहुत्तेणं चंदप्पभाए सीयाए सदेवमणुयासुराए परिसाए समणुगम्ममाणमग्गे संखियचक्कियनंगलियमुहमंगलियवद्धमाणगपूसमाणगघंटि-यगणेहिं ताहिं इट्ठाहि कंताहिं पियाहि मणुण्णाहिं मणामाहिं ओरालाहिं कल्लाणाहिं सिवाहिं धन्नाहिंमंगल्लाहिं मियमहुरसस्सिरीयाहि वग्गूहिं अभिनंदमाणा अभिसंथु वमाणा य एवं वयासी।

जय जय नंदा! जय जय भद्दा! भद्दंते—अभग्गेहिं णाणदंसणचरित्तेहिं अजियाइं जिणाहि इंदियाइं, जियं च पालेहिसमणधम्मं, जिअविग्घो वि य वसाहि तं देव! सिद्धिमज्झे, निहणाहि 'रागदोसमल्ले, 'तवेणं धिइधणियबद्धकच्छे मद्दाहि अट्ठकम्मसत्तू झाणेणं उत्तमेणं सुक्केणं अप्पमत्तो हराहि आराहणपडागं च वीर! तेलोक्करंगमज्झे, पावय वितिमिरमणुत्तरं केवलं वरणाणं, गच्छ य मोक्खं परमपयं जिणवरोवदिट्ठेणं मग्गेणं अकुडिलेण, हंता परीसहचमूं—जय जय खत्तियवरवसहा! बहूइं दिवसाइं बहूइं पक्खाइं बहूइं मासाइं बहूइं उऊइं बहूइं अयणाइं बहूइं

संवच्छराइं अभीए परीसहोवसग्गाणं खंतिखमे भयभेरवाणं धम्म ते अविग्घं भवउत्तिकट्टु जय जय सद्दं पउंजंति ।

—कप्प० सू १११, ११२, । पृ० ३७, १८

(ख) एवं सदेवमणुयासुराए परिसाए परिवुडो भयवं ।
अभिथुव्वंतो गिराहि संपत्तो नायसंडवणं ॥

— आव० मूल भाष्य गा १०५

मलय टीका—एवम्-उक्तेन विधिना सह देवमनुष्यासुरा यया सा सदेव-मनुष्या सुरा तया, कयेत्याह—पर्षदा—परिवृतो भगवान् गीर्भिः—वाग्भिः अभिष्टूय-मानः क्षत्रियकुंडपुरमध्येन नरनारीदेवदेवीसंघातानां नयनमालासहस्रैः प्रतीक्ष्यमाणः हृदयमालासहस्रैरभिनंद्यमानो मनोरथमालासहस्रैः संस्पृश्यमानोऽगुलिसहस्रै-र्दर्श्यमानो भवनपंक्तिसहस्राणि समतिक्रामन् तावद् गतो यावत् संप्राप्तो ज्ञानखंडव-नमिति ।

हेमंत ऋतु के प्रथम मास, प्रथम पक्ष, मार्गशीर्ष कृष्णा दशमी के दिन, छाया जब पूर्व दिशा में ढल रही थी, प्रमाणोपेत पौरुषी, (अंतिम पौरुषी) सुव्रत दिन, विजय मुहूर्त में भगवान महावीर चंद्रप्रभा शिबिका में आसीन हुए। उस चन्द्रप्रभा शिविका के पीछे-पीछे देव, मनुष्य, असुरकुमारों का समूह चलता था तथा आगे कितनेक शंख बजाने वाले, कितनेक चक्रधारी, कितनेक गलधारी, कितनेक मुख मांगलिक मिष्ट भाषी, कितनेक वर्द्धमानक स्वय के कंधे पर अन्य को बैठाने वाले, कितनेक चारण, कितनेक घंटी बजाने वाले, घांटिक थे।

उन सब लोगों से घिरे हुए भगवान को शिविका में बैठे हुए देखकर कुल महत्तर इष्ट, कांत, प्रिय, मनोज्ञ, मणाम, उदारकल्याण रूप शिवरूप, धन्य मंगलरूप परिमित मधुर वाणी से भगवान का अभिनंदन-स्तुति करते हुए इस प्रकार बोले।—

"हे भद्र! तुम्हारी जय हो, जय हो, हे भद्र! तुम्हारी जय, जय हो। आपका भद्र हो। निर्दोष ज्ञान, दर्शन, चारित्र द्वारा अजेय इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करो। श्रमण धर्म का पालन करो। विघ्नों पर विजय प्राप्त कर हे देव! तुम साध्य! सिद्धि में वासस्थान करना। तप से राग-द्वेषरूपी मल्ल का हनन करना, धैर्य रूपी कच्छ बाँधकर उत्तम शुक्ल ध्यान द्वारा अष्ट कर्मरूपी शत्रुओं का मर्द्दन करो। अप्रमत्त होकर हे वीर! आप तीन लोक में रंग-मंडप में विजयपताका वरण करना। तिमिर को नष्ट करने वाला अनुत्तर केवल ज्ञान प्राप्त करना। जिनेश्वर के द्वारा उपदिष्ट शरण धर्म का अनुसरणकर तुम परम पदरूप मोक्ष प्राप्त करना। परीषहों से सेना को जीतकर हे उत्तम क्षत्रिय! क्षत्रिय वरपुंगव! तुम्हारी जय

हो, जय हो। बहु दिवस, बहुपक्ष, बहुमहिने, बहुऋतु, बहुअयन, बहुत वर्षों तक परीषह और उपसर्गों से निर्भय होकर, भयंकर और भयानक प्रसगों मे क्षमा-प्रधान होकर तुम विचरण करना। तुम्हें धर्म मे विघ्न हो ऐसा कहकर वे लोग भगवान महावीर का जय-जय नाद करने लगे।

(ग) तएणं समणे भगवं महावीरे नयणमालासहस्सेहिं पेच्छिज्जमाणे-पेच्छिज्ज-माणे वयणमालासहस्सेहिं अभिथुव्वमाणे-अभिथुव्वमाणे हियमालासहस्सेहिं ओनं-दिज्जमाणे ओनंदिज्जमाणे मणोरहमालासहस्सेहिं विच्छिप्पमाणे-विच्छिप्पमाणे × × × दाहिणहत्थेणं बहूणं नरनारिसहस्साणं अंजलिमालासहस्साइं पडिच्छमाणे २ भवण-पंतिसहस्साइं समतिच्छमाणे × × ×। महता समुदएणं महता वरतुडितजमग-समगप्पवादितेगं संखपणवपडहभेरिझल्लरिखरमुहिहुडुक्क-दुंदुभिनिग्घोसनादिय—रवेणं कुंडपुरं नगरं मज्झंमज्झेणं निग्गच्छइ निग्गच्छइत्ता जेणेव णायसंडवणे उज्जाणे जेणेव असोगवरपायवे तेणेव उवागच्छइ ॥११३॥

—कप्प० सू ११३। पृ० ३८

तत्पश्चात् हजारो नेत्रों द्वारा देखते-देखते, हजारों मुँह द्वारा अभिस्तुति को प्राप्त होते-होते, हृदय द्वारा अभिनंदन को प्राप्त होते-होते भगवान को देखकर लोग ऐसा मनोरथ करने लगे। दाहिने हस्त से हजारों नर-नारी द्वारा हजारों प्रणाम झेलते झेलते भगवान को इस प्रकार हजारों वरों के हार के हार पहनाये।

वीणा, हाथ के वादक, वादित्र और गीतों के गाने-बजाने के मधुर, मनोहर जय-जय नाद के साथ होने वाली मजु-मजु जय-नाद का घोष सुनकर भगवान सावधान रहते थे। सर्व ऋद्धि (स्वय के छत्र, चामर आदि सर्व वैभव), सर्व द्युति, सर्वसेना, सर्ववाहन, सर्वजन समुदाय, सर्व आदर, सर्व विभूति, सर्व विभूषा, सर्व उत्कठा, सर्व संगम, सर्व प्रजा, सर्व नाटकों सर्व ताल करने वाले, सर्व अतःपुर, सर्वफूल, वस्त्र, गध, माला और अलंकार की विभूषा, सर्वत्र वादित्र की आवाज के साथ भगवान महावीर कुडपुर नगर से निकलते है।

इस प्रकार महान (ऋद्धि, द्युति, सेना, वाहन, समुदाय, एक साथ बजते हुए वादित्रों अर्थात् मिट्टी का ढोल, लकड़ी का ढोल, भेरी झालर, खरमुखी हुडुकदुन्दुभी आदि वादित्रों के नाद के साथ भगवान महावीर कुडपुर नगर के मध्योमध्य होकर निकलते हैं, निकलकर जहाँ ज्ञातखण्ड नामक उद्यान में अशोक वृक्ष था ; वहाँ आते हैं।

(घ) सीया उवणीया, जिणवरस्स जरमरणविप्पमुक्कस्स।
ओसत्तमल्लदामा, जलथलयदिव्वकुसुमेहिं ॥७॥

सिवियाए मज्झयारे, दिव्वं वररयणरूवचेवइयं।
सीहासणं महरिहं, संपादपीढं जिणवरस्स ॥ ८ ॥
आलइयमालमउडो, भासुरबोंदी वराभरणधारी।
खोमयवत्थणियत्थो, जस्स य मोल्लं सयसहस्सं ॥ ६ ॥
छट्ठेण उ भत्तेणं, अज्झवसाणेणं सोहणेण जिणो।
लेसाहिं विसुज्झंतो, आरुहइ उत्तमं सीयं ॥ १० ॥
सीहासणे णिविट्ठो, सक्कीसाणा य दोहिं पासेहिं।
वीयंति चामराहिं, मणिरयणविचित्तदंडाहिं ॥ ११ ॥
पुव्विं उक्खित्ता, माणुसेहिं साहट्ठरोमपुलएहिं।
पच्छा वहंति देवा, सुरअसुरगरुलणागिंदा ॥ १२ ॥
पुरओ सुरा वहंती, असुरा पुण दाहिणंमि पासंमि ॥
अवरे वहंति गरुला, णागा पुण उत्तरे पासे ॥ १३ ॥
वणसंडं व कुसुमियं, पउमसरो वा जहा सरयकाले।
सोहइ कुसुमभरेणं, इय गयणयलं सुरगणेहिं ॥ १४ ॥
सिद्धत्थवणं व जहा, कणियारवणं व चंपगवणं वा।
सोहइ कुसुमभरेणं, इय गयणयलं सुरगणेहिं ॥ १५ ॥
वरपडहभेरिझल्लरि - सखसयसहस्सिएहिं तूरेहिं।
गयणतले धरणितले, तूर-णिणाओ परमरम्मो ॥ १६ ॥
ततविततं घणझुसिरं, आउज्जं चउविहंबहुविहीयं।
वायंति तत्थ देवा, बहूहिं आणट्टगसएहिं ॥ १७ ॥

— आया० श्रु २। अ १५। सू २८ मे उद्धृत गा०। पृ० २३७, २३८

(ख) मलय टीका— × × × भगवान् सिंहासनादुत्थाय अलंकारसभातो विनिर्गच्छति, विनिर्गत्य यत्र चन्द्रप्रभा शिबिका तत्रागच्छति, ततस्तांप्रदक्षिणीकृत्य समारोहति, आरुह्य च सिंहासनवरगतः पूर्वाभिमुखः सन्निषण्णः। आह च—

चंदप्पभाय सीया उवणीया जम्ममरणमुक्कस्स।
आसन्नमल्लदामा जलथलयंदिव्वकुसुमेहिं ॥ ६२ ॥
पंचासइआयामा धणूणि विच्छिण्ण पण्णवीसंतु।
छत्तीसं उव्विद्धा सीयाचंदप्पभा भणिया ॥६३॥

—आव० मूल भाष्य। गा ६२, ६३

मलयटीका—चंद्रप्रभाभिधाना शिबिका या उपनीता-आनीता, कस्येत्यत आह—जन्ममरणाभ्यां मुक्तइव मुक्तस्तस्य, वर्द्धमानस्येत्यर्थः। किंभूता सेत्याह—आसक्तानि माल्यदामानि यस्यां सा तथा, तथा जलस्थलजैश्च दिव्यकुसुमैरर्चितेति वाक्यशेषः ॥ संप्रति शिबिकाप्रमाणदर्शनार्थ माह—

पंचाशद्धनूंषि आयामो—दैर्ध्यं यस्याः सा पंचाशदायामा, धनूंषि पंचविंशतिर्विस्तीर्णा, तथा षट्त्रिंशद् धनूंषि उद्विद्धा-उच्चा शिबिका चंद्रप्रभाभिधाना गणधरैर्भणिता, अनेन शास्त्रस्य पारतन्त्र्यमाह।

सीयाए मज्झयारे दिव्वं मणिकणगरयणचिचइयं।
सिंहासणं महरिहं सपायपीढं जिणवरस्स॥

—आव० मूल भाष्य गा ९४

टीका—शिबिकाया मध्य एव मध्यकारस्तस्मिन् दिव्यं सुरनिर्मितं मणयः-चंद्रकान्तादयः कनकं—देवकांचनं रत्नानि—मरकतेन्द्र नीलादीनि तैः 'चिचइयं' देशीपदमेतत्, भूषितमित्यर्थः, सिंहप्रधानमासनं सिंहासनं, महान्तं—भुवनगुरु-मर्हतीति महार्हं, सह पादपीठं यस्य येन वा तत् 'सपादपीठं' जिनवरस्य कृतमिति वाक्यशेषः।

जरा और मरण से मुक्त तीर्थंकर भगवान के लिए जल और स्थल मे उत्पन्न होने वाले दिव्य फूलों की मालाओं से सजी हुई शिबिका लाई गई। उस शिविका के मध्य भाग मे तीर्थकर भगवान के लिए पादपीठ सहित एक सिंहासन बनाया गया था। वह सिंहासन दिव्य और उत्तम रत्नो से चमक रहा था। भगवान मालाओं और मुकुट से मंडित, तेजोमय शरीर वाले, ऐसे उत्तम आभूषणों को धारण करने वाले तथा जिनका मूल्य एक लाख मोहर था ऐसे वस्त्रों को धारण करने वाले वाले षष्ठभक्त की तपस्या करके, सुन्दर अध्यवसाय से युक्त, तथा विशुद्ध लेश्या वाले जिनेंद्र भगवान उस उत्तम शिबिका पर आरूढ हुए। वह चन्द्रप्रभा शिबिका पचीस धनुष विस्तीर्ण और छत्तीस धनुष ऊँची थी।

भगवान सिंहासन पर आसीन हुए। शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र दोनों बगलों मे खड़े होकर मणियों एवं रत्नों से विचित्र दण्डों वाले चामर ढोलने लगे।

सबसे पहले हर्ष से रोमांच युक्त हुए मनुष्यों ने पालखी उठाई, फिर सुरों, असुरों, गरुड़ों एवं नागिन्द्रों आदि ने उठाई। शिबिका को पूर्व की ओर देव वहन करने लगे, दक्षिण की ओर असुर, पश्चिम की ओर गरुड़ देव और उत्तर की ओर नागेन्द्र वहन करने लगे।

जैसे फूला हुआ वनखण्ड सुशोभित होता है अथवा शरद ऋतु में सरोवर कमलों से शोभायमान होता है उसी प्रकार देवगणों से आकाश सुशोभित हो उठा।

जैसे सरसों का वन, कनेर का वन अथवा चंपकवन फूलों के समूह से सुशोभित होता है उसी प्रकार देवगणों से आकाश सुशोभित होने लगा।

उत्तम ढोल, भेरी झालर, शंख आदि लाखों वाद्यों से, पृथ्वी और आकाश में अत्यन्त रमणीक ध्वनि व्याप्त हो गई।

देव तत, वितत, घन और शुषिर—ये चार प्रकार के तरह-तरह के बाजे बजाने लगे और सैकड़ों प्रकार के नृत्य करने लगे।

(छ) तेणं कालेणं तेणं समएणं जेसे हेमताणं पढमे मासे पढमे पक्खे—मग्गसिरबहुले, तस्स णं मग्गसिर बहुलस्स दसमीपक्खेणं, सुव्वएणं दिवसेणं, विजएणं मुहुत्तेणं, 'हत्थुत्तराहिं णक्खत्तेणं जोगोवगएणं, पाईणगामिणीए छायाए, वियत्ताए पोरिसीए, छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं, एगसाडगमायाए, चंदप्पहाए सिवियाए सहस्सवाहिणीए, सदेवमणुयासुराएपरिसाए समणिज्जमाणे समणिज्जमाणेउत्तर-खत्तियकुंडपुर—संणिवेसस्स मज्झंमज्झेणं णिगच्छइ, णिगच्छित्ता जेणेव णायसंडे उज्जाणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता ईसिंरयणिप्पमाणं अच्छुप्पेणं भूमिभागेणं सणियं-सणिय चंदप्पभंसिवियं सहस्सवाहिणि ठवेइ, ठवेत्ता सणियं-सणिय चंदप्पभाओ सिवियाओ सहस्सवाहिणीओ पच्चोयरइ, पच्चोयरित्ता सणियं-सणियं पुरत्थाभिमुहे सीहासणे णिसीयइ, आभरणालंकारं ओमुयइ।

तओ णं वेसमणे देवे जन्नुव्वायपडिए समणस्स भगवओ महावीरस्स हंस लक्खणेणं आभरणालंकारं पडिच्छइ॥

—आया० श्रु २। अ १५। सू २६। पृ० २३८, २३९

हेमत ऋतु—शीतऋतु का प्रथम मास और प्रथम पक्ष - मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष था। उस कृष्णपक्ष की दसमी तिथि के दिन, सुव्रत नामक दिन में, विजय नामक मुहूर्त में, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का योग होने पर, छाया जब पूर्व दिशा में ढल रही थी, तब अंतिम प्रहर में चौविहार षष्ठ भक्त तपस्या के साथ, एक वस्त्र धारण करके, पुरुष सहस्रवाहिनी चंद्रप्रभा नामक शिविका में देवों, मनुष्यों और असुरकुमारों के समूह के साथ उत्तर-क्षत्रिय-कुण्डपुर सन्निवेश के मध्य में होकर जहाँ ज्ञातखण्ड नामक उद्यान था, वहाँ आते हैं। आकर भूमि से रत्नि-प्रमाण अर्थात् कुछ कम एक हाथ की ऊँचाई पर धीमे-धीमे सहस्रवाहिनी चंद्रप्रभा शिविका

को ठहराते हैं। भगवान धीरे-धीरे उस शिबिका से नीचे उतरते है। उतरकर पूर्व दिशा में मुख करके सिंहासन पर विराजते है।

तत्पश्चात् आभूषणों और अलकारो को उतारते हैं। तब वह श्रमण देव गोदोहासन से स्थित होकर भगवान महावीर के उतारे हुए आभूषणो-अलकारों को हसलक्षण वाले वस्त्र में ग्रहण करता है।

(ज) ततोऽसौ शिविकां दिव्यां दीप्रां चंद्रप्रभाभिधानम्।
सुरेन्द्रनिर्मितां देवः संयमश्रीसुखोत्सकः ॥ ४३ ॥

आरूरोह मुदा शक्रदत्तहस्तावलम्बनः।
प्रतिज्ञामेव दीक्षायां त्यक्त्वा बन्धून् श्रिया समम् ॥४४॥

तदारूढो जगन्नाथो विश्वाभरणभूतिभिः।
वरोत्तम इवाभासीत्तपोलक्ष्म्याः सुरावृतः ॥४५॥

आदौ तां शिविकामूहुः पदानि सप्त भूमियाः।
ततः खगाधिपा व्योम्नि निन्युः सप्तक्रमान्तरम् ॥४६॥

स्वस्कंधारोपितां कृत्वा ततोऽमुं त्रिजगत्सुराः।
खमुत्पेतुर्द्रुतं भूत्या धर्मरागरसोत्कटाः ॥ ४७ ॥

—वीरवर्धच० अधि १२। श्लो ४३ से ४७

देवेन्द्र रचित, चद्रप्रभा नामकी देदीप्यमान दिव्यपालकी पर सयम रूपी लक्ष्मी के सुख प्राप्त करने के लिए उत्सुक और इन्द्र के द्वारा जिनको हाथ का सहारा दिया गया है ऐसे श्रीवीर जिनदेव राज्यलक्ष्मी के साथ सब बन्धुजनों को छोड़कर दीक्षा मे प्रतिज्ञाबद्ध के समान चढे। उस समय समस्त आभूषणों की विभूति से युक्त और देवों से आवृत्त वे जगत के नाथ महावीर प्रभु उस पालकी पर विराजित होकर ऐसे सुशोभित हो रहे थे, मानो तपोलक्ष्मी को वरने के लिए जाने वाले उत्तम वर ही हो।

सर्व प्रथम उस पालकी को राजाओं ने सात पद तक उठाया, तत्पश्चात् सात पदों तक विद्याधरों ने उठाया और उस पश्चात् धर्मानुराग के रस से परि-पूरित वे सभी देवगण उस पालकी को अपने कंधों पर आरोपण करके बड़ी विभूति के साथ शीघ्र आकाश मे उड़कर ले चलें।

(झ) जिनेन्द्रो नातिदूरं खमुत्पत्य नेत्रगोचरम्।
जनानां मंगलारम्भैर्यथोक्तैः संयमाप्तये ॥

आजगाम सुरैः सार्धं वनं खंडाभिधं महत्।
सच्छायं सफलं रम्यं ध्यानाध्ययनवृद्धिदम्॥
तत्रैकस्मिन् शिलापट्टे चंद्रकांतमये शुचौ।

—वीरवर्धच० अधि १२। श्लो ८६, ८७, ८८। पूर्वार्ध

तदनन्तर यथोक्त मांगलिक आयोजनों से मनुष्यों के नेत्र-गोचर आकाश में न अति दूर, न अति समीप जाते हुए वीर जिनेन्द्र सयम की प्राप्ति के लिए देवों के साथ ज्ञातृखंड नामक महावन मे पहुँचे, जो उत्तम छाया वाला, फूल युक्त, रमणीय और ध्यान अध्ययन की वृद्धि करने वाला था। उस वन मे देवों के द्वारा पहले ही निर्मित एक गोल चंद्रकांतमयी पवित्र शिलापट्ट पर वीर भगवान पालकी से उतरकर आ विराजे।

(ञ) चन्द्रप्रभाख्यशिबिकामधिरूढो दृढव्रतः।
ऊढां परिवृढैर्नृणां ततो विद्याधराधिपैः॥ २९९॥
ततश्चानिमिषाधीशैश्चलच्चामरसंहतिः॥
प्रभ्रमद्भ्रमरारावैः कोकिलालापनैरपि॥ ३००॥
आह्वयद्वा प्रसूनौघैः प्रहसद्वा प्रमोदतः।
पल्लवैरनुरागं वा स्वकीयं संप्रकाशयत्॥ ३०१॥
नाथः षण्डवनं प्राप्य स्वयानादवरुह्य सः॥

—उत्तपु० पर्व ७४। श्लो २९९, ३००, ३०१, ३०२। पूर्वार्ध

(ट) चंदप्पह-सिवियहि पहुचडिण्णु।
तहि णाह-संड-वणि-णवर दिण्णु॥

—वीरजि० संधि १। कड ११

व्रतों को दृढ़ता से पालन करने वाले वे भगवान चद्रप्रभा नामक पालकी पर आरूढ हुए। उस पालकी को सबसे पहले भूमि गोचरी राजाओ ने, फिर विद्याधर राजाओं ने और फिर इन्द्रों ने उठाया था। उनके दोनों ओर चामरो के समूह ढुल रहे थे। इस प्रकार भगवान षण्डवन मे पहुँच अपनी पालकी से नीचे उतरे।

(ठ) ××× उपस्थापितायां भगवान् सिंहासनादुत्थाय अलंकारसभातो विनिर्गच्छति, विनिर्गत्य यत्र चंद्रप्रभा शिबिका तत्रागच्छति, ततस्तां प्रदक्षिणीकृत्य समारोहति, आरुह्य च सिंहासनवरगतः पूर्वाभिमुखः सन्निषण्णः ×××।

—आव० मूल भाष्य गा ९१। मलय टीका

भगवान् महावीर अलंकार सभा से निकल कर चन्द्रप्रभाशिविका के पास आये। पूर्वाभिमुख होकर सिंहासन पर बैठ गये।

(ड) × × × तओ णं वेसमणे देवे जन्नुव्वायपडिए समणस्स भगवओ महावीरस्स हंसलक्खणेणं पडेणं आभरणालंकारं पडिच्छइ।

—आया० श्रु २ अ १५। सू २६। पृ० २३६

वैश्रमणदेव गोदोहासन से स्थित होकर भगवान महावीर के उतारे हुए आभूषणों-अलंकारों को हंस लक्षण वाले वस्त्र में ग्रहण करता है।

(ढ) वस्त्राभरणमाल्यानि स्वयं शक्रः समाददे।
मुक्तान्येतेन पूतानि मत्वा माहात्म्यमीदृशम्॥

—उत्तपु०। पर्व ७४। श्लो ३०५

भगवान ने जो वस्त्र, आभरण तथा माला आदि उतारकर फेंक दिये थे उन्हें इन्द्र ने स्वय उठा लिया—यह ठीक है क्योंकि भगवान का माहात्म्य ही ऐसा था।

·२६ २ दीक्षा के पूर्व पंचमुष्टि लोच

१ स्वयमेव पंचमुष्टि लोच—

(क) तओ णं समणे भगवं महावीरे दाहिणेणं दाहिणं वामेणं वामं पंचमुट्ठियं लोयं करेइ।

—आया० श्रु २। अ १५। सू ३०

(ख) × × × ततः स्वमेव भगवान् पंचमुष्टिकं लोचं करोति। शक्रश्च देवराजो हंसलक्षणेन पटशाटकेन केशा (न्दी) न् प्रतीच्छति।

—आव० मूल भाष्य गा १०६। टीका

श्रमण भगवान ने दाहिने हाथ से दाहिनी ओर के और बायें हाथ से बायीं ओर के केशों का पचमुष्टिक लोच किया।

·२ भगवान के केशों का क्षीर सागर में निक्षेप

(क) तओ णं सक्के देविंदे देवराया समणस्स भगवओ महावीरस्स जन्नुवायपडिए वयरामएणं थालेणं केसाइं पडिच्छइ, पडिच्छत्ता 'अणुजाणेसि भंते" त्तिकट्टु खीरोयसायरं साहरइ।

— आया० श्रु २। अ १५। सू ३१। पृ० २३६

(ख) मलय टीका ××× ततः स्वयमेव भगवान् पंचमुष्टिकं लोचंकरोति शक्रश्च देवराजो हंसलक्षणेन पटशाटकेन केशा (न्दी) न् प्रतीच्छति॥

जिणवरमणुण्णवित्ता अंजणघणरुगयविमलसकासा ।
केसा खणेण नीया खीरसरिसनामयंउदहि ॥

—आव० मूल० भाष्य गा० १०७

टीका—शक्रेण जिनवरं—भगवंतं वर्द्धमानस्वामिनमनुज्ञाप्य अंजनं प्रसिद्धं घनो-मेघः रुचकः—कृष्णमणिविशेषः तेषामिव विमला छाया येषां ते अंजनघनरुचक-विमलसंकाशाः के ते इत्याह—केशाः, किं ? क्षणेन नीताः क्षीरसदृशनामानमुदधिं, क्षीरोदधिमित्यर्थः ।

(ग) मुष्टिभिः पंचभिः केशानुद्दध्रे त्रिजगद्गुरुः ।
प्रतीक्ष्य दूष्ये तान् शक्रश्चिक्षेप क्षीरनीरधौ ।

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो ११७

भगवान महावीर ने स्वयमेव पंचमुष्टिक लोच किया, शक्र देवेन्द्र देवराज ने श्रमण भगवान महावीर के सामने गोदोहासन से स्थित होकर हीरे के थाल में केशों को ग्रहण किया। तत्पश्चात् शक्र देवराज ने भगवान की अनुज्ञा प्राप्त कर अंजन के समान, घन मेघ के समान, कृष्ण मणि के समान और उसकी विमल छाया के समान कृष्ण वर्णवाले केशों को क्षीरसागर में साहरण किया।

(घ) मलिना कुटिला मुग्धैः पूज्यास्त्याज्या मुमुक्षुभिः ।
केशा क्लेशसमास्तेन यूनामूलात्समुद्धृताः ॥३०७॥
सुराधीशः स्वहस्तेन तान्प्रतीक्ष्य महामणि ।
ज्वलत्पटलिकामध्ये विन्यस्याभ्यर्च्य मानितान् ॥३०८॥
विचित्रकरवस्त्रेण पिधाय विभृतान्सुरैः ।
स्वयं गत्वा समं क्षीरवारिराशौ न्यवेशयत् ॥३०६॥

—उत्तपु० । पर्व ७४ । श्लो ३०७ से ३०९

(च) केशान् भगवतो मूर्ध्नि चिरवासात्पवित्रितान् ।
मत्वा प्रतीक्ष्य देवेशो निधाय पाणिना स्वयम् ॥१०१॥
स्फुरद्रत्नपटल्यां हि मुदाभ्यर्च्य पिधाय च ।
दिव्यांशुकेन नीत्वा सा सुरैरन्यैर्महोत्सवैः ॥१०२॥
क्षीरोदाब्धे पवित्रस्य निसर्गेण शुचौ जले ।
न्यक्षिपत् परया भूत्या बहुमानशुभाप्तये ॥१०३॥

—वीरवर्धच० अधि १२ । १०१ से १०३

(छ) लुंअ पंचमुट्ठि केसइँ जिणासु
तणु कंति-पराजिय-कंचणासु।
मणि-भायणे करेवि सुरेसरेण
सयमेव संमरिय जिणेसरेण।
खीराकुवारि - णिवेसियाइँ
अमयासणगणहिं पसंसियाइँ।

—वड्ढच० संधि १। कड २०। पृ० २११

(ज) मणिमय-पडलें लेप्पिणुससेस।
इंदें खीरण्णवि घित केस॥

—वीरजि० संधि १। कड ११। पृ० २२

मलिन और कुटिल पदार्थ अज्ञानी जनों के द्वारा पूज्य होते है। परन्तु मुमुक्षु लोग उन्हें त्याज्य समझते है। ऐसा जानकर ही मानो उन तरुण भगवान ने मलिन और कुटिल। (काले और घुंघुराले) केश जड़ से उखाड़ कर दूर फेंक दिये थे।

इन्द्रने वे सब केश अपने हाथ से उठा लिये, मणियों के देदीप्यमान पिटारे मे रखकर उनकी पूजा की, आदर सत्कार किया, अनेक प्रकार की किरण रूपी वस्त्र से उन्हें लपेटकर रखा और फिर देवों के साथ स्वय जाकर उन्हें क्षीरसागर मे पधरा दिया।

·२६·२ भगवान का दीक्षा ग्रहण—

·१ दीक्षा-प्रतिज्ञा

(क) ××× ; जहा से समणं भगवं उट्ठाय।
संखाए तंसि हेमंते, अहुणा पव्वइए रीयत्था॥

—आया० श्रु १। अ ६। उ १। गा १। पृ० ७२

टीका—××× तीर्थकृता वीरवर्द्धमानस्वामिना स्वतएवाचीर्ण इत्येतन्नवमेऽध्ययने प्रतिपाद्यते।

दीक्षा अंगीकार करने के लिये श्रमण भगवान ने उत्थान—प्रस्थान किया और उत्थान करते ही विशिष्ट ज्ञान को प्राप्त किया तथा उस हेमन्त ऋतु मे स्वतः दीक्षा अंगीकार कर अविलम्ब विहार कर दिया।

(ख) तएणं समणे भगवं महावीरे ××× उवागच्छइत्ता असोगवरपायवस्स अहे सीयं ठावेइ, अहे अहेत्ता सीयाओ पच्चोरुहइ, सीयाओ सीयाओ त्ता सयमेव आहरण-मल्लालंकारं ओमुयइ, आभर-आभर सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेइ, स स त्ता छट्ठेणं

भत्तेणं अपाणएणं हत्थुत्तराहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं एगं देवदूसमायाय एगे अबीए मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए।

—कप्प० सू ११४

श्रमण भगवान महावीर अशोकवर वृक्ष के नीचे स्थित चंद्रप्रभा शिविका से नीचे उतरकर, स्वयमेव आभरण, माला, अलंकार को शरीर से उतारकर स्वयमेव पंचमुष्टि लोच किया। फिर छट्ठ भक्त उपवास में, हस्तोतरा नक्षत्र के योग होने पर, एक देवदूष्य वस्त्र धारण कर अकेले गृहवास छोड़कर अनगार हुए।

(ग) अह अन्नया कयाई, संवेगओ जिणो मुणियदोसो।
लोगंतियपरिकिण्णो, पवज्जमुवागओ वीरो॥

—पउम० उद्देसो २। श्लो २९

ससार के दोषों को जानने वाले और इसीलिए लोकान्तिक देवों से घिरे हुए जिनेश्वर महावीर ने एकदिन दीक्षा ली।

·२ दीक्षा का काल-तिथि-नक्षत्र

(क) × × × समणे भगवं महावीरे × × ×। हत्थुत्तराहिं सव्वओ सव्वत्ताए मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए।

—आया० श्रु २। अ १५। सू १

(ख) × × × समणे भगवं महावीरे ××× हत्थुत्तराहिं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वईए।

—कप्प० सू १। पृ० ३

—ठाण० स्था ५। उ १। सू ९७। पृ० ६९४

—दसासु० दशा ८। सू १

(ग) हत्थुत्तरजोगेण × × ×।
× × × ।
अम्मापिईहिं भगवं देवत्तगएहिं पव्वइत्तो।

—आव० निगा। ४५९ पूर्वार्ध, ४६० उत्तरार्ध

मलय टीका—हस्तोत्तरायोगेन—उत्तराफाल्गुनीयोगेन × × × वीरो भगवान् मातापितृभ्यां देवत्वगताभ्यां प्रव्रजितः।

श्रमण भगवान महावीर माता-पिता के स्वर्गवास होने के बाद उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में गृहवास त्यागकर प्रव्रजित हुए।

(घ) वर्षत्रिंशति जन्मतोऽथ समतीतायां सहे मासि च।
श्यामायां दसमीतिथौ हिमकरे हस्तोत्तरासुस्थिते॥
यामेऽह्नश्चरमे तु षष्ठतपसः।

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग २। श्लो १९९

जन्म से तीस वर्ष निर्गमन होने पर मार्गशीर्ष दसमी, चंद्र हस्तोत्तरा नक्षत्र मे गमन करते हुए पश्चिम प्रहर मे भगवान ने चारित्र ग्रहण किया।

(च) चंदप्पह—सिवियहि पहुचडिण्णु।
तहि णाह-संड-वणि णवरदिण्णु॥
मग्गसिर-कसण-दसमी- दिणंति।
संजायइ तियसुच्छवि महंति॥
वोलीणइ चरियावरण—पंकि।
हत्थुत्तर—मज्झासिइ ससंकि॥
छट्ठोववासु किउ मलहरेण।
तवचरणु लइउ परमेसरेण॥
मणिमय-पडलें लेप्पिणु ससेस।
इंदे खीरण्णवि घित्त केस॥
घत्ता—परमेट्ठि रिसिदु
थिउ पडिवज्जिवि संजमु।

—वीरजि० संधि १। कड ११

(छ) उत्तराफाल्गुनीष्वेव वर्तमाने निशाकरे।
कृष्णस्य मार्गशीर्षस्य दशम्यामगमद्वनं॥
अपनीय तनोः सर्वं वस्त्रमाल्यविभूषणं।
पञ्चमूष्टिभिरुद्धृत्य मूर्धजानभवन्मुनिः॥

—हरिपु० खण्ड १। सर्ग २। श्लो ५१, ५२

भगवान चंद्र की प्रभा से युक्त पालकी पर विराजमान हुए और ज्ञातृखण्डवन मे पहुँचे। वहाँ उन पापहारी परमेश्वर ने मार्गशीर्ष (अगहन) कृष्णपक्ष दशमी के दिन जब देवों द्वारा महोत्सव हो रहा था और चंद्रमा उत्तरा फाल्गुनी और हस्तनक्षत्रों के बीच स्थित था, तभी अपने चारित्रावरण कर्म रूपी मलको दूरकर, षष्ठोपवास (दो दिन की तपस्या) तपश्चरण

ग्रहण किया। तभी उन्होंने केशों का लोच किया और इन्द्र ने उन केशों को एक मणिमय पटल मे लेकर क्षीरोदधि मे विसर्जित कर दिया।

इस प्रकार वे मुनीन्द्र परमेष्ठी संयम ग्रहण कर आसीन हुए।

(ज) नाथः षंडवनं प्राप्य स्वायानादवरुह्य सः।
श्रेष्ठः षष्ठोपवासेन स्वप्रभापटलावृते ॥३०२॥
निविश्योदङ्मुखोवीरो रुन्द्ररत्नशिलातले।
दशम्यां मार्गशीर्षस्य कृष्णायां शशिनि श्रिते ॥३०३॥
हस्तोत्तरर्क्षयोर्मध्यं भागं चापास्तलक्ष्मणि।
दिवसावसितौ धीरः संयमाभिमुखोऽभवत् ॥३०४॥

—उत्तपु० पर्व ७४। श्लो ३०२ से ३०४

भगवान महावीर, षण्डवन मे पहुँचकर अपनी पालकी से उतर गये और अपनी ही कांति के समूह से घिरी हुई रत्नमयी बड़ी शिलापर उत्तर की ओर मुँहकर षष्ठ भक्त उपवास का नियम ले विराजमान हो गये। इस तरह मगसिर बदी दसमी के दिन जबकि निर्मल चन्द्रमा हस्त और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के मध्य भाग मे था तब दिवस के अवशेष मे (सन्ध्या) अतिशय धीर वीर भगवान महावीर ने संयम धारण किया।

(झ) अगहणमासे दसमी दिणम्मि
अत्थहरि—सिहरि पत्तइ इणम्मि।
विरएवि , छट्ठदिक्खिउजिणिंदु।

—वड्ढच० संधि ९। कड २०

अगहन मास दसमी के दिन जब सूर्य अस्ताचल पर्वत पर पहुँच रहा था उसी समय भगवान महावीर षष्ठोपवास को प्रतिज्ञा पूर्वक दीक्षित हो गये।

'१ दीक्षा का समय

(क) पासो अरिट्ठनेमी सेज्जंसो सुमति मल्लिनामो य।
पुव्वण्हे निक्खंता सेसापुण पच्छिमण्हंमि॥

—आव० मि गा २५४

मलय टीका—पार्श्वनाथोऽरिष्ठनेमिः श्रेयांसः सुमतिर्मल्लिनामा च, एते पंच तीर्थकृतः पूर्वाह्णे निष्क्रांता, शेषाः पुनः—ऋषभस्वामिप्रभृतयः पश्चिमाह्णे।

भगवान पार्श्वनाथ, अरिष्टनेमि, श्रेयांसनाथ, सुमतिनाथ और मल्लिनाथ—इन पाँचों तीर्थंकरों ने पूर्वाह्न काल मे दीक्षा ग्रहण की तथा शेष तीर्थंकर तथा भगवान महावीर ने अपराह्न काल मे दीक्षा ग्रहण की।

(ख) ××× अवरण्हे उत्तरासु णाधवणे।
××× गहिदं महव्वदं वड्ढमाणेण॥

—तिलोप० अधि ४। गा ६६७

(ग) ××× यामेऽह्नश्चरमे तुषष्ठतपसः ×××।

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग २। श्लो १६६

(घ) मग्गसिरबहुलदसमीअवरण्हे उत्तरासु णाधवणे।
तदियखवणम्मि गहिदं महव्वदं वड्ढमाणेण।

—तिलोप० अधि ४। गा ६६७

वर्धमान भगवान ने मार्गशीर्ष कृष्णा दसमी को अपराह्न काल मे उत्तरा नक्षत्र के रहते हुए नाथवन मे तृतीय भक्त के साथ महाव्रतों को ग्रहण किया।

(च) इत्यसौ मार्गशीर्षस्य कृष्णपक्षेऽप्यराह्णके।
हस्तोत्तरर्क्षयोर्मध्यभागं चंद्रे समाश्रिते॥९९॥
दशम्यां सुमुहूर्तादौ मुक्तिकान्तासखीं पराम्।
एकाकी ह्याददे जैनीं दीक्षां मुक्त्यै सुदुर्लभाम्॥१००॥

—वीरवर्धच०। अधि १२। श्लो ९९। १००

मार्गशीर्ष मास के कृष्णपक्ष की दसमी के दिन अपराह्न काल मे उत्तरा और हस्त नक्षत्र के मध्यभाग में चंद्रमा के आश्रित होने पर उत्तम मुहूर्त मे वीर प्रभु ने अकेले ही मुक्ति कांता की परम सखी और अति दुर्लभ ऐसी जैनी दीक्षा को मुक्ति-प्राप्ति के लिए धारण किया।

(छ) आभिणिबोहियबुद्धो छट्ठेण य मग्गसीस बहुलाए।
दसमीए णिक्खंतो सुरमहिदो णिक्खमणपुज्जो॥

—कसापा०। भाग १। गा १। टीका। पृ० ७८

देव पूजित वर्द्धमान जिनेन्द्र षष्ठोपवास के साथ मार्ग-शीर्ष कृष्णा दसमी के दिन दीक्षित हुए।

·४ दीक्षा का स्थान

(क) तएणं समणे भगवं महावीरे ××× कुंडपुरं नगरं मज्झंमज्झेणं निग्गच्छइ, निग्गच्छइत्ता जेणेव णायसंडवणे उज्जाणे जेणेव असोगवरपायवे तेणेव उवागच्छइ ××× मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए।

—कप्प० सू ११३, ११४। पृ० ३८, ३९

(ख) आसमपयंमि पासो वीरजिणिंदो य नायसंडमि।
अवसेसा पव्वइया (निक्खंता) सहसंबवणंमिउज्जाणे ॥

आव० नि गा २५३

मलय टीका—तथा आश्रमपदे—आश्रमपदाभिधान उद्याने पार्श्वनाथो निष्क्रान्तः, वीरजिनेन्द्रो ज्ञातखंडाभिधाने उद्याने, अवशेषाः—अजितस्वामिप्रभृतयस्तीर्थकराः सहस्राम्रवने निष्क्रान्ताः।

भगवान महावीर कुंडपुर नगर के मध्यो-मध्य होकर निकलते हैं, निकलकर जहाँ ज्ञात खण्डवन है, जहाँ अशोकवर वृक्ष हैं वहाँ आते हैं और गृहवास का परित्याग कर प्रव्रजित हो जाते हैं।

भगवान पार्श्वनाथ ने आश्रम पद उद्यान मे दीक्षित हुए। भगवान महावीर ज्ञात खण्ड उद्यान मे तथा अवसेष तीर्थंकर सहस्राम्रवन में दीक्षित हुए।

(ग) हत्थुत्तरजोगेणं कुंडग्गामंमि खत्तिओ जच्चो।
वज्जरिसभसंघयणो भवियजणविबोहतोवीरो
× × ×
अम्मापिईहि भगवं देवतगर्इहि पव्वइतो।

—आव० निगा ४५९, ४६० उत्तरार्ध

मलय टीका—हस्तोत्तरायोगेन—उत्तरफाल्गुनीयोगेन कुंडनगरग्रामे जात्यः उत्कृष्ट क्षत्रियो वज्रर्षभसंहननो भव्यजनविबोधको वीरो भगवान् मातापितृभ्यां देवगताभ्यां प्रव्रजितः।

भगवान महावीर माता-पिता के स्वर्गवास होने के बाद कुंडग्राम मे प्रव्रजित हुए।

(घ) बारवदीए णेमी सेसा तेवीस तेसु तित्थयरा।
णियणियजादपुरेसुं गिण्हंति जिणिदद्दिक्खाइ।

—तिलोप० अधि ४। गा ६४३

भगवान नेमीनाथ द्वारावती नगरी मे तथा शेष तीर्थंकर तथा भगवान महावीर ने अपने-अपने जन्मस्थानों मे जिनेन्द्र दीक्षा ग्रहण की। (भगवान का जन्मस्थान—कुण्डपुर)

(च) उसभो य विणीयाए बारवईए अरिट्ठवरनेमी।
अवसेसा तित्थयरा निक्खंता जम्मभूमीसु ॥

—आव० नि गा २५१

भगवान ऋषभदेव विनीता नगरी मे, अरिष्टनेमी भगवान द्वारावती में तथा शेष तीर्थङ्कर तथा भगवान महावीर अपनी-अपनी जन्मभूमि मे दीक्षित हुए (भगवान की जन्मभूमि उत्तर-क्षत्रिय कुडग्राम थी)।

(छ) मग्गसिरबहुलदसमीअवरण्हे उत्तरासु णाधवणे।
तदियखवणम्मि गहिदं महव्वदं वड्ढमाणेण ॥

—तिलोप० अधि ४। गा ६६७

(ज) तहिं णाह-संड-वणि णवर दिण्णु॥
मग्गसिर-कसणं-दसमी दिर्णति।
× × × ।
तवचरणु लइउ परमेसरेण॥
× × × ।
घत्ता—परमेट्ठि रिसिंदु
थिउ पडिवज्जिवि मंजमु।

—वीरजि० संधि १। कड ११। पृ० २२

(झ) नाथः षंडवनं प्राप्य स्वयानादवरुह्य सः।
श्रेष्ठः षष्ठोपवासेन तत्प्रभापटलावृत्तेः,
निविश्योदङ्मुखो वीरो रुन्द्ररत्नशिलातले।
× × ×
दिवसावसितौ धीरः संयमाभिमुखोऽभवत्।

—उत्तपु० पर्व ७४। श्लो ३०२, ३०३ पूर्वार्ध, ३०४ उत्तरार्ध

भगवान महावीर षण्डवन (नाथवन, ज्ञातषडवन) मे पहुँचकर अपनी पालकी से उतर गये। अपनी ही कांति के समूह से घिरी हुई रत्नमयी बड़ी शिला पर उत्तर की ओर मुँहकर षष्टभक्त उपवास का नियम ले (तिलोप० के अनुसार तृतीय भक्त के साथ) विराजमान हो गये। दिवस के अन्तिम भाग मे धीर-वीर भगवान महावीर सयम के अभिमुख हुए।

(ञ) जिनेन्द्रो नातिदूरं खमुत्पत्य नेत्रगोचरम्।
जनानां मंगलारम्भैर्यथोक्तैः संयमाप्तये ॥८६॥
आजगाम सुरैः सार्धं वनं खण्डाभिधं महत्।
सच्छायं सफलं रम्यं श्रामाभ्ययमवृद्धिदम् ॥८७॥

तत्रैकस्मिन् शिलापट्टे चंद्रकांतमये शुचौ।
देवैः प्राग्निर्मिते वृत्ते द्रुमौघच्छायशीतले ॥८८॥
चंदनद्रवदत्ताच्छच्छटामंगलमंडिते।
इन्द्राणीकरविन्यस्तरत्नचूर्णोपहारके ॥८६॥
केतुमालावृताकाशे विचित्रपटमंडपे।
धपधूमात्तदिग्भागे पर्यन्तधृतमंगले ॥६०॥
यानादवातरद् वीरो वीरकर्मात्तमानसः।
निराकाङ्क्षी शरीरादौ साकाङ्क्षी मोक्षसाधने ॥६१॥
अथ शांते जनक्षोभे तत्रासीन उदङ्-मुखः।
सवत्रारातिमित्रादौ समतां भावयन् पराम् ॥६२॥
सर्वत्र समतापन्नः सामायिकाख्यसयमम्।
कृत्स्नदोषानिर्गं सारं स्वीचकार गुणकरम ॥ ६८ ॥

वीरवर्धच० अधि १२ । श्लो ८६ से ६२, ६८

तदनन्तर यथोक्त मांगलिक आयोजनों से मनुष्यों के नेत्रगोचर आकाश मे न अति दूर, न अतिसमीप जाते हुए वीर जिनेन्द्र सयम की प्राप्ति के लिए देवो के साथ ज्ञातखण्ड नामक महावन मे पहुँचे, जो कि उत्तम छायावाला, फलयुक्त, रमणीय और ध्यान-अध्ययन की वृद्धि करने वाला था।

उस वन मे देवो के द्वारा पहले से ही निर्माण किये गये एक गोल चन्द्रकान्तमयी पवित्र शिलापट्टपर वीर भगवान पालकी से उतरकर जा विराजे। वह शिलापट्ट वृक्षों की समूह की छाया से शीतल था घिसे हुए चदन के रस से जिस पर छींटे दिये गये थे, साथिया आदि मगल चिह्नों से जो मडित था। इन्द्राणी के हाथों रत्नों के चूर्ण से जिस पर नन्द्यावर्त आदि बनाये गये थे, जिसके ऊपर चित्र, विचित्र वस्त्रों का महप शोभायमान था और जो ध्वजा पक्तियों से आकाश को व्याप्त कर रहा था, जिसके सर्व ओर दिशाओं मे धूप का सुगधित धुआँ फैल रहा था और जिसके चारो ओर मगल द्रव्य रखे हुए थे।

वीर कार्य करने मे जिनका मन सलग्न है, जो शरीरादिक मे आकांक्षा रहित है और मोक्ष के साधन मे आकांक्षा युक्त है, ऐसे श्री वीर प्रभु जनसक्षोभ (कोलाहल) के शांत हो जाने पर उस शिलापट्ट के ऊपर उत्तर दिशा की ओर मुख करके विराजमान हुए। उस समय वे शत्रु-मित्रादि सर्व प्राणियों पर परम समता भाव की भावना कर रहे थे।

सर्वत्र समता भाव को प्राप्त होकर, सर्व दोषों से रहित, सर्व गुणों का आकर ऐसा सामायिक नामक सारभूत संयम स्वीकार किया।

(ट) सइँ णिग्गउ णयणाणदिरासु
जिणु सत्त पयाइँ समंदिरासु।

घत्ता—पुणुरयणमय गयणयले गय ससिपह सिवियहिं चडिवि जिणु।
चल्लिउ पुरहो सुर-मणहरहोजणवेढिउ चुव-भुव-रिणु।
वणु णायसंडु णामेण एवि
जाणहो जिणु सामिउ उत्तरेवि।
फलिहमय-सिलायले वइसरेवि
पुव्वामुहेण सिद्धइँ सरेवि।
विप्फुरियाहरणइं परिहरेवि
सुह-रिउ-तिण-मणि-समु-मणु-करेवि।
आगहणमासे दसमी दिणम्मि
अत्थइरि-सिहरि पत्तइ इणम्मि।
विरएवि छट्ठ दिक्खिउ जिणिंदु।

—वड्ढ़० संधि ९। कड़ १९,२०

नेत्रों को आनंदित करने वाले वे जिनेन्द्र स्वयं ही अपने राजभवन (का परित्यागकर वहाँ) से निकले और सातपद (आगे) चले।

घता—पुनः नभस्थल में स्थित रत्नमय चन्द्रप्रभा नाम की शिविका—पालकी में चढ़कर वे जिनेन्द्र देवों के मन को अपहरण करने वाले उस कुंडपुर से (बाहर की ओर) चले।

नागखण्ड नामक वन को आया हुआ जानकर महावीर जिनेन्द्र शिबिका से उतर पड़े और एक स्फटिक मणि-शिला पर बैठकर पूर्वाभिमुख होकर सिद्धों का स्मरणकर स्फुरायमान आभूषणों का परित्याग कर, मित्र, शत्रु और तृण-मणि में समभाव धारणकर अगहन मास की दसमी के दिन जबकि सूर्य अस्ताचल शिखर पर पहुँच रहा था। उसी समय वे षष्ठोपवास की प्रतिज्ञा पूर्वक दीक्षित हो गये।

५ दीक्षा के समय भगवान के तप

(क) सुमइत्थ णिच्चभत्तेण, णिग्गओ वासुपुज्जो जिणो चउत्थेणं।
पासो मल्ली वि य, अट्ठमेण सेसा उ छट्ठेणं॥

—सम० पइसम। सू २२८। पृ० १४४

—आव० निगा २५०

(ख) समणे भगवं महावीरे छट्ठेणं भत्तेण अपाणएणं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए ।

—ठाण० स्था ६ । सू १०४ । पृ० ७२६
कप्प० सू ११४ । पृ० ३६

(ग) × × × छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं × × × समणे भगवं महावीरे × × × सामाइयं चरित्तं पडिवज्जइ ।

—आया० श्रु २ । अ १५ । सू २६,३२ । पृ० २३८, २३६

(घ) छट्ठोववासु किउ मलहरेण ।
तवचरणु लइउ परमेसरेण ॥
× × ×

(च) घत्ता—परमेट्ठि रिसिंदु थिउ पडिवज्जिवि संजमु ।

—वीरजि० संधि १ । कड ११

(छ) श्रेष्ठः षष्ठोपवासेन तत्प्रभापटलावृत्तेः ।
निविश्योदङ्-मुखोवीरो रुन्द्ररत्नशिलातले ।
× × ×
दिवसावसितौ धीरः संयमाभिमुखो अभवत् ।

—उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो ३०२ उत्तरार्ध, ३०३ पूर्वार्ध, ३०४ उत्तरार्ध

भगवान महावीर षष्ठभक्त उपवास का नियम ले, दिवस के अंतिम भाग मे सामायिक चारित्र ग्रहण किया ।

(ज) तदियखवणम्मि गहिदं महव्वदवड्ढमाणेण ।

—तिलोप अधि ४ । गा ६६७ । उत्तरार्ध

वर्धमान महावीर ने तृतीय भक्त के साथ महाव्रतों को ग्रहण किया ।

·६ दीक्षा के समय वस्त्र

·१ दीक्षा के अवसर पर केवल इन्द्रप्रदत्त वस्त्र का ग्रहण

(क) णो चेविमेण वत्थेण, पिहिस्सामि तंसि हेमंते ।
सेपारए आवकहाए, एयं खु अणुधम्मियं तस्स ॥

—आया० श्रु० १ । अ ९ । उ १ । गा २ । पृ० ७२

टीका—××× । न चैवाहमनेन वस्त्रेण इन्द्रप्रक्षिप्तेनात्मानं पिधास्यामिस्थगमिष्यामि तस्मिन् हेमन्ते तद्वास्त्रं त्वक् त्राणी करिष्यामि लज्जाप्रच्छादनं वा विधास्यामि किं भूतोऽसाविति दर्शयति स भगवान् प्रतिज्ञायां परीषहाणां संसारस्य वा पारंगच्छतीति पारगः कियंतं कालमितिदर्शयति यावत्कथं यावज्जीवमित्यर्थः किमर्थं पुनरसौबिभर्त्तीतिचेद्दर्शयति खूरवधारणे स च भिन्न क्रम एतद्वस्त्रावधारणं तस्य भगवतोनुपश्चात् धार्म्मिकमनुधार्म्मिकमेवेत्यपरैरपि तीर्थकृद्भिःसमाचीर्णमित्यर्थस्तथागमः से बेमि ये अतीता जे य पडुप्पन्ना जे य आगमेस्या अरहंता भगवन्तो जे य पव्वयं इंसु जे पव्वयन्ति जे य पव्वइस्सन्ति सव्वे सो वही धम्मदेसियव्वे ति ।

भगवान ने दीक्षा के समय इन्द्र प्रदत्त वस्त्र को ग्रहण किया ।

इस (इन्द्र प्रदत्त) वस्त्र के द्वारा उस हेमत ऋतु में अपने अंगों को प्रच्छादत इस भावना से भगवान ने वस्त्र को धारण नहीं किया था । वे यावज्जीवन के लिये सांसारिक परिग्रह की ममता से पार हो गये थे । (इन्द्र के द्वारा प्रदत्त वस्त्र का धारण करना) आनुगमिक—पारंपरिक धर्म कर्तव्य था क्योंकि अतीत के तीर्थंकरों ने ऐसा ही किया था ।

भगवान ने इन्द्रप्रदत्त वस्त्र (देवदुष्य वस्त्र) को इस कारण धारण नहीं किया था कि इस वस्त्र के द्वारा हेमन्त ऋतु में शीत निवारण होगा अथवा लज्जा को प्रच्छादन । क्योंकि भगवान ने जीवन पर्यन्त के लिए सांसारिक पदार्थों का परित्याग कर दिया था अर्थात् भगवान परीषहों के पारगामी बन गये थे । इन्द्र के द्वारा प्रदत्त वस्त्र को परंपरागत तीर्थंकरों ने धारण किया था—अतः भगवान ने भी वस्त्र धारण किये ।

(ख) ××× । भदन्तेति न भणति, तथाकल्पत्वात्, आह—चूर्णिकृत्—"भदंतत्ति, न भणइ, जीयमिति" चारित्रप्रत्तिपतिकाले च स्वभावतो भुवनभूषणस्य भगवतो निर्भूषणस्य सन इन्द्रो देवदूष्यंवस्त्रमुपनीतवान्, अत्रान्तरे कथानकम्—एगेण देवदूसेणं पव्वइए,

—आव० मूल भाष्य गा १०९ । मलयटीका

चारित्रप्रतिपत्तिकाल में भगवान ने सब आभूषणों को छोड़कर निर्भूषण हो गये थे । इन्द्र द्वारा प्रदत्त (देवदुष्य) वस्त्र को ग्रहण किया ।

(ग) तया शिबिकया स्वामी त्रिदशैरुह्यमानया ।
ज्ञातखंडवनं नाम ययावुपवनोत्तमम् ।।
× × ×
शिबिकायाः समुत्तीर्य भूषणान्यत्यजत्प्रभु ।
देवदूष्यं देवराजः स्कंधे च निदधे प्रभोः ।।

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो १९२ । १९६

देवों के द्वारा वहन की हुई शिविका में आरूढ़ भगवान महावीर ज्ञातृखण्ड नामक उत्तम उपवन में पहुँचे। तत्पश्चात् वे शिविका से उतरकर सर्व आभूषणों को छोड़ दिया। उस समय इन्द्र ने भगवान के स्कंध पर एक देव दूष्य वस्त्र रखा।

• सामायिक चारित्र का ग्रहण—

भगवान महावीर ने सर्वसावद्य योग का प्रत्याख्यान रूप सामायिक चारित्र ग्रहण किया—

(क) ततः सिद्धान्नमस्कृत्य पल्यंकासनमाश्रितः।
मोहपाशानिवालुञ्चत्केशौघान् पंचमुष्टिभिः ॥ ६५ ॥
विरम्य सर्वसावद्यान्मनोवाक्कायकर्मभिः।
अष्टाविंशतिमेवाद्यान् सारान्मूलगुणान् परान् ॥ ६६ ॥
आतापनादियोगोत्थान् नामोत्तरगुणान् वरान्।
व्रतानि समितिर्गुप्तीः स्वीकृत्य सकला जिनेट् ॥ ६७ ॥
सर्वत्र समतापन्नः सामायिकाख्यसंयमम्।
कृत्स्नदोषातिगं सारं स्वीचकार गुणाकरम् ॥ ६८ ॥

—वीरवर्धच० अधि १२। श्लो ६५ से ६८

तत्पश्चात् पद्मासन से बैठकर तथा सिद्धों को नमस्कार कर मोहपाश के समान अपने केश समूह को पाँच मुट्ठियों से उखाड़कर फेंक दिया और मन-वचन-काय के द्वारा सर्व सावद्यों का परित्याग कर सर्व गुणों के आद्यस्वरूप सारभूत अट्ठाईस परम मूल गुणों को, आतापन आदि योगों से उत्पन्न होनेवाले नाना प्रकार के उत्तर गुणों को पंच महाव्रतों, पच समितियों को और तीनों गुप्तियों को वीर जिनराज ने स्वीकार करके सर्वत्र समताभाव को प्राप्त होकर सर्व दोषों से रहित और सर्व गुणों का आकर ऐसा सामायिक नाम का सारभूत संयम अंगीकार किया।

(ख) तओ णं समणे भगवं महावीरे दाहिणेणं दाहिणं वामेणं वामं पंचमुट्ठियं लोयं करेत्ता, "सव्वं मे अकरणिज्जं पावकम्मं" तिकट्टु सामाइयं चरित्तं पडिवज्जइ,

सामाइयं चरित्तं पडिवज्जेत्ता देवपरिसं मणुयपरिसं च आलिक्ख—चित्त भूयमिव ट्ठवेइ।

दिव्वो मणुस्सघोसो, तुरियणिणाओ य संक्कवयणेण।
खिप्पामेवणिलुक्को, जाहे पडिवज्जइ चरित्तं ॥

पडिवज्जित्त् चरित्त', अहोणिसिं सव्वपाणभूतहितं ।
साहट्ठलोमपुलया, पययादेवानिसामिति ।।

—आया० श्रु २ । अ १५ । सू ३२ । पृ० २३१

(ग) काऊण नमोक्कारं सिद्धाणमभिग्गहंतुसोगिण्हे ।
सव्वं मेऽकरणिज्जं पावंति चरित्तमारुढो ।।

—आव० मूल भाष्य गा १०६

टीका—कृत्वा नमस्कारं सिद्धेभ्यो, यथा 'नमोत्थुणं सिद्धाणं' मिति, अभिग्रहमसौ गृह्णाति, किंविशिष्टमित्याह—'सर्वं मे—मम अकरणीयं पापमित्येवं चारित्रमारूढः, किमुक्तं भवति ? भदंत शब्दरहितं सामायिकमुच्चारयति, तद्यथा—'करेमि सामाइयं सव्वं सावज्जं जोगं पच्चक्खामि जावज्जीवाए जाव वोसिरामि', भदन्तेति न भणति, तथा कल्पत्वात्, आहचूर्णिकृत्—भदंतेत्ति न भणइ, जीयमिति'' ×××।

श्रमण भगवान महावीर दाहिने हाथ से दाहिनी ओर के और बायें हाथ से बायीं ओर के केशों का पचमुष्टि लोच करके, सिद्धों को नमस्कार करके मेरे लिए समस्त पाप कर्म अकरणीय है, मैं जीवन पर्यंत सर्व सावद्य योग का प्रत्याख्यान करता हूँ । इस प्रकार प्रतिज्ञा कर सामायिक चारित्र स्वीकार किया तीर्थङ्कर—भदंत का उच्चारण नहीं करते—यह जीताचार है ।

चारित्र अंगीकार करके भगवान ने देवों और मनुष्यों की परिषद् को चित्रलिखित सा कर दिया अर्थात् उस समय क्या देव और क्या मनुष्य सभी स्तब्ध और चकित रह गये ।

जिस समय भगवान ने चारित्र ग्रहण किया, उस समय शक्रेन्द्र की आज्ञा से देवों की, मनुष्यों की और वाद्यों की आवाज बन्द हो गई, अर्थात् पूर्ण शांति हो गई ।

तीर्थङ्कर भगवान महावीर चारित्र को अंगीकार करके दिन-रात समस्त प्राणियों और भूतों के हित मे संलग्न रहने लगे । सर्व लोग रोमांचयुत होकर उनकी वाणी सुनने लगे ।

(घ) मुष्टिभिः पंचभिः केशानुद्धृ त्रिजगद्गुरुः ।
प्रतीक्ष्य दृष्ये तान् शक्रश्चिक्षेपक्षीर नीरधौ ।
तेनागत्यनिषिद्धेऽथ तुमुले त्रिजगत्प्रभुः ।
कृत्वा सिद्धनमस्कारं चारित्रं प्रत्यपद्यत ।।

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो० १२७ १२८

(च) चतुर्थज्ञाननेत्रस्य निसर्गबलशालिनः ।
तस्याद्यमेव चारित्रं द्वितीयं तु प्रमादिनाम् ॥

—उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो ३१४

मनःपर्यव ज्ञान रूपी नेत्र को धारण करने वाले और स्वाभाविक बल से सुशोभित भगवान महावीर के पहला सामायिक चारित्र ही था ।

·८ दीक्षा ग्रहण के समय मनःपर्यव ज्ञान की उपलब्धि

(क) ××× श्रमणो भगवान् वीरवर्द्धमानस्याभ्युत्थायोद्यतविहारं प्रतिपद्य सर्वालंकारं परित्यज्य पंचमुष्टिकं लोचं विधायैकेन देवदुष्येणद्रक्षिप्तेन युक्तः कृत सामायिकप्रतिज्ञः आविर्भूत मनःपर्यायज्ञानः ××× ।

— आया० श्रु १ । अ ९ उ १ । गा २ टीका

श्रमण भगवान महावीर ने (वासभवन से दीक्षा लेने हेतु) विहार किया । (दीक्षा स्थान में पहुँचकर) सर्वालंकारों का परित्याग किया । विधिवत् पंचमुष्टि लोच किया । इन्द्र द्वारा (भगवान के स्कंध पर) निक्षिप्त देवदुष्य वस्त्र सहित भगवान ने सामायिक (चारित्र) की प्रतिज्ञा की । (प्रतिज्ञा करते ही) भगवान के मनःपर्यवज्ञान आविर्भूत हो गया ।

(ख) तओ णं समणस्स भगवओ महावीरस्स सामाइयं खाओवसमियं चरित्तं पडिवन्नस्स मणपज्जवणाणे णामं णाणे समुप्पन्ने—अड्ढाइज्जेहिं दीवेहिं दोहि यसमुद्देहिं सण्णीणं पंचेंदियाणं पज्जत्ताणं वियत्तमणसाणं मणोगयाइं भावाइं जाणेइ ।

—आया० श्रु २ । अ १५ । सू ३३ । पृ २३९

तत्पश्चात् क्षायोपशमिक सामायिक चारित्र को स्वीकार करते ही श्रमण भगवान महावीर को मनःपर्यवज्ञान नामक ज्ञान उत्पन्न हुआ । उस ज्ञान से भगवान अढाई द्वीपों तथा दो समुद्रों के पर्याप्त व्यक्त मन वाले सज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों के मन के पर्यायों को जानने लगे ।

(ग) मलय टीका—तस्य भगवतश्चारित्रप्रतिपत्तिसमनन्तरमेव मनःपर्यायज्ञान-मुदपादि,सर्वतीर्थकृतां चायंक्रमः यत आह—

तिहिं नाणेहिं समग्गा तित्थयरा जाव हौंति गिहवासे ।
पडिवन्नंमि चरित्ते चउनाणी जाव छउमत्था ॥

—आव० मूल भाष्य गा ११०

टीका—त्रिभिर्ज्ञानैः—मतिश्रुतावधिभिः समग्राः—संपूर्णास्तीर्थंकरा यावद् गृहवासे भवंति, वसन्तीत्यर्थः, प्रतिपन्ने पुनश्चारित्रे चतुर्ज्ञानिनो भवन्ति, कियन्तं कालं यावदित्याह—यावच्छद्मस्थास्तावच्चतुर्ज्ञानिनः।

भगवान महावीर को चारित्र ग्रहण करते ही मन.पर्यव ज्ञान उत्पन्न हुआ। कहा है—

समस्त तीर्थंकरों को गृहवास में ही—मति-श्रुति-अवधि—ये तीन ज्ञान होते हैं। चारित्र को ग्रहण करते ही चतुर्ज्ञानि हो जाते हैं। छद्मस्थावस्था तक चतुर्ज्ञानी रहते है।

(घ) × × × प्रभोश्चारित्रेण समं तदा समभवज्ज्ञानं मनःपर्ययम्।

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग २। श्लो १६६

(च) चतुर्थोऽप्यवबोधोऽस्य संयमेन समर्पितः।
तदैवांस्यावबोधस्य सत्यंकार इवेशितुः॥

—उत्तपु० पर्व ७४। श्लो ३१२

उसी समय संयम ने उन भगवान महावीर को केवल ज्ञान के बयाने के समान चौथा मन:पर्यव ज्ञान भी समर्पित किया था।

(छ) × × × कुंडपुरान्निर्गत्य ज्ञातखंडवनेमार्गशीर्षकृष्णदशम्यामेककः प्रव्रज्य मनःपर्यायज्ञानमुत्पाद्य × × ×।

—ठाण स्था १०। सू १०३। टीका

.३० .४६ साधनाकाल

'३१ चारित्र ग्रहण के समय

'१ विविध प्रकार का घोष शांत

दिव्वो मणुस्सघोसो तुरियनिनादो उ (य) सक्कवयणेणं
खिप्पामेव निलुक्को जाहे पडिवज्जइ चरित्तं॥

—आया० श्रु २। अ १५। सू ३२ में उद्धृत

—आव० मूल भाष्य गा १०८

आव० मलय टीका—दिव्यो-देवसमुत्थो, घोष इति गम्यते, मनुष्यघोषः, च शब्दस्य व्यवहितः संबंधः, तथा तूर्यनिनादश्च शक्रवचनेन क्षिप्रमेव—शीघ्रमेव 'निलुक्को' इति देशीवचनमेतत्, विरत इत्यर्थः, यदा—यस्मिन्काले प्रतिपद्यते चारित्रम्।

जिस समय भगवान ने सामायिक चारित्र ग्रहण किया, उस समय शकेन्द्र की आज्ञा से देवों की, मनुष्यों की और वाद्यों की आवाज बंद हो गई अर्थात् पूर्ण शांति हो गई।

·२ सह-दीक्षित—अकेले दीक्षित

(क) एगो भयवं वीरो पासो मल्ली य तिहि तिहि सएहिं।
भयवंपि वासुपुज्जो, छहि पुरिससएहि निक्खतो।

—आव० निगा २४६

—सम० । पइसम । सू २२७ । पृ ६४४

मलय टीका—एको भगवान् वीरो वर्द्धमानस्वामी प्रव्रजितः।

भगवान महावीर ने अकेले दीक्षा ग्रहण की तथा पार्श्वनाथ और मल्लीनाथ भगवान ३००-३०० पुरुषों के साथ तथा वासुपूज्य भगवान ने ६०० पुरुषों के साथ दीक्षा ग्रहण की।

(ख) पव्वजिदो मल्लिजिणो रायकुमारेहि तिसयमेत्तेहिं।
पासजिणोवि तहच्चिय एकच्चियवड्ढमाणजिणो॥

—तिलोप० अधि ४। गा ६६८

भगवान मल्लिनाथ तीन सौ राजकुमारों के साथ दीक्षित हुए। पार्श्वनाथ भी ३०० राजकुमारों के साथ तथा वर्द्धमान जिनेन्द्र अकेले ही दीक्षित हुए।

·३ दीक्षा के समय भगवान की अवस्था

(क) समणे भगवं महावीरे तीसं वासाइं अगारमज्झे वसित्ता (मुंडे भवित्ता ?) अगाराओ अणगारियं पव्वइए।

—सम० सम० ३०। सू ७। पृ ८७३

(ख) सो देवपरिग्गहिओ तीसं वासाइं वसइगिहवासे।
अम्मापिईहिं भगवं देवत्तगएहिं पव्वइतो॥

—आव० निगा ४६०

मलय टीका—××× वीरो भगवान् मातापितृभ्यां देवत्वगताभ्यां प्रव्रजितः, अथः स कियन्तं कालं सर्वसंकलनया गृहवासे वसति ? तत आह—स त्रिंशद्वर्षाणि वसति गृहवासे। ×××।

माता-पिता के स्वर्गवास होने के बाद, तीस वर्ष गृहवास में रहकर प्रव्रजित हुए।

(ग) तेणं कालेणं तेणं समएणं अहं गोयमा ! तीसं वासाइं अगारवासमज्झावसित्ता अम्मा-पिईहिं देवत्तगएहिं समत्तपइण्णे एवं जहा भावणाए जाव एगं देवदूसमादाय मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए।

भग० श १५। सू २०

भगवान महावीर गौतम को कहते हैं कि—हे गौतम ! उस काल उस समय तीस वर्ष तक गृहवास में रहकर और माता-पिता का स्वर्गवास हो जाने पर (आचारांग सूत्र के दूसरे श्रुतस्कंध के पन्द्रहवें भावना अध्ययन के अनुसार माता-पिता के जीवित रहते मैं दीक्षा नहीं लूंगा—इस प्रकार का अभिग्रह पूर्ण होने पर, मैंने स्वर्णादिका त्यागकर इत्यादि यावत्) एक देवदूष्य वस्त्र को ग्रहण कर मुंडित हुआ और गृहवास का त्यागकर अनगार प्रव्रज्या ग्रहण की।

·४ भगवान ने प्रथम वयस् में दीक्षा ली

(क) वीरो अरिट्ठनेमी पासो मल्ली य वासुपुज्जो य।
पढमवए पव्वइया सेसा पुण मज्झिमवयंमि ॥

—आव० निगा २४८

मलयटीका—वीरो—महावीरः अरिष्ठनेमिः पार्श्वनाथो मल्लिर्वासुपूज्य इत्यते पंचतीर्थकृतः प्रथमवयसि—कुमारत्वलक्षणे प्रव्रजिताः, शेषा पुनः—ऋषभस्वामि-प्रभृतयो मध्यमे वयसि—यौवनलक्षणे वर्त्तमाना प्रव्रजिताः।

भगवान महावीर तथा अरिष्टनेमि, पार्श्वनाथ, मल्लिनाथ, वासुपूज्य —ये पाँचतीर्थङ्कर प्रथम वयमें—कुमारत्व काल में प्रव्रजित हुए तथा शेष तीर्थंकर ऋषभनाथ आदि मध्यमवय—यौवन काल में प्रव्रजित हुए।

(ख) णेमी मल्ली वीरो कुमारकालम्मि वासुपुज्जो य।
पासो वि य गहिदतवा सेसजिणा रज्जचरम्मि ॥

—तिलोप० अधि ४। गा ६७०

भगवान नेमीनाथ, मल्लिनाथ, वासुपूज्य, पार्श्वनाथ और महावीर—इन पाँच तीर्थंकरों ने कुमारकाल में और शेष तीर्थंकरों ने राज्य के अंत में तप—(प्रव्रजित) ग्रहण किया।

·३२ प्रथम विहार

·३२·१ दीक्षा के बाद का प्रथम विहार

(क) तओ णं समणे भगवं महावीरे इमेयारूवं अभिग्गहं अभिगिण्हेत्ता 'वोसट्ठकाए चत्तदेहे' दिवसे मुहुत्तसेसे कम्मारं गामं समणुपत्ते।

—आया० श्रु २। अ १५। सू ३५

(ख) मलय टीका—× × × एवमसौ भगवान् प्रतिपन्नचारित्रः समासादित मनःपर्यायज्ञानो ज्ञातखंडादापृच्छ्य स्वजनान् कर्माग्राममगयत्। तथा चाह—

बहिया य नायसंडे आपुच्छित्ताण णायए सव्वे ।
दिवसे मुहुत्तसेसे कमारगामं समणुपत्तो ॥

—आव० मूल भाष्य गा १११

टीका—बहिः कुंडपुरान् ज्ञातखंडे उद्याने आपृच्छ्य ज्ञातकान् सर्वान् यथा-सन्निहितान् तस्मान्निर्गतः कर्मारग्रामगमनायेति वाक्यशेषः, तत्र च पथद्वयम्—एको जलेनापरः पाल्या, तत्र च भगवान् पाल्या गतवान्, गच्छंश्च दिवसे मुहूर्त्त-शेषे कर्मारग्राममनुप्राप्तः, तत्र य प्रतिमायां स्थितः ।

बारह वर्षों तक शरीर की ममता का त्यागकर तथा सार संभाल का त्यागकर श्रमण भगवान महावीर कुंडपुर के ज्ञातृखंड उद्यान से विहार कर एक मुहूर्त दिन शेष रहते कुमार ग्राम पहुँचे। वहाँ दो रास्ते थे—(१) एक जल से (२) दूसरा पाल्य से। भगवान महावीर पाल्य से कर्मार ग्राम पधारे । वहाँ जाकर भगवान प्रतिमा में स्थित हो गये।

(ग) ततश्च त्रिजगन्नाथः सोदर्यं नंदिवर्धनम् ।
आपप्रच्छेऽन्यतो गंतुं ज्ञातवंश्यान् परानपि ॥१॥
चारित्ररथमारूढं विहारप्रस्थितं प्रभुम् ।
ईर्यासमितिमान् सायं कूर्मारग्राममासदत् ।
नासाग्रन्यस्तनयनः प्रलंबितभुजद्वयः ।
प्रभुः प्रतिमया तत्र तस्थौ स्थाणुरिवस्थिरः ॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो १,२ पूर्वार्ध १५, उत्तरार्ध १६

दीक्षा लेने के पश्चात भगवान महावीर ने वहाँ से विहार करने के लिए सहोदर बन्धु नंदिवर्धन और अन्य ज्ञातवंश के व्यक्तियों की आज्ञा ली। भगवान चारित्र रूपी रथ में आरूढ होकर विहार कर ईर्यासमिति का ध्यान रखते हुए कुर्मार ग्राम पधारे। वहाँ जाकर नासिका के अग्रभाग ऊपर नेत्र को आरोपित कर दोनों भुजायें लंबी कर स्थाणु की तरह प्रतिमा में स्थित हो गये।

(घ) नातिमंदं न शीघ्रं च न्यसन् पादं दयार्द्रधीः ।
क्रमादसौ पुरं रम्यं प्राविशत्कूलसंज्ञकम् ॥

—वीरवर्धच० अधि १३ । श्लो १

न अति मंद और न अति शीघ्र पादविन्यास रखते वे दयार्द्र चित्त महावीर प्रभु क्रम से विचरते हुए कूल नामक रमणीकपुर में पधारे।

(ख) परमेट्ठि रिसिदु थिउ पडिवज्जिवि संजमु।
× × × ।
मणपज्जय - संजुत्तउ देवदेउ थिर - चित्तउ।
तार-हार पंडुर-घरि, कूलगाम-णामइपुरि ॥

—वड्ढच० संधि १। कड ११

—वड्ढच० संधि २। कड १

वे मुनीन्द्र परमेष्ठी (भगवान महावीर) संयम ग्रहण कर आसीन हुए। देवों के देव भगवान महावीर स्थिर चित्त तथा मनःपर्यव ज्ञान से युक्त होकर उस कूलग्राम नामक पुरी में पहुँचे।

·३३ भगवान् की प्रथम भिक्षा—साधनाकाल का प्रथम पारणा

·१ प्रथम भिक्षा काल

(क) संवच्छरेण भिक्खा लद्धा उसभेण लोगनाहेण।
सेसेहिं बीयदिवसे लद्धाओ पढमभिक्खाओ ॥३४२।

—सम० पइसम। सू २३०। पृ० १४५

—आव० नि। गा ३४२

मलय टीका—संवत्सरेण भिक्षा ऋषभेन लोकनाथेन—प्रथमतीर्थकृता लब्धा, शेषैः अजितजिनादिभिर्द्वितीयदिवसे प्रथमभिक्षा लब्धा।

भगवान ऋषभ को एक वर्ष बाद प्रथम भिक्षा मिली तथा शेष तीर्थंकर तथा भगवान महावीर को दो दिन के बाद प्रथम भिक्षा मिली।

(ख) मलय टीका—××× तद्दिवसं सामिस्स छट्ठभत्ते पारणगं, तत्तो भयवं कोल्लागे संनिवेसे भिक्खापविट्ठो घयमहुसंजुत्तेणं परमण्णेणं बहुलेण माहणेण पडिलाभितो। तत्थ पंच दिव्वाइं पाउब्भूयाइं। एतदेवाह—

× × ×।

कुल्लाग बहुल छट्ठस्स पारणे पयस वसुहारा ॥

—आव०। नि। गा ४६१। पूर्वार्ध

टीका—×××। भगवतोऽपि कोल्लाके सन्निवेशे बहुलो नाम ब्राह्मणः षष्ठस्य—तपोविशेष्य पारणके पायसमुपनीतवान् 'वसुहारे' ति तद्गृहेवसुधारा पतिता, एष गाथाक्षरार्थः।

भगवान महावीर ने प्रथम दो दिन की तपस्या का पारण कोल्लाकसन्निवेश में बहुल ब्राह्मण के द्वारा प्रदत्त परमान्न—क्षीर से किया।

·२ भिक्षा की आहारवस्तु—प्रथम पारणे का आहार

(क) उसभस्स प्रथमभिक्खा, खोयरसो आसि लोगणाहस्स।
सेसाणं परमण्णं, अमयरसरसोवमं आसि॥
—सम० । पइसम । सू २१० । पृष्ठ १४५

उसभस्स उपारणए इक्खुरसो आसि लोगनाहस्स।
सेसाणं परमन्नं अमयरसरसोवमं आसि॥
आव० नि । गा ३४३

मलय टीका – ऋषभस्य लोकनाथस्य पारणके इक्षुरस आसीत्, शेषाणामजित-स्वाम्यादीनां परमान्नं—पायसम् अमृतरसेन रसस्योपमा यत्र तदमृतरसरसोपममासीत्।

भगवान ऋषभनाथ ने इक्षुरस से तथा शेष तीर्थंकर तथा भगवान महावीर ने परमान्न से पारण किया।

(ग) स्वामी षष्ठपारणाय कोल्लाकेऽगान्निवेशने॥ ३४॥
तत्र द्विजातेर्बहुल्लाभिधस्य सदने प्रभुः।
चक्रे सितादिमिश्रेण परमान्नेन पारणम्॥ ३५॥
—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग २ । श्लो० ३४, ३५

(घ) एक्कवरिसेण उसहो उच्छुरसं कुणइ पारणं अवरे।
गोक्खीरे णिप्पण्णं अण्णं बिदियम्मि दिवसम्मि॥
—तिलोप० अधि ४ । गा६७१

भगवान ऋषभ देव ने एक वर्ष से इक्षुरस का पारणा किया था और इतर तीर्थंकरों ने दूसरे दिन गोक्षीर में निष्पन्न अन्न—खीर का पारणा किया था।

(च) परमान्न विशुद्ध्यास्मै सोदितेष्टार्थ साधनम्।
—उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो ३२१ उत्तरार्ध

(छ) ततस्तस्मै सुपात्राय हिताय दातृदेहिनाम्।
त्रिशुद्धया विधिना भक्त्या क्षीरान्नदानमूर्जितम्।
प्रासुकं मधुरं भूपः सरसं दोषदूरगम्।
तपोवृद्धिकरं शुद्धं ददौ क्षुत्तृड्विनाशकम्॥
—वीरवर्धच० अधि १३ । श्लो० २२, २३

धर्म बुद्धि राजा ने बीर प्रभु जैसे उत्तम सुपात्र के लिये दाताजनों के हितार्थ मन, वचन, काय की शुद्धिपूर्वक विधि से भक्ति के साथ उत्तम प्रासुक, मधुर, सरस, निर्दोष, तप की वृद्धि करने वाला और क्षुधा-तृष्णा का विनाशक क्षीरान्न का उत्कृष्ट दान दिया।

·३ भिक्षा का स्थान

·१ प्रथम (पारण) का स्थान

(क) हत्थिणउरं × × ×		× × ×।
× × ×		कोल्लयगामो।

—आव० नि गा ३२३ से २५

मलय टीका—भगवत ऋषभस्वामिनः प्रथमभिक्षास्थानं हस्तिनागपुरम् ××× वर्द्धमानस्वामिनः कोल्लाकग्रामः।

(ख) स्वामी षष्ठपारणाय कोल्लाकेऽगान्निवेशने।

—त्रिशलाका पर्व १० । सर्ग २ । श्लो ३४ उत्तरार्ध

भगवान महावीर को प्रथम भिक्षा कोल्लाग्राम मे प्राप्त हुई।

(ग) मणपज्जय-संजुत्तउ देवदेउ थिर-चित्तउ।
तार-हार-पडुर-घरि कूल-गाम-णामइ पुरि॥
भिक्खहि परमेसरु पइसरइ।
घरि घरि सुसमंजसु संचरइ॥
मणपज्जय - णयणें परियरिउ।
कूलहु घर - पंगणि अवयरिउ॥
रायहु पियंगु - वण्णुज्जलहु।
पणवंतहु मउलिय - करयलहु॥
थिउ भुवण - णाहु दिण्णउ असणु।
णव - कोडि-सुद्धु मुणिदिव्वसणु॥
त लेप्पिणु किर जा णीसरिउ।
ता भूमि - भाउ रयणहिं भरिउ॥
देवहि जयतूरइँ ताडियइँ।
भो चारु दाणु उग्घोसियउ।
अइ - सुरहिउ पाणिउ वरसियउ॥
मंदाणिलु वूढउ सीयलउ।
णिउ णर-वंदिउ बहु - गुणणिलउ॥

—वीरजि० संधि २ । कड १

देवो के देव भगवान महावीर स्थिर चित्त तथा मनःपर्यवज्ञान से युक्त होकर उस कुल ग्राम नामक पुरी मे पहुँचे जहाँ के निवास गृह, तारों और आहारों के समान उज्ज्वल दृष्टिगोचर होते थे। वहां उन परमेश्वर ने भिक्षा के लिए प्रवेश किया और बड़े साम्य-भाव से एक घर से दूसरे घर की ओर गमन करने लगे। वे अपने मनःपर्यव ज्ञानरूपी नेत्र से ही अपने आस-पास के लोगों के मन को जान रहे थे। वे वहाँ के राजा कूल के गृह प्रांगण मे अवतरित हुए। उस प्रियंगु वर्ण से उज्ज्वल नरेश ने हाथ जोड़कर उन्हें प्रणाम किया। वे भुवननाथ वहाँ ठहर गये और राजा ने उन्हें मुनि के योग्य नव कोटि शुद्ध आहार दिया।

(घ) नातिमंदं न शीघ्रं च न्यसन् पादं दयार्द्रधीः।
क्रमादसौ पुरं रम्यं प्राविशत्कूलसंज्ञकम्
तत्र कूलाभिघो राजा वीक्ष्य पात्रोत्तमं जिनम्।
निधानमिव दुष्प्राप्यं प्राप्यानन्दं परं हृदि ॥७॥

त्रिःपरीत्य प्रणम्याशु धृत्वाङ्गपंचकं भुवि।
तिष्ठतिष्ठ मुदेत्युक्त्वा प्रतिजग्राह धर्मधीः ॥८॥
ततस्तस्मै सुपात्राय हिताय दातृदेहिनाम्।
त्रिशुद्धया विधिना भक्त्या क्षीरान्नदानमूर्जितम् ॥ २२ ॥

प्रासुकं मधुरं भूपः सरसं दोषदूरगम्।
तपोवृद्धिकरं शुद्धं ददौ क्षुत्तृड-विनाशकम ॥२३॥

—वीरवधच० अधि १३। श्लो ६, ७, ८, २२, २३

न अति मद, और न अति शीघ्र पादविन्यास रखते वे दयार्द्र चित्त महावीर प्रभु क्रम से विचरते हुए कूल नामक रमणीक पुर मे पहुँचे। वहाँ धर्मबुधि राजा ने वीर प्रभु को क्षीरान्न का उत्कृष्ट दान दिया।

·४ प्रथम भिक्षादाता

सेज्जंस बंभदत्ते सुरेंददत्ते य इंददत्ते य।
××× ×××।
××× बहुले य बोद्धवे ॥

—आव० नि०। गा० ३२७ (पूर्वार्ध), ३२९ (शेषाक्षर)

मलय टीका—भगवते ऋषभस्वामिने प्रथमभिक्षां श्रेयांसः—श्रेयांसनामा दत्तवान्। ××× वर्द्धमानस्वामिने बहुलः।

भगवान ऋषभ को प्रथम भिक्षा श्रेयांस ने तथा भगवान महावीर को प्रथम भिक्षाबहुल ब्राह्मण ने दी। भिक्षा के प्रतिलाभित के समय विशुद्ध लेश्या थी।

(ख) ततो बीयदिवसे छट्ठपारणए कोल्लाए सन्निवेसे घतमधुसंजुत्तेणं परमन्नेणं बलेणमाहणेणं पडिलाभितो।

—आव० चू पूर्वभाग पृ० २७०

भगवान दीक्षा के दूसरे दिन कर्मार ग्राम से विहार कर कोल्लागसन्निवेश पहुँचे। वहाँ बहुल नाम का ब्राह्मण रहता था। भगवान उसके घर गये। उसने भगवान को घृत-शर्करायुक्त परमान्न (खीर) का भोजन दिया।

(ग) एएसि णं चउवीसाए तित्थगराणं चउवीसं पढमभिक्खादया होत्था, तंजहा—

सेज्जंसे × × × × × ×।
× × × ×।
× × × धन्ने बहुले य अणुपुव्वीए।
एते विसुद्धलेस्सा, जिणवरभत्तीए पंजलिउडा य।
तं कालं तं समयं पडिलाभेई जिणवरिंदे॥

—सम० पइसम० सु २२६। पृ० ६४४, ४५

(घ) तत्र द्विजातेर्बहुलाभिधस्य सद्मने प्रभुः।
चक्रे सिताज्यमिश्रेण परमान्नेन पारणम्॥

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ३। श्लो० ३५

(च) अथ भट्टारकोऽप्यस्मादगात्कायस्थितिप्रति।
कुलग्रामपुरीं श्रीमन्त्र्योमगामिपुरोपमम्॥ ३१८॥
कूलनाम महीपालो दृष्ट्वा तं भक्तिभावितः।
प्रियंगुकुसुमांगाभस्त्रिपरीत्यःप्रदक्षिणम्॥३१६॥
गंधादिभिर्विभूष्यैतत्पादोपात्तमहीतलम्।
परमान्नं विशुद्ध्यास्मै सोऽदितेष्टार्थसाधनम्॥ ३२१॥

—उत्तपु० पर्व ७४। श्लो ३१८ से ३१६, ३२१

पारणा के दिन वे भट्टारक महावीर स्वामी आहार के लिये वन से निकले और विद्याधरों के नगर के समान सुशोभित कूलग्राम नगरी में पधारे। वहाँ प्रियंगु के फूल के समान

कांतिधारी कूल नामक राजा ने भक्ति-भाव से युक्त हो उनके दर्शन किये, तीन प्रदक्षिणाएँ दी , चरणों में सिर झुकाकर नमस्कार किया और घर पर आयी हुई निधि के समान माना। उत्तम व्रतों को धारण करने वाले उन भगवान को उस राजा ने श्रेष्ठ स्थान पर बैठाया। अर्घ आदि के द्वारा उनकी पूजा की, उनके चरणों के समीपवर्ती भूतल को गंध आदिक से विभूषित किया और उन्हें मन, वचन, काय की शुद्धि के साथ इष्टार्थ को सिद्ध करने वाला परमान्न (खीर का आहार) समर्पण किया।

(छ) नातिमंदं न शीघ्रं च न्यसन् पादं दयार्द्रधीः ।
क्रमादसौ पुरं रम्यं प्राविशत्कूलसंज्ञकम् ।
तत्र कूलाभिधो राजा वीक्ष्य पात्रोत्तमं जिनम् ।
निधानमिव दुष्प्राप्यं प्राप्यानन्दं परं हृदि ॥

× × ×

त्रिशुद्ध्या विधिना भक्त्या क्षीरान्नदानमूर्जितम् ।
प्रासुकं मधुरं भूपः सरसं दोषदूरगम् ।
× × × ददौ क्षुत्तृड् विनाशकम् ॥

—वीरवर्धच० अधि १३ । श्लो ६, ७, २२ उत्तरार्ध, २३

न अति मंद और न अति शीघ्र पादविन्यास रखते वे दयार्द्र चित्त महावीर प्रभु क्रम से विचरते हुए कूल नामक पुर मे पधारे। वहाँ पर कूल नामक धर्मबुद्धि राजा ने सर्व पात्रों मे श्रेष्ठ वीर जिनको देखकर दुष्प्राप्य निधान को पाने के समान हृदय मे परम आनन्द को प्राप्त हुआ।

राजा ने मन-वचन काय की शुद्धिपूर्वक विधि से भक्ति के साथ उत्तम प्रासुक, मधुर, सरस, निर्दोष, क्षुधातृषा का विनाशक क्षीरान्न का उत्कृष्ट दान दिया।

(ज) अवरहिं दिणे जिणु मज्झन्न-यालि ।
दस - दिसि पसरिय रवि - किरण जालि ॥
कूलउरि दयालंकरिय - चित्तु
सम्मइ पइट्ठु भोयण-णिमित्तु ।

घत्ता—णिउ तहो पुरहो मोहिय-सुरहो णामेंकूलु भणिज्जइ ।
अणुवय-सहिउ संसय रहिउ जो पाढयहिं पढिज्जइ ॥

वड्ढच० संधि ६ । कड २०

विइन्नउँ तेण करेविणु माणु
जिणिंदहो भत्तिए भोयण - दाणु।

—वड्ढव० संधि ६। कड २१

दीक्षा के दूसरे दिन मध्याह्न काल में जब सूर्य-किरणें दसों दिशाओं में फैल रही थीं, तभी दया से अलंकृत चित्तवाले वे सम्मति जिनेंद्र भोजन-पारण के निमित्त कूलपुर में प्रविष्ट हुए।

देवों को भी मोहित करने वाले उस पुर के नृपका नाम 'कूल' कहा जाता था। जो अणुव्रतों का पालक तत्त्वों के प्रति संशयरहित था तथा जिसने पाठकों के पास पढ़ा था।

उस राजा कूल ने विनयपूर्वक सम्मान कर जिनेन्द्र महावीर को भक्ति सहित आहार-दान दिया।

(ञ) भिक्खहिं परमेसरु पइसरइ।
घरि घरि सुसमंजसु संचरइ॥
मणपज्जय - णयणें परियरिउ।
कूलहु घर - पंगणि अवयरिउ॥
रायहु पियंगु - वण्णुज्जलहु।
पणवंतहु मउलिय - करयलहु॥
थिउ भुवण - णाहु दिण्णउ असणु।
णव - कोडि-सुद्धु मुणि दिव्वसणु॥

—वीरजि० संधि २। कड १

भगवान महावीर ने भिक्षा के लिए कूलग्राम में प्रवेश किया और बड़े साम्य-भाव से एक घर से दूसरे घर की ओर गमन करने लगे। वे अपने मन:पर्यय ज्ञानरूपी नेत्र से ही अपने आसपास के लोगों के मन को जान रहे थे। वे वहाँ के राजा कूल के गृह प्रांगण में अवतरित हुए। उस प्रियगु वर्ण के उज्ज्वल नरेश ने हाथ जोड़कर उन्हें प्रणाम किया। वे भुवननाथ वहाँ ठहर गये और राजा ने उन्हें मुनि के योग्य नवकोटि शुद्ध आहार दिया।

'४ प्रथम भिक्षादाता के समय सोनैयाँ आदि की वृष्टि

(क) विहमउँ तेण करेविणु माणु
जिणिंदहो भत्तिए भोयण-दाणु॥
× × ×।
णहाउ तओ पडिया वसुधार
पसूणहँ रिद्धि जुवा मणहार।

पवज्जिउ दुंदुहि धीर - णिणाउ
सुअंधु समुच्छलिओ वर-वाउ।
पघोसिउ देवेहिं साहुस साहु
सबंधउ तुट्ठु मणे महि - णाहु

वड्ढच० सन्धि ६। कड २१

राजा कूल ने विनयपूर्वक सम्मान कर जिनेन्द्र महावीर को भक्ति सहित आहार-दान दिया। उसी समय आकाश से युवाजनों के मन को हरने वाली ऋद्धि पूर्ण रत्नवृष्टि तथा पुष्प वृष्टि पड़ने लगी। गम्भीर निनाद करने वाले दुन्दुभी बाजे बजने लगे। मन्द-सुगन्धिपूर्ण वायु बहने लगी। देवों ने साधु-साधु का जय घोष किया। कूल नामक वह नृप बन्धु-बांधवों सहित मन मे बड़ा सन्तुष्ट हुआ।

(ख) सव्वाण पारणदिणे णिवडइ वररयणवरिसमंबरदो।
पणघणहदद्दहलक्खं जेट्ठं अवरं सहस्सभागं च ॥६७२॥
दत्तिविसोहिविसेसोब्भेदणिमित्तं खु रयणमल्लीए।
वायंति दुंदुहीओ देवा जलदेहि अंतरिदा ॥ ६७३ ॥

—तिलोप० अधि ४। गा ६७२-३

पारणा के दिन सब दाताओं के यहाँ आकाश से उत्तम रत्नों की वर्षा होती है जिसमे अधिक से अधिक पाँच के घन से गुणित दस लाख प्रमाण अर्थात् साढे बारह करोड़ और कम से कम इसके हजारवें भागप्रमाण रत्न बरसते है। दान-विशुद्धि की विशेषता को प्रकट करने के लिये देव मेघों से अन्तर्हित होते हुए रत्न वृष्टिपूर्वक दुन्दुभी बाजों को बजाते है।

(ग) पसरइ दाणुग्घोसो वादि सुयंधो सुसीयलो पवणो।
दिव्वकुसुमेसु गयणं वरिसइ इय पंच चोज्जाणि॥

—तिलोप० अधि ४। गा ६७४

उस समय दान का उद्घोष अर्थात् 'जय जय' शब्द फैलता है, सुगन्धित एवं शीतल वायु चलती है और आकाश से दिव्य फूलों की वर्षा होती है। इस तरह ये पंचाश्चर्य होते हैं।

(घ) तं लेप्पिणु किर जा णीसरिउ।
ता भूमि - भाउ रयणहिं भरिउ॥
देवहि जयतूरइँ ताडियइँ।
गयणयलहु फुल्लइँ पाडियइँ॥
× × ×
अइ - सुरहिउ पाणिउ वरसियउ॥

—वीरजि० संधि २। कड १

जब आहार लेकर भगवान बाहर निकले तब जिस भूमि-भाग पर उन्होंने आहार किया था वह रत्नों से परिपूर्ण हो गया। देवों ने जयध्वनि करते हुए तूर्य बजाये तथा आकाश से फूल बरसाये। इस समय अति सुगंधयुक्त पानी बरसा।

(च) तदा तद्दानतस्तुष्टा निर्जराः शुभयोगतः।
राजाङ्गणे नभोभागाद्रत्नवृष्टिं पराव्यधुः ॥ २४ ॥
अनर्घ्यमणिकोटीनां स्थूलैर्धाराव्रजैर्घनैः।
अखण्डैः पुष्पगन्धोदकमिश्रैश्च तमोपहै ॥ २५ ॥

—वीरवर्धच० अधि १३ । श्लो २४-२५

उस समय उस दान से सन्तुष्ट हुए देवों ने पुण्ययोग से राजा के अगण में अन्धकार-नाशक अनमोल करोड़ों मणियों की स्थूल, अखण्ड, सघन, धारा समूहों से, फूलों की सुगन्धि से मिश्रित जल वर्षा के साथ आकाश से भारी रत्नवर्षा की।

(छ) आनुषंगिकमेतत्ते फलं भावि महत्तरं।
इति वक्तुमिवाश्चर्यपंचकं तद्गृहेऽभवत् ॥

—उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो ३२२

यह तो तुम्हारे दान का आनुषंगिक फल है परन्तु उसका होनहार फल बहुत बड़ा है। यही कहने के लिए मानो उसके घर पचाश्चर्यों की वर्षा हुई।

(ज) सव्वेसिं पि जिणाणं, जहियं लद्धाओ पढमभिक्खातो।
तहियं वसुधाराओ, शरीरमेत्तीओ वुट्ठाओ ॥

—सम० पइसम सु २३० । पृ० १४५

(झ) सव्वेहिंपि जिणेहिं जहियं लद्धाउ पढमभिक्खाउ।
तहियंवसुहारातो वुट्ठाओ पुप्फवुट्ठोतो ॥ ३३१ ॥
अद्धत्तेरसकोडी उक्कोसा तत्थ होइ वसुहारा।
अद्धतेरसलक्खा जहन्निया होइ वसुहारा ॥ ३३२ ॥

—आव० नि गा ३३१, ३३२

मलयटीका — सर्वैरपिजिनैः ऋषभादिभिर्यत्र प्रथमभिक्षा लब्धास्तत्र वसुधारा — हिरण्यप्रपातरूपा वृष्टा पुष्पवृष्टयश्च वृष्टाः। साम्प्रतं वसुधाराया जघन्यत उत्कर्षतश्च परिणाममाह —

अर्द्ध त्रयोदशं यासां ता अर्द्धत्रयोदशाः, सार्द्धा द्वादश इत्यर्थः, हिरण्यानां कोट्य उत्कृष्टाः तत्र —प्रथमपारणकस्थाने भवति वसुधारा, अर्द्धत्रयोदशानां हिरण्यानां लक्षाणि जघन्या भवति वसुधारा।

भगवान ऋषभनाथ से महावीर तक सब जिनेश्वरों को— जिन्होंने प्रथम भिक्षा दी—उनके स्थान पर शरीर प्रमाण सोनैयों की तथा पुष्पवृष्टि हुई। कहा जाता है कि -- जिनेश्वरों के प्रथम पारणक स्थान में जघन्यतः साढ़े बारह लाख तथा उत्कृष्टतः साढ़े बारह करोड़ सोनैयों की वृष्टि होती है। वसुधारादि पाँच दिव्य प्रगट किये।

(ञ) वसुधाराप्रभृतीनि द्विजातेस्तस्य सद्मनि।
पंचदिव्यान्याविरासन् कृतानि दिविपद्‌गणैः॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ३ । श्लो ३६

(ट) घुट्ठं च अहोदाणं दिव्वाणि य आहयाणि तूराणि।
देवा य संनिवइया वसुहारा चेव वुट्ठा य॥

—आव० नि गा ३४४

मलय टीका —दैवैराकाशस्थितैर्घुष्टं यथा अहो दानमिति, अहो शब्दो विस्मये, अहो दानमहो दानम्, अस्यायमर्थः—एवं दीयते, एवं हि दत्तं भवतीति, तथा दिव्यानि तूराणि त्रिदशैराहतानि, देवाश्च तत्रैव सन्निपतिताः, वसुधारा-निपातार्थमाकाशे जृम्भका देवाः समागताः, ततो वसुधारा वृष्टा, द्रव्यवृष्टि-रभूदित्यर्थः।

देवों द्वारा दान की प्रशंसा हुई। देवों द्वारा प्रथम भिक्षा के समय धन वर्षा हुई।

·३४ सचेलक-अचेलक

१ देवदूष्य वस्त्र का परित्याग

(क) संवच्छरं साहियं मासं, जंणरिक्कासिवत्थं भगवं।
अचेलए ततो चाई, तं वोसज्ज वत्थमणगारे॥

आया० श्रु० १ । अ ९ । उ २ । गा ४ पृ० ७२

टीका—×××। कियन्मात्रं कालं तत् देवदूष्यं भगवतिस्थितमित्येतद्दर्शयितु-माह संवत्सर इत्यादिकं रूपकं तदिंद्रोपाहितं वस्त्रं संवत्सरमेकं साधिकञ्च मासं जंणरिक्कासित्ति यत्र त्यक्तवान् भगवांस्तत् स्थितकल्प इति कृत्वा तावत ऊर्ध्वं तद्वस्त्र-त्यागात् त्यागी व्युतसृज्य च तदनगारो भगवान चेलो भूदिति तच्च सुवर्णवालु-कानदीपुराहृतकंटकालग्नं धिग्जातिनागृहीतमिति।×××।

(ख) समणे भगवं महावीरे संवच्छरं साहियं मासं जाव चीवरधारी होत्था, तेण परं अचेलेपाणिपडिग्गहए।

—कप्प० सू ११५

इन्द्रप्रदत्त वस्त्र का भगवान् ने एक वर्ष, साधिक एक मास तक त्याग नहीं किया। तत्पश्चात् उस देवदुष्य वस्त्र का व्युत्सर्ग कर –छोड़कर अनगार भगवान् अचेलक-वस्त्र-रहित हो गये।

टीका - एक वर्ष और साधिक एक मास तक स्थितकल्प (जीताचार) समझकर भगवान ने इन्द्रप्रदत्त वस्त्र को धारण किया, उसका परित्याग नहीं किया। उसके पश्चात् उस देव-दुष्य वस्त्र का परित्याग कर अनगार भगवान अचेलक-वस्त्ररहित हो गये।

भगवान के वस्त्र त्याग कर अचेलक होने की घटना सुवर्णबालुका नदी के किनारे पर [illegible] थी। देवदूष्य वस्त्र नदी के (पुर) तट पर कांटों में (अवलग्न) अटक गया और उसे धिग् जाति के किसी व्यक्ति ने ग्रहण कर लिया।

अब प्रश्न है—क्या वस्त्र अपने आप गिर गया या कांटों में अटक कर गिर गया। यदि नदी के किनारे अपने आप गिर गया तो पानी के बहाव में आकर बह गया और कहीं तट स्थित कटकों में फँस गया।

(ग ×××। तं च भगवया तेरस मासे आहाभावेण धरियं, ततो वोसिरियं, ततो सामी अचेलए विहरइ।

—आव० नि गा ४६५। टीका

श्रमण भगवान महावीर साधिक एक वर्ष सचेलक (वस्त्रधारी) थे। इसके बाद अचेलक हो गये।

(घ) ततश्च त्रिजगन्नाथः सोदर्यं नंदिवर्धनम्।
आपप्रच्छेऽन्यतो गन्तुं ज्ञातवंश्यान् परानपि ॥१॥
चारित्ररथमारूढं विहारप्रस्थितं प्रभुम्।
वृद्धः पितृसुहृद्विप्रः सोमो नत्वेत्यभाषत ॥२॥
स्वामिन्! संवत्सरदानमदाः स्वान्यानपेक्षया।
अदरिद्रं जगज्जज्ञे विना मां मंदभाग्यकम् ॥३॥
अहं हि जन्मतो नाथ! महादारिद्र्यविद्रुतः।
क्वचिदप्युत्तरादानं मुखमोटनकं क्वचित् ॥
धनाशया तदाप्युच्चैर्बहिर्भ्रमत एव मे।
अजानतो वात्सरिकं त्वद्दानं निष्फलं गतम् ॥

संप्रत्यपि कृपां कुर्वन् जगन्नाथ! प्रयच्छ मे।
निर्भर्त्स्य प्रेषितः पत्न्या स्वामिन्नस्मि त्वदंतिके।
स्वाम्यप्युवाच कारुण्यात्त्यक्तसंगोऽस्मि संप्रति।
तथाप्यंसस्थितस्यास्य वाससोऽर्धं गृहाण भोः।
सोऽपि वासोऽर्धमादाय हृष्टो निजगृहं ययौ।
दशाबंधकृते तुन्नवायस्यादर्शयच्चतत्।।
त्वया क्वेदं प्राप्तमिति तुन्नवायेन भाषितः।
शशंस श्रीमहावीरादवाप्तमिति द्विजः॥
बभाषे तुन्नवायस्तं द्वितीयमपि वाससः।
अस्यार्धमानय मुनेस्तस्यानुपदमभ्यट॥
मुनेः पर्यटतस्तस्य लगित्वा कंटकादिषु।
तत्पतिष्यति वासोऽर्धं सोऽन्नीहो न ग्रहीष्यति॥
तदादाऽया त्रानयेस्त्वं योजयित्वा दले उभे।
अहं पुर्णीकरिष्यामि शुक्लपक्ष इवोडुपम्॥
दीनारलक्षं मूल्येऽस्य भविष्यति विभज्यतत्।
अर्धमर्धं ग्रहीष्यावो भ्रातरौ सोदराविव॥
आमेत्युक्त्वा प्रभुमगात् स द्विजः प्रचुरप्यथ॥

—त्रिशलाका० पर्व १०। सर्ग ३। श्लो १ से १४, १५ पूर्वार्ध

(ख)×××। चारित्रप्रतिपत्तिकाले च स्वभावतो भुवनभूषणस्य भगवतो निर्भूषणस्य सत इंद्रो देवदूष्यं वस्त्रमुपनीतवान्, अत्रान्तरे कथानकम् – एगेण देवदूसणं पव्वइए, तंजाहे अंसेकरेइ एत्थंतरा पितवयंसोधिज्जाइतो उवट्ठितो, सो य दाणकाले कहिंपि य गतेल्लतो, पच्छा आगतो भज्जाए अंबाडितो सामिणा एवं दाणं दत्तं। तुमं पुण कहिंचि हिंडसि, जइपुण एत्थंतरेवि लभेज्जासि, ततो सो आगतो भणइ, जहा मम सामि! न किंचि तुब्भेहिं दिन्नं, इयाणिंपि देहित्ति, ताहे सामिणा तस्स देवदूसस्स अद्धं दिन्नं, अन्नं सव्वं परिक्खत्तंति नत्थि, तेण तुन्नागस्स उवणीयं, जहा एयस्स दसिया बंधाहि, तेण पुच्छितो—इमं कतो लद्धं? सो भणइ—भगवतादिन्नं, तुन्नागो भणइ—तंपि से अद्धं आणेहि जया पडिहिइ भयवतो अंसातो, तो णं अहं तुन्नामि ताहेलक्खं मोल्लं भविस्सइत्ति, ता तुज्झवि अद्धं मज्झवि अद्धं, पडिवन्नं, ताहे पओलग्गितो, सेसमुवरि भणीहामि।

—आव० मूल भाष्य गा १०६। मलय टीका

चारित्र प्रतिपत्तिकाल में स्वभावतः भगवान वस्त्र रहित हो गये थे, इन्द्र ने देवदूष्य वस्त्र उनके शरीर पर रखा अर्थात् भगवान एक देवदूष्य वस्त्र को ग्रहण कर प्रव्रजित हुए।

प्रव्रजित होने के बाद जब भगवान चारित्र रूपी रथ में आरूढ़ होकर विहार करने के लिए चले तब उनके पिता का मित्र सोम नामक एक वृद्ध ब्राह्मण भगवान के पास आया, आकर नमस्कार कर बोला—

हे स्वामिन् ! आपने स्वयं तथा अन्य की अपेक्षा बिना सांवत्सरिक दान अर्पण किया उससे सारा जगत दारिद्र बिना हो गया परन्तु मैं एक भाग्यहीन दरिद्री वंचित रह गया हूँ। हे नाथ ! मैं जन्म सेही महादरिद्री हूँ। और दूसरों की प्रार्थना करने के लिए अहर्निश ग्रामा-नुग्राम भ्रमण करता रहता हूँ। कोई स्थान मे मेरी निर्भत्सना होती है, कोई स्थान मे उत्तर नहीं मिलता है, कोई स्थान में मुख मोड़ लेते है। इन सब को मैं सहन करता हूँ।

हे भगवान् ! आप जिस समय सांवत्सरिक दान देते थे उस समय मैं धन की इच्छा से बाहर भ्रमण करता था, फलस्वरूप मुझे आपके द्वारा प्रदत्त दान की खबर नही मालूम हुई और आपका दान मेरे लिए निष्फल हो गया अतः हे प्रभो ! अब भी हमारे पर कृपाकर के मुझे दान अर्पण करो क्योंकि हमारी पत्नी ने मेरा तिरस्कार कर मुझे आपके पास भेजा है।

प्रत्युत्तर मे भगवान महावीर करुणा कर बोले। हे विप्र। अभी मैं नि संग हो गया हूँ। तथापि मेरे कंधे पर यह (देवदूष्य) वस्त्र है उसका अर्ध भाग तुम ले लो। फलस्वरूप वस्त्र का आधाभाग लेकर विप्र अपने घर गया।

तुन्नवाय के पास उपरोक्त वस्त्र दस्तावंध करने के लिए विप्र लाया। तुन्नवाय ने पूछा कि विप्र ! तुमने यह वस्त्र कहाँ से प्राप्त किया। विप्र बोला—भगवान् महावीर ने दिया है। फिर तुन्नवाय ने विप्र से कहा कि तुम वापस जाओ और इसका दूसरा अर्द्ध भाग मुनि से प्राप्त करने के लिए उनके अगल-बगल मे फिरो। मुनि पर्यटन करते हुए जब कभी वस्त्र कंटकादि मे अटक जायेगा तब वह अर्द्ध वस्त्र मुनि के कधे से पड़ जायेगा। चूकि पड़े हुए वस्त्र को मुनि फिर ग्रहण नहीं करेंगे—फलस्वरूप तुम उस अर्द्ध वस्त्र को ग्रहण कर आ जाना।

फिर उन दोनों अर्द्ध भाग को जोड़कर मैं तुमको वह वस्त्र शुक्लपक्ष के चंद्र की तरह एक करके दूंगा तब उसका मूल एक लक्ष दीनार होगा। सहोदर बन्धु की तरह अपने दोनों आधा-आधा हिस्सा करलेंगे।

तुन्नवाय के कथनानुसार विप्र भगवान के पास वापस आया........।

(छ) दक्षिणादुत्तरे यातश्चावालेऽथालगात्प्रभोः ।
कंटकेदूष्यार्धं सुवर्णवालुका तटे ।
किञ्चिद्गत्वा प्रभुर्मा भूद्भ्रष्टमस्थंडिलेह्यदः ।
इति तद्वीक्ष्य वस्त्रार्धं गंतुं प्रववृते ततः ॥
पृष्ठलग्नस्त्रयोदशमास्यन्ते ब्राह्मणस्तुसः ।
तद्वस्त्रार्धमुपादाय वंदित्वा च प्रभुं ययौ ॥
तुन्नवायस्य तस्यै च हृष्टो विप्रस्तदार्पयत् ।
सोऽपि ते देवदूष्यार्धे अयोजयदसंधिवत् ॥
दीनारलक्षं तन्मूल्यं बंधु इवविभज्य तौ ।
अर्धमर्धं जगृहतुस्तुन्नवायो द्विजश्च सः ॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ३ । श्लो २२० से २२४

(ज) मलय टीका—ताहे सामी दाहिणचावालातो संनिवेसातो उत्तराचावालं वच्चइ, तत्थ सुवण्णवालुयाए नदीए पुलिणे कंटियाए त वत्थं विलग्गं, सामी गतो, पुणो अवलोइयं, किं निमित्तं ? केइ भणंति—जहा ममत्तीए, अवरे भणंति—किं थंडिल्ले पडियं अथंडिल्ले वा ? अण्णे भणंति—सहसाकारेणं, केइ पुण एव सुलभं वत्थपत्तं सिस्साणंभविस्सइ दुलहं वा ? एयनिमित्तमवलोइयं, तं च भगवया तेरसमासे अहाभावेणधरियं, ततो वोसिरियं, ततो सामी अचेलए विहरइ, तं च तेण पिउवय-सधिज्जाइ एण गहियं, तुण्णगस्स उवणीयं, सयसहस्स मोल्लं जायं, इमस्सवि पण्णासं सहस्साइं पण्णासं सहस्साइं जायाइं, अमुमेवार्थमाह—

'तइयमवच्चं भज्जा कहए नाहं ततो पिउवयंसो ।
दक्खिणचावालसुवन्नवालुया कंटए वत्थं ॥४६६॥

टीका तृतीयं पुनः पदमवाच्यं तत्तस्यैव भार्या कथयिष्यति, नाहं, सा कतिवती, ततो भगवान् निर्गतः तत पितृवयस्यो दक्षिणचावालात् सन्निवेशा-दुत्तरचावलं प्रति प्रस्थि तस्य भगवतो वस्त्र सुवर्णवालुकाया नद्याः पुलिने कंटके लग्नं गृहीतवान् ।

—आव० नि० गा० ४६५।४६६ । टीका

जब भगवान महावीर दक्षिण तरफ के चावाल ग्राम से उत्तर तरफ के चावाल ग्राम की ओर जा रहे थे, तब सुवर्णवालुकानदी के तट पर उनका अर्ध देवदूष्य वस्त्र कांटों में अटक गया ।

पूर्व कथित ब्राह्मण –(पिता का मित्र सोम ब्राह्मण) जो भगवान महावीर के पीछे-पीछे चलता था तेरह महिने के बाद उस अर्ध वस्त्र को लेकर, भगवान् को वंदन कर स्वयं के ग्राम की ओर प्रस्थान किया। वस्त्र को लेकर तुन्नवाय के पास गया। तुन्नवाय ने दोनों अर्धवस्त्र को जोड़ दिया। बिक्री करने पर एक लक्ष दीनार मिली। दोनों ने भाई की तरह अर्ध–अर्ध भाग किया।

(झ) णो चेविमेण वत्थेण, पिहिस्सामि तंसि हेमंते।
से पारए आवकहाए, एवं खु अणुधम्मियं तस्स।

- आया० श्रु १। अ ६। उ १। गा० २

इस वस्त्र के द्वारा उस हेमन्त ऋतु मे अपने अंगों को ढकूंगा इस भाव से भगवान् ने उस वस्त्र को धारण नहीं किया था क्योंकि वे जीवन भर के लिए सांसारिक समस्त पदार्थों से पार हो चुके थे अर्थात् उनका त्याग कर चुके थे। किन्तु इसको यानी देवदूष्य वस्त्र को धारणा करना भगवान् के लिए आनुगामिक यानी पूर्व तीर्थंङ्करों द्वारा आचरण किया हुआ कार्य था।

(ञ) सिसिरंसि अद्धपडिवण्णे, तं वोसिज्ज वत्थमणगारे।
पसारित्तु बाहुं परिक्कमे, णो अवलंबियाण खंधंसि।

—आया० श्रु १। अ ६। उ १। गा २२

अनगार भगवान् महावीर स्वामी शिशिर ऋतु के आरम्भ मे ही उस देवदूस्य वस्त्र को त्याग कर भुजाओं को फैलाकर चलते थे किन्तु शीत से पीड़ित होकर भुजाओं को सकुचित कर तथा कन्धों का अवलम्बन लेकर नहीं चलते थे।

(ट) णो सेवइ य परवत्थं।

—आया० श्रु १। अ ६। उ १। गा १९। पूर्वार्ध

बभूवतुः सुरलोकश्रीभाजनमुभावपि ॥६४७॥
दुष्टाशयस्तु गोपालो विधाय स्वामिवेदनाम् ।
सप्तमावनिदुःखानां भाजनं समजायत, ॥६४८॥

— त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४ । श्लो ६२६ से ६४८

(घ) भयवतो तद्दारवेयणिज्जं कम्मं उइन्नं, ततो सामी मज्झिमं पावं गतो, तत्थ सिद्धत्थो नाम वाणियतो, तस्स घरमागतो, तस्स य मित्तो खरतो नाम वेज्जो, तेद्दोऽविसिद्धत्थघरे अच्छंति, सामि भिक्खस्स पविट्ठो, वाणियतो वंदइ थुणइय, वेज्जो तित्थयरंपासिऊण भणइ अहो भयवं सव्वलक्खणसंपुन्नो किंतु ससल्लो, ततो सो वाणियतो संभंतो भणइ, पलोएहि कहिं सल्लो ?, तेण पलोयंतेण दिट्ठो कण्णेसु, तेण वाणिएणभन्नइ—नीनेहि एवं महातवसिस्स, पुन्न होहिइतवविमज्झवि भणइ, निप्पडिकम्मो भयवं न इच्छइ, ताहे पडियराविता जाव दिट्ठो उज्जाणे ताव पडिमं ठितो, ते ओसहाणि गहाय गता, तत्थ भयवं तेल्लदोणीए निवण्णाविता मक्खितो य, पच्छा बहुएहिं पुरिसेहिं जंतितो अक्कंतोय, पच्छा संडासएण गह्य कड्डियातो, तत्थ सरुहिरातो सलागातो अंछियातो, तासु य अच्छिज्जंतीसु भगवया आरसियं, ते य मणूसे उप्पाडित्ता उट्ठितो, महाभेरवं तत्थ उज्जाणं आयं, देउलंच, पच्छा संरोहणी ओसही दिण्णा, ततो ताहे चेव भयवं पउणो जातो, वंदित्ता खामित्ता य गता। एतदेवाह—

× × ×

(च) छम्माणि गोवकडसलं पवेसणं मज्झिमाइ पावाए ।
खरओ विज्जो सिद्धत्थ वाणिओ नीहरावेइ ॥५२४॥

टीका—×××। ततो भगवान् मध्यमपापायां गतः, तत्र खरको वैद्य-स्तत्पार्श्वात् सिद्धार्थनामावणिक् ते कट शलाके निर्हारयति। ×××। एसो गोवो सत्तमिंगतो, खरतो सिद्धत्थो य एए दोऽवि तिव्वमवि वेयणमुदीरंता विसुद्धता देवलोगं गता।

अर्थात् कान में डाले हुए शल्य से शुभ ध्यान से भगवान जरा भी प्रकंपित नहीं हुए। षण्मानि ग्राम से विहार कर भगवान मध्यम अपापा नगरी पधारे। वहाँ पारणा के लिए भगवान को किसीने भक्ति से प्रतिलाभित किया। वहाँ सिद्धार्थ का एक खरक नामक प्रिय मित्र वैद्य पहले से ही आया हुआ बैठा था। वह सूक्ष्म बुद्धिमान होने से भगवान को देखकर बोला कि अहो! यह भगवन्त की मूर्ति सर्व लक्षण सम्पूर्ण है परन्तु जरा म्लानिभूत दिखाई देती है। इससे शल्यवती हो ऐसी लगती है। सिद्धार्थ ने सभ्रम से कहा—"यदि ऐसा ही है तो सम्यग् प्रकार खोज करनी चाहिए कि भगवान के किस स्थान पर शल्य है, तत्पश्चात् वैद्य भगवान के सर्वशरीर की निपुणता से खोज करने से मालूम हुआ कि दोनों कानों मे कीला प्रवेश किया हुआ देखा। और सिद्धार्थ को भी बताया।

सिद्धार्थ ने कहा कि अरे! कोई अपवाद से या नरक से भी नहीं भयभीत होने वाला पापी ने यह दारुण कर्म किया है। परन्तु हे महामति मित्र! उस पापी की वार्ता करने की कोई जरूरत नहीं है! अभी तो भगवान के शरीर मे से शल्य के उद्धार करने का प्रयत्न करो। यह शल्य तो प्रभु के कान मे है परन्तु मुझे पीड़ा अधिक होती है इस कारण जरा भी विलम्ब मैं नहीं कर सकता। हमारा सर्वस्व भले ही नाश हो जाय परन्तु भगवान के कान मे से कैसे भी शल्य उद्धार हो तो अपने दोनों का इस भवसागर से उद्धार हो गया—ऐसा समझना चाहिए।

वैद्य ने कहा कि भगवान विश्व के रक्षण और कर्मक्षय करने मे समर्थ है। परन्तु कर्मों के क्षय करने के लिए उन्होंने अपकारी पुरुष की उपेक्षा की है। वे प्रभु स्वय के शरीर की भी अपेक्षा रहित है अतः हम से कैसे चिकित्सा हो सकती है। क्योंकि वे कर्म की निर्जरा के लिए ऐसी वेदना को भी सम्यग् मानते हैं।

सिद्धार्थ ने कहा कि हे मित्र! इस वचन की युक्ति इस समय किस लिए करते हो। यह बात करने का समय नहीं है। अतः सत्वर भगवन्त को चिकित्सा करनी चाहिए। इस प्रकार दोनों परस्पर बात करते हैं इतने में निरपेक्ष भगवान वहाँ से चले गये। बाहर उद्यानमें जाकर शुभ ध्यान मे परायण हुए। तत्पश्चात् सिद्धार्थ और खरक वैद्य औषध आदि लेकर त्वरा गति से उद्यान मे आये और भगवान को एक तेल की कुंडी में बैठाया। उन्होंने शरीर में

तेलका अभ्यंगन किया और बलवान् चंपी करने वाले मनुष्यों के पास मर्दन कराया। उन बलिष्ट पुरुषों ने भगवान के शरीर के सर्व सांधे शिथिल कर दिये। तत्पश्चात् उन्होंने दो संडासी लेकर प्रभु के दोनों कानों मे से दोनों कील एक साथ खींचे फलस्वरूप रुधिर सहित दोनों कीले मानो प्रत्यक्ष अवशेष वेदनीय कर्म निकलता हो वैसे निकल गया। कीलों के खींचते समय भगवान को इतनी ज्यादा वेदना हुई कि उस समय वज्र से हणे हुए पर्वत की तरह प्रभु मोटा भयंकर क्रन्दन किया। प्रभु के महात्म्य से उस चीख के नाद से पृथ्वी फूटी नहीं अर्हन्त प्रभु विपत्ति मे भी दूसरों को उपद्रवकारी नहीं हुए।

तत्पश्चात् संरोहणी औषधि से प्रभु के कान को तत्काल रोहन कर, खमाकर, नमन कर सिद्धार्थ और खरक वैद्य स्वयं के घर गये।

वे शुभाशय पुरुष प्रभु को वेदना करते हुए भी देवायु बांधी—देव सम्बन्धी लक्ष्मी को भोगने वाले हुए। दुराशय गोपाल भगवान को वेदना कर, मरण प्राप्तकर सातवीं नरक में दुःख का पात्र हुआ। भगवान के भैरव (भयंकर) नाद से वह उद्यान महाभैरव नाम से प्रख्यात हुआ और वहाँ लोगों ने एक देवालय कराया।

·२२ जघन्य-मध्यम-उत्कृष्ट उपसर्ग

(क) एवं श्रीवीरनाथस्योपसर्गेष्वखिलेष्वपि ।
जघन्येषूत्कटं कटपूतनाशीतमुत्कटम् ॥६५०॥
कालचक्रं मध्यमेषूत्कृष्टेषु द्धरणं खिदम् ।
गोपारब्धा उपसर्गा गोपेनैव च निष्ठिता ॥६५१॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४

(ख) इह सव्वेसु किर उवसग्गेसु कयरे दुव्विसहा ? उच्चते कडपूयणासीयं कालचक्कं एयं च निकड्डिज्जंतं, अहवा जहन्नगाण उवरिं कडपूयणासीयं, मज्झिमाण कालचक्कं, उक्कोसगाणमुवरिं सल्लुद्धरणं। गोवेण आरद्धा उवसग्गा गोवेण णिट्ठिया।

—आव० नि गा ५२४ मलय टीका

भगवान ने साधनाकाल मे जघन्य-मध्यम-उत्कृष्ट उपसर्ग सहन किये। जघन्य उपसर्गों मे कटपूतनी ने शीत का उपसर्ग किया। उत्कृष्ट और मध्यम उपसर्गों में संगम ने कालचक्र छोड़ा। और उत्कृष्ट उपसर्गों मे जब कानों में से कीली का उद्धार किया।

इस प्रकार भगवान के उपसर्ग का प्रारम्भ भी गोपाल से हुआ और पूर्णता भी गोपाल से हुई। अर्थात् कीली का उपसर्ग अंतिम था।

'२१ विविध परीषह

(क) कुम्भग्रामपुरिके निकटवन में

मणपज्जय --संजुत्तउ देवदेउ थिर-चित्तउ ।
तार-हार पडुर-घरि कूल- गाम-णामइपुरि ॥
× × × ।
एत्तहिं दुक्कम्मइँ णिट्ठवइ ।
भीसणि णिज्जणि वणि दिणु गमइ ॥
जिणु-जिण कप्पेण जिचक्कमइ ।
जो पाण-हारि तासु वि खमइ ॥
घत्ता -सुणह-सीह-सीयालहँ ओरसियहँ सद्दूलहँ ।
वणि अच्छइ उब्भुब्भ रयणिहि णं थिरू खंभउ ॥१॥

—वीवचि० संधि २ । क ११

देवों के देव भगवान महावीर स्थिर चित्त तथा मन:पर्यवज्ञान से युक्त होकर कूल ग्राम नामक पुरी में पहुँचे वहाँ के निवास-गृह तारों और हारों के समान उज्ज्वल दृष्टि गोचर होते थे ।

वहाँ जिन भगवान महावीर अपने दुष्कर्मों को विनष्ट करते हुए उस पुरी के समीप भीषण निर्जन वन मे दिन व्यतीत करने लगे । वे जिनकल्पी चारित्र से अपनी चर्या करते थे और जो कोई उनके प्राण हरण करने की इच्छा से उनके समीप आता था उसके प्रति भी वे समभाव रखते थे ।

जिस वन मे श्वान, सिंह और शृगाल तथा शार्दूल गर्जना करते हुए चारों ओर विचरण करते थे । उसी वन मे वे रात्रिभर खडे-खडे ऐसे ध्यान-मग्न रहते थे जैसे मानो वह कोई स्थिर स्तंभ हो ।

(ख) उज्जैनीमें भगवान की रुद्रद्वारा परीक्षा—परीषह-उपसर्ग

'१ उज्जेणिहि पिउवणि भववरिहि ।
तम कसणहि भीम-विहावरिहि ॥
अण्णहि दिणि सिद्धि-पुरंधि-पिउ ।
पिउवणि पडिमा-जोएण थिउ ॥
जोईसरु जण-जणणच्चिहरु ।
अवलोइउ रुद्दे परमपरु ॥

मइँ कय-उवसग्गहु किलसइ।
णिय-चरिय-गिरिंदहु किल्हसइ॥
किं णव णंदणु पियकारिणिहि, ।
जोइउँ जिणु सम्मइ धारिणिहि॥
इय चिंतिवि जेट्ठा—तणुरुहिण।
पिंगच्छि-भिउडि-भीसण-मुहिण॥
वेयाल काण-कंकाल-घर।
करवाल-सूल-झस परसुकर॥
पिंगुद्ध—केस दीहर-णहर।
किलिकिलि-रव-बहिरिय-भुवणहर॥
धोइय धाइय हरि दिण्ण-कम।
फुप्फुफुयंत विसि विसविसम॥
घत्ता—कय-भुवणयल विमद्दें पुणु वि हरेणरउद्दें॥
णिय-विज्जहिँ दरिसाविउ गुरु-पाउसु वरिसाविउ॥

'२ पुणु वणयर-गणु कय पडिखलणु।
पुणु धगधगंतु जालिउ जलणु॥
देविंद चंद दप्प हरणइँ।
पुणु मुक्कइँ णाणा पहरणइँ॥
सव्वइँ गयाइँ विहलाइँ किह।
किविणहु मंदिरि दीणाइँ जिह॥
सव्वइ-तणएण पवुत्त॰ हलि।
गिरिवर-सुइ वियसिय - मुह - कमलि॥
वीरहु वीरत्त॰ण संचलइ।
किं मेरु-सिहरि कत्थइ ढलइ॥
इय भणिवि बे वि वंदिवि गयइँ।
वसहारुढइँ रइ- रस रयइँ॥

—वीरजि॰ संधि २। कड २,३। पृ॰ २१-२८

'३ इत्यादिपरमाचारालंकृतो विहरन्महीम्।
उज्जयिन्याः श्मशानं देवोऽतिमुक्तकाख्यमागमत्॥५६॥

तत्र रौद्रे श्मशानेऽसौ त्यक्त्वा कायं शिवाप्तये ।
प्रतिमायोगमाधाय वीरोऽस्थादचलोपमः ॥६०॥
परात्मध्यानसंलीनं मेरुशृङ्गनिभं जिनम् ।
स्थाणुनामान्तिमो रुद्रोऽधोगामी वीक्ष्य पापधीः ॥६१॥
दौष्ट्यात्तद्धैर्यसामर्थ्यं परीक्षितुमघात्मतीम् ।
उपसर्गं जिनेन्द्रस्य पापपाकेन तत्क्षणम् ॥६२॥
विकृत्य स्थूलवेतालरूपाण्येषोऽप्यनेकशः ।
स्वविद्यया जिनं ध्यानाच्चालयितुं समुद्ययौ ॥६३॥
तैर्भयानकरूपाद्यैस्तर्जयद्भिदुरीक्षणैः ॥
अट्टहासैः स्फुरद्ध्वानैर्नृत्यद्भिर्विविधैर्लयैः ॥६४॥
व्यात्ताननैश्च तीक्ष्णास्त्रपलहस्तैर्गरोनिशि ।
ध्यानध्वंसकरं चक्रे ह्युपसर्गं सुदुःकरम् ॥६५॥

तस्मिन्नुपद्रवे वीरो मेरुशृङ्ग इवाभवत् ।
न मानक् चलितो ध्यानात्तैरुपद्रवकोटिभिः ॥६६॥

ततः पापी स विज्ञाय ह्यचलं श्रीजिनाधिपम् ।
परैः फणीन्द्रसिंहेभमरुद्रव हुथादिकैः शठ ॥६७॥

स्वकृतैर्वर्धमानस्य व्यधात्कातरभीतिदम् ।
उपसर्गं महाघोरमन्यैर्वाक्यैर्भयंकरैः ॥६८॥

तदापि न मनाग् देवः स्वस्वरूपाच्चचाल सः ।
तदा निजात्मनो ध्यानमालम्ब्यास्थान्महीन्द्रवत् ॥६९॥

ततस्तं धीरतापन्नं ज्ञात्वा दुष्टो महाक्रियम् ।
परीषहांश्चकारास्य पापार्जनैकपंडितः ॥७०॥

किरातसैन्यरूपाद्यैः शस्त्रहस्तैर्भयानकैः ।
दुःसहैर्विविधाकारैरन्यैः कातरभीतिदैः ॥७१॥

इत्याद्युपद्रवैर्घोरैर्वेष्टितोऽपि जगत्पतिः ।
तथापि न मनाक् क्लेशं मनसागान्नरोद्रवत् ॥७२॥

ततो ज्ञात्वा महावीरमचलाकृतिमूर्जितम् ।
लज्जापन्नः स एवेत्थं तत्स्तुतिं कर्तुमुद्ययौ ॥७३॥

—वीरवर्धच० अधि ११

निरीक्ष्य स्थाणुरेतस्य धैर्यं परीक्षितुम् ।
उत्कृत्य कृत्तिकारतीक्ष्णाः प्रविष्टजठराण्यलम् ॥३३२॥
व्यात्ताननानि भीष्माणि नृत्यंति विविधैर्लयैः ।
तर्जयंति स्फुरद्ध्वानैः साट्टहासैर्दुरीक्षणैः ॥३३३॥
स्थूलवेतालरूपाणि निशिकृत्वा समंततः ।
पराण्यपि फणीन्द्रेभसिंह वन्ह यानिलैः समम् ॥३३४॥
किरातसैन्यरूपाणि पापैकार्जनपंडितः ।
विद्याप्रभावसंभावितोपसर्गैर्भयावहैः ॥३३५॥
स्वयं स्खलयितुं चेतः समाधेरसमर्थकः ।
स महतिमहावीराख्यां कृत्वा विविधाः स्तुतीः ॥३३६॥
उमया स सममाख्याय नर्तित्वागादमत्सरः ।
पापिनोपि प्रतुष्यंति प्रस्पष्टं दृष्टसाहसाः ॥३३७॥

—उत्तपु० पर्व ७४ । श्लो ३३२ से ३३७

परम आचार से अलंकृत और जिनेन्द्र पृथ्वी पर विहार करते हुए उज्जयिनी के अतिमुक्तक नाम के श्मशान में आये । उस रौद्र श्मशान में और जिनेन्द्र शिव-प्राप्ति के लिए काय का त्याग कर और प्रतिमायोग को धारण कर पर्वत के समान अचल होकर ध्यानस्थ हो गये । परम आत्मध्यान में तल्लीन, मेरु शिखर के समान स्थिर जिनराज को देखकर अधोगामी और पाप बुद्धि वालों—स्थाणु नामक अन्तिम रुद्र ने दुष्टता के कारण उनके धैर्य के सामर्थ्य की परीक्षा के लिए पाप के उदय से उसी क्षण उनके ऊपर उपसर्ग करने का विचार किया ।

तब ज्येष्ठा के पुत्र रुद्र ने लाल आँखें, टेढ़ी भौंहें और भीषण मुख बनाकर काल-रूपधारी वेताल बनाये जो अपने हाथों में तलवार, शूल, मूसल और फरसे लिए हुए थे । उनके केश पिंगलवर्ण और खड़े हुए थे, नख बड़े लम्बे थे तथा वे अपनी किलकिलाहट की ध्वनि से भुवन भरी मृत्यु को बहिरा कर रहे थे । रुद्र की प्रेरणा से वे सब भगवान की ओर दौड़ पड़े । सिंह भी उन पर झपट पड़े और भीषण विषधारी सर्प भी उनकी ओर फुफकार करते हुए दौड़ पड़े ।

इसके अतिरिक्त भी रुद्र ने जो भुवनमात्र का संहार करने में समर्थ थे; अपनी विद्याओं द्वारा भीषण मेघों को बरसाया और घोर जल वृष्टि की ।

उसी ने समस्त वनचरों द्वारा क्षोभ उत्पन्न कराया । धमधमाती हुई अग्नि भी बरसायी और नाना प्रकार के अस्त्र-शस्त्र भी छोड़े, जिनसे देव, इन्द्र और चन्द्र का भी गर्व चूर-चूर

हो जाय। किन्तु रुद्र के समस्त उपसर्ग ऐसे विफल हुए जैसे कृपण पुरुष के घर जाकर दीन जन विफल ही वापस हो जाते हैं। तब उन सात्यकी-पुत्र रुद्र ने पार्वती से कहा—हे प्रफुल्ल-कमलमुखी गिरिवर पुत्री पार्वती—देखो इस वीर की धीरता लेश मात्र भी चलायमान नहीं होती। भला क्या सुमेरु पर्वत कहीं डल सकता है। ऐसा कहकर वे दोनों भगवान की वन्दना करके अपने वृषभ पर आरुढ हो, चरित्र में अनुरक्त होते हुए वहाँ से चले गये।

(ग) प्रश्नोत्तर के समय परीषह

स जणेहिं तत्थ पुच्छिंसु, एगचरावि एगदाराओ।
अव्वाहिए कसाइत्था, पेहमाणे समाहिं अपडिण्णे॥
अयमंतरंसि को एत्थ, अहमंसि त्ति भिक्खूआहट्टु।
अयमुत्तमे से धम्मे, तुसिणीए सकसाइए झाति॥

—आया० श्रु० १। अ ६। उ २। गा ११, १२। पृ० ७५

टीका—किंच जणेहिं इत्यादि स भगवानर्द्धत्रयोदशपक्षाधिकाः समा एकाकी विचरंस्तत्र शून्यगृहादौ व्यवस्थितः सन् जनैर्लोकैः पृष्टस्तद्यथा को भवान् किमत्र स्थितः इत्येवं पृष्टोपि तूष्णींभावमभजत तथा उपपत्याद्या अपि एकचरा एकाकिन एकदा कदाचिद्रात्रावहि वा पप्रच्छुरव्याकृते च भगवता कषायितास्ततो अज्ञानावृत्तदृष्टयो दंडमुष्टयादिना ताड़नतोऽनार्य्यत्वमाचरंति भगवांस्तु समाधिः प्रेक्षमाणो धर्मध्यानो पगतचित्तः सन् सम्यक् तितिक्षते किंभूतोऽप्रतिज्ञो नास्य वैरनिर्यातनप्रतिज्ञाविद्यत इत्यप्रतिज्ञ कथन्ते प्रप्रच्छुरिति दर्शयितुमाह।

'अयमंतरंसि' इत्यादि अयमन्तर्मध्ये कोऽत्र व्यवस्थित एवं संकेतगता दुश्चारिणः पृच्छन्ति कर्म्मकरादयो वा तत्र नित्यवासिनो दुःप्रणिहितमानसाः पृच्छन्ति तत्र चैवं पृच्छतामेषां भगवांस्तुष्णींभावमेवभजते, क्वचित् बहुतर दोषा-पनयनाय जल्पत्यपि कथमिति दर्शयति अहं भिक्षुरस्मीत्येव मुक्ते यदिते अवधीरयन्ति ततस्तिष्ठत्येवाभिप्रेतार्थव्याघातात्कषायिता महान्धा सान्मतेति तया एवं ब्रूयंर्या तूर्णमस्मात् स्थानान्निर्गच्छ ततो भगवान वियत्तावमह इतिकृत्वा निर्गच्छत्येव भगवान किन्तु सोयमुत्तमः प्रधानो धर्म्म आचार इति कृत्वा सकषायिते तस्मिन् गृहस्थे तूष्णींभावव्यवस्थितो यद् भविष्यतया ध्यायत्येव ध्यानात् प्रच्यवते।

वे महाव भगवान मितभाषी थे। 'एगचरा' चोर, जार आदि एकाकी भ्रमण करने वाले असामाजिक तत्व आदि एकाकी भ्रमण करने वाले भगवान को दिन में अथवा विशेष

करके बाद में उनसे विविध प्रश्न करते थे। इस प्रकार प्रश्न पूछने पर भगवान कभी संक्षेप में उत्तर देते थे तथा कभी नहीं भी देते थे। भगवान जब कभी शून्य गृह आदि में विराजते थे तब बाहर से यदि कोई प्रश्न करता था कि अन्दर में कौन है तो भगवान संक्षेप में उत्तर देते थे कि मैं भिक्षुक हूँ ? कभी उत्तर नहीं देकर मौन भी रह जाते थे। प्रश्न कर्ता को उत्तर नहीं देने पर वे क्रोधित होकर भगवान को विविध प्रकार का कष्ट देते थे। फिर भी अवैरवृत्ति वाले भगवान इन कष्टों को समता से सहन करते हुए समाधिमग्न—कठिन उपसर्ग सहते हुए भी आत्म-निरीक्षण में लीन रहते थे। इस प्रकार भगवान उत्तम धर्म का आचरण करते थे।

(घ) प्रतिकूल परीषह

·१ ××× तस्स पव्वइयस्सवि सत्तो चत्तारि साधिए मासे गंधो न फिट्टितो ××× जेऽविकेई अजिइंदिया तरुणपुरिसा तेऽवि गंधे अग्घाइऊण गंधमुच्छिया भयवंतं भिक्खायरियाए हिंडतं गामाणुगामं दूइज्जंतं अणुगच्छंता अणुलोमं जायंति, देहि अम्हवि एयं गयजुत्तिति, ततो भयवंते तुसिणीए अच्छमाणेपडिलोमे उवसग्गे करेंति, देहिंवा, किंवा, पिच्छंसित्ति, एवं पडिमाट्ठियंपि उवसग्गेति।

—आव० चू० पूर्व भाग पृ० २६६

—आव० भाष्य गा० १११, टीका, आया० चू० पृ ३००

गंधयुक्ति मयाचन्त ग्रामीणतरुणाः प्रभुम्।

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ३ । श्लो ४७ पूर्वार्ध

अविजेन्द्र तरुण पुरुष—जब भगवान भिक्षा के लिए जाते थे तब सुगन्ध की युक्ति मांगते थे—हमारी देह भी गन्ध से संयुक्त करो। भगवान ने चूप चाप प्रतिकूल उपसर्ग को सहन किया।

(च) शीतपरीषह

·१ तंसि भगवं अपडिण्णे, अह वियडे अहियासए दविए।
णिक्खम्म एगदा राओ, चाएइ भगवं समियाए॥

—आया० श्रु १ । अ ९ । उ २ । गा १५ । पृ० ७१

तंसि इत्यादि तस्मिन्नेवंभूते शिशिर हिमवाते शीतस्पर्शे च सर्वकषे भगवानैश्वर्यादिगुणोपेतस्तं शीतस्पर्शमध्यासयत्यधिसहते किं भूतो सावप्रतिज्ञो न विद्यते निवात वसति प्रार्थनादिका प्रतिज्ञायस्य स तथा क्वाध्यासयत्यधोविकटे अधः कुड्यादिरहिते छन्नेप्युपरितद्भावेचेति पुनरपि विशिनष्टि रागद्वेषविरहाद्-द्रव्यभूतः कर्मभं'धिद्रावणाद्वा द्रवः संयमः स विद्यते यस्या सौद्रविकः सच तथा

ध्यासयत् यद्यत्यंतं शीतेन बाध्यते ततस्तस्मात् स्थानान्निष्क्रम्यबहिरेकदा रात्री मुहूर्त्त मात्रं स्थित्वा पुनः प्रविश्य स भगवान् समितया सम्यग् वा समतया वा व्यवस्थितस्तं शीतस्पर्शं रासभ दृष्टो तेनसोढं, शक्नोऽध्यधिसहत इति एतदेवोद्देशकार्थमुपसंजिहीर्षु राह।

जब शिशिर ऋतु में अत्यन्त शीतल हेमकणों से युक्त वायु प्रवाहित होती थी तब उससे बचाव पाने के लिए अन्यतीर्थिक साधु वायु शून्य स्थान की गवेषणा करते थे या वस्त्रों से अपने को ढंकते थे, अग्नि जलाकर शीतलता दूर करते थे अथवा कम्बलादि वस्त्रों से शरीर को आच्छादित कर शीत को सहन करते थे। शीतस्पर्श सहन करना अत्यन्त कठिन होता है।

ऐसी शिशिर ऋतु में भी ठंडक निवारण करने वाली किसी वस्तु की भी भगवान इच्छा नहीं करते थे। किसी वृक्षादि के नीचे या दीवाल रहित खुले स्थान में रहकर शीतस्पर्श का सहन करते थे। वे संयमी भगवान किसी एक रात्रि में अत्यंत शीत से बाधित होने पर अल्प समय के लिए बाहर निकलकर, शीतस्पर्श सहन कर वापस अन्दर आकर समभावपूर्वक ध्यानस्थ हो जाते थे।

२ तणफासे सीयफासे य, तेउफासेय दंस-मसगेय।
अहियासए सया समिए, फासाइं विरूवरूवाइं॥
—आया० श्रु० १। अ ६। उ ३। गा १। पृ० ७६

टीका—तणफास इत्यादि तृणानां कुशादीनां स्पर्शास्तृण स्पर्शास्तथा शीतस्पर्शा उष्णस्पर्शाश्चातापनादिकाले आसन् यदि वा गच्छतः किल भगवतस्तेजःकाय एवासीत्तथा दंशमशकादयश्च एतांस्तृणस्पर्शान्विरूपान्न नाभूतान् भगवान्न ध्यासयन्ति सम्यगितः सम्यग् भावंगतः समितिभिः समितिवेति।

तृण स्पर्श, शीतस्पर्श, उष्णस्पर्श, दंशमशकस्पर्श तथा विविध प्रकार के स्पर्श परीषहों को भगवान सदा समभाव पूर्वक सहन करते थे।

(छ) उष्णपरीषह

तणफासे सीयफासे य, तेउफासे य दंसमसगे य।
अहियासिए सया समिए, फासाइं विरूवरूवाइं॥
—आया० श्रु १। अ ६। उ ३। गा १

सदा समिति युक्त भगवान महावीर स्वामी तृणस्पर्श शीतस्पर्श, तेजस्पर्श और दंशमशकस्पर्श तथा नाना प्रकार के परीषह उपसर्गों को समभाव पूर्वक सहन करते थे।

(ज) आक्रोश परीषह

१—फरुसाइं दुत्तितिक्खाइं, अइयच्चे मुणी परक्कमाणे।
—आया० श्रु १। अ ९। उ १। गा ६। पूर्वार्ध

मुश्किल से सहन करने योग्य कठोर वचनों को परम पराक्रमी भगवान कुछ नहीं गिनते थे अपितु समभाव पूर्वक उन्हें सहन करते थे

'२ स जणेहिं तत्थ पुच्छिसु, एगचरा वि एगया राओ।
अव्वाहिए कसाइत्था, पेहमाणे समाहिं अपडिण्णे ॥
—आया० श्रु १। अ ६। उ २। गा ११

कभी कभी वहाँ पर रात्रि के समय अकेले घूमने वाले परस्त्री लम्पट आदि पुरुष भगवान महावीर स्वामी से पूछते थे और भगवान के कुछ न बोलने पर वे क्रोधित होते थे परन्तु भगवान समाधि में तल्लीन रहते हुए अपने अपमान का बदला लेने की इच्छा नहीं करते थे।

'३ अयमंतरंसि को इत्थ, अहमंसित्ति भिक्खू आहट्टु।
अयमुत्तमे से धम्मे, तुसिणीए कसाइए झाइ ॥
—आया० श्रु १। अ ६। उ २। गा० १०

यहाँ इस मकान के अन्दर यह कौन है ? ऐसा पूछने पर मैं भिक्षुक हूँ इस प्रकार कह कर भगवान चुप हो जाते थे। यदि वे क्रोधित होते तो इस परीषह को समभावपूर्वक सहन करना उत्तम धर्म है ऐसा जानकर वे भगवान चुपचाप रहकर शुभध्यान में संलग्न रहते थे।

(झ) इहलौकिक-पारलौकिक उपसर्ग

इहलोइयाइं परलोइयाइं, भीमाइं अणेगरूवाइं।
अवि सुब्भि-दुब्भि-गंधाइं, सद्दाइं अणेगरूवाइं ॥
अहियासए सया समिए, फासाइं विरूवरूवाइं।
अरइं रइं अभिभूय, रीयई, माहणे अबहुवाई ॥
— आया० श्रु १। अ ६ : उ २। गा १०। पृ० ७५

टीका—किञ्च इहलोइयाइं इत्यादि तथा अहियासए इत्यादि इहलोके भवाऐह लौकिकामनुष्यकृताः केतेस्पर्शा दुःखविशेषादि व्यास्तिरश्चांश्च पारलौकिकास्तानुपसर्गापादितान् दुःखविशेषानध्यासयत्यधिसहते यदिवा इहैव जन्मनि येदुःखयंति दंडप्रहारादयःप्रतिकूलोपसर्गास्ति इहलौकिकास्तद्विपर्यस्तास्तु-पारलौकिका भीमाभयानका अनेकरूपा नानाप्रकारास्तानेव दर्शयत्यपि सुरभिगंधा स्रक्चंदनादयो दुर्गंधाः कुथित कडेवरादयस्तथा शब्दाश्चानेकरूपा वीणावेणुमृदंगादिजनिता-खराक्रमेलकारभिताद्यःत्यापि तास्ताश्चाविकृतमना।

अध्यासयत्यधि सहते सदासर्वकालं सम्यगितः समितः पंचभिःसमितिभिस्तथा स्पर्शान् दुःखविशेषान् रतिं संयमे रतिं चोपभोगाभिष्वंगे अभिभूय तिरस्कृत्य

दीयते संयमानुष्ठाने प्रजति माहणत्ति पूर्ववदुक्तथोभयभाषी एकाहि व्याकरणं क्वचिन्निमित्ते कृतवानिति भावः।

भगवान महावीर को इहलोक के उपसर्ग भी होते थे अर्थात् इहलोक के प्राणियों द्वारा उनको अनेक विधि उपसर्ग दिये जाते थे। उसी प्रकार उनको पारलौकिक उपसर्ग भी होते थे अर्थात् देवयोनि के प्राणी भी उनको नानाविधि भयानक उपसर्ग देते थे। भगवान को दुर्गन्ध और सुगन्ध के भी उपसर्ग होते थे। नाना प्रकार के कठोर और मधुर शब्दों का उपसर्ग होता था।

टीकाकार ने इहलौकिक उपसर्गों को मनुष्य जनित माना है और इन उपसर्गों को स्पर्श तथा अन्य दुःख विशेषादि रूप वर्णन किया है। इस जन्म के प्राणियों द्वारा प्रदत्त दुःखों को दण्ड-प्रहारादि प्रतिकूल उपसर्ग कहा है। इसके विपरीत पारलौकिक दुःखों को भयानक नाना प्रकार का कहा है। कोई दृष्टांत विशेष नहीं दिया है। भाषा टीकाकार ने पारलौकिक उपसर्गों को देव, तिर्यंच प्रदत्त कहा है। सुरभि गन्ध में पुष्प, चंदनादि का उदाहरण दिया है, दुर्गन्ध में सड़े हुए मृत कलेवर का दृष्टांत दिया है तथा मधुर शब्द मे वीणा, वेणु, मृदंग आदि के शब्दों का उदाहरण दिया है। भाषा टीकाकार ने कठोर शब्द से श्वान, शृंगाल, गधा आदि के कर्कश सुर का उदाहरण दिया है।

भगवान इन सब अनुकूल, प्रतिकूल उपसर्गों को सदा सर्वकाल समता से सहन करते थे। विरूप रूप स्पर्श के दुःख विशेषों को, संयम में अरति को, उपभोगों से रति को तिरस्कृत करके संयमानुष्ठान में परिव्रजन करते थे। महान भगवान अबहुभाषी—मितभाषी थे। क्वचित् प्रश्न करने पर अल्प शब्दों में उत्तर देते थे, क्वचित् नहीं देते थे।

(ख) शय्यापरिषह

·१ सयणेहिं तस्सुवसग्गा, भीमाआसी अणेगरूवाय।
संसप्पगाय जे पाणा, अदुवा जे पक्खिणो उवचरंति॥
अदुकुचरा उवचरंति, गामरक्खा य सत्तिहत्थाय।
अदु गामिया उवसग्गा, इत्थी एगतीया पुरिसा य॥

—आया० श्रु १। अ ९। उ २। गा ७,८ पृ० ७५

टीका—किञ्च सयणेहिं इत्यादि शय्यते स्थीयते उत्कुटुकाशनादिभिर्येष्विति शयनान्याश्रयस्थानानि तेषुवर्तितस्य भगवत उपसर्गा भीमाभयानका आसन्ननेकरूपाश्च शीतोष्णादि रूपतया अनुकूलप्रतिकूलरूपतया वा तथा संसर्पन्तीति संसर्पकाः शून्यगृहादावहि नकुलादयो ये प्राणिन उपचरंत्युपसामीप्येन मांसादिकमश्नं त्यथवाश्मशानादौ पक्षिणो गृध्रादय उपचरंतीति वर्त्तते।

किञ्च अदुवा इत्यादि अथास्तरंकुशितं चरन्तीति कुचराश्चौर पारदारिकादयस्तेच क्वचिच्छून्यगृहादावचरंस्युपसर्गयन्ति तथा ग्रामरक्षादयश्च त्रिकचच्चुरादि व्यवस्थितं शक्तिकुंतादिहस्ता उपचरंतीति अथग्रामैकाग्राम धर्माश्रिताउपसर्गा एकाकिनः स्युस्तथाहि काचित् स्त्रीरूपदर्शनाध्युपपन्ना उपसर्गयेत्पुरुषोषवेति ।

नाना प्रकार के शय्यास्थानों मे उत्कुटुकादि आसनों में अवस्थित भगवान को अनेक रूप से भयकर उपसर्ग होते थे । यथा—शीतोष्ण उपसर्ग, अनुकूल-प्रतिकूल उपसर्ग, उपचरित प्राणी—सर्प आदि का उपसर्ग ।

ये सर्प आदि प्राणी निवास स्थान के भीतर, नकुल आदि निवास स्थान के बाहर मांसनोचन का उपसर्ग करते थे । श्मशान आदि वासस्थानों में गृद्ध आदि उड़ने वाले जीव शारीरिक उपसर्ग उत्पन्न करते थे ।

कदाचित् शून्यगृहों में विराजते हुए भगवान् को चोर, पारदारिक आदि निशाचर व्यक्ति उपसर्ग देते थे । ग्राम-रक्षक आदि, दस्युदल, सशस्त्र व्यक्ति तथा असामाजिकतत्व भगवान को अकेला देखकर उपसर्ग देते थे तथा कदाचित् भगवान के दर्शन से समुत्पन्न व्यामोह से कोई स्त्री उपसर्ग देती थी अथवा कदाचित् कोई पुरुष उपद्रव करता था ।

इन सब उपसर्गों को भगवान समभाव से सहन करते थे ।

·२ एलिक्खए जणा भुज्जो, बहवे वज्जभूमि फरुसासी ।
लट्ठिं गहाय णालियं, समणातत्थ य विहरिंसु ॥

—आया० श्रु १ । अ ९ । उ ३ । गा ५

उस लाढदेश की वज्रभूमि मे इस तरह के बहुत से मनुष्य रूक्ष आहार करने वाले थे अतएव वे स्वभाव से ही क्रोधी होते थे वहाँ पर अन्यतीर्थिक भिक्षु अपने शरीर प्रमाण लाठी अथवा नालिका अर्थात् अपने शरीर से चार अंगुल अधिक बड़ी लकड़ी लेकर विचरते थे । ऐसे विकट देश में भगवान ने बारबार विहार किया था ।

·३ सयणेहिं तस्सुवसग्गा, भीमा आसी अणेगरूवा य ।
संसप्पगा य जे पाणा, अदुवा जे पक्खिणो उवचरंति ॥

—आया० श्रु १ । अ ९ । उ २ । गा ९

भगवान जिन स्थानों में ठहरते थे वहाँ अनेक प्रकार के भयंकर उपसर्ग हुए थे और जो सरक कर चलने वाले प्राणी हैं उन सर्प, नकुल आदि प्राणियों द्वारा तथा जो पक्षी समीप आकर मांसभक्षण करते थे उन गीध आदि प्राणियों द्वारा बहुत से उपसर्ग हुए ।

(ड) अचेल परीषह

·१ अह्चक्खु-भीया सहिया, तं "हंता" बहवेकंदिसु ॥

—आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा ५ । पृ० ७२

तथा रीयमाणं दृष्ट्वा कदाचिदव्यक्तवयसः कुमारादयः उपसर्गये-युरिति दर्शयति अथानंतर्येचक्षुःशब्दोत्र दर्शनपर्यायोदर्शनादेवभीतादर्शनभीता संहितामिलितास्ते बहवो डिंभादयः पांसुमुष्ट्याद्दिभिर्ह त्वाहत्वाचक्रदुःपश्यत यूयं नाग्नामुण्डिनस्तथाकीयंकुनीयं किमितो वायमित्येव हलबोलंचक्रुरिति × × ×।

मूल—(भगवान को इस प्रकार स्थित दृष्टि से गमन करते हुए) देख बहुत से (बालक) भयभीत होकर एकत्रित होकर 'मारो-मारो' आदि चिल्लाते हुए (भगवान पर धूल की मुट्ठियाँ निक्षिप्त करते थे तथा मारते भी थे।)

टीका—इस प्रकार जाते हुए देखकर कदाचित् अव्यक्त-अल्प वयस्क-बालक आदि भगवान को उपसर्ग उत्पन्न करते थे। कदाचित् दर्शन मात्र से भयभीत होकर, एकत्रित होकर बहुत से बालक धूल की मुट्ठियाँ फेंकते हुए 'मारो मारो' चिल्लाते हुए तथा यह 'मुण्डित-मुण्डा कैसे, कहाँ, कौन जा रहा है ऐसा चिल्लाते हुए भगवान के पीछे दौड़ते थे।

·२ हयपुव्वो तत्थ दंडेहिं, लूसियपुव्वो अप्पपुण्णेहिं ॥

—आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा ८ । पृ० ७३

टीका—दंडैर्हतपूर्वस्तत्रानार्यदेशादौपर्यटन्नथाल्लूषित पूर्वो हिंसितपूर्वः केशलुंचनादिभिरपुण्यैरनार्यैः पापचारैरिति × × ×।

अनार्य देशों में पर्यटन—विहरण करने पर भगवान को पापाचारी अनार्य पुरुष डण्डों से मारते व पीटते थे तथाकेश लुंचन आदि हिंसक कार्यों से भगवान को कष्ट देते थे।

·३ संवच्छरं साहियंमासं जं ण रिक्कासि तत्थ भगवं ।
अचेलए तओ चाईतं वोसिज्ज वत्थमणगारे ॥

—आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा ४

देवदुष्य वस्त्र का साधिक तेरह मास तक परित्याग नहीं किया। तत्पश्चात् उस वस्त्र का त्याग करके वे अनगार सर्वथा अकेले होकर विचरने लगे।

(ढ) चर्या परीषह

·१ क्षुत्तृषादिभवान् सर्वान् जयेद्घोरान् परीषहान्।
वनस्थोपद्रवान् शक्त्या वीरोऽतुलपराक्रमः ॥

—वीरवर्धमान० अधि १३ । श्लो ५५

वे अतुल पराक्रमी वीर प्रभु अपनी शक्ति से क्षुधा तृषादिजनित सर्वघोर परीषहों को तथा वन में होने वाले सभी उपद्रवों को सहन करते थे।

'२ अदुपोरिसिं तिरियं भित्तिचक्खुमासज्ज अन्तसो झाइ।
अह चक्खुभीया संहिया ते हन्ता हन्ता बहवे कंदिंसु ॥

—आया० श्रु १। अ ९। उ १। गा ५

जब भगवान युगपरिमित भूमि का अवलोकन करते हुए एकाग्र होकर —विस्तीर्ण आख को आँखों से देखकर चलते थे तब भगवान को देखकर, डरकर या कुतूहल से कई बालक इकट्ठे होकर धूल की मुट्ठि से फेंक फेंक कर हल्ला करते थे।

(ङ) अरति परिषह

१ आघायनट्टगीयाइं दंडजुद्धाइं मुट्ठिजुद्धाइं ॥

—आया० श्रु १। अ। ९। उ १। गा ९ उत्तरार्ध

कथा, नृत्य, गीत आदि सुनकर कुतूहल को प्राप्त नहीं होते, लकड़ियों की मारा-मारी मुष्ठि युद्ध देखकर विस्मय नहीं करते।

'२ जे के इमे अगारत्था, मीसीभावं पहाय से झाई।
पुट्ठो वि णाभिभासिंसु, गच्छइ णाइवत्तइ अंजू ॥

—आया० श्रु १। अ ९। उ १ गा ७

जो कोई ये गृहस्थ हैं उनके संसर्ग को छोड़कर भगवान शुभध्यान ध्याते थे। उनके द्वारा पूछा जाने पर बोलते नहीं थे किन्तु वे अपने कार्य के लिए चलते ही जाते थे। संयमानुष्ठान में तत्पर भगवान मोक्ष मार्ग का अतिक्रमण नहीं करते थे।

'३ अरइं रइं अभिभूय, रीयइ माहणे अबहुवाई ॥
विरए गामधम्मेहिं, रीयइ माहणे अबहुवाई।

—आया० श्रु १। अ ९। उ २। गा १० उत्तरार्ध

—आया० श्रु १। अ ९ गा ३ पूर्वार्ध

अरति और रति को हटा कर (अबहुवाई) बहुत न बोलते हुए विचरते थे।
इन्द्रियों के विषयों से विरक्त माहन भगवान अल्प भाषी होकर विचरते थे।

'४ एताइं सो उरालाइं, गच्छइ णायपुत्ते असरणाए।

—आया० श्रु १। अ ९। उ १। गा १०। उत्तरार्ध। पृ० ७७

टीका—एतान्यन्यानि चानुकूलप्रतिकूलानि परीषहोपसर्ग रूपाण्युरालानि दुःप्रसृष्याणि दुःखान् यस्मरन् गच्छति संयमानुष्ठाने पराक्रमते। ज्ञाताः क्षत्रियस्तेषां पुत्रोऽपत्यं ज्ञातपुत्र वीरवर्द्धमान स्वामी स भगवान्नै तद् दुःख स्मरणाय गच्छति

पराक्रम इति संबंधः। यदिवाशरणं गृहं नात्र शरणमस्तीत्यशरणः संयमस्तस्मै शरणाय पराक्रम इति।

(भगवान महावीर विभिन्न क्षेत्रों में विहरण करते थे।) इस विहरण काल में दुस्सह अनुकूल और प्रतिकूल परीषह—उपसर्गों का सहन करते हुए ज्ञात पुत्र भगवान् संयम मार्ग में गमन करते थे।

(ख) छट्ठे चतुर्मास के बाद आठ मास मगधभूमि में भगवान् को उपसर्ग नहीं हुआ—

·१ पुणरवि भद्दियनगरेतवंविचित्तं तुछट्ठवासम्मि।
मगहाइ निरुवसग्गंमुणि उउबद्धम्मि विहरित्था।

—आव० निगा ४८७

टीका—पुनरपि भगवान् भद्रिकनगरेगतः तत्रषष्ठे वर्षारात्रे विचित्रतपः स्थानादि विषय कायक्लेशं चकृतवाम्, ततो मुनिः—भगवान् मगधेषु जनपदेमृतुबद्ध निरुपसर्गं व्यहार्षीत्।

·२ अथ स्वामी महावीरो गोशालेनानुसेवितः।
मासानष्टानुपसर्गं व्याहार्षीन्मगधावनौ ॥१॥

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ४

छट्ठे चतुर्मास के बाद भगवान महावीर ने आठ मास मगध भूमि में विचरण किया, वहाँ उपसर्ग भी हुआ।

·४७ वर्धमानका छद्मस्थ संयम-जीवन

·१ उपचर्या

(क) आघाय—णट्ट—गीयाइं, दंडजुद्धाइं मुट्ठिजुद्धाइं।

—आया० श्रु १ । अ ९ । उ १ । गा ९ उत्तरार्ध । पृ० ७१

टीका—तथाख्यातानि च तानि नृत्तगीतानि च आख्यातनृत्तगीतानि तान्युद्दिश्य न कतमुकं विधधाति नापि दंडयुद्धमुष्टियुद्धान्याकर्ण्य विस्मयोतफुल्ल-लोचन उद्धषितरोमकूपो भवति।

(संयम जीवन का एक अंग विचरण करना है अतः भगवान भी विभिन्न क्षेत्रों में विहरण करते थे।) इस विहरण में सामान्यतया भगवान देखते थे कि स्थान-स्थान पर कथा-वाचन, नृत्य-नाटक, गीत-संगीत हो रहे हैं लेकिन इन सबको होते देखकर भगवान को इनके

प्रति किसी प्रकार कौतुक उत्पन्न नहीं होता था अर्थात् उनको देखने की इच्छा भी नहीं करते इसी प्रकार यत्र-तत्र दण्डयुद्ध-लाठीखेला तथा मुष्ठियुद्ध-घूसाबाजी अथवा अन्य इसी प्रकार के खेल होते थे, लेकिन इनको देख-सुनकर भगवान के विस्मय, नेत्रों मे प्रफुल्लता तथा रोमकूप में रोमाञ्च नही होता था।

(ख) सयमेव अभिसमागम्म, आययजोगमायसोहीए।
अभिणिव्वुडे अमाइल्ले, आवकहं भगवं समियासी॥

आया० श्रु १। अ ९। उ ४। गा १६

स्वयमेव तत्वों को भली प्रकार जान कर आत्मशुद्धि द्वारा मन-वचन-काय के योगों को अपने वश में करके शान्त माया रहित भगवान यावज्जीवन पाँच समिति और तीन गुप्ति से युक्त थे।

(ग) अहियासए सया समिए, फासाइं विरूवरूवाइं।

—आया० श्रु १। अ ९। उ ३। गा १०। पूर्वार्ध

माहन श्रमण भगवान महावीर स्वामी समिति से युक्त होकर अनेक प्रकार के कष्टों को समभावपूर्वक सहन करते थे।

(घ) एस विही अणुक्कंतो, माहणेण मइमया।
बहुसो अपडिण्णे, भगवया एवं रीयंति॥

—आया० श्रु १। अ ९। उ २। गा १६

मतिमान निदान रहित माहन भगवान महावीर स्वामी ने बहुत बार इस विधि का आचरण किया था। इसलिए अन्य मोक्षार्थी आत्माओं को भी इसी प्रकार आचरण करना चाहिए।

(च) सिसिरंसि अद्धपडिवन्ने, तं वोसिज्ज वत्थमणगारे।
पसारित्तु बाहुं परक्कमे, णो अवलंबियाणखंधंसि।

—आया० श्रु १। अ ९। उ २। गा २२। पृ० ७४

टीका—किञ्च सिसिरंसि इत्यादि अर्द्ध प्रतिपन्ने शिशिरे सति तद्देवदुष्यवस्त्रं व्युत्सृज्यानगारो भगवान् प्रसार्य बाहुं पराक्रमतेन तु पुनः शीतार्दितः सन् संकोचयति नापि स्कंधोवलंब्यतिष्टतीति।

शिशिरऋतु के अर्ध व्यतीत हो जाने पर तथा देवदुष्य वस्त्र के (स्वतः गिर जाने पर) अनगार भगवान ने उस वस्त्र का व्युत्सर्ग—परित्याग कर दिया। एवं वे दोनों हाथों को पसार कर (शीत परीषह सहने मे) पराक्रम करके विचरण करने लगे। तथा शीतार्दित

होंकर भी बाहुओं को स्कंध से झुलाकर नहीं चलते थे बल्कि दोनों हाथों को फैलाकर विचरण करते थे।

(छ) रायोवरायं अपडिण्णे, अन्नगिलाणायमेगया भुंजे ॥

—आया० श्रु १ । अ ६ । उ ४ । गा ६ उत्तरार्ध । पृ० ७८

टीका—रात्रोपरात्रमित्यहर्निशं विहृतवान् किं भूतो अप्रतिज्ञः पानाभ्युपगम-रहित इत्यर्थस्तथा अणे गिलायंति पर्युषितंतदेकदा भुक्तवानिति।

रात-दिन अर्थात् सदा परीषह उपसर्गों का किसी भी प्रकार प्रतिकार न करते हुए निरीह भाव से विचरते थे और कभी-कभी आहार करते थे किन्तु वह भी ठण्डा आहार करते थे।

(ज) ओमोदरियं चाएति, अपुट्ठे वि भगवं रोगेहिं।
पुट्ठे वा से अपुट्ठे वा, णो से सातिज्जति तेइच्छं॥
संसोहणं च वमणंच, गायब्भंगणं सिणाणं च।

- आया० श्रु १ । अ ६ । उ ४ । गा १-२ । पृ० ७७

टीका—ऊमोयरियं इत्यादि अपि शीतोष्णं दंशमशकाः परीषहाः सोढुं न पुनरव मोदरता भगवांस्तु पुनरोगैरस्पृष्टोपि वातादि क्षोभभावेप्यवमौदर्यं न्यूनोदरतां शक्नोति कर्त्तुं लोकोहिरोगैरभिद्रुतः संस्तदुपशमनायाव मोदरता विधत्ते भगवांस्तु: तदभावोऽपि विधत्त इत्यपि शब्दार्थो अथवा स्पृष्टोपि कासस्वासादिभि-र्द्रव्यरोगै अपि शब्दात् स्पृष्टोप्यसद्वेदनीयादिभिर्द्रव्यरोगैर्न्यूनोदरतां करोति अथ किं द्रव्यरोगात्का भगवतोन प्रादुष्यन्ति येन भावरोगैः स्पृष्ट इत्युक्तं तदुच्यते भगवतो हि न प्राकृतस्यैव देहजाः कासस्वासादयो भवंत्यागन्तुकास्तु शस्त्रप्रहारजा भवेयुरित्येत देवदर्शयति। स च भगवान् स्पृष्टो वा स्वभक्षणादिभिरस्पृष्टो वा कासादिभिर्नासौ चिकित्सामभिलषति न द्रव्योषधाद्युपयोगतः पीडोपशमं प्रार्थयतीत्येत देवदर्शयितुमाह।

संसोहणं च इत्यादि गात्रस्य सम्यक् शोधनं विरेचनं निःश्रोतादिभिस्तथा वमनं मदनफलादिभिश्च शब्द उत्तरपद समसुच्चयार्थो गात्राभ्यङ्गनश्च सहस्रपाक-तैलादिभिः संबाधनञ्च हस्तपादादिभिस्तस्य भगवतो न कल्पते तथा सर्वमेव शरीरमशुद्ध्यात्मकमित्येवं परिज्ञाय ज्ञात्वा दंतकाष्ठादि भिर्दतप्रक्षालनञ्च न कल्पत इति।

भगवान रोगों से अस्पृष्ट होते हुए भी ऊनोदरी तप करते थे। रोगादि से स्पृष्ट होने पर भी अथवा न होने पर वे भगवान् कभी भी चिकित्सा करवाना नहीं चाहते थे। इस

औदारिक शरीर को अशुचिमय जानकर वे भगवान किसी भी प्रकार का जुलाब, वमन, तैलादि द्वारा शरीर का मर्दन, स्नान सवाधन यानी हाथ पैरों की चम्पी और दांतन नहीं करते थे।

अर्थात् भगवान के शरीर में किसी प्रकार की व्याधि न होते हुए भी सदा ऊनोदरी तप करते थे। भगवान को श्वास, खांसी आदि शरीर-जन्य कोई रोग नहीं होता था किन्तु अभ्याहत जो कष्ट और व्याधि होती थी, उसकी निवृत्ति के लिए भगवान औषध करने की कभी इच्छा नहीं करते थे। भगवान जानते थे कि यह औदारिक शरीर अशुचिमय है—ऐसा जानकर वे जुलाब, वमन, तैलादि द्वारा शरीर का मर्दन, स्नान, पगचम्पी और दांतन आदि द्वारा किसी भी प्रकार से इस शरीर की परिचर्या नहीं करते थे।

(फ) सयमेव अभिसमागम्म, आयतजोगमायसोहीए।
अभिणिव्वुडे अमाइल्ले, आवकहं भगवं समिआसी।।

आया० श्रु० १। अ ६। उ ४। गा १६। पृ० ७९

टीका - किंच सयमेव इत्यादि सयमेवात्मना तत्त्वमभिसमागत्यविदित संसार स्वभावः स्वयंबुद्धःसन् तीर्थप्रवर्त्तनायोद्यत वांस्तथा चोक्त' आदित्या दिविबुधः विसरमर्त्या त्रिलोक्या मास्क'दन्तं पदनुपमं यच्छिवंस्त्वा सुवाच तीर्थनाथा लघुभवः भयोच्छेदि तूर्ण विद्यत् स्वेत्ये तद्ववाक्यं त्वदवगतयोना किमुत्यान्नि योग इत्यादि कथं तीर्थ प्रवर्त्तनायोद्यत इति दर्शयत्यात्म शुद्धया कर्मक्षयोपशम क्षयलक्षणया यतयोगं सुप्रणहित मनोवाक्कायात्मकं विधाय विषयकषायाद्युपशमनादिभिर्निर्वृ'त्तः शीतीभूतस्तथा अमायावो मायारहित उपलक्षणार्थ त्वादस्याक्रोधाद्यपि द्रष्टव्य' यावत्कथमिति यावज्जीवं भगवान् पंचभिः समितिभिः समितस्तथा तिसृभिर्गु'प्तीश्चासीदिति।

स्वयमेव तत्त्वों को भली प्रकार जानकर आत्मशुद्धि द्वारा मन, वचन, काया के योगों को वश में करके शान्त, मायारहित भगवान यावज्जीवन पाँच समिति और तीन गुप्ति से युक्त थे। क्रोधादि कषाय न करते हुए भगवान सदा शान्त तथा पाँच समिति और तीन गुप्ति से युक्त थे।

२ भगवानका आत्म विहरण

(क) तओ णं समणे भगवं महावीरे वोसट्ठचत्तदेहे अणुत्तरेणं आलएणं, अणुत्तरेणं विहारेणं, अणुत्तरेणं संजमेणं, अणुत्तरेणं पग्गहेणं, अणुत्तरेणं संवरेणं अणुत्तरेणं तवेणं, अणुत्तरेणं बंभचेरवासेणं, अणुत्तराए खंतीए, अणुत्तराए मोत्तीए,

अणुत्तराए तुट्ठीए, अणुत्तराए समितीए, अणुत्तराए गुत्तीए, अणुत्तरेणं ठाणेणं, अणुत्तरेणं कम्मेणं, अणुत्तरेणं सुचरियफलणिव्वाणमुत्तिमग्गेणं अप्पाणं भावेमाणे विहरइ ॥

—आया० श्रु० २। अ १५। सु ३६। पृ० २४०

(ख) तस्स णं भगवंतस्स अणुत्तरेण नाणेणं, अणुत्तरेणं, दंसणेणं अणुत्तरेणं चरित्तेणं अणुत्तरेणं आलएणं अणुत्तरेणं विहारेणं अणुत्तरेणं वीरिएणं अणुत्तरेणं अज्जवेणं अणुत्तरेणं मद्दवेणं अणुत्तरेणं लाघवेणं अणुत्तराए खंतीए अणुत्तराए मुत्तीए अणुत्तराए गुत्तीए अणुत्तराए तुट्ठीए अणुत्तरेण सच्चसंजमतवसुचरियसोवचंइयफलपरिनिव्वाणमग्गेणं अप्पाणं भावेमाणस्स दुवालसं संवच्छराइं विइक्कंताइं × × ×

—कप्प० सू १२१। पृ० ४०। ४१

भगवान महावीर ने साधना काल मे अनुपम ज्ञान, अनुपम दर्शन, अनुपम सयम, अनुपम निर्दोष वसति, अनुपम विहार, अनुपम वीर्य, अनुपम सरलता, अनुपम कोमलता-नम्रता, अनुपम अपरिग्रह वृत्ति, अनुपम क्षमा, अनुपम निर्लोभता, अनुपम गुप्ति, अनुपम प्रसन्नता, आदि गुणों से अनुपम रूप, सयम, तप आदि भिन्न-भिन्न गुणों के सम्यग् आचरण से निर्वाण का मार्ग अर्थात् सम्यग् ज्ञान, सम्यग् दर्शन और सम्यग् चारित्र—ये रत्नत्रय विशेष रूप से पुष्ट बने थे अर्थात् मुक्तिफल का लाभ उनके पास सहज भाव से आता था। इन उत्तम गुणों के द्वारा भावित भगवान थे।

(ग) तएणं समणे भगवं महावीरे जाए इरियासमिए भासासमिए एसणासमिए आयाणभंडमत्तनिक्खेवणासमिए उच्चारपासवणखेलसिंघाणजल्लपरिट्ठावणियासमिए मणसमिए वइसमिए कायसमिए मणगुत्ते वयगुत्ते कायगुत्ते गुत्ते गुत्तिंदिए गुत्तबंभयारी अकोहे अमाणे अमाएअलोभे संते पसंते उवसंते परिनिव्वुडे अणासवे अममे अकिंचणे छिन्नगंथे निरुवलेवे कंसपाई इव मुक्कतोये, संखोइव निरंजणे, जीवो इव अप्पडिहयगई, गगणंपिव निरालंबणे, वायुरिव अप्पडिबद्धे, सारयसलिलंव सुद्धहियए, पुक्खरपत्तं व निरुवलेवे, कुम्मो इव गुत्तिंदिए, खग्गिविसाणं व एगजाए, विहग इव विप्पमुक्के, भारुंडपक्खी इव अप्पमत्ते, कुंजरो इव सोंडीरे, वसभो इव जायथामे, सीहो इव दुद्धरिसे, मंदरो इव अप्पकंपे सागरो इव गंभीरे, चंदो इव सोमलेसे, सूरो इव दित्ततेए, जच्चकणगं व जायरूवे, वसुंधराइव सव्वफासविसहे, सुहुयहुयासणो इव तेयसा जलंते।

—कप्प सु ११७। पृ० ३६, ४०

भगवान ईर्या समिति, भाषा समिति, एषणा समिति, आदान भण्डमात्र निक्षेपणा समिति और-उच्चार पासवणखेल-सिंघाण जल पारिष्ठापनिका समिति, —इन पाँच समिति को धारण करते हुए भगवान महावीर मन को सम्यग्प्रकार प्रवर्तन वाले, वचन के सम्यग् प्रकार प्रवर्तन वाले, काय को सम्यग्-प्रकार प्रवर्तन वाले हुए। मनो गुप्ति, वचन गुप्ति और काय गुप्ति से गुप्त थे। जितेन्द्रिय भगवान सर्वथा निर्दोषरूप गुप्त ब्रह्मचारी थे। अक्रोधी, अमानी, अमायावी और लोभ रहित भगवान शांत बने। उपशांत हुए, उनके सर्व सताप दूर हो गये। आश्रव रहित, ममता रहित, अकिंचन, बाह्य-आभ्यन्तर ग्रन्थि रहित बने। जैसे कांसे के बर्तन में जल स्थित निर्लेप रहता है उसी प्रकार निर्लेप थे। शंख की तरह निरंजन थे। जीव की तरह अप्रतिहत अप्रतिबद्ध विचरते थे। गगन की तरह निरावलम्ब थे। वायु की तरह अप्रतिबन्ध विहारी थे।

शरद् ऋतु के पानी की तरह हृदय निर्मल था। कमल पत्र की तरह निरुपलेप थे। कूर्म की तरह गुप्तेन्द्रिय थे, महावराह के मुख पर एक सिंग की तरह भगवान एकाकी थे, पक्षी की तरह विप्रमुक्त थे, भारण्ड पक्षी की तरह अप्रमत्त थे, हाथी की तरह शूर थे, बलद की तरह प्रबल पराक्रमी थे, सिंह की तरह किसी से भी गांजे न जाय वैसे बने। मेरु की तरह अडिग, अकंप, निश्चल थे, सागर की तरह गम्भीर, चन्द्र की तरह सोमलेशी थे, सूर्य की तरह दिप्त तेजस्वी थे। उत्तम सोने की तरह कांतिवान थे, वसुधरा की तरह सर्व स्पर्शों को सहन करने वाले थे, होमित अग्नि की जाज्वल्यमान थे।

(घ) नत्थि णंतस्स भगवंतस्स कत्थइ पडिबंधो भवति। सेय पडिबंधे चउव्विहे पन्नत्ते, तंजहा-दव्वओ खेत्तओ कालओ भावओ ×××। भावओ णं कोहे वा माणे वा मायाए वा लोभे वा भये वा हासे वा पेज्जे वा दोसे वा कलहे वा अब्भक्खाणे वा पेसुन्ने वा परपरिवाए वा अरतिरती वा मायामोसे वा मिच्छा-दंसणे सल्ले वा।

तस्स णं भगवंतस्स नो एवं भवइ।

—कप्प० सू ११८। पृ० ४०

भगवान महावीर के कहीं पर भी प्रतिबन्ध नहीं था। अर्थात् भगवान के किसी भी प्रकार-प्रतिबन्ध नहीं था। भगवान के भावतः क्रोध, मान, माया, लोभ, भय, हास्य, राग, द्वेष, कलह अभ्याख्यान, पैशुन्य, परपरिवाद, रति-अरति, कपटपूर्वक झूठ बोलना, मिथ्या-दर्शन-शल्य रूप प्रतिबन्ध नहीं था।

(च) प्रायश्चित्तातिगो देवो निःप्रमादो जितेन्द्रियः ।
निर्विकल्पं मनः कृत्वा कायोत्सर्गं विधाय च ॥४८॥
सर्वत्र स्वात्मनो ध्यानं कृत्स्नकर्मवनानलम् ।
कुर्यात्कर्मारिघाताय परमानन्दकारणम् ॥४९॥
अभ्यंतरं तपः सर्वं संपूर्णं तस्य जायते ।
तेनात्मध्यानयोगेन विश्वास्रवनिरोधनात् ॥५०॥
इति तेपे चिरं वीरः सत्तपांसि पराणिच ।
स्ववीर्यं प्रकटीकृत्य द्वादशैव प्रयत्नतः ॥५१॥

— वीरवर्धच० अधि १३ । श्लो ४८ से ५१

वीर जिनेन्द्र सदा प्रमाद रहित होकर इन्द्रियों को जीतते थे अतः प्रायश्चित्त लेने की उन्हें कभी आवश्यकता नहीं थी। वे मन को सर्व प्रकार के सकल्प-विकल्पों से रहित करके और कायोत्सर्ग करके सर्वकर्मरूप वन को जलाने के लिए अग्नि के समान अपनी आत्मा का सर्वत्र ध्यान करते थे। इस प्रकार कर्म शत्रु के विघात के लिए परम आनन्द का कारणभूत सर्व प्रकार का आभ्यन्तर तप आत्मध्यान के योग से और समस्त आस्रवों के निरोध से उनके सदा होता रहता था। इस प्रकार वीर भगवान ने अपने वीर्य को प्रकट करके प्रयत्नपूर्वक बारहों ही उत्तम तपों को चिरकाल तक तपा।

(छ) सयणेहिं वितिमिस्सेहिं, इत्थीओ तत्थ से परिण्णाय ।
सागारियं ण सेवे, इति से सयं पवेसिया झाति ॥

— आया० श्रु १ । उ ६ । उ १ । गा ६ । पृ० ७२

टीका — ××× । किञ्च सयणेहिं इत्यादि शङ्कं ते पञ्चितिशयनानिवसतयः तेषुकुतश्चिन्निमित्तादितिमिश्रेषुगृहस्थतीर्थिकैस्तत्रव्यवस्थितः सन्यदिस्त्रीभिः प्रार्थ्यते ततस्ताः शुभमार्गार्गला इति ज्ञात्वा ज्ञपरिज्ञया प्रत्याख्यानपरिज्ञया परिहरन् सागारिकं मैथुनं न सेवते पून्येषुच भाव मैथून न सेवते इत्येवं स भगवान् स्वयमात्मना वैराग्यमार्गंयात्मानं प्रवेश्य धर्मध्यानं शुक्लध्यानं वा ध्यायति । ××× ।

कभी-कभी भगवान मिश्रित निवास स्थानों में—गृहस्थ तथा अन्यतीर्थियों से बसे हुए-स्थानों में वास करते थे।

वहाँ (कामेच्छु) स्त्रियों (द्वारा आमन्त्रित होकर भी) भगवान कामसेवन नहीं करते थे तथा भाव-मानसिक काम सेवन भी नहीं करते थे। क्योंकि भगवान जानते थे कि यह मोक्ष मार्ग में बाधक है। ऐसी अवस्था में भगवान आत्मस्थ होकर प्रशस्त ध्यान करते थे।

(अ) फरुसाइं दुत्तितिक्खाइं, अतिअच्च मुणी परक्कममाणे।

—आया० श्रु १। अ ९। उ १। गा ९। पूर्वार्ध पृ० ७१

टीका—फरुसातं इत्यादि परुषाणि कर्कशानि वा दुष्टानि तानिवा परैर्दुःखेन तितिक्षन्त इति दुस्तितिक्षाणितान्यति गत्या विगणय्य मुनिर्भगवान्विदित जगत् स्वभावः पराक्रममाणः सम्यक् तितिक्षते।

(अनार्य देशों के विहरण में) भगवान को असहनीय—असह्य कठोर वचनों को सुनना पड़ता था। वे जगत स्वभाव के ज्ञाता (अनार्य पुरुष स्वभाव से ही कठोर दुर्वचनों का व्यवहार करते हैं इस तथ्य के जानकर) मुनि भगवान उनकी अवगणना कर संयम में पराक्रम करते हुए समता भाव धारण करते थे।

(म) एस विही अणुक्कंतो, माहणेण मईमया।
अपडिण्णेण वीरेण, कासवेण महेसिणा॥

—आया० श्रु १। अ ९। उ १। गा २३। पृ० ७४
—आया० श्रु १। अ ९। उ २। गा १६। पृ० ७६
—आया० श्रु १। अ ९। उ ३। गा १४। पृ० ७७
—आया० श्रु १। अ ९। उ ४। गा १७। पृ० ७९

टीका—एस विहि इत्यादि एष चर्याविधिरनन्तरोक्त अश्वाक्रांतोऽनुचीर्णः माहणेत्ति श्रीवर्द्धमानस्वामिना मतिमता विदित वेद्येन बहुशो अनेकप्रकारम-प्रतिज्ञेनानिदानेन भगवता ऐश्वर्यादि गुणोपेतेन एवमनेन यथा भगवदनुचीर्णेनान्ये मुमुक्षवो अशेषकर्म्म क्षयाय साधवो रीयन्ते गच्छन्तीति।

बुद्धिमन्त—परमार्थ के ज्ञाता माहण अप्रतिज्ञ—किसी प्रकार का निदान न करने वाले भगवान ने इस विधि से (कठिन परीषहमय) आचार का पालन किया। तथा अन्य मुनिगण भी इस प्रकार का आचरण करते हैं।

पाठान्तर-बहुसो अपडिन्नेण, भगवया एवं रीयन्ति त्ति बेमि।

(य) ××× गच्छंश्च दिवसे मुहूर्त्तशेषेकर्मारग्राममनुप्राप्तः, तत्रच प्रतिमायां स्थितः।

सो भगवं दिव्वेहिं गोसीसाइएहिं चंदणेहिं चुन्नेहि य वासेहि य पुप्फेहि य वासियदेहो निक्खमणामभिसेएण य अभिसित्तो, विसेसेण इंदेहिं चंदणाइगंधेण वासितो, तस्स पव्वइयस्स वि सतो चत्तारि साधिए मासे गंधोन फिडितो धतो से सुरभिगंधेण भमरा बहवे दूरातो पुप्फितेऽवि कुंदाइवणसंडे पइत्ता दिव्वेहिं गंधेहिं

आगरिसिया भगवतो देहमागम्म विधंति, केइ पुण मग्गतो गुमगुमायंता समल्लि-यंति, जयापुण न किंचिवि पावेंति तया आरुसिया तुंडेहिं तयं भिंदिऊण खायंति, केऽविकेई अजिइंदिया तरुणपुरिसा तेऽवि गंधे अग्घाइऊण गंधमुच्छिया भयवंतं भिक्खायरियाए हिंडतं गामाणुगामं दूइज्जंतं अणुगच्छंता अणुलोमं जायंति, देहि अम्हवि एयं गंधजुत्तिंति, ततो भगवंते तुसिणीए अच्छमाणे पडिलोमे उवसग्गे करेंति, तहा इत्थियातोवि भयवतो देहं सेयमलरहियं निस्साससुगंधमुहं अच्छीणिय निसग्गेण चेव नीलुप्पलपलासोवमाणि दट्ठु बहुविहमणुलोमुवसग्गं करेंति, एयं सामन्नेण भणियं विसेसो भण्णइ × × ×।

– आव० मूल भाष्य गा १११ । मलय टीका

(ट) दीक्षाक्षणे च यच्चक्रे विभोर्वैर्विलेपनम्।
भृंगास्तत्सौरभाकृष्टास्तमागत्योपदुद्रुवुः ॥
गंधयुक्तिमयाचन्त ग्रामीणतरुणाः प्रभुम्।
अंगसंगं तरुण्यस्तु स्मरज्वरभरौषधम् ॥
दीक्षादिनात् प्रभृत्येवं साग्रं मासचतुष्टयम्।
उपसर्गान्जगन्नाथः सेहे गिरिरिव स्थिरः ॥

— त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग ३ । श्लो ४६ से ४८

(भगवान महावीर कुण्डपुर के ज्ञातृ खण्ड उद्यान से विहारकर) एक मुहूर्त दिन शेष रहते हुए कर्मारग्राम पधारे। वहाँ प्रतिमा ग्रहण कर खड़े हो गये।

चूंकि भगवान महावीर के निष्क्रमण अभिषेक के समय उनके शरीर पर दिव्य गोशीर्ष चन्दन का लेप किया गया तथा चूर्ण, फूल आदि सुगन्धित द्रव्य लगाये गये। विशेषतः इन्द्र के द्वारा उनके शरीर पर चन्दनादि सुगन्धित द्रव्य लगाये गये। अतः दीक्षित होने के बाद भी उनके शरीर में साधिक चार मास गन्ध नष्ट नहीं हुई। उस सुरभिगन्ध के कारण भ्रमर दूर से ही आकर उनके शरीर का चिंतन करने लगे। कई भ्रमण पुनः गुम-गुम आवाज करते हुए वापस शरीर पर बैठ जाते। यदि कोई कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकता तो आक्रोशित होकर भगवान के शरीर के मांस और खूनको काटकर खाते।

कोई अजितेन्द्रिय तरुण पुरुष गन्ध से मूर्च्छित होकर जब भगवान को भिक्षा के लिए ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए, अनुकूल स्थान में जाते हुए देखते तथा भगवान की देहसे गन्ध आती हुई देखते तब भगवान महावीर को चुप-चाप बैठे हुए प्रतिकूल उपसर्ग उत्पन्न करते।

स्त्रियाँ भी भगवान के मलरहित देह, श्वास में सुगन्ध, आँख, नील रंग के कमल के समान स्वभाव देखकर—बहुविध अनुकूल उपसर्ग उत्पन्न करतीं। यह सामान्यतः कथन है।

'१ अप्रमत्त चर्या

(क) अकसाई विगयगेही, सद्दरूवेसुऽमुच्छिए झाति ।
छउमत्थे वि परक्कममाणे, णो पमायं सइं पि कुव्विस्था ॥
— आया० श्रु १ । अ ६ । उ ४ । गा १५ । पृ० ७८

टीका— किञ्च अकसाइं इत्यादि न कषायी तदुदयापादित भ्रकुट्यादि-कार्याभावात् तथाविगतागृद्धि गाढसंयंयस्यासौ विगतगृद्धिः तथा शब्दरूपादि-ष्विंद्रियार्थेष्वमूर्च्छितो ध्यायति मनोनुकूलेषु न रागमुपयाति नापीतरेषु द्वेषवशगोऽभू-दिति तथा छद्मनिज्ञानदर्शनावरण मोहनीयांतरायात्मके तिष्ठतीति छद्मस्थ इत्येवं भूतोपि विविधमनेक प्रकारं मदनुष्ठाने पराक्रममाणो न प्रमादंकषायादिकं सकृदपि कृतवानिति ।

कषाय रहित गृहिभाव रहित और शब्द, रूपादि विषयों में मूर्च्छित न होते हुए सदा ध्यान मग्न रहते थे । इस प्रकार शुभ अनुष्ठानों से पराक्रम करते हुए भगवान ने छद्मस्था-वस्था में एक बार भी प्रमाद नहीं किया था ।

चूंकि भगवान महावीर स्वामी अकषायी थे क्योंकि कषाय के उदय से उन्होंने किसी पर भी अपनी भृकुटि टेढ़ी नहीं की थी । वे शब्दादि विषयों में आसक्त नहीं होते थे अर्थात् अनुकूल विषयों में राग और प्रतिकूल में द्वेष नहीं करते थे । वे सदा शुभ अनुष्ठान ही में प्रवृत्त रहते थे । इस प्रकार उन्होंने छद्मस्थ अवस्था में एक बार भी प्रमाद का सेवन नहीं किया था ।

(ख) एएहिं मुणी सयणेहिं, समणे आसि पतेरसवासे ।
राइं दियंवि जयमाणे, अप्पमत्ते समाहिए झाइ ॥
- आया० श्रु १ । अ ६ । उ २ । गा ४

तपस्या में रत मुनि श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने इन स्थानों में उत्कृष्ट तेरह वर्ष तक अर्थात् तेरह वर्ष से अधिक नहीं किन्तु तेरह वर्ष से कुछ कम समय तक निवास किया था । वे रात-दिन संयम के अनुष्ठान में यत्नवान् रहते थे । वे कभी प्रमाद नहीं करते थे एवं स्थिर चित्त होकर धर्मध्यान-शुक्लध्यान ध्याते थे ।

(ग) से तंति चोदन्तो अच्छति, भगवंचहिंडमाणो आगतो, सो तं आगतं पेच्छेत्ता भणइ—भगवंदेवज्जगा । इमंता सुणेहि, अमुगं कलं वा पेच्छाहि । तत्थवि मोणेणं चेव गच्छति ।

—आया० चू० पृ० १०१

णंट्टं णच्चंते, तंपुण इत्थी पुरिसो वा णच्चति ।

—आया० चू० पृ० ३०१

भगवान सिद्धार्थपुर से विहार कर वैशाली पहुँचे । श्यामा ने कहा—हे देवार्य ! आप वीणा-वादन सुनिये । भगवान ने मौन रखा ।

भगवान स्त्री पुरुषों के नाटक भी नहीं देखते थे ।

(घ) आघायनट्टगीयाइं, दंडजुद्धाइं मुट्ठिजुद्धाइं ॥

—आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा ६ । उत्तरार्ध

आख्यात नृत्य और गीत तथा दण्डयुद्ध और मुष्टियुद्ध को देखने की इच्छा नही रखते थे ।

(च) णो वि य कंडूयये मुणी गायं ॥

—आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा २० । उत्तरार्ध

उन मुनि भगवान ने अपने शरीर में कभी खाज भी नही की ।

(छ) अच्छिं वि णो पमज्जिया,

—आया० श्रु० १ । अ ६ । उ १ । गा २० । उत्तरार्ध

नेत्र की धूलि निकालने के लिए उन्होंने कभी आँख का प्रमार्जन भी नहीं किया ।

(ज) गढिए मिहो-कहासु, समयंमि णायसुए विसोगे अदक्खू ।

—आया० श्रु १ । अ ६ । उ १ । गा १० । पूर्वार्ध । पृ० ७१

टीका—तथा गढिए इत्यादिश्लोकः प्रथितोबावद्धो मिथोऽन्योन्यं कथा सुस्वरैकथा सुममयेवा कश्चिदवबद्धस्तं स्त्रीहयं वा परस्पर कथायां गृद्धमपेक्ष्य तस्मिन्नवसरे ज्ञातपुत्रो भगवां विशोको विगत हर्षश्च तान् मिथः कथा च बद्धान्म-ध्यस्थो द्राक्षीन् ।

मूल—ज्ञातसुत—भगवान महावीर (विहरण करते हुए) किसी समय (मार्ग मे) परस्पर कामादि कथा मे तल्लीन (स्त्रियों को) देखते थे तो (उनके) विशोक शोक और हर्ष नहीं होता था ।

टीका—जब कभी ज्ञातपुत्र भगवान महावीर परस्पर कथा मे—कामोद्दीपक कथा में, शृङ्गारादि कथा मे आसक्त स्त्रियों को देखते थे उस अवसर पर भगवान हर्ष-शोक रहित होकर मध्यस्थ रहते थे ।

·४ आसन-ध्यान-समाधि

(क) तएणं सामी अहासंनिहिए सव्वे नायए आपुच्छिता णायसंडखहिया चरुयागऽवसेसाए पोरुसीएकंमारग्गामं पहावितो × × × । सामी पालीए जावच्चति तावपोरुसी मुहुत्तावसेसा जाता, संपत्तो य तं गामं तस्स बाहिं सामी पडिमंठितो ।

—आव० चू० पूर्वभाग पृ० २६८

दीक्षित होकर महावीर ने विहार कर कर्मारग्राम पधारे। (प्रथम प्रवास था) प्रतिमा ध्यान में स्थित हुए (ध्यान का प्रारम्भ)

(ख) अवि झाति से महावीरे, आसणत्थे अकुक्कुए झाणं ।
उड्ढमहे तिरियं च लोए झाएइ समाहिमपडिण्णे ॥

—आया० श्रु १। अ ६। उ ४। गा १४। पृ० ७८

टीका – किञ्च अविझाइ इत्यादितस्मिंस्तथाभूत आहारेलब्ध उपभुक्ते अलब्धे वापि ध्यायति स महावीरो दुःप्रणिधानादि नानापध्यानं विधत्ते किमवस्थो ध्यायतीति दर्शयत्यासनस्थ उत्कुटुका गोदोहिका वीरासनाद्यवस्थो अकौत्कुच्यईषन् मुख विकारादि रहितो ध्यानं धर्म्मशुक्लयोरन्यतर दारोहति कि पुनस्तत्र ध्येयं ध्यायतीति दर्शयितुमाह ऊर्द्ध मधस्तिर्यक्लोकस्य ये जीव परमाण्वादिका भावा व्यवस्थितास्तान् द्रव्यपर्यायनित्यानित्यादिरूपतया ध्यायति तथा समाधिमंतः करणशुद्धिञ्च प्रेक्षमाणोऽप्रतिज्ञो ध्यायतीति।

भगवान ध्यान के समय ऊर्ध्व, अधः और तिर्यक् — तीनों को ध्येय बनाते थे ऊर्ध्वलोक अधोलोक, तिर्यक् लोक के परमाणु आदि द्रव्यों का ध्यान करते थे। उत्कुटुका, गोदोहिका वीरासन आदि आसनों मे धर्मध्यान अथवा शुक्ल ध्यान ध्याते थे।

(ग) उड्ढं अहेयं तिरियंच, सव्वलोए झायति समितं, उड्ढलोएजे अहेवितिरिएवि, जेहिवा कम्मादाणेहि उड्ढं गंमतिएवं अहेतिरियंच, अहेसंसारं संसारहेउ चकम्मविपागं च झायति एवंमोक्खं मोक्खहेऊ मोक्खसुहंच झायति पेच्छमाणो आयसमाहि परसमाहिं च अहवा णाणादिसमाहि।

- आया० चू० पृ० ३२४

भगवान महावीर ऊर्ध्व, अधो, तिर्यक्-सर्वलोक का ध्यान करते थे। भगवान के ध्यान के निम्नलिखित विषय थे।

१—अर्ध्वगामी, अधोगामी और तिर्यक् गामी कर्म।

२ – बंधन, बंधन हेतु, और बंधन परिणाम।

३—मोक्ष-मोक्ष हेतु, और मोक्ष सुख आदि—

(घ) विरए गामधम्मेहिं, रीयति माहणे अबहुवाई।
सिसिरंमिएगदा भगवं, छायाए झाइ आसीय॥
आयावई य गिम्हाणं, अच्छइ उक्कुडुए अभितावे॥

—आया० श्रु १। अ ९ उ ४। गा ३,४ पूर्वार्ध। पृ० ७७

टीका—किञ्च विरए इत्यादि विरतो निवृत्तः केभ्यो ग्रामधर्म्मेभ्यो यथा स्वमिन्द्रियाणां शब्दादिभ्यो विषयेभ्यो रीयते संयमानुष्ठाने पराक्रमते माहणेत्ति भगवान् किंभूतो असावबहुवादी सकृद्व्याकरणभावात् बहुशब्दोपादानमन्यथा ह्यवादीत्येवं ब्रूयात्तथैकदा शिशिरसमये स भगवां छायायां धर्मशुक्लध्यान ध्यायन्नासीच्चेति।

किञ्च आयावसिय इत्यादि सुरुः व्यत्य येन सप्तम्यर्थे षष्ठीग्राष्मेष्वातापयति कथमिति तिष्ठंस्थुत् कुटुकासनो अभितापं तापाभिमुखमिति।

इन्द्रियों के विषयों से विरक्त मातृन भगवान अल्पभाषी होकर विचरते थे और कभी शिशिर ऋतु में अर्थात् शीतकाल में छाया में बैठकर ध्यान करते थे। भगवान ग्रीष्म ऋतु में उत्कुटुक आसन से सूर्य के सम्मुख धूप में बैठते थे और आतापना लेते थे।

(च) आसणं उक्कुडुओ वा वीरासणं वा।

—आया० चू० पृ० ३२४

(छ) आसनात् गोदोहिकोत्कटुकासनवीरासनादिकात्।

आया० वृत्ति पत्र २८३

भगवान के ध्यान में बैठने के मुख्य आसन—वीरासन, गोदोहिका, उत्कटिका—पद्मासन - पर्यंकासन थे।

(ज) उच्चालइय णिहणिंसु, अदुवा आसणाओ खलइंसु।
वोसट्ठकाए पणयासी, दुक्खसहे भगवं अपडिण्णे।

—आया० श्रु १। अ ९। उ ३। गा १२

(झ) केइ आसणातो खलयंति आयावणभूमीतो वा, जत्थ वा अन्नत्थठिओ णिसण्णो वा, केतिपुण एवं वेवमाणो हणेत्ता आसणातोवा खलित्ता पच्छा पाएसु पडितु खमिन्ति।

—आया० चू० पृ० ३२०

कभी ध्यानमग्न भगवान को ऊंचा उठाकर नीचे जमीन पर पटक देते थे और कभी आसन से बैठे होने तो लुढका देते थे। बाद में भगवान के पैरों में गिरजाते क्षमा मांगते।

(ञ) अलद्धपुव्वो वि एगया गामो।

आया० श्रु १। अ ९। उ ३। गा ८। उत्तरार्ष

(ट) एगया कदायि, गामि पविट्ठेण णिवासोण लद्धपुव्वो, जेण ववस्सतो ण लद्धो तेण गामो णलद्धो चेवभवति।

—आया० चू० पृ० ३१९, ३२०

लाढदेश में कभी-कभी स्थान नहीं मिलता तो वे पेड़ या जंगल के नीचे ठहर जाते थे।

(ठ) जं मणेज्ज—गाममभिगच्छंतंति, अपडिण्णो णाम पए पए परीसह-उवसग्गाणंवड्ढिण्णाणं णपडिकिरिया कायव्वा, कारणेण गाममणियंतियं गामब्भासंते लाढा पडिनिक्खमेत्त. लूसंति, णग्गा तुमंकि अम्हंगामं पविससि।

—आया० चू० पृ० ३२०

लाढदेश मे भगवान जब ग्राम मे जाते थे—तब ग्राम के लोगों ने कहा नग्न ! तुम किस कारण हमारे ग्राम मे आ रहे हो—भगवान वापस चले गये।

(ड) ज लाढा तारिसेण रूवेण तज्जंति, कुर्वंति ते तुच्चिरु विधायण, तारिसे रूवेरज्जंति सरिसासरिसु रमंति।

—आया० चू० पृ० ३२०

लाढदेश मे भगवान को मखौल की भाषा में कहते—नग्न और अर्धनग्न लोगों की कैसी जोड़ी मिली है।

(ढ) भानुतीक्ष्णांशुसंतप्ते पर्वताग्रशितातले।
उष्णकाले प्रभुस्तिष्टेत्सिक्तो ध्यानामृताम्बुभिः॥

—वीरवर्धं० अधि ११। श्लोक ४१

उष्णकाल मे वीरप्रभु सूर्य की तीक्ष्ण किरणों से संतप्त पर्वत के शिखर पर अवस्थित शिला तल पर ध्यानामृत रूप जल से सिंचित रहकर ठहरते थे।

५ मौन साधना—

(क) स जणेहि तत्थ पुच्छिसु, एगचराबि एगदा राओ।
अव्वाहिएकसाइत्था, पेहमाणे समाहिअपडिण्णे॥
अयमंतरंसि को एत्थ, अहमंसि त्तिभिक्खू आहट्टु।
अय मुत्तमे से धम्मे, तुसिणीं सकसाइए झाति॥

—आया० श्रु १। अ ९। उ २। गा ११-१२

पुनः महाबुद्धि शाली महावीर ने निर्मल चित्त से आज्ञा-विचय आदि परम उत्कृष्ट धर्मध्यान के भेदों का चिंतन करना प्रारंभ किया । उस समय उनके साथ अनंतानुबन्धी चार कषाय, दर्शन मोहनीय की मिथ्यात्व आदि तीन प्रकृतियाँ, तिर्यंचायु देवायु और नरकायु—ये दस प्रकृति का कर्म शत्रु डर करके ही मानो बिना प्रयत्न के स्वयं ही शीघ्र विनाश को

प्राप्त हो गए। जबकि वीरजिन चतुर्थ गुणस्थान से लेकर सातवें तक किसी एक गुणस्थान मे विराजमान थे।

क्षपक श्रेणी पर चढ़ते ही वीर जिनने स्त्यानगृद्धि, निद्रा-निद्रा, प्रचला-प्रचला, नरकगति, तिर्यंचगति, एकेन्द्रिय जाति, द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति नरकगत्यानुपूर्वी, तिर्यगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म, साधारण—इन अविसंचय-स्वरूप सोलह अशुभ दुष्ट प्रकृतियों को अनिवृत्तिकरण नामक नवम गुणस्थानके प्रथम भाग में स्थित रहते हुए उत्तम सुभट के समान प्रथम शुक्लध्यान रूपी खग के द्वारा एकही साथ क्षय नाशकर दिया।

पुनः उन्होंने इसी नवम गुणस्थान के द्वितीय भाग म चारित्र की घात करने वाली दूसरी अप्रत्याख्यानावरण चतुष्क और तीसरी प्रत्याख्यानावरण चतुष्क—इन आठ कषायों को विनष्ट किया। पुनः तीसर भाग मे नपु सक वेद को चौथे भाग में स्त्रीवेद को पाँचवें भाग मे हास्यादि छः नोकषायों को, छट्ठे भाग मे पुरुष वेद को, सातवें भाग मे संज्वलन क्रोध को, आठवें भाग मे सज्वलन मान को, नवर्वें भाग मे सज्वलन मायाको उन समर्थ आत्मस्वरूप के घातक वीर प्रभुने उसी प्रथम शुक्ल ध्यान रूप आयुध के द्वारा विनष्ट किया।

कर्म शत्रुओं का विनाश करने से दसवें गुणस्थान को प्राप्त होकर सूक्ष्मकंपराय संयमी होते हुए संज्वलन सूक्ष्म लोभका भी विनाशकर चौथे संयम के द्वारा वे क्षीणकषायी हो गये।

वे जिनराज क्षीणकषाय नामके बारहवें गुणस्थान मे चढ़कर केवलज्ञानरूपी साम्राज्य को प्राप्त करने के लिए उद्यत हुए। तब उन्होंने इस बारहवें गुणस्थान के चरम समय मे निद्रा, प्रचला—इन दो कर्म प्रकृतियों का द्वितीय शुक्लध्यान से क्षय किया ।।१२५।।

पुनः ज्ञान के ऊपर वस्त्र के समान आवरण डालने वाली पाँचो ज्ञानावरण प्रकृतियों को, चक्षुदर्शनावरणादिक्षेष चार दर्शनावरण प्रकृतियों को और पाँचों अतरायों इन चौदह कर्म प्रकृतियों को बारहवें गुणस्थान के अंतिम समयमे द्वितीय शुक्लध्यान के द्वारा तीन जगत् के गुरु महावीर प्रभु ने एक साथ विनष्ट किया। और इस प्रकार तिरसठ कर्म प्रकृतियों का विनाश करके लोकालोक के तत्त्वों का प्रकाशक, अनत महिमा से युक्त और मुक्तिरूपी साम्राज्य की प्राप्ति का कारण अनत केवलज्ञान, वैशाख मासको शुक्लपक्षकी दशमी को अपराह्न कालमे हस्त और उत्तरा नक्षत्र के मध्यमे शुभचद्रयोग के समय शुभलग्न योगादि होने, पर उन्होंने प्राप्त किया।

·'५८ नवलब्धियोंकी उपलब्धि

(क) सम्यक्त्वं क्षायिकं मोक्षदं यथाख्यातसंयमम् ।
अनन्तं केवलज्ञानं दर्शनं दानमुत्तमम् ॥१३२॥
लाभभोगोपभोगा वीर्यं हि चेमा हि - च्युतोपमाः ।
नव केवललब्धीः स स्वी चकारजिनाग्रणी ॥१३३॥

—वीरवर्धच० अधि १९ ।

केवलज्ञान की प्राप्ति के तुरन्त उसी समय मोक्ष को देने वाला क्षायिक सम्यक्त्व, यथाख्यात संयम, अनन्त केवलज्ञान, अनन्त केवल दर्शन, उत्तम अनन्तदान, लाभ, भोग, उपभोग और अनन्तवीर्य —इन उपमा रहित नव केवल लब्धियों का जिनों में अग्रणी वीरप्रभुने स्वीकार किया ।

·'५६ ज्ञानकल्याणक

(क) चतुर्विधामरैः सार्धं सौधर्मेन्द्रस्तदागतः ।
तुर्यकल्याणसत्पूजाविधिं सर्वं समानयत् ॥३५४॥

—उत्तपु० पर्व ७४

केवलज्ञान के उत्पन्न होनेपर उसी समय सौधर्म स्वर्ग का इन्द्र चारों प्रकार के देवों के साथ आया और उसने ज्ञानकल्याणक सबंधी पूजा की—समस्त विधि पूर्ण की ।

(ख) अपापप्राप्तिनिर्व्यस्थायिकातिशयोर्जितः ।
परमात्मपदं प्रापत्परमेष्ठी स सन्मतिः ॥३५५॥

—उत्तपु० पर्व ७४

पुण्य रूप परमौदारिक शरीर की पूजा तथा समवसरण की रचना होना आदि अतिशयों से सपन्न श्री वर्धमानस्वामी परमेष्ठी कहलाने लगे और परमात्म पदको प्राप्त हो गये ।

(ग) भुवणत्तयस्स ताहे अइसय कोडीय होदिपक्खोहो ।
सोहम्मपहुदिइंदाण आसणाइं पि कंपंति ॥७०६॥

—तिलोप० अधि ४

केवलज्ञान उत्पन्न होनेपर तीनों लोकों में अतिशय क्षोभ उत्पन्न होता है और सौधर्मादि इन्द्रों के आसन कंपायमान होते है ।

(घ) इति भगवति वृत्तान्निर्जितारौ तदैव नभसि जयनिनादो देवसंघैर्जजृम्भे।
सुरपटहरवौघैरुद्धमासीत्खलोकं भुवनपतिविमानैश्छादितं यात्रयास्य ॥१३३॥

घनकुसुमवृष्टिश्चापतत्स्वात्सुरेन्द्राः असमपरमभक्त्या श्रीपतिं प्राणमंस्तम्।
विगतमलविकाराः संबभूवुर्दिशोऽष्टौगगनममलमासीत् केवलश्रीप्रभावात् ॥१३४॥

मृदुशिशिरतरोऽस्मान्मातरिश्वाववौ च सकलसुरपतीनां कम्पिरेविष्टराणि।
समवशरणभूतिं यक्षराडाशुचक्रे ह्यसमगुणनिधे श्रीवर्धमानस्यभक्त्या ॥१३५॥

— वीरवर्ध० अधि ११ । श्लो १३३ से १३५

इस प्रकार चारित्र के प्रभाव से भगवान के कर्मशत्रुओं के जीत लेने पर आकाश में उसी समय देव समूह के द्वारा जय-जयकार शब्द व्याप्त हो गया। तथा देव दुन्दुभियों के शब्दों से आकाश व्याप्त हो गया। भगवान के दर्शन-यात्रार्थं आने वाले भुवनपति देवों के विमानों से आकाश आच्छादित हो गया।

केवल लक्ष्मी के प्रभाव से आकाश से सघन पुष्पवृष्टि होने लगी और देवेन्द्रों ने आकर उन श्रीपति महावीर जिनेन्द्र को अनुपम परम भक्ति से नमस्कार किया। उस समय आठों ही दिशाएँ मल विकार से रहित (निर्मल) हो गयी और आकाश भी निर्मल हो गया।

उस समय मृदु शीतल समीर मन्द-मन्द बहने लगी और सभी देवेन्द्रों के आसन कम्पायमान हुए। तभी यक्षराज ने आकर अनन्त गुणों के निधान श्री वर्धमान जिनेन्द्र की भक्ति से शीघ्र समवसरण विभूति की रचना की।

(च) विष्टराणि सुरेशानां सहसा प्रचकम्पिरे।
अक्षमाणीव तद्गर्वं सोढुं श्रीकेवलोत्सवे ॥ ५ ॥
मौलयोनाकिनाथानां नम्रीभावमगुस्तराम्।
इत्यासन् स्वयमाश्चर्याः नाके तत्सूचका इव ॥ ६ ॥
विज्ञायैतैः परैश्चिह्नै रिन्द्रास्तत्केवलोदयम्।
मुदोत्थायासनान्नम्रास्तद्भक्त्यासन् वृषोत्सुकाः ॥ ७ ॥
इत्याश्चर्यैर्विबुध्यैनं प्राप्तकेवललोचनम्।
नत्वामूर्ध्नाखिलाः शक्रास्तत्कल्याणे मतिंव्यधुः ॥ ११ ॥

अथ तज्ज्ञानपूजायै निश्चक्रामामरैर्वृतः ।
प्रयाणपटहैर्घोषैः प्रध्वनत्स्वादिकल्पराट् ॥ १२ ॥
तदा बलाहककाकारं विमानं कामकाभिधम् ।
जम्बूद्वीपप्रमं रम्यं मुक्तालम्बनशोभितम् ॥ १३ ॥
नाना रत्नमयं दिव्यं तेजसा व्याप्तदिग्मुखम् ।
किंकिणीस्वनवाचालं चक्रे देवो बलाहकः ॥ १४ ॥
इत्यादिवर्णनोपेतं तं गजेन्द्रमधिष्ठितः
शच्या महातिपुण्यात्मा सौधर्मेन्द्रो व्यभात्तराम् ॥ २५ ॥
निधिवत्तेजसा भूत्या स्वाङ्गभूषणरश्मिभिः ।
गच्छन् श्री वर्धमानस्य कैवल्यार्चादिहेतवे ॥ २६ ॥
प्रतीन्द्रोऽपि महाभूत्या ह्यारूढनिजवाहनम् ।
भक्त्या स्वपरिवारेण शक्रेणसह निययौ ॥ २७ ॥

—वीरवर्धच० अधि १४ । श्लो ५ से ७, ११ से १४, २५ से २७

भगवान की केवलज्ञानोत्पत्ति के उत्सव मे इन्द्रों के गर्व को सहने में असमर्थ होकर मानों देवेन्द्रों के सिंहासन सहसा काँपने लगे। सुरेन्द्रों के मुकुट स्वय ही नम्रीभूत हो गये। इस प्रकार स्वर्ग में भगवान के केवलोत्पत्ति के सूचक आश्चर्य हुए। इन तथा इसी प्रकार के अन्य चिह्नों से भगवान के केवलज्ञान के उदय को जानकर इन्द्रगण अपने-अपने आसनों से उठकर हर्षित होते हुए धर्मोत्सुक हो भगवद्भक्ति मे नम्रीभूत हो गये।

इन सब आश्चर्यों से सर्वदेव और इन्द्रगणों ने वीर प्रभु के केवलज्ञान रूप नेत्र को प्राप्त हुआ जानकर ज्ञान-कल्याणक मनाने का विचार किया।

तब आदि सौधर्म काल का स्वामी शक्रेन्द्र प्रस्थान-भेरियों को उच्च स्वर से बजवाकर सर्व देवों से आवृत्त हो भगवान के केवलज्ञान की पूजा के लिए निकला।

तब बलाहक नामक आभियोग्य जाति के देव ने जम्बूद्वीप प्रमाण एक लाख योजन विस्तृत रमणिक, मुक्तमालाओं से शोभित, किंकिणी (छोटी घंटियों) के शब्दों से मुखरित तेज से सर्व दिशाओं के मुखों को व्याप्त करने वाला, सर्व मनोरथों का पूरक ऐसा नाना रत्नामयी बलाहककाकार दिव्य विमान बनाया।

उस गजराज पर इन्द्राणी के साथ बैठा हुआ अपने शरीर के भूषणों की किरणों से और विभूति से तेजी के विधान के समान श्री वर्धमान स्वामी के केवलज्ञान की पूजा के हेतु जाता हुआ वह अति पुण्यात्मा सौधर्मेन्द्र अत्यन्त शोभा को प्राप्त हो रहा था। प्रतीन्द्र भी अपने वाहन पर आरूढ होकर अपने परिवार से सयुक्त हो महाविभूति और महाभक्ति से सौधर्मेन्द्र के साथ निकला।

(छ) घंटा-रव हरि-रव पडह-रव।
आया असंख सुर संख-रव ॥
वंदियउ तेहिं वीराहिवइ।
सुत्तामउ चरण-जुयलु णवइ ॥
किउ समवसरणुगय-सर-सरणु।
सवइट्ठउ तिहुवण-जण-सरणु ॥
आहंडलेण पप्फुल्ल - मुहु ॥

—वीरजि० संधि २। कड ६

जिस दिन भगवान महावीर को केवलज्ञान-केवलदर्शन उत्पन्न हुआ उस समय घण्टा, पटह तथा शखों की ध्वनि एवं सिंहनाद करते हुए असंख्यदेव आकर उपस्थित हुए। उन्होंने भगवान महावीर को वन्दना की। इन्द्र ने भी उनके चरण-युगल में नमन किया। फिर उन्होंने समवसरण की रचना की जिसके मध्य मे काम को दूर करने वाले एवं भुवन के लोगों के आश्रयभूत भगवान विराजमान हुए।

(ज) अश्ववाहनमारूढ ऐशानेन्द्रोऽपि धर्मधीः
तत्समं निर्ययौ भक्त्या स्वविभूतिविराजितः ॥४२॥

मृगेन्द्रवाहनारूढः सनत्कुमारनायकः।
माहेन्द्रः सर्वसामग्र्या दिव्यवृषभमाश्रितः ॥४३॥

दीप्रसारसमारूढो ब्रह्मेन्द्रश्चामरैर्वृतः।
हंसवाहनमारूढो लान्तवेन्द्रो महर्द्धिकः ॥४४॥

दीप्राङ्गगरुडारूढः शुक्रेन्द्रो निर्जरैर्वृतः।
सामान्यकादिकैः स्त्रीभिस्तत्पूजायै च निर्ययौ ॥४५॥

स्वाभियोग्यसुरोत्पन्नमयूरवाहनान्वितः।
सामरः सकलत्रश्च शतारेन्द्रोऽपि निर्गतः ॥४६॥

आनतेन्द्रादयः शेषाश्चत्वारः कल्पनायकाः।
विमानपुष्पकारूढास्तत्कल्याणायनिर्ययौ ॥४७॥

इति द्वादश कल्पेन्द्राः स्वस्वभूतिविराजिताः।
द्विषट्.प्रतीन्द्रसंयुक्ताः स्वस्ववाहनमाश्रिताः ॥४८॥

पटहादिमहाध्वानैः पूरयन्तो दिशोऽखिलाः।
तन्वन्तः सूरचापानि स्वाङ्गभूषांशुभिश्च खे ॥४९॥

छादयन्तो नभोभागं ध्वजछत्रादिकोटिभिः।
जय-जीवादिशब्दौघैर्बधिरीकृतदिग्मुखाः ॥५०॥
गीतनर्तनवाद्यादिमहोत्सवशतैः समम्।
ज्योतिषां पटलं प्रापुरवतीर्य दिवः शनैः ॥५१॥
चन्द्राः सूर्या ग्रहाः सर्वे नक्षत्रास्तारकामराः।
स्वस्ववाहनमारुह्य स्वस्वभूतिविमण्डिताः ॥५२॥
असंख्याताः स्वदेवाढ्या धर्मरागरसाङ्किताः।
जिनकल्याणसंसिद्धयै जग्मुस्तैः सहभूतलम् ॥५३॥
चमरः प्रथमोऽथेन्द्रो विरोचनो द्वितीयकः।
भूतेशो धरणानन्दो वेण्वाख्यो वेणुधार्यथ ॥५४॥
शक्रः पूर्णोऽवशिष्टश्च जलाभो जलकांतिमान्।
हरिषेणोऽमरेन्द्रो हरिकांतोऽग्निशिखी ततः ॥५५॥
अग्निवाहननामामितगत्यमितवाहनौ।
इन्द्रौ घोषो महाघोषो वेलांजनप्रभञ्जनौ ॥५६॥
अमी विंशति देवेन्द्राः प्रतीन्द्राश्च तथाविधाः।
भवनामरजातीनामसुरादिदशात्मनाम् ॥५७॥
स्वस्ववाहनभूत्याद्यैः स्वदेवीभिरलंकृताः।
धरामुद्भिद्य चाजग्मुस्तत्पूजायै महीतलम् ॥५८॥
किन्नरः प्रथमश्चेन्द्रस्ततः किंपुरुषाभिधः।
शक्रः सत्पुरुषाख्योऽथ महापुरुषनामकः ॥५९॥
अतिकायो महाकाय इन्द्रो गीतरतिस्ततः।
सुरेन्द्रो रतिकार्तिर्मणिभद्रः पूर्णभद्रकः ॥६०॥
भीमनामा महाभीमः सुरूपः प्रतिरूपकः।
इन्द्रः कालो महाकाल इतीन्द्राः षोडशाद्भूताः ॥६१॥
तावन्तो हि प्रतीन्द्राश्च स्वस्ववाहनसंस्थिताः।
व्यन्तराखिलयोनीनां किन्नराद्यष्टधात्मनाम् ॥६२॥
परया स्वस्वसामग्र्या भूषिता निर्जरावृताः।
तत्कल्याणाय भूभागमुद्भिद्यागुस्तदाशुहि ॥६३॥
एते चतुर्णिकायेशाः शचीगीर्वाण भूषिताः।
निमेषोज्झितसन्नेत्राः परमानन्द शालिनः ॥६४॥

कुड्मलीकृतपाण्यब्जाः श्रीवीरं द्रष्टुमुत्सुकाः ।
जयनंदादिसद्ध्वानमुखराः शीघ्रगामिनः ॥६५॥
ददृशुर्दूरतो दीप्रं विभोरास्थानमंडलम् ।
विश्वर्द्धिगणसंपूर्णं रत्नांशुव्याप्तदिग्मुखम् ॥६६॥

—वीरवर्धच० अधि १४ । श्लो ४२ से ६६

तब ज्योतिष्क पटल के सभी असंख्यात चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारागण अपनी-अपनी विभूति से मण्डित होकर धर्मानुराग के रस से व्याप्त हो, अपनी-अपनी देवियों से युक्त हो जिनकल्याण की सिद्धि के लिये उक्त कल्पवासी देवों के साथ भूतल की ओर चले।

उसी समय असुरकुमारादि दश जाति के भवनवासी देवों के १—चमर, २—वैरोचन, ३ भूतेश, ४—धरणानन्द, ५—वेणुदेव, ६—वेणुधारी, ७—पूर्ण, ८—अवशिष्ट, ९—जलप्रभ, १०—जलकांति, ११—हरिषेण, १२—हरिकीर्ति, १३—अग्निशिखि, १४—अग्निवाहन, १५—अमितगति, १६—अमितवाहन, १७—घोष, १८—महाघोष, १९—बलजन और २०—प्रभजन—ये बीस इन्द्र और बीस ही उनके प्रतीन्द्र अपनी-अपनी विभूति, वाहनों से तथा अपनी-अपनी देवियों से सयुक्त होकर भूमि को भेदन कर भगवान की पूजार्थ इस महीतल पर आये।

उसी समय किन्नर आदि आठों जाति के व्यन्तर देवों के १—किन्नर, २—किम्पुरुष, ३—सत्पुरुष, ४—महापुरुष, ५—अतिकाय, ६—महाकाय, ७—गीतरति, ८—रतिकीर्ति (गीतयश), ९—मणिभद्र, १०—पूर्णभद्र, ११—भीम, १२—महाभीम, १३—सुरूप, १४—प्रतिरूप, १५—काल और १६—महाकाल—ये सोलह अद्भुत रूप धारी इन्द्र तथा सोलह प्रतीन्द्रों के साथ अपने-अपने वाहनों पर आरूढ होकर अपनी-अपनी परम सामग्री से भूषित और अपने-अपने देव-देवी परिवार से आवृत्त होकर भूभाग को भेदन करके ज्ञानकल्याणक करने के लिए इस भूतल पर आये।

ये चारों देवनिकायों के स्वामी, अपने इन्द्रयाणियों और देवियों से भूषित, निमेष रहित उत्तम नेत्रों के धारक, परम आनन्दशाली, कर-कमलों के जोडे, जय, नंद आदि मांगलिक शब्दों के बोलते श्री वीर प्रभु को देखने के लिए उत्सुक अतएव शीघ्र गमन करते हुए यहाँ पर आये। और उन्होंने समस्त ऋद्धियों से परिपूर्ण, रत्नकिरणों से दिक्मुख को व्याप्त करने वाले देदिप्यमान ऐसे भगवान के समवसरण मण्डल को देखा।

धर्म बुद्धिवाला ऐशानेन्द्र भी भक्ति के साथ अपनी विभूति से युक्त होकर अश्व वाहन पर आरूढ हो सौधर्मेन्द्र के साथ निकला।

मृगराज (सिंह) के वाहन पर चढ़कर सनत्कुमारेन्द्र और दिव्य वृषभ पर चढ़कर माहेन्द्र भी सर्व सामग्री के साथ निकला। कान्ति युक्त सारस पर आरूढ़ होकर देवों से घिरा हुआ ब्रह्मेन्द्र, हंसवाहन पर आरूढ़ होकर महर्द्धिक लान्तवेन्द्र, दीप्त शरीरवाले गरुड़ पर आरुढ़ और देवों से घिरा हुआ शक्रेन्द्र भी अपने सामाजिक देवों में तथा देवियों से युक्त होकर भगवान की पूजा के लिये निकले।

अपने आभियोग्य देव से निर्मित मयूर वाहन पर चढ़कर शतारेन्द्र भी अपने देव और देवी परिवार के साथ निकला। आनतेन्द्र आदि शेष चार कल्पों के स्वामी इन्द्र भी अपने-अपने देव परिवारों के साथ पुष्पक विमान पर आरूढ़ होकर भगवान के ज्ञानकल्याणक के लिये निकले।

इस प्रकार बारह कल्पों के इन्द्र अपने बारह प्रतीन्द्रों से संयुक्त होकर अपनी-अपनी विभूति के साथ अपने-अपने वाहनों पर चढ़कर भेरी आदि के महानादों से संयुक्त होकर अपनी-अपनी विभूति के साथ अपने-अपने वाहनों पर चढ़कर भेरी आदि के महानादों से समस्त दिशाओं को पूरित करते, अपने भूषणों की कांतिपुंज से आकाश में इन्द्रधनुष की शोभा को विस्तारते, कोटि कोटि ध्वजा और छत्रों से नभोभाग को आच्छादित करते, जय जीव आदि शब्द समूह से दिशाओं को बधिर करते स्वर्ग से धीरे धीरे उतर कर गीत-नृत्य वादित्र आदि के साथ सैंकड़ों उत्सवों को करते हुए ज्योतिष्क देवों के पटल को प्राप्त हुए।

·६० केवल ज्ञान—केवल दर्शन की उत्पत्ति के समय आसन

तओणं समणस्स भगवओ महावीरस्स × × ×। उक्कुडुयस्स, गोदोहियाए × × × केवलवरणाणदंसणे समुप्पण्णे।

—आया श्रु २। अ १५। सू ३८, कप्प सू १२०

श्रमण भगवान महावीर को उत्कुटुक आसन-गोदोहिका आसन में केवलज्ञान-केवल-दर्शन समुत्पन्न हुआ।

६१ केवलज्ञान-दर्शन की प्राप्ति के समय जागृति-आनंदानुभूति

(क) घणघणइँ घाइकम्मइँ हयइँ।
खुहियाइँ झति तिण्णि वि जयइँ॥

—वीरजि० संधि २। कड ६

(ख) एवं च विहुयगुरुयोवसग्गोवलेवो कणयपिंडोव्वणिवयपहापरिक्खेव-च्छइयदिसामंडलो अण्णया संपत्तो जंभियाहिहाणं गामं × × ×।

घणघाइकम्मविहडणसंपाडियणियजहिच्छसिद्धस्स ।
लोया-ऽलोकभासणपदीवमसमप्पहावस्स ॥ ३८२ ॥
उप्पण्णं सयलतिलोपसिद्धभावाणुभावसब्भावे ।
संसारुच्छेयकरस्स केवलं केवलप्पाणो ॥ ३८३ ॥

— चउप्प० अ ५४ । पृ० २९६

भगवान महावीर के सघनघाति कर्म विनष्ट हो गये—तब केवलज्ञान केवलदर्शन उत्पन्न हुआ । उस समय तीनों लोकों में जागृति उत्पन्न हुई ।

·६२ केवलज्ञान का अंतरकाल

जणणंतरेसु पुह पुह पुव्विल्लाणं कुमारज्जत्तं ।
छदुमत्थस्स य कालं अवणिय पच्छिल्लतित्थकत्ताणं ॥७०२॥
कोमाररज्जछदुमत्थसमयमाणम्हि मेलिदे होदि ।
केवलणाणुप्पत्तीअंतरमाणं जिणिंदाणं ॥७०३॥
× × × । वीरवास २८६ मा ८

—तिलोप० अधि ४ । गा ७०२,३

जन्म के अन्तरकाल में से पृथक् पृथक् पूर्व तीर्थङ्कर के कुमारकाल, राज्यकाल और छद्मस्थकाल को कम करके तथा पीछले तीर्थङ्करों के कुमार, राज्य और छद्मस्थकाल के प्रमाण को मिला देने पर जिनेन्द्रों के केवलज्ञान की उत्पत्ति का अन्तरकाल प्रमाण होता है ।

अतः वीर भगवान का २८६ वर्ष ८ मास अन्तरकाल होता है ।

नोट—पार्श्वनाथ स्वामी की उत्पत्ति के पश्चात् दोसौ अठत्तर वर्षों के बीत जाने पर वर्धमान तीर्थङ्कर अवतीर्ण हुए । चूँकि पार्श्वनाथ का कुमारकाल ३० वर्ष व महावीर का कुमारकाल भी ३० वर्ष का था । छद्मस्थ काल पार्श्वनाथ का ४ मास व वर्धमान का १२ वर्ष का था -अतः केवलज्ञान का अन्तरकाल वर्धमान का २८९ वर्ष ८ मास था (२७८ वर्ष—४ मास + १२ वर्ष)

—देखो तिलोप० अधि ४, गा ५७७, ५८४, ६७८

·६३ सयोगि केवली गुणस्थान की अवस्था में

सयोगभावपर्यंते स्वपरार्थप्रसाधकः ।
परमौदारिकं देहं बिभ्रद् भ्रांगणे बभौ ॥३५३॥

—उत्तपु० पर्व ७४

अनन्तचतुष्टय प्राप्त होने से अब वे सयोग केवली गुणस्थान के धारक हो गये, निज और पर का प्रयोजन सिद्ध करने लगे। तथा परमौदारिक शरीर को धारण करते हुए आकाश रूपी आँगनाएँ सुशोभित होने लगीं।

·६४ केवलज्ञान की उत्पत्ति के समय शरीर का ऊर्ध्वीकरण

जादे केवलणाणे परमोरालं जिणाणं सव्वाणं।
गच्छदि उवरि चावा पंचसहस्साणि वसुहाओ ॥७०५

—तिलोप० अधि ४

केवलज्ञान के उत्पन्न होने पर समस्त तीर्थङ्करों का परमौदारिक शरीर पृथ्वी से पाँच हजार धनुष प्रमाण ऊपर चला जाता है।

·६५ कैवल्यावस्था में उपसर्ग नहीं होती

(क) शक्रादिवेष्टितस्यासातोदयातिमंदतः।
अनंतचतुराढ्यस्य नोपसर्गो नरादिजः ॥५७॥

—वीरवर्धच० अधि १६ श्लो ५७

इन्द्रादि से वेष्टित और अनन्त चतुष्टय के धारक भगवान के मनुष्यादि कृत उपसर्ग भी नहीं होता।

(ख) दस अच्छेरगा पन्नत्ता, तंजहा—उवसग्ग × × ×
दसवि अणंतेण कालेण

—ठाण० स्था १० सू ७७७

टीका—'उवसग्गे' त्यादि गाथाद्वयं, उपसृज्यते क्षिप्यते च्याव्यते प्राणी धर्मादेभिरित्युपसर्गा—देवादिकृतोपद्रवाः, ते च भगवतो महावीरस्य छद्मस्थकाले केवलिकाले च नरानरतिर्यक्कृताअभूवन्, इदं च किल न कदाचिद् भूतपूर्व, तीर्थकरा हि अनुत्तरपुण्यसम्भारतया नोपसर्गभाजनमपितु सकल नरामरतिरश्चां सत्कारादि-स्थानमेवेत्यनन्तकालभाव्ययमर्थो लोकेऽद्भुतभूत इति।

तीर्थंकर अनुत्तर पुण्य के धनी होते है, अतः उनको नर, देव, तिर्यक् कृत उपसर्ग नहीं होता फिर भी भगवान महावीर को सर्वज्ञावस्था में भस्मीभूत करने के लिये गोशालक ने तेजोलेश्या फोड़ी थी—यह अनन्तकाल से आश्चर्यजनक घटना थी। दस अच्छेरों में यह प्रथम अच्छेरा—(आश्चर्य) उपसर्ग माना गया है।

·६६ सामान्यतः कैवल्यावस्था में भगवान् भिक्षार्थ नहीं जाते थे।

(क) × × × केवलज्ञाने मे कस्मान्न भिक्षार्थं भगवानटति ?, उच्यते, तस्याम-वस्थायां भिक्षाटने प्रवचनलाघवसंभवात्, उक्तं च—

"देविंद्चक्कवट्टी मंडलिया ईसरा तलवराय।
अभिगच्छंति जिणिंदं गोयरचरियं न सो अडइ॥

—आव० नि० गा ४६१। मलय टीका

भगवान महावीर केवलज्ञान की प्राप्ति के बाद भिक्षार्थ नहीं जाते थे। क्योंकि भिक्षार्थ जाने से प्रवचन में लाघवता आने की सम्भावना है। कहा है।

जिनेन्द्र भगवान गोचरी के लिये भ्रमण नहीं करते हैं।

(ख) नोकर्माहारपुष्टस्यानन्तसुखभागिनः।
भुक्तिर्न वीतरागस्य विद्यते घातिघातनात्॥

—वीरवर्धच० अधि ११। श्लो ५६

घातिकर्मों के विनाश से विशिष्टनोकर्म रूप आहार से पुष्ट और अनन्त सुख के भोक्ता वीतरागी भगवान के असाता कर्म के अति मन्द उदय होने से कवलाहार रूप भोजन नहीं होता है।

(ग) उप्पण्णनाणस्स लोहज्जो आणेति।

—आयाo चू० पृ० ३०६

लोहार्य द्वारा लाया हुआ आहार—भोजन करते थे।

(घ) उप्पन्न णाणस्स उ लोहज्जो आणेति—
धन्नो सो लोहज्जो खंतिखमोपवरलोहसरिवन्नो।
जस्स जिणो पत्ताओ इच्छइ पाणीहिं भोत्तुंजे॥

(गणधर सुधर्मा का अपरनाम 'लोहार्य' था—तेणवि लोहज्जस्सय लोहज्जेणय सुधम्मनामेण —जंबू० १-१०)

'६७ केवलज्ञान-केवलदर्शनोत्पत्ति के बाद प्रथम विहार

'१ केवलज्ञान की प्राप्ति के बाद मुहूर्त प्रमाण ठहरे :

(क) ताहे सामी तत्थ मुहुत्तं अच्छति आवदेवा पूयं करेंति, एस केवलकप्पो किर्रं उप्पन्ने नाणे मुहुत्तमेत्तं अच्छियव्वं।

—आव० चू० पूर्वभाग पृ० ३२४

केवलज्ञान की प्राप्ति के पश्चात् भगवान मुहूर्त भर ठहरे, फिर लक्ष्य की ओर गतिमान हो गये।

·२ प्रथम विहार—

जंभृक ग्राम से अपापा पधारे।

(क) उपकाराऽर्हलोकानामभावात्तत्र च प्रभुः।
परोपकारैकपरः प्रक्षीणप्रेमबंधनः॥
तीर्थकृन्नामगोत्राऽऽख्यं कर्मवेद्यं महन्मया।
भव्यजन्तुप्रबोधेनानुभाव्यमिति भावयन्॥
द्युसन्निकायकोटीभिरसंख्याताभिरावृतः।
सुरैः संचार्यमाणेषु स्वर्णाब्जेषु दधत्क्रमौ॥
स्फुटे मार्गे दिन इव देवोद्योतेन निश्यपि।
द्वादशयोजनाऽध्वानां भव्यसत्त्वैरलंकृताम्॥
गौतमाद्यैः प्रबोधार्हैर्भूरिशिष्यसमावृतैः।
यज्ञाय मिलितैर्जुष्टामपापा मगमत्पुरीम्॥१८॥

—त्रिशलाका० पर्व १० सर्ग ५। श्लो १४ से १८

'३ वइसाहसुद्धदसमीए..........केवलवरनाणदंसणे समुप्पन्ने। ....एवं जाव मज्झिमाए नगरीए महसेणवणं उज्जाणं संपत्तो। तत्थदेवा बितिमं समोसरणं करेंति, महिमं च सुरुग्गमणे, एगं जत्थ नाणं बितियं इमं चेव।

—आव० चू० पूर्वभाग पृ० ३२३-३२४

चूंकि महावीर भगवान को वैसाख शुक्ला दसमी को केवलज्ञान-केवलदर्शन समुत्पन्न हुआ। वैसाख शुक्ला एकादशी को मध्यम पावा के महासेन उद्यान में पधारे।

'६८ गोशालक के तपतेज के साथ—तीर्थंकरकाल—भगवान के तप तेज की तुलना

(क) तं पभू णं भंते! गोसाले मंखलिपुत्ते तवेणं तेएणं एगाहच्चं कूडाहच्चं भासरासि करेत्तए, विसए णं भंते! गोसालस्स मंखलिपुत्तस्स जाव करेत्तए, समत्थे णं भंते! गोसाले जाव करेत्तए?

पभू णं आणंदा! गोसाले मंखलिपुत्ते तवेणं जाव करेत्तए। विसए णं आणंदा! गोसाले० जाव करेत्तए। समत्थे णं आणंदा! गोसाले जाव करेत्तए, णो चेव णं अरहंते भगवंते, परियावणियं पुण करेज्जा। जावइए णं आणंदा! गोसालस्स मंखलिपुत्तस्स तवतेए, एत्तो अणंतगुणविसिट्ठतराए चेव तवतेए अणगाराणं भगवंताणं, खंतिखमा पुण अणगारा भगवंतो। जावइए णं आणंदा। अणगाराणं भगवं-

ताणं तवतेए एत्तो अणंतगुणविसिट्ठतराए चेव तवतेए थेराणं भगवंताणं खंतिखमा पुण थेरा भगवंतो। जावइए णं आणंदा। थेराणं भगवंताणं तवतेए एत्तो अणंतगुण-विसिट्ठतराए चेव तवतेए अरहंताणं भगवंताणं खंतिखमा पुण अरहंता भगवंतो। तं पभू णं आणंदा! गोसाले मंखलिपुत्ते तवेणं तेएणं जाव करेत्तए, विसए णं आणंदा। जाव करेत्तए समत्थे णं आणंदा! जाव करेत्तए, णो चेव णं अरहंते भगवंते, परियावणियं पुण करेज्जा।

—भग० श १५। सू ६८। पृ० ६७५-७६

आनन्द अणगार ने भगवान से प्रश्न किया—हे भगवान! गोशालक—मंखलिपुत्र अपने तपतेज से एक ही प्रहार में कूटाघात के समान जलाकर भस्म करने में समर्थ है। हे भगवान! मंखलिपुत्र गोशालक का यह यावत् विषय मात्र है या वह ऐसा करने में समर्थ हैं। हे आनन्द! मंखलिपुत्र गोशालक अपने तप:तेज से यावत् भस्म करने मे समर्थ हैं। हे आनन्द! मंखलिपुत्र गोशालक का यावत् यह विषय है। हे आनन्द! वह ऐसा करने मे समर्थ है, परन्तु अरिहंत भगवान को जलाकर भस्म करने मे समर्थ नहीं है, तथापि उनको परिताप उत्पन्न करने मे समर्थ है। हे आनन्द! गोशालक का जितना तप तेज है, उससे अनगार भगवंतों का तप तेज अनन्त गुण विशिष्ट हैं, क्योंकि अनगार भगवंत क्षांतिक्षम (क्षमा करने में समर्थ) हैं। हे आनन्द! अनगार भगवन्तों का जितना तप-तेज हैं, उससे अनन्त गुण विशिष्ट तप तेज स्थविर भगवंतों का है, क्योंकि स्थविर भगवत क्षांतिक्षम होते हैं। हे आनन्द! स्थविर भगवंतों का जितना तप तेज होता है, उससे अनन्त गुण विशिष्ट तपतेज अरिहंत भगवन्तों का होता है, क्योंकि अरिहंत भगवन्त क्षांतिक्षम होते है। हे आनन्द! मंखलिपुत्र गोशालक अपने तपतेज द्वारा यावत् भस्म करने में समर्थ हैं। यह उसका विषय है और वह ऐसा करने में समर्थ भी है परन्तु अरिहन्त भगवन्तों को भस्म करने में समर्थ नहीं है, केवल परिताप उत्पन्न कर सकता है।

'६६ प्रतिमा योग का ग्रहण

(क) एतैर्द्वादशसंख्यातैर्गणैर्भक्तिभरोत्कटैः।
संपरीतो जगन्नाथस्ततो हि विहरन् शनैः॥ २१७॥

नानादेशपुरग्रामान् बोधयन् भव्यभाक्तिकान्।
बहुधर्मोपदेशेन कुर्वन्मोक्षपथे स्थिरान्॥ २१८॥

निर्धूयाज्ञानकुध्वान्तं प्रकाश्याध्वानमूर्जितम्।
मुक्तेर्वर्षोऽशुभिर्देव आजगाम क्रमान्हामन्॥ २१६॥

चम्पाख्यानगरोद्यानं फलपुष्पादिशोभितम् ।
विहृत्य षड्-दिनोनानि त्रिंशद्वर्षाणि तीर्थराट् ॥ २२० ॥

—वीरवर्धच० अधि १९ । श्लो २१७ से २२०

भक्ति भार से व्याप्त बारह गुणों से वेष्टित जगत के नाथ श्रीवर्धमान तीर्थङ्करदेव तत्पश्चात् धीरे-धीरे विहार करते, नाना-देश-पुर-ग्रामवासी जनों को सम्बोधित करते, धर्मोपदेश के मार्ग से स्थिर करते हुए तथा अपनी वचन-किरणों से अज्ञानान्धकार का नाश कर और उत्तम मार्ग का प्रकाश कर छह दिन कम तीस वर्ष तक विहार करके क्रम से फल-पुष्पादि शोभित चम्पा नगरी के उद्यान में आये। वहाँ पर दिव्य-ध्वनि को और योग को रोक कर निष्क्रिय हो उन्होंने मुक्ति प्राप्ति के लिए अघाति कर्मों का हनन करने वाला प्रतिमा योग ग्रहण किया।

(ख) तत्र योगं निरुध्यासौ दिव्यभाषां च निःक्रियः ।
मुक्त्येऽघातिहन्तारं प्रतिमायोगमादधौ ॥ २२१ ॥
तत आदेयनामाथ मनुष्यगति संज्ञकः ।
ततो नरगतिप्रायोग्यानुपूर्व्यंसमाह्वय ॥ २२६ ॥
पंचाक्षजातिमर्त्यायुः पर्याप्तित्रसबादराः ।
सुभगाख्यो यशःकीर्त्तिः सातोच्चैर्गोत्रसंज्ञकौ ॥ २३० ॥
तीर्थकृन्नाम तीर्थेश एतास्त्रयोदशप्रमाः ।
प्रकृतीस्तेन शुक्लेन तस्यान्त्यसमयेऽप्यहन् ॥ २३१ ॥

—वीरवर्धच० अधि १९ । श्लो २२१, २२९ से २३१

तत्पश्चात आदेयनाम, मनुष्य जाति, मनुष्य गत्यानुपूर्वी, पंचेन्द्रिय जाति, मनुष्यायु, पर्याप्तिनाम, त्रसनाम, बादरनाम, सुभग, यशःकीर्ति, सात वेदनीय, उच्च गोत्र और तीर्थंङ्करनाम कर्म—इन तेरह प्रकृतियों को वर्धमान तीर्थंकर ने उसी शुक्लध्यान के द्वारा अयोगिकेवलि गुणस्थान के अन्तिम समय में क्षय कर दिया।

·७०/७६ वर्धमान का परिनिर्वाण

·७१ परिनिर्वाण की तिथि-नक्षत्र

(क) समणे भगवं महावीरे × × × साइणा भगवं परिनिव्वुए ।

—आया० श्रु २ । अ १५ । सू १ । पृ० २३१

—कप्प० सू १ । पृ० ९

(ख) साइणा परिनिव्वुए भगवं जावमुक्जो सव्वदुक्खपहीणे ।

—दसासु० अ ८ । सु १

(ग) समणे भगवं महावीरे ××× अच्चे लवे मुहुत्ते साइणा नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं कालगए विइक्कंते जाव सव्वदुक्खप्पहीणे ।

—कप्प सु १२१ । पृ० ४२

श्रमण भगवान महावीर अर्च नामक लव, मुहूर्त नामक प्राण, स्वाति नक्षत्र में सिद्ध, बुद्ध यावत् सर्व दुःखों का अन्त किया ।

(घ) कत्तियकिण्हे चोद्दसिपच्चूसे सादिणामणक्खत्ते ।
पावाए णयरीए एक्को वीरेसरो सिद्धो ॥

—तिलोय० अधि ४ । गा १२०८

भगवान वीरेश्वर कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी के दिन प्रत्यूषकाल मे स्वाति नक्षत्र में पावापुरी मे अकेले सिद्ध हुए ।

(च) ततोऽसौ कृत्स्नकर्मारिकायत्रयविनाशनः ।
निर्वाणमगमच्चोर्ध्वगतिस्वभावतोऽमलः ॥ २३२ ॥
कार्तिकाख्ये शुभे मासे अमावास्याभिधेतिथौ ।
स्वातिनामनि नक्षत्रे प्रभातसमये वरे ॥ २३३ ॥

— वीरवर्धच० अधि १९ । श्लो २३२-३३

शुभ कार्तिक मास की अमावस्या तिथि के दिन, स्वाति नक्षत्र मे श्रेष्ठ प्रभात समय समस्त कर्म शत्रुओं के तीनों शरीरों का विनाश कर भगवान महावीर ने ऊर्ध्वगति स्वभाव होने से ऊपर जाकर निर्वाण (मोक्ष) को प्राप्त किया ।

(छ) णिव्वत्तिइकत्तिइ तम-कसणि पक्खचउद्दसि-वासरि ।
थिइ ससहरि दुहँहरि साइवइ पच्छिम-रयणिहि अवसिरि ॥

—वीरजि० संधि ३ । कड १ । पृ० ३४

(ज) तस्स णं जे से पावाए मज्झिमाए हत्थिवालस्स रन्नो रज्जुगसभाए अपच्छिमं अंतरावासं वासावासं उवागए, तस्स णं अंतरावासस्स जे से वासाणं चउत्थे मासे सत्तमे पक्खे कत्तियबहुले तस्स णं कत्तियबहुलस्स पन्नरसीपक्खेणं जा सा चरिमा रयणी तं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे कालगए विइक्कंते समुज्जाए छिन्नजाइजरामरणबंधणे सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतगडे परिनिव्वुडे सव्व-

दुक्खपहीणे चंदेनामं से दोच्चे संवत्सरे पीतिवद्धणे मासे नंदिवद्धणे पक्खे सुव्वयग्गी नामं से दिवसे उवसमि त्ति पवुच्चइ देवाणंदा णामं सा रयणी निरइ त्ति पवुच्चइ अच्चे लवे मुहुत्ते पाणू थोवे सिद्धे नागे करणे सव्वट्ठसिद्धे मुहुत्ते साइणा नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं कालगए विइक्कंते जाव सव्वदुक्खप्पहीणे।

—कप्प सू १२३। पृ० ४२

श्रमण भगवान महावीर ने अपना अंतिम चतुर्मास करने के लिए मध्यम पावा नगरी में हस्तिपाल राजा की मोजणी— कामदारों की कचेरी वाले स्थान मे आये। वहाँ चतुर्मास वर्षाऋतु का चतुर्थ महीना, सातवाँ पक्ष चल रहा था। सातवाँ पक्ष अर्थात् कार्तिक मास के प्रथम पक्ष की पन्द्रहवी तिथि—अमावस्या थी—अन्तिम रात्रि थी—उस समय श्रमण भगवान महावीर काल धर्म को प्राप्त हुए। संसार को छोडकर चले गये। दुबारा जन्म न हो—उस प्रकार चले गये। अर्थात् भगवान सिद्ध हुए, बुद्ध हुए—दुःखों को नाश करने वाले हुए। परिनिर्वाण को प्राप्त हुए। उनके सर्व दुःख हीन हो गये—चले गये।

अस्तु भगवान् जिस समय परिनिर्वाण को प्राप्त हुए उस समय चन्द्र नामक द्वितीय सवत्सर चलता था। प्रीतिवर्धन नामक मास था, नन्दिवर्धन नामक पक्ष था, अग्निवेस—अग्निवेश्य नामक दिवस था। उसका दूसरा नाम 'उवसम' था। देवानन्दा नामक रात्रि थी। उसका दूसरा नाम निरई, कहा जाता है।

इस प्रकार अर्च नामक लव था, मुहूर्त नामक प्राण था, सिद्ध नामक स्तोक था। नाग नामक करण था। सर्वार्थसिद्धि नामक मुहूर्त था—स्वाति नक्षत्र का योग होने पर भगवान् काल धर्म को प्राप्त हुए। यावत् सर्व दुःखों का अन्त किया।

·७५·परिनिर्वाण भूमि

(क) अट्ठावय-चंपु-ज्जेंत-पावा-सम्मेयसेलसिहरेसु।
उसभ वसुपुज्ज नेमी वीरो सेसा य सिद्धिगया॥

—आव० नि गा ३२९, प्रवसा० गा ३९२

·मलयटीका— अष्टापदचम्पोज्जयन्तपापासम्मेतशैलशिखरेषु यथाक्रममृषभो वासुपूज्योऽरिष्ठनेमिर्वीरो भगवान् शेषाश्च तीर्थकृतः सिद्धिं गताः, अष्टापदे मृषभस्वामी सिद्धिमगमत्, चंपायां वासुपूज्यः उज्जयन्तेऽरिष्ठनेमिः भगवान् महावीरः पापायां शेषा अजितस्वामिप्रभृतयः सम्मेतशैलशिखरे इति।

(ख) पावाए णयरीए एक्को वीरेसरो सिद्धो॥

—तिलोप० अधि ४ गा १२०८। उत्तरार्ध

भगवान महावीर ने पावा अथवा पापा अथवा अपापा नगरी में सिद्धगति प्राप्त की। अर्थात् ऋषभनाथ भगवान ने अष्टापद पर, वासुपूज्य भगवान ने चंपानगरी में, अरिष्टनेमी ने उज्जयंत पर्वत पर, वीर भगवान् ने पावापुरी में तथा अवशेष बीस तीर्थंङ्करों ने सम्मेतशिखर पर सिद्धगति प्राप्त की।

(ग) अंत-तित्थणाहु वि महि विहरिवि।
जण-दुरियाइँ दुलंघइँ पहरिवि॥
पावा-पुरवरु पत्तउ मणहरि।
× × × ।
रायहंसु णावइ पंकय-दलि॥
दोण्णि दियहँ पविहारु मुएप्पिणु॥
सुक्क-झाणु तिज्जउ झाएप्पिणु॥

घत्ता—णिव्वत्तिइ कत्तिइ तम-कसणि पक्खि चउद्दसि वासरि।
थिइ ससहरि दुहँहरि साइवइ पच्छिम-रयणिहि अवसरि॥

—वीरजि० संधि ९। कड १। पृ० १८

भगवान महावीर विपुलाचल से विहार कर पावापुर नगर में पधारे। वहाँ वन में भगवान एक विशुद्ध रत्नशिला पर विराजमान हुए। वहाँ उन्होंने निर्वाण पद की प्राप्ति की :

(घ) तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे ××× खीणे वेयणिज्जाउयनाम गोत्ते इमीसे ओसप्पिणीए दूसमसुसमाए समाए बहुवीइक्कंताए तिहिं वासेहिं अद्धनवमेहि य मासेहि सेसएहिं पावाए मज्झिमाए हत्थिपालगस्स रन्नो रज्जुगसभाए एगे अबीए छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं साइणा नक्खत्तेणं जोग-मुवागएणं पच्चूसकालसमयंसि संपलियंकनिसन्ने पणपन्नं अज्झयणाइं कल्लाण-फलविवागाइं पणपन्नं अज्झयणाइं पावफलविवागाइं छत्तीसं च अपुट्ठ-वागरणाइं वागरित्ता पधाणं नाम अज्झयणं विभावेमाणे २ कालगए वितिक्कंते समुज्जाए छिन्नजाइजरामरणबंधणे सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतगडे परिनिव्वुडे सव्व-दुक्खप्पहीणे।

—कप्प० सु १४६। पृ० ४५

उस काल उस समय में भगवान महावीर के वेदनीय, नाम, गोत्र आयुष्य कर्म के क्षीण होने से—इस अवसर्पिणी काल के दुःषम-सुषम नाम का चतुर्थ आरे का बहुभाग व्यतीत

होने के बाद तथा आरे के तीन वर्ष और साढ़े आठ महीने अवशेष रहने पर मध्यम पावापुरी में हस्तिपाल राजा की मोलणी—कामदारों के बैठने की सभा में अकेले अन्य कोई भी साथ में नहीं था दो दिन की तपस्या में स्वाति नक्षत्र का योग होने पर प्रत्यूषकाल में (चार घड़ी रात के बाकी रहने पर) पद्मासन में स्थित भगवान कल्याणफल विपाक के पंचावन अध्ययन और पाप फल विपाक के अन्य दूसरे अध्ययन और किसी के द्वारा नहीं पूछे गये — ऐसे प्रश्नों का खुलासा देने वाले छत्तीस अध्ययन कहते-२ काल धर्म को प्राप्त हुए। जगत को छोड़कर ऊर्ध्वगति से गये और जन्म-जरा-मरण से विमुक्त बने — सिद्ध, बुद्ध, मुक्त हुए यावत् सर्व दुःखों का अन्त किया।

•७१ परिनिर्वाण के समय तप

(क) इसहो चोद्दसदिवसे दुदिणं वीरेसरस्स सेसाणं।
मासेण य विणिवित्ते जोगादो मुत्तिसंपण्णो॥

—तिलोप० अधि ४। गा १२०६

भगवान महावीर ने दो दिन पहले योग से विनिवृत्त होनेपर मुक्ति को प्राप्त किया।

(ख) समणे भगवं महावीरे छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतगडे परिणिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

—ठाण० स्था ६। सु १०१। पृ० ५६०

(ग) तदा च कार्तिकदर्शनिशायाः पश्चिमे क्षणे।
स्वातिभृक्षे वर्त्तमाने कृतषष्ठो जगद्गुरुः॥ २२२॥

—त्रिशलाका पर्व १०। सर्ग १३

(घ) अट्ठमभत्तवसाणे पासोसहमल्लिरिट्ठनेमीणं।
वसुपुज्जस्स चउत्थेण छट्ठभत्तेण सेसाणं।

—प्रवसा० द्वार ४५, गा ४५५

(ङ) निव्वणमंतकिरिया सा चोद्दसमेण पढमणाहस्स।
सेसाणं मासिएणं वीरजिणिंदस्स छट्ठेणं।

—आव० नि गा ३२५

(छ) (शिवगमन) चरम छट्ठ अणशण पवर

—चतु० दस धन १

भगवान महावीर छट्ठभक्त अर्थात दो दिन की तपस्या में स्वाति नक्षत्र में परिनिर्वाण प्राप्त किया।

·७३·१ परिनिर्वाण रूप अंतक्रिया

(क) निव्वाणमंतकिरिया सा चोद्दसमेण पढमनाहस्स।
सेसाणं मासिएणं वीरजिणिंदस्स छट्ठेणं ॥३२८॥

—आव० नि। गा ३२८

टीका—सा च निर्वाणलक्षणा अंतक्रिया प्रथमनाथस्य—आदितीर्थकृतश्चतुर्दशकेन-षडभिरुपवासैरभूत्, शेषाणाम्—अजितस्वामिप्रभृतीनां पार्श्वनाथपर्यन्तानां द्वाविंशतेस्तीर्थकृतां मासिकेन तपसा, मासोपवासेनेत्यर्थः, अंतक्रियाऽभवत्, भगवतो वीरजिनेन्द्रस्य पुनः षष्ठेन-द्वाभ्यामुपवासाभ्याम्।

भगवान ऋषभ का निर्वाण—अंतक्रिया चतुर्दश भक्त उपवास की, अन्य जिनों की पार्श्वनाथ पर्यन्त—मासिक तपकी तथा भगवान महावीर षष्ठभक्त उपवास की थी।

·७४ परिनिर्वाण के समय—अंतरकाल

·१ दुःखमसुषम चतुर्थ आरेके ८९ पक्ष बाकी थे—

(क) समणे भगवं महावीरे इमीसे ओसप्पिणीए चउत्थीए समाए पच्छिमे भागे एगूणणवइए अद्धमासेहिं सेसेहिं कालगए वीइक्कंते समुज्जाए छिण्णजाइजरामरण-बंधणे सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतगडे परिणिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

— सम० सम। सू २। पृष्ठ १०२

(ख) परिणिवुदेजिणिंदे चउत्थकालस्स अब्भंतरे सेसं वासा तिण्णिमासा अट्ठ दिवसा पण्णारस ३-८-१५। संपहि कत्तियमासम्हि पण्णरसदिवसेसु मग्गसिरादि-तिण्णिवासेसु अट्ठमासेसु च महावीरणिव्वाणगयदिवसादो गदेसु सावणमास पडिवयाए दुस्समकालो ओइण्णो।

—कसापा०। गा० १। टीका। भाग १। पृष्ठ ८१

भगवान् महावीर इस अवसर्पिणी काल के दुःषमसुषम नामक चतुर्थ आरेके पश्चिम भाग मे नवासी पक्ष शेष रहने पर सिद्ध, बुद्ध, मुक्त हुए यावत् सर्व दुःखों का अंत किया।

जिस दिन महावीर जिन निर्वाण को प्राप्त हुए उस दिन से कार्तिक माह के पन्द्रह दिन और मार्गशीर्ष माह से लेकर तीन वर्ष, आठ माह काल के व्यतीत हो जाने पर श्रावण माह की प्रतिपदा से दुःषमकाल अवतीर्ण हुआ।

(ग) तियवासा अद्धमासं पक्खं तह तदियकालअवसेसे।
सिद्धो रिसहजिणिंदो वीरो तुरिमस्स तेत्तिए सेसे।

—तिलोप० अधि ४। गा १२१६

(घ) स्वभ्याख्यान्मम निर्वाणादतीतैर्वत्सरैस्त्रिभिः
सार्धाष्टमासहितैः पंचमारः प्रवेक्ष्यति ।।७७।।

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग १३

तृतीयकाल (सुषमदुषम आरा) मे तीन वर्ष, आठ मास, और एक पक्ष के अवशिष्ट रहनेपर ऋषभ जिनेन्द्र इतना ही चतुर्थकाल (दुषमसुषम आरा) मे अवशेष रहनेपर वीर प्रभु सिद्धपद को प्राप्त हुए ।

(च) णिव्वाणे वीरजिणे वासतये अट्ठमासपक्खेसु ।
गलिदेसु पंचमओ दुस्समकालो समल्लियदि ।।

—तिलोप० अधि ४ । गा १४७४

वीर भगवान का निर्वाण होनेके पश्चात् तीन वर्ष, आठ मास और एक पक्ष के व्यतीत हो जाने पर दु.षमकाल प्रवेश होता है ।

·२ भगवान के परिनिर्वाण के दिन ज्येष्ठ अणगार गौतम को केवलज्ञान-केवलदर्शन समुत्पन्न

(क) जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे कालगए जाव सव्वदुक्खप्पहीणे तं रयणिं च णं जेट्ठस्स गोयमस्स इंदभूइस्स अणगारस्स अंते वासिस्स नायए पेज्ज-बंधणे वोच्छिन्ने अणंते अणुत्तरे जाव केवलवरनाणदंसणे समुप्पन्ने ।

—कप्प० सू १२६ । पृ० ४२

जिस रात्रि मैं श्रमण भगवान् महावीर ने सर्वदुखों का अत किया—उसरात्रि मे उनके पट्टशिष्य गौतम गोत्र के इन्द्रभूति अनगार का भगवान् महावीर के प्रति प्रेम बंधन टूटा फलस्वरूप इन्द्रभूति अनगार को अनत, अनुत्तर यावत् केवलज्ञान-केवलदर्शन उत्पन्न हुआ ।

·३ तीर्थंकर की अपेक्षा परिनिर्वाण का अंतरकाल

(क) श्रीपार्श्वनाथनिर्वाणात् सार्धे वर्षशतद्वये ।
गते श्रीवीरनाथस्य निर्वाणं समजायतः ।।२७३।।

—त्रिशलाका० पर्व १० । सर्ग १३

पार्श्वनाथ तीर्थंकर के निर्वाण से भगवान् महावीर का निर्वाण दो सौ पचास वर्ष बाद हुआ ।

(ख) तेसीदिसहस्सेसुं पण्णाधियसगसएसुजादेसु ।
तत्तो पासो सिद्धो पाण्णब्भहियम्मि दोसए वीरो ।।

—तिलोप० अधि ४ । गा १२४९

भगवान नेमीनाथ के मुक्त होने के पश्चात् तेरासी हजार सात सौ पचास वर्षों के बीत जाने पर पार्श्वनाथ तीर्थङ्कर और फिर दो सौ पचास वर्षों के बीत जाने पर वीर भगवान सिद्ध हुए ।

·७५ परिनिर्वाण के समय आसन—मोक्षासन

(क) उसहो य वासुपुज्जो णेमी पल्लंकबद्धया सिद्धा ।
काउस्सग्गेण जिणा सेसा मुत्तिं समावण्णा ॥

—तिलोप० अधि ४ । गा १२१०

भगवान् ऋषभनाथ, वासुपूज्य और नेमीनाथ पल्यंकबद्ध आसन, तथा शेष जिनेन्द्र कायोत्सर्ग से मुक्ति को प्राप्त हुए हैं । अतः भगवान् महावीर कायोत्सर्ग से मोक्ष प्राप्त किया ।

(ख) तेण कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे × × × साइणा णक्खत्ते णं जोगमुवागएणं पच्चूसकालसमयंसि संपलियंकनिसन्ने × × × सिद्धे बुद्धे × × × सव्वदुक्खप्पहीणे ।

—कप्प० सू १४६

श्रमण भगवान् महावीर स्वाति नक्षत्र मे सपर्यंक—पद्मासन मे सिद्ध-बुद्ध-मुक्त हुए यावत् सर्व दुःखों का अन्त किया ।

(ग) वीरोसह नेमीणं पलियंकं सेसाण य उस्सग्गो ।

—सप्ततिशत १५१ द्वार

(घ) ऋषभ वीर अरु नेम जिन, पलयंक आसण शिवपेख ।

—चतु० स्तवन १

मोक्ष-गमन के समय महावीर स्वामी, ऋषभदेव स्वामी और अरिष्टनेमि स्वामी के पर्यङ्क आसन था । शेष तीर्थङ्कर उत्सर्ग (कायोत्सर्ग) आसन से मोक्ष पधारे ।

·७६ परिनिर्वाण के समय सह या अकेले मोक्ष (मोक्ष-परिवार)

(क) एगे समणे भगवं महावीरे इमीसे ओसप्पिणीए चउव्वीसाए तित्थगराणं चरिमतित्थयरे सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतगडे परिणिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे ।

—ठाण० स्था १ । सू २४१ । पृ० ४९१

टीका—अस्यामवसर्प्पिण्यां चतुर्विंशतेस्तीर्थकराणां मध्ये चरमतीर्थंकरः सिद्धः × × × इह च तीर्थकरेष्वेतस्यैवैकत्वं मोक्षगमने, न तु ऋषभादीनां, दश-सहस्रादि परिवृतत्वेन तेषां सिद्धत्वात्, उक्तं च—

"एगो भगवं वीरो तेत्तीसाए सह निव्वुओ पासो ।
छत्तीसएहिं पंचहिं सएहिं नेमी उ सिद्धिगओ ॥१॥
एकाकी वीरो निर्वृत इत्युक्तं ।

(ख) एगो भयवं वीरो तेत्तीसाए सहनिव्वुओ पासो।
छत्तीसेहिं पंचहिं सएहिं नेमी उ सिद्धिगतो॥

—आव० नि गा० ३१०

मलय टीका—वीरो भगवान् एकः—एकाकी सन् निर्वृतः। त्रयस्त्रिंशता साधुभिः सह निर्वृतः पार्श्वनाथ पंचभिः शतैःषठ् त्रिंशैः—षट्‌त्रिंशदधिकै सह सिद्धिं गतो नेमिः - अरिष्ठनेमिः × × ×।

श्रमण भगवान् ने अकेले परिनिर्वाण प्राप्त किया। जो इस अवसर्पिणी कालके चौबीसवें तीर्थङ्कर थे।

(ग) एगो भगवं वीरो तेत्तीसाए सह निव्वुओ पासो।

—प्रवसा० द्वा० १४। गा ३८८। पूर्वार्ध

टीका—तत्र एकः-एकाकी सन् भगवन् श्री वीरो 'निवृत्तो' निर्वाणं ययौ, त्रयस्त्रिंशता साधुभिः सह निर्वृत्तः पार्श्वजिनः।

भगवान् महावीर अकेले सिद्धगति प्राप्त की तथा पार्श्वनाथ तेतीस साधुओं के साथ निर्वाण प्राप्त किया।

(घ) रिसि-सहसेण समउ रय-छिंदणु।
सिद्धउ जिणुसिद्धत्थुहु णंदणु।

—वीरजि० संधि ३। कड २

(च) गन्ता मुनिसहस्रेण निर्वाणं सर्ववाञ्छितम्।

—उत्तर० पर्व ७६। गा ५१२ उत्तरार्ध

भगवान् महावीर के साथ अन्य एक सहस्र मुनि भी सिद्धत्व को प्राप्त हुए।

·७७ परिनिर्वाण के समय अवस्था

(क) समणे भगवं महावीरे बावत्तरिं वासाइं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतगडे परिणिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

—सम० सम ७२। पृ० ८१५

(ख) तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे तीसं वासाइं अगार-वासमज्झे वसित्ता, साइरेगाइं दुवालस वासाइं छउमत्थपरियागं पाउणित्ता, देसूणाइं तीसंवासाइं केवलिपरियागं पाउणित्ता, बायालीसं वासाइं सामन्न-परियायं पाउणित्ता, बावत्तरिं वासाइं सव्वाउयं पालइत्ता, × × ×। विमाणमाणे। कालगए वितिक्कंते समुज्जाए छिन्नजाइजरामरणबंधणे सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतकडे परिनिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

—कप्प० सु १४६। पृ० ४५

श्रमण भगवान् महावीर बहत्तर वर्ष के आयुष्य का पालन कर सिद्ध, बुद्ध, मुक्त हुए तथा परिनिर्वाण-सर्व दुःखों का अन्त किया।

भगवान् महावीर तीस वर्ष गृहवास में रहकर साधिक बारह वर्ष छद्मस्थ पर्याय का पालन कर, कुछ कम तीस केवलिपर्याय का पालन कर, बयालिस वर्ष की श्रमण-पर्याय का पालन कर—इस प्रकार बहत्तर वर्ष की सर्वायु पालन कर काल धर्म को प्राप्त हुए। उनके जन्म-जरा-मरण का बन्ध क्षय हो गया। सिद्ध, बुद्ध-मुक्त हुए यावत् सर्व दुःखों का अन्त किया।

(ग) तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे ××× बायालीसं वासाइं सामन्नपरियायं पाउणित्ता ××× सिद्धे ××× सव्वदुक्खप्पहीणे।

—कप्प सू १४६

(घ) समणे भगवं महावीरे बायालीसं वासाइं साहियाइं सामण्णपरियागं पाउणित्ता सिद्धे बुद्धे अंतगडे परिणिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

—सम० सम ४२ । सू १ । पृ० ३८४

श्रमण भगवान् महावीर बयालीस-साधिक बयालीस वर्षों की श्रमण-पर्याय का पालन कर परिनिर्वाण प्राप्त किया।

.७८ १ परिनिर्वाण के पूर्व प्रतिमा योग का ग्रहण—

(क) एतैर्द्वादशसंख्यातैर्गणैर्भक्तिभरोत्कटैः।
संपरीतो जगन्नाथस्ततो हि विहरन् शनैः ॥२१७॥
नानादेशपुरग्रामान् बोधयन् भव्यभाक्तिकान्।
बहुधर्मोपदेशैः कुर्वन्मोक्षपथे स्थिरान् ॥ २१८॥
निर्धूयाज्ञानकुध्वान्तं प्रकाश्याध्वानमूर्जितम्।
मुक्ते र्वचोंऽशुभिर्देव आजगाम क्रमान्महान् ॥२१९॥
सचम्पानगरोद्यानं फलपुष्पादिशोभितम्।
विहृत्य षड्दिनोनानि त्रिंशद्वर्षाणि तीर्थराट् ॥२२०॥
तत्र योगं निरुध्यासौ दिव्यभाषां च निःक्रियः।
मुक्तयेऽघातिहन्तारं प्रतिमायोगमाददौ ॥२२१॥
तत आदेयनामाथ मनुष्यगतिसंज्ञकः।
ततो नरगतिप्रायोग्यानुपूर्व्यसमाह्वयः ॥२२२॥

पञ्चाक्षजातिमर्त्यायुःपर्याप्तित्रसबादराः ।
सुभगाह्वयो यशःकीर्त्तिः सातोच्चैर्गोत्रसंज्ञकौ ॥२३०॥
तीर्थकृन्नाम तीर्थेश एतास्त्रयोदशप्रमाः ।
प्रकृतीस्तेन शुक्लेन तस्यान्त्यसमयेऽप्यहन् ।।२३१॥

—वीरवर्धच० अधि १९

भक्तिभाव से व्याप्त बारह गणों से वेष्टित जगत के नाथ श्री वर्धमान तीर्थङ्करदेव तत्पश्चात् धीरे-धीरे विहार करते, नानादेश-पुर-ग्रामवासी जनों को सबोधते, धर्मोपदेश से मोक्ष कार्य में स्थिर करते हुए तथा अपनी वचन-किरणों से अज्ञानान्धकार का नाश कर और उत्तम मार्ग का प्रकाश कर छह दिन कम तीस वर्ष तक विहार करके क्रम से फल-पुष्पादि शोभित चम्पानगरी के उद्यान मे आये। वहाँ पर दिव्य-ध्वनि और योग को रोक कर निष्क्रिय हो उन्होंने मुक्ति-प्राप्ति के लिए अघाति कर्मों का हनन करने वाला प्रतिमा योग ग्रहण किया।

तत्पश्चात् आदेयनाम, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, पंचेन्द्रियजाति, मनुष्यायु, पर्याप्तिनाम, त्रस, बादरनाम, सुभग, यशःकीर्ति, सातावेदनीय, उच्च गोत्र और तीर्थङ्करनाम कर्म—इन तेरह प्रवृत्तियों को वर्धमान तीर्थेश्वर ने उसी शुक्लध्यान के द्वारा अयोगी केवली गुणस्थान के अन्तिम समय में क्षय कर दिया।

·७५·२ कर्मो के क्षय से परिनिर्वाण—

(क) अणुत्तरग्गं परमं महेसी, असेसकम्मं स विसोहइत्ता ।
सिद्धिं गतिं साइमणंतपत्ते, नाणेण सीलेण य दंसणेण ॥

—सूय० श्रु १ । अ ६ । गा १७ । पृ० ३०१

टीका—तथाऽसौ भगवान् शैलेश्यवस्थापादितशुक्लध्यानचतुर्थभेदान्तरं साद्यपर्यवसानां सिद्धिगतिं पंचमीं प्राप्तः × × ×। असावत्यन्तोग्रतपोविशेषनिष्टप्त देहत्वाद् अशेषं कर्म—ज्ञानावरणादिकं 'विशोध्य' अपनीय च विशिष्टेन ज्ञानेन दर्शनेन शीलेन च क्षायिकेण सिद्धगतिं प्राप्त इति मीलनीयम्।

(ख) णिहयाघाइचउक्कु अदेहउ ।
वसुसमगुणसरीरुणिण्णेहउ ॥

—महापु० संधि १०२, कड १२

महर्षि भगवान् महावीर ज्ञान, दर्शन और चारित्र के प्रभाव से समस्त कर्मों को क्षय कर सिद्धगति को प्राप्त किया।

·७६ परिनिर्वाण के समय देवागमन

(क) जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे कालगए जाव सव्वदुक्खप्पहीणे सा णं रयणी बहूहिं देवेहिं य देवीहि य ओवयमाणेहि य उप्पयमाणेहि य उज्जोवियायावि होत्था ॥१२४॥

(ख) जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे कालगए जाव सव्वदुक्खप्पहीणे सा णं रयणी बहूहिं देवेहिं य देवीहि य ओवयमाणेहि य उप्पयमाणेहि य उप्पिजलगमाणभूया कहकहगभूया या वि होत्था ॥१२५॥

—कप्प० सू १२४-१२५ । पृ ४२

जिस रात्रि में श्रमण भगवान् महावीर काल धर्म को प्राप्त हुए यावत् सर्व दुःखों का अन्त किया ; उस रात्रि मे बहुत से देवी-देवियों के नीचे आने से तथा ऊपर जाने से खूब उद्योत-उद्योत हुआ ।

जिस रात्रि मे श्रमण भगवान् महावीर ने सर्व दु:खों का अन्त किया—उस समय बहुत देवी-देवियों का ऊपर-नीचे आगमन या गमन हुआ जिससे कोलाहल और बहुत घोंघाट हुआ ।

·७५·२ श्रमण भगवान् महावीर और युगान्तर-कृत भूमिका – पर्यायांत-कृत भूमिका

(क) समणस्स णं भगवओ महावीरस्स दुविहा अंतकडभूमी होत्था, तंजहा—जुगंतकडभूमी य परियायंतकडभूमी य। जाव तच्चाओ पुरिसजुगाओ जुगंतकडभूमी, चउवासपरियाए अंतमकासी ।

—कप्प० सू १४५ । पृ० ४५

(ख) समणस्स भगवओ महावीरस्स जाव तच्चाओ पुरिसजुगाओ जुगंतकरभूमी ।

—ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू ५३१ । पृ०५६२

श्रमण भगवान् महावीर के समय मे मोक्ष गमन करने वाले लोगों की दो प्रकार की भूमिका थी । यथा—युगान्तरकृत-भूमिका और पर्यायान्तकृत भूमिका । भगवान के तीसरे पुरुष तक युगान्तरकृत भूमिका थी । अर्थात् पहले भगवान मोक्ष गये, इसके बाद कोई शिष्य (सुधर्मा स्वामी) मोक्ष गये । इसके पश्चात् प्रशिष्य—अर्थात् जंबूस्वामी मोक्ष गये । यह युगान्तरकृत भूमिका जंबूस्वामी तक रही ।

भगवान के केवली होने के चार वर्ष व्यतीत होने के बाद कोई एक मोक्ष गया । अर्थात भगवान के केवली होने के चार वर्ष पश्चात् मुक्ति का मार्ग चालू हुआ वह जंबू स्वामी तक रहा ।

नोट—पर्यायान्तकृत भूमिका – भगवान के केवली होने के बाद जो लोग मोक्ष प्राप्त करते हैं—उनकी मोक्ष परत्वे पर्यायान्तकृत भूमिका कही जाती है।

(ग) जादो सिद्धो वीरो तद्दिवसे गोदमो परमणाणी।
जादो तस्सिं सिद्धे सुधम्मसामी तदो जादो॥
तम्मि कदकम्मणासे जंबूसामित्ति केवली जादो।
तत्थवि सिद्धिपवण्णे केवलिणो णत्थि अणुबद्धा॥

—तिलोप० अधि ४। गा १४७६-७७

जिस दिन भगवान महावीर सिद्ध हुए उस दिन गौतम गणधर को केवलज्ञान प्राप्त हुआ। पुनः गौतम के सिद्ध होने पर उनके पश्चात् सुधर्म स्वामी केवली हुए।

सुधर्म स्वामी के कर्म नाश करने अर्थात् मुक्त होने पर जम्बूस्वामी केवली हुए। पश्चात् जम्बू स्वामी के सिद्धि को प्राप्त होने पर फिर कोई अनुबद्ध केवली नहीं हुए।

(घ) विमलजिणे चालीसं णवसु तदो चउविवज्जिदा।
तिण्णि च्चिय पासजिणे तिण्णिच्चिय वड्डमाणम्मि।

—तिलोप० अधि ४। गा १२१३

विमलनाथ भगवान के चालीस, फिर इसके आगे नौ तीर्थङ्करों के क्रम से उत्तरोत्तर चार-चार हीन, पार्श्वनाथ जिनेन्द्र के तीन और वर्धमान स्वामी के भी तीन ही अनुबद्ध केवली हुए हैं।

८०/८६ वर्धमान संबंधी फूटकर पाठ

·८१ वर्धमान का शरीर

(क) निःस्वेदत्वादिनिर्दिष्टः दशात्मजगुणोदयः।
मदसप्तकनिर्मुक्तः सर्वचेष्टाविराजितः॥

—उत्तपु० पर्व ७४। श्लो २९१

पसीना नहीं आना आदि दस गुण उनके जन्म से ही थे, वे सात मदों से रहित थे और सब तरह की चेष्टाओं से सुशोभित थे।

(ख) मदखेदादयो जातुनास्य गात्रे पदंव्यधुः।
महारागादिका दोषा आतंकाश्च त्रिदोषजाः॥

—वीरवर्धच० अधि १०। श्लो ६१

उनके शरीर मे मद, खेद आदि विकार, रागादि दोष त्रिदोषजनित रागादि ने कभी स्थान नहीं पाया था।

(ग) रुहिरं खीरसवण्णं मलसेयविवज्जियं सुरभिगंधं।
देहं सलक्खणगुणं, रविप्पभं चेव अइविमलं॥

—पउच० अधि २। श्लो ११

उनका रुधिर दूध के समान श्वेत था। उनकी देह मैल और पसीने से रहित थी। उसमें से सुगन्ध आ रही थी। सामुद्रिक शास्त्र में वर्णित सुन्दर लक्षणों से वह युक्त थी। तथा अत्यन्त निर्मल थी।

(घ) स्वेददूरं वपुः कान्तं मलनीहारवर्जितम्।
क्षीराच्छशोणितं रम्यमादिसंस्थानभूषितम्॥

—वीरवर्धच० अधि १०। श्लो १७

भगवान का शरीर अतिशय सुन्दर, पसीना रहित, मल-मूत्रादि से रहित, दूध के समान उज्ज्वल रक्त वाला और सुगन्धित था। वे आदि समचतुरस्रसंस्थान से भूषित थे।

(च) नयणा फन्दणरहिया, नहकेसाऽवट्ठिया य निद्धा य।

—पउच० अधि २। श्लो ३२ पूर्वार्ध

उनकी आँखें स्पन्दन से रहित थीं। उनके नाखून और बाल अवस्थित तथा स्निग्ध थे।

(छ) जगत्त्रयस्थितैर्दिव्यैर्दीप्रैः पूतैश्चपुद्गलैः।
सुगन्धैर्निर्मितः कायो विभोः सद्विधिनासमः॥

—वीरवर्धच० अधि १०। श्लो ११

तीन लोक में स्थित, दिव्य, कान्तियुक्त, पवित्र, सुगन्धित पुद्गल परमाणुओं से ही विधाता ने प्रभु का अनुपम शरीर रचा था।

·८१·१ सर्वज्ञता काल की अपेक्षा शरीर का विवेचन

तेणं कालेणं तेणं समएणं भगवं महावीरे वियट्टभोई यावि होत्था, तए णं समणस्स भगवओ महावीरस्स वियट्टभोइस्स सरीरं ओरालं सिंगारं कल्लाणं सिवं धण्णं मंगल्लं अणलंकियविभूसियं लक्खणवंजणगुणोववेयं सिरीए अतीव अतीव उवसोभेमाणे चिट्ठइ।

—भग० श २। उ १ सू ४१, ४२

श्रमण भगवान महावीर व्यावृत्तभोजी थे। वे व्यावृत्तभोजी श्रमण भगवान महावीर उदार, कल्याण, रूप, शिवरूप, धन्य, मंगलरूप, अलंकार बिना भी शोभित, सर्व लक्षण व्यंजन और गुणों से युक्त—ऐसा शरीर अत्यन्त शोभायमान था।

·८२ वर्धमान का संस्थान

(क) (समणे भगवं महावीरे) समचउरंस-संठाण- संठिते × × × ।

—ठाण० स्था ७ । सू ७१

राय० सू ८, ओव० सू १५

(ख) रम्यमादिसंस्थानभूषितम् ।

—वीरवर्धच० अधि १० । श्लो १७ । उत्तरार्ध

(ग) सत्त-हत्थूस्सेहे सम-चउरंस-संठाण-संठिए वज्ज- रिसह-णाराय संघयणे × × × ।

—ओव० सू १६

(घ) × × ×समचउरस्ससंठाण × × × वड्ढमाणभडारएण × × × ।

— कसापा० भाग १ गा १ । टीका । पृ० ७२

भगवान का शरीर का संस्थान—समचतुरस्र संस्थान था ।

·८३ वर्धमान का संहनन

(क) समणे भगवं महावीरे वइरोसभणारायसंघयणे × × × ।

—ठाण० स्था ७ । सू ७१

--राय० सू ८, ओव० सू १५

(ख) आद्यं संहननं तस्य वज्रास्थिघटितं ह्यभूत् ।
वज्रास्थिवेष्टितं वज्रनाराचैर्भिन्नमूर्जितम् ॥

—वीरवर्धच० अधि १० । श्लो ६२

श्रमण भगवान महावीर का वज्र ऋषभनाराच संहनन था ।

(ग) वज्जरिसहसंघडण × × × वड्ढमाणभडारएण × × ×

—कसापा० भाग १ । गा १ । टीका पृ० ७२

·८४ शरीर का वर्ण

(क) पउमाभवासुपुज्जो रत्ता ससिपुप्फदंत ससिगोरा ।
सुव्वयनेमी काला पासो मल्ली पियंगाभा ॥
वरकवियकणयगोरा सोलस तित्थंकरा मुणेयव्वा ।
एसो वन्नविभागो चउवीसाए जिणिंदाणं ॥

- आव० हा० गा ३७६, ३७७

— प्रवसा० द्वार ३०, गा ३८१, ३८२

पद्म प्रभु स्वामी और वासुपूज्य स्वामी रक्तवर्ण के थे। चन्द्रप्रभु स्वामी और सुविधनाथ चन्द्रमा के समान गौर वर्ण के थे। मुनिसुव्रत और नेमिनाथ कृष्णवर्ण के थे तथा पार्श्वनाथ और मल्लिनाथ नील वर्ण के थे। शेष तीर्थंकरों का वर्ण तप्त सोने के समान था। अतः वर्धमान के शरीर का वर्ण तप्त सोने—सौवर्ण वर्ण था।

(ख) चंदपहपुप्फदंता कुंदेंदुतुसारहारसंकासा।
हरिदा सुपासपासा सुव्वयणेमी सणीलवण्णाओ।
विद्दुमसमाणदेहा पउमप्पहवासुपुज्जजिणणाहा।
सेसाण जिणवराणं काया चामीयरायारा॥

—तिलोप० अधि ४। गा ५८८, ५९

(ग) कनत्काञ्चनवर्णाभदिव्यदेहधरः प्रभु।

—वीरवर्धच० अधि १०। श्लो २२ पूर्वार्ध

भगवान चन्द्रप्रभु और पुष्पदंत कुन्दपुष्प, चन्द्रमा, बर्फ और हार के सदृश धवल; सुपार्श्व और पार्श्वनाथ हरितवर्ण, मुनिसुव्रत और नेमिनाथ नीलवर्ण, पद्मप्रभु एवं वासुपूज्य जिनेन्द्र का शरीर मूंगे के समान रक्तवर्ण तथा शेष तीर्थंकरों के शरीर सुवर्ण के सदृश पीत थे।

वीर प्रभु तपाये हुए सोने के वर्ण जैसी आभा वाले दिव्य देह के धारक थे।

·८५ भगवान की अवगाहना

(क) समणे भगवं महावीरे सत्त रयणीओ उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था।

—सम० सम ७। सु ३। पृ० ८३१

टीका—रत्निः—विततांगुलिर्हस्त इति, ऊर्द्ध्वोच्चत्वेन न तिर्यगुच्चत्वेनेति होत्था बभूवेति।

(ख) (समणे भगवं महावीरे) सत्त रयणीओ उड्ढं उच्चत्तेणं हुत्था।

—ठाण० स्था ७। सु ७१। पृ० ७४७

(ग) सप्तारत्निमितोत्सेधः सर्वलक्षणविभूषितः॥ २८०॥

—उत्तपु० पर्व ७४

(घ) ××× सत्त रयणिओ वीरो ×××।

—आव० नि गा १८०। पूर्वार्ध

(च) समणे भगवं महावीरे ××× सत्तहत्थूस्सेहे ×××।

—आय० सु ८

श्रमण भगवान महावीर सात हाथ ऊँचे थे। सर्व लक्षणों से विभूषित थे।

(छ) णव हत्था पासजिणे सगहत्था वड्ढमाणणामम्मि × × ×।

पा ह ९। वीर ह ७

—तिलोप० अधि ४। गा ५८७

पार्श्वनाथ भगवान के शरीर का उत्सेध नौ हाथ और वर्धमान स्वामी के शरीर का उत्सेध सात हाथ प्रमाण था।

(ज) नव हत्थपमाणो पाससामिओ सत्तहत्थ जिणवीरो।
उस्सेहअंगुलेणं सरीरपमाणं जिणवराणं॥

—प्रवसा० द्वार २८। गा ३७८

(झ) वीरस्स सत्त रयणी उच्चत्तं भणियमाउअं अहुणा।

—प्रवसा० गा ४१८। पूर्वार्ध

वीर भगवान के शरीर का प्रमाण सात हाथ था। यह प्रमाण—उत्सेधांगुल से जानना चाहिए। जिनेश्वर देव ने शरीर का मान उत्सेधांगुल से कहा है।

·८६ भगवान का आयुष्य

(क) वाससयं पासस्स य वासा बावत्तरिं च वीरस्स।

—प्रवसा० गा ४२१। पूर्वार्ध

(ख) × × ×। तत्थ वीसवासाणि कुमारकालो। बारसवासाणि छदुमत्थ-कालो। तीसं वस्साणि केवलिकालो। एदेसिं तिण्हपि कालाणं समासो बाहत्तरि-वासाणि।

—कसापा० । गा० १ टीका, भाग १। पृ० ७४-७५

(ग) वीरजिणिंदस्स वस्स ७२।

—तिलोप० अधि ४। गा ५८२

(घ) चउरासीई बिसत्तरि यसट्ठी पण्णासमेवलक्खाइं
× × ×।
तीसा य दस य एगं सयं च बावत्तरी चेव॥

—आव० नि गा ३२५, ३२७

मलय टीका—भगवत आदितीर्थकरस्य सर्वायुरचतुरशीतिः पूर्वाणां लक्षाणि × × × वर्द्धमान स्वामिनो द्वासप्ततिर्वर्षाणि।

(च) द्वासप्तत्यब्दजीवी स धर्ममूर्तिरिवाबभौ।

—वीरवर्धच० अधि १०। श्लो २२। उत्तरार्ध

भगवान वर्धमान बहत्तर वर्ष की आयु के धारक थे। अर्थात् भगवान की आयु बहत्तर वर्ष की थी।

भगवान महावीर का आयुष्य बहत्तर वर्ष का था। जिसमे तीस वर्ष कुमारकाल, बारह वर्ष छद्मस्थ काल, तीस वर्ष केवलिकाल। इस प्रकार तीनों काल का जोड़ बहत्तर वर्ष होता है।

(च) द्वासप्ततिसमाः किंचिदूनास्तस्यायुषःस्थितिः॥

उत्तपु० पर्व ७४। श्लो २८०

कुछ कम बहत्तर वर्ष की वर्धमान की आयु थी।

·८७ वर्धमान के अंगुल का प्रमाण

